www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –82 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59




## कारोबारी की हत्या पर भाजपा-नीतीश सरकार पर बरसे राहुल गांधी

# बिहार को क्राइम कैपिटल बना दिया, बदलाव जरूरी



आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम : राहुल गांधी

- शुक्रवार देर रात बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी
- कहा, इस बार बिहार को बचाने के लिए करें वोट
- राज्य की कानून व्यवस्था पर खड़े किए जा रहे सवाल

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। पटना में बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती।' राहुल गांधी ने कहा कि अब वक्त नए बिहार का है। उन्होंने लिखा कि हर हत्या, हर लूट, हर गोली – एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का, जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।'

बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार देर रात बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पटना के गांधी मैदान थाना इलाके में हुई। गोपाल खेमका पटना के जाने-माने व्यवसायी थे। गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की हत्या भी छह वर्ष पूर्व वैशाली के औद्योगिक थाना इलाके में कर दी गई थी। उस समय भी काफी हंगामा हुआ था। पटना के पॉश इलाके में खुलेआम बड़े व्यवसायी की मौत ने राज्य में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर ऐसे समय में जब बिहार में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं, तो गोपाल खेमका की हत्या ने विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा पकड़ा दिया है, जिससे वे सरकार को घेर सकते हैं। व्यवसायी वर्ग में गोपाल खेमका का बड़ा रसूख था। उनकी हत्या से बिहार का व्यवसायी वर्ग सदमे में है। गोपाल खेमका की हत्या से बिहार की राजनीति भी गरमा गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि थाना से चंद कदम दूर पटना में बिहार के बड़े व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हर महीने बिहार में सैकड़ों व्यापारियों की हत्या हो रही है लेकिन जंगलराज नहीं कह सकते क्योंकि इसे ही शास्त्रों में मीडिया प्रबंधन, परसेप्शन मैनेजमेंट और छवि प्रबंधन कहते है।

### तेजस्वी और राहुल बिहार को बदनाम कर रहे : शाहनवाज

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने उन्होंने गोपाल खेमका हत्याकांड पर राहुल गांधी के पोस्ट को लेकर कहा कि राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं। बिहार को क्राइम कैपिटल कह रहे हैं। इस तरह पोस्ट करके वह बिहार को बदनाम क्यों करना चाहते हैं? बिहार में गोपाल खेमका की हत्या हुई, उसकी जांच चल रही है। इस मामले में शामिल आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे। बिहार में सुशासन है, कानून का राज है। अगर कोई भी ऐसी हरकत होती है, उसके खिलाफ कार्रवाई होती है, लेकिन तेजस्वी यादव और राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं।

**बिहार सरकार पर भड़के तेजस्वी यादव, पूछा 'जंगलराज' की बात करने वाले आज कहां हैं**

**पटना**। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि 'जंगलराज' की बात करने वाले आज कहां हैं? उन्होंने मीडिया के बारे में भी कहा कि अगर यह घटना हमारी सरकार में होती तो मीडिया हमारी खाल नोंच लेता। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या को लेकर कहा, दुख होता है। इनके परिजनों का दुख हम लोगों से देखा नहीं जा रहा है। यह बहुत ज्यादा हो गया है। जंगलराज की बात करने वाले आज कहां हैं? क्या सुनवाई हो रही है, क्या कार्रवाई हो रही है, क्या एक्शन लिया गया है? उन्होंने आगे कहा कि हम इसलिए हमेशा बुलेटिन जारी करते हैं कि बिहार में ऐसा कोई दिन नहीं है जब गोलियां नहीं चलती हैं। विरोधी दल के नेता के यहां गोलियां चलती हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर गोलियां चलती हैं। इनके मंत्री के घर के बाहर गोलियां चलती हैं। विश्वेश्वरैया भवन के सामने सड़क पर अपराधी एडीजी के सामने गोली मारते हुए निकल जाता है। आज तक कोई अपराधी नहीं पकड़ा गया।

# बारिश की चुनौतियों के बीच आज राजधानी में कांग्रेस की सभा

- सभा की तैयारियों को अंतिम रूप देने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने सभा स्थल का दौरा किया

**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। बारिश की चुनौतियों के बीच सोमवार को दोपहर राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस की सभा होगी ।सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे। सभा में 25 हजार लोगों के आने की संभावना है ।बारिश को देखते हुए तीन विशाल डोम बनाए गए हैं। एक विशाल मंच बनाया गया है जिसमें 150 नेताओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान और पूर्व विधायकों,निगम मंडलों में अध्यक्ष रहे नेताओं के लिए अलग अलग बैठक व्यवस्था रखी गई है। सभा में शामिल होने प्रदेश भर से कार्यकर्ता और नेता जुटेंगे। सभा की तैयारियों को अंतिम रूप देने रविवार को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने सभा स्थल का दौरा किया।



रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 7 जुलाई को होने वाले किसान, जवान, संविधान सभा के आयोजन में कहीं कोई कमी न रहे जाए, इसकी तस्कीद करने आज कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सभा स्थल पहुंचे।

एक लंबे अंतराल के बाद हो रहे कांग्रेस के इस बड़े और महती आयोजन के लिए मौसम सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है ।जिसे लेकर सचिन पायलट ने सभा स्थल पर ही पदाधिकारियों और नेताओं से चर्चा की। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**खड़गे का दौरा कार्यक्रम-** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं। वे सुबह 11.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में "किसान जवान संविधान" सभा में शामिल होंगे। वे शाम 4 बजे राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक लेंगे। शाम 5 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक लेंगे। श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, संगठन, केसी वेणुगोपाल भी रायपुर आ रहे है। श्री खड़गे शाम को 6 बजे वापस रवाना होंगे।

## पीएम मोदी चार दिवसीय दौरे पर ब्राजील पहुंचे

**रियो डी जेनेरियो**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और एक राजकीय यात्रा भी करेंगे। गैलेओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री का यह दौरा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर हुआ। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गया हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लूंगा और बाद में राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा पर उनकी राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा। इस यात्रा के दौरान बैठकों और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤


17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

## भारत में रोका गया रॉयटर्स का एक्स अकाउंट

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स का एक्स अकाउंट रोक दिया गया है। जब लोग रॉयटर्स का एक्स अकाउंट खोलने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्हें मैसेज दिख रहा है कि यह अकाउंट भारत में कानूनी मांग के तहत रोका गया है। इस मामले पर सरकार ने साफ कहा है कि उसकी तरफ से ऐसा कोई नया आदेश नहीं दिया गया है। भारत सरकार ने कहा कि अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक गलती है। केंद्र सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने रॉयटर्स का अकाउंट रोकने के लिए कोई नया आदेश नहीं दिया है। उन्होंने कहा, कि भारत सरकार ने रॉयटर्स का अकाउंट रोकने की कोई मांग नहीं की है। हम एक्स कंपनी के संपर्क में हैं और उम्मीद है कि जल्द ही यह मामला सुलझ जाएगा। सूत्रों के अनुसार, मई महीने में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में रोकने का आदेश दिया गया था। उस समय कई अकाउंट्स पर रोक लगी थी, लेकिन रॉयटर्स का अकाउंट तब नहीं रोका गया। अब माना जा रहा है कि एक्स कंपनी ने उसी पुराने आदेश को लागू कर दिया है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि 7 मई 2024 को जो आदेश दिया गया था, एक्स कंपनी ने उसे अब लागू कर दिया है, जबकि अब उसकी कोई जरूरत नहीं है। सरकार ने एक्स से इसका कारण पूछा है और कहा है कि जल्द से जल्द रॉयटर्स का अकाउंट वापस चालू किया जाए।

**सरकार का ऐसे किसी भी आदेश से इनकार**

**सिर्फ मुख्य अकाउंट पर रोक**–रॉयटर्स के कुछ अन्य एक्स अकाउंट जैसे रॉयटर्स टेक न्यूज, रॉयटर्स फैक्ट चेक, रॉयटर्स एशिया और रॉयटर्स चाइना भारत में खुले हुए हैं। सिर्फ मुख्य अकाउंट और रॉयटर्स वर्ल्ड अकाउंट ही भारत में रोक लगी हैं।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर किया नमन

**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी नेता और भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने आज अपने निवास कार्यालय में स्व. डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया और उनके अतुलनीय योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, नि:स्वार्थ सेवा और अखंड भारत के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक है।

## पार्टी में संघ का हस्तक्षेप बढ़ना भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित होगा : सिंहदेव



**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। मैनपाट में कल से भाजपा विधायकों और सांसदों की तीन दिन 'मास्टर क्लास' होने वाली है ।इस प्रशिक्षण शिविर को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर चुने हुए प्रतिनिधि जो मंत्री, सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे हैं, वह इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। यह बेहद चिंताजनक है। टीएम सिंहदेव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी में अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हस्तक्षेप बढ़ गया है। यही भारतीय जनता पार्टी के लिए आने वाले दिनों में नुकसानदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में वह लोग जा रहे हैं, जो जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि है ।मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे हुए हैं। यह एक गंभीर और सोचने वाली बात है। अगर उनको ट्रेनिंग की जरूरत है, तो जनता खुद सोच लें कि छत्तीसगढ़ का क्या हाल होगा।

### पूर्व मंत्री राजेश मूणत का पलटवार



रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक राजेश मूणत के कांग्रेस को परिवारवादी की जननी बताने वाले बयान पर टीएस सिंहदेव ने पलटवार किया है ।उन्होने कहा कि वह अपने (भाजपा) परिवारों को भी देख लें ।प्रजातंत्र में वही चुन कर आता है जो काबिल होता है।

## रिटायरमेंट के बाद भी चंद्रचूड़ ने खाली नहीं किया बंगला


**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं।

## अमरनाथ यात्रा : अब तक 21,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**श्रीनगर**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पिछले तीन दिनों में करीब 48,000 श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की। रविवार को 7,208 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को 21,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि रविवार को 7,208 यात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ।

### एलन मस्क ने ट्रंप को दिया झटका

## 'अमेरिका पार्टी' नाम से बनाया नया दल



**वाशिंगटन**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बिगड़ते रिश्ते अब एक नया मोड़ ले रहे हैं। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। मस्क ने इसे 'अमेरिका पार्टी' का नाम दिया है, जिसका उद्देश्य देश के 'वन-पार्टी सिस्टम' को खत्म करना है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने 'एक्स' के जरिए यह घोषणा की है। अपने संदेश में, मस्क ने दोनों प्रमुख दलों पर अनियंत्रित सरकारी खर्च और भ्रष्टाचार में योगदान देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, देश अब लोकतंत्र के रूप में नहीं, बल्कि बर्बादी और स्वार्थ से संचालित एक एकीकृत राजनीतिक मशीन के रूप में काम करता है। अमेरिका द्विदलीय बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया हो रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है।



# देश

**उवाच**

हाल के चुनावों में मतदाता सूची और डाले गए वोटों की संख्या में कथित अनियमितताओं पर विपक्ष ने सवाल उठाया है। लेकिन, सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे पाई। बिहार में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए, विपक्ष सवाल उठाकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

–राज बब्बर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 36.0 | 28.0 |

# बिहार में महिलाओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर विफल रही केंद्र सरकार : प्रमोद तिवारी

- कांग्रेस ने भाजपा की घटिया सोच पर केंद्र सरकार को घेरा
- कांग्रेस ने अपने सीमित संसाधनों से बांटे सैनेटरी पैड्स



सैनेटरी पैड्स पर कांग्रेस ने नहीं लगाई राहुल गांधी की तस्वीर, फैलाया गया झूठ : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ/प्रयागराज,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को कहा कि सैनेटरी पैड्स पर राहुल गांधी की तस्वीर चस्पा कर झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो पोस्ट विपक्षी दल की घटिया सोच को दर्शाता है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विफल रही है, इसलिए कांग्रेस ने अपने सीमित संसाधनों से सैनेटरी पैड्स बांटे।

लेकिन भाजपा की घटिया सोच ने इन पैड्स पर राहुल गांधी की फर्जी फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया, पैड पर कोई फोटो नहीं थी। तिवारी ने इसे एक शर्मनाक, घृणित और घटिया हरकत है, जो भाजपा समर्थकों की मानसिकता को दर्शाता है। पुराने वादों की याद दिलाते हुए, तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि दाऊद इब्राहिम को छह महीने में भारत लाएंगे। अब पूछना चाहता हूं, कहां है दाऊद। मसूद अजहर, हाफिज सईद और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकियों का क्या हुआ। क्या भाजपा सरकार इनके खिलाफ कार्रवाई का कोई ब्योरा दे सकती है। राज्यसभा सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी बयान दिया। भारतीय वायुसेना की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर के समय, विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को यह जानकारी दी कि हम आतंकी ठिकानों पर हमला करेंगे। नतीजा यह हुआ कि हमला केवल आतंकी ठिकानों पर हुआ, आतंकी सब वहां से हट गए। हमारे वीर जवानों की मेहनत का पूरा असर नहीं पड़ा। आखिर सरकार यह बताए कि आतंकी कहां मारे गए, कितने मारे गए और उनके नाम क्या हैं। जो आतंकी मारे गए, उनकी सूची कहां है। उन्होंने कहा कि यह सीधा राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता है और सरकार को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए।

## बिहार में तीन सौ गुना अपराध बढ़ा : अखिलेश सिंह



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के बाद राजनीति गर्म हो गई है। कांग्रेस, राजद सहित सभी विपक्षी पार्टियां सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर हमलावर हैं। इस बीच, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि एनडीए ने बिहार, पटना को क्राइम कैपिटल बना दिया है। पटना में एक साल में 116 हत्या हुई है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में 300 गुना क्राइम बढ़ गया है। एनडीए के लोग लगातार लालू यादव की सरकार के लिए, जंगलराज की संज्ञा का इस्तेमाल करते थे। आज इस सरकार में 300 गुना क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग शनिवार को भी की थी। दो दिनों के लिए बिहार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए और बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चर्चा की जानी चाहिए। उप मुख्यमंत्री के अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि सिर्फ बयान देने से कुछ नहीं होगा। गांधी मैदान इलाके में जहां कलेक्टर रहते हैं, 50 गज की दूरी पर एसपी बैठते हैं, वहां हत्या हो जाती है। उस घर में इससे पहले गोपाल खेमका के पुत्र की भी हत्या की गई थी। यह दूसरी हत्या है। अब यह सब बकवास नहीं चलने वाला है। सरकार के इस बयान को लोग स्वीकार नहीं करने वाले हैं। इस घटना से पूरा पटना मर्माहत है। गोपाल खेमका केवल एक व्यवसायी नहीं थे, बड़े समाजसेवी थे।

### आधार कार्ड को भी नकार रहा चुनाव आयोग

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शुरू वोटर लिस्ट विवाद पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास आधार कार्ड है और वह किसी क्षेत्र में निवास कर रहा है, तो उसका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाना चाहिए। लेकिन चुनाव आयोग आधार कार्ड को भी नकार रहा है और नागरिकों से उनकी कुंडली पूछी जा रही है। भाजपा ने खुद संसद में कहा था कि आधार कार्ड भारतीयता का प्रमाण है, तो अब वही प्रमाण मान्य क्यों नहीं है। वहीं, नेहल मोदी की गिरफ्तारी पर भी प्रमोद तिवारी ने सवाल उठाए। जब सीबीआई और ईडी की जांचें चल रही थीं, तब ऐसे अपराधियों को विदेश भागने की छूट किसके इशारे पर मिली।

## राहुल 11 जुलाई को भुवनेश्वर में रैली को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 11 जुलाई को ओडिशा के भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर कांग्रेस पोस्टर जारी किया है। इस रैली में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। गांधी की इस रैली को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पोस्टर जारी किया है, जिसमें कहा गया है 'संविधान बचाओ' रैली को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि ओडिशा मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। कांग्रेस विश्वस्त सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी रैली में मांझी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार के 'बढ़ते मामलों' को उजागर करेंगे।



- कांग्रेस ने जारी किया पोस्टर

## कश्मीर में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया यौम-ए-आशूरा



- जुलजनाह जुलूस में शामिल हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

**श्रीनगर,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। कश्मीर में रविवार को धार्मिक उत्साह के साथ 'यौम-ए-आशूरा' मनाया गया तथा पुराने शहर और घाटी के अन्य शिया बहुल क्षेत्रों में जुलजनाह का जुलूस निकाला गया। उल्लेखनीय है कि लगभग 1400 वर्ष पहले कर्बला की लड़ाई में हजरत इमाम हुसैन, उनके परिवार एवं साथियों की शहादत पर शोक मनाने के लिए पुराने शहर में सबसे बड़ा जुलजनाह जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का नेतृत्व वरिष्ठ शिया नेताओं ने किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी श्रीनगर के बोताकादल में जुलजनाह जुलूस में शामिल हुए। इस अवसर पर उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि मैं हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शांति, प्रेम एवं करुणा के लिए उनका बलिदान हमें समानता एवं सद्भाव पर आधारित समाज का निर्माण करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है। हजरत इमाम हुसैन ने हमें निस्वार्थ सेवा का संदेश कमजोर लोगों की देखभाल करने का मार्गदर्शन प्रदान किया।

युवा पीढ़ी को हजरत इमाम हुसैन के जीवन और गुणों से सीखना चाहिए और उनके द्वारा दिखाए गए नेक मार्ग पर चलना चाहिए। उपराज्यपाल ने शोक मनाने वालों के बीच नाश्ता भी परोसा। श्रीनगर पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर नाका लगाया जहां से जुलूस निकाला गया।

## उमर अब्दुल्ला ने कर्बला के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मुहर्रम के 10वें दिन आशूरा की पूर्व संध्या पर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उमर ने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन का रुख पीढ़ियों को झूठ के खिलाफ मजबूती से खड़े होने और क्रूर दमन के बावजूद मानवीय गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उनकी विरासत सभी की है, संप्रदायों, क्षेत्रों और युगों से परे। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन द्वारा सन्निहित बलिदान, धैर्य और सच्चाई के मूल्य आज विशेष रूप से प्रासंगिक हैं, जब समाज नैतिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

**सार संक्षेप**

### मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन किया है और भारत के निर्माण में उनके आदर्श और सिद्धांत को बहुमूल्य बताया है। मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्र के अमर सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि। देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं।

### राजौरी में दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के धर्मसाल इलाके में रायफल से दुर्घटनावश गोली लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जवान धर्मसाल में अपनी यूनिट में ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ.मोहन यादव जगन्नाथ रथ यात्रा में हुए शामिल

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने जगन्नाथ के रथ को भी खींचा। डॉ. यादव ग्वालियर के महाराज बाड़े पर हुए इस आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान जनसमुदाय में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भक्तों के साथ मिलकर हरे कृष्णा हरे राम की संकीर्तन धुनों में सहभागिता की। रथ यात्रा में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### फडणवीस ने भगवान विट्ठल का लिया आशीर्वाद

**पंढरपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आषाढ़ी एकादशी के शुभ अवसर पर सोलापुर जिले के पंढरपुर में श्री विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्य के लिए दिव्य आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भगवान विट्ठल से संकटों पर विजय पाने की शक्ति, सन्मार्ग पर चलने की बुद्धि तथा किसानों की समृद्धि एवं संतुष्टि के लिए आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी पत्नी अमृता के साथ नासिक से आए सम्मानित भक्तों कैलास दामू उगले और कल्पना उगले के साथ आधिकारिक महापूजा की। पूजा के बाद श्री विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर समिति द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एस. जी. दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है। नियंत्रक सम्मेलन नीतिगत संवाद, रणनीतिक समीक्षा और संस्थागत नवाचार का एक प्रमुख मंच है जो रक्षा और वित्त क्षेत्रों में रक्षा लेखा विभाग के शीर्षस्थ नेतृत्व, सिविल सेवकों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह चुनौतियों के मूल्यांकन, सुधार शुरू करने और रक्षा तैयारियों में वित्तीय प्रणाली की भूमिका को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण फोरम के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'रक्षा वित्त तथा अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन' है।



- रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर होगी चर्चा

# इटावा सफारी पार्क की उत्तर प्रदेश सरकार कर रही अनदेखी : अखिलेश

**लखनऊ/इटावा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है। इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया, 21 लेपर्ड, 6 भालू, 6 बारह सिंघा, 250 के आसपास ब्लैक बक और हिरण के अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है, समाजवादी सरकार में इटावा सफारी पार्क का निर्माण किया गया है और आज तक इटावा सरकारी पार्क के विस्तारीकरण के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। यह सब बातें इटावा सफारी पार्क की अनदेखी को और इशारा करती है, उनका कहना है कि जब तक पर्यावरण सोच वाली सरकार नहीं होगी तब तक इसी तरह से पर्यावरण का नुकसान होता रहेगा। इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी हुई थी लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है देश दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इटावा सफारी पार्क नियमित आने में जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क में आने वाले हर पर्यटक को एशियाई शेर हर हाल में देखने को तो मिलते ही है इसके अलावा अन्य वन्य जीव भी पर्यटक देखकर के खासे आनंदित भी होते हैं।

वैसे तो इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में अन्य वन्य जीव भी हैं लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण एशियाटिक शेर ही हैं। इन्हें देखने पर्यटक बड़ी तादाद में साल भर आते हैं। सफारी प्रबंधन ने लॉयन सफारी में 5 शेरों को छोड़ रखा है। पहले ये एक बाड़े में बंद थे, लेकिन अब इन्हें खुला छोड़ दिया है। अब पर्यटक बंद गाड़ी से यहां घूमेंगे और शेरों को खुले मैदान में देख सकेंगे।



- बजट के अभाव में पार्क का विस्तारीकरण हो रहा बुरी तरह से प्रभावित

## सिगाची फार्मा विस्फोट में मृतकों की संख्या 42 हुई

**हैदराबाद,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिगाची फार्मा कंपनी में मंगलवार को हुए जोरदार विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की रविवार को मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गयी है।

- लापता लोगों की तलाश जारी

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में गंभीर रूप से घायल जितेंद्र की आज मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गई। उसका ध्रुव अस्पताल में इलाज चल रहा था। इससे संबंधित एक घटनाक्रम में, अधिकारियों ने मलबे से बरामद एक और शव की पहचान की है। उस हादसे में लापता नौ व्यक्तियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। राहत और बचाव दल लापता लोगों का पता लगाने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं।

# झारखंड में सरकारी कार्यालय में धूम्रपान करने वाले बाबू पर गिरी निलंबन की गाज



- मुख्यमंत्री हेमंत बोले, यह सब बर्दाश्त नहीं

**रांची,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड में सरकारी दफ्तरों में धूम्रपान करने वाले बाबुओं की अब खैर नहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कार्यालय परिसर में इस प्रकार की गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सरकार का निर्देश है कि अगर कोई कर्मचारी नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा जाएगा, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक ऐसा ही मामला सामने आने के बाद एक सरकारी जनसेवक जगमोहन सोरेन को सीएम के निर्देश पर रविवार को निलंबित कर दिया गया। मुख्यमंत्री से निर्देश मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और रविवार को उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को सूचित किया कि जनसेवक जगमोहन सोरेन को झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली- 2016 की कंडिका 9 (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही उप विकास आयुक्त को उनके विरुद्ध विधिवत अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश भी दिया गया है।

### पश्चिमी सिंहभूम जिले का मामला

यह मामला पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड कार्यालय का है, जहां जनसेवक के पद पर कार्यरत जगमोहन सोरेन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में देखा गया कि जगमोहन सोरेन सरकारी कार्यालय में अपनी टेबल पर बैठकर बेफिक्री से सिगरेट पीते हुए धुएं के छल्ले बना रहे हैं। यह वीडियो 5 जुलाई को एक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया था और उसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए उसी दिन पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर सूचना देने का निर्देश दिया।

## आणंद में सहकारिता सम्मेलन आयोजित

**आणंद,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को आणंद में भव्य सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। शाह ने विश्व प्रसिद्ध अमूल डेयरी के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कहा कि आणंद में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के 60 वर्ष तथा सरदार पटेल की 150वीं जयंती के सफल समन्वय से अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय चार साल में पांच पी-पीपुल्स (सार्वजनिक सेवा केंद्रित), पैक्स (प्राथमिक सहकारी समितियों का सशक्तिकरण), प्लेटफॉर्म (डिजिटल प्लेटफॉर्म), पॉलिसी (नई नीतियां) और प्रॉसपेरिटी (समाज की समृद्धि) के आधार पर काम कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारी गतिविधियों का दायरा विस्तारित हो रहा है।

## बिहार में लालू प्रसाद के गढ़ में जमकर गरजे चिराग पासवान

**पटना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान रविवार को छपरा पहुंचे, जहां उन्होंने राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। हजारों की संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार से हो रहे पलायन को गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि राज्य में ऐसी सरकार बननी चाहिए जो लोगों को उनके गांव, शहर और प्रखंड में ही रोजगार उपलब्ध कराए, ताकि उन्हें रोजी-रोटी के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने तेजस्वी यादव और आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि 2023 में जब राज्य में महागठबंधन की सरकार थी, तब डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री राजद से थे, लेकिन उस दौरान डोमिसाइल नीति की बात क्यों नहीं उठी, जबकि हम तब भी इसकी मांग कर रहे थे। चिराग पासवान ने दावा किया कि उन्हें बार-बार बिहार आने से रोका जाता है, लेकिन अब वह विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि वे बिहार में रहकर युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और बुजुर्गों को सुरक्षा देना चाहता हूं। अपने भाषण के दौरान चिराग ने युवाओं से सवाल किया, क्या लोजपा बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भीड़ से जोरदार समर्थन मिलने पर उन्होंने घोषणा की, हां, लड़ेगी और पूरे दमखम से लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पिछली बार की तरह लोजपा के साथ किसी प्रकार का षड्यंत्र होता है, तब भी पार्टी चुनाव मैदान में डटी रहेगी।



- बिहार से हो रहे पलायन को गंभीर मुद्दा बताया

**आस्था** | भीषण गर्मी भी नहीं रोक पाई श्रद्धा का सैलाब

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ पांचवां जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। श्री अमरनाथ यात्रा के 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था रविवार सुबह बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवती नगर स्थित यात्री निवास से दक्षिण कश्मीर हिमालय में पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। घाटी में पड़ रही भीषण गर्मी भी भक्तों की आस्था और श्रद्धा को प्रभावित नहीं कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीर्थयात्री 310 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर में अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने कहा कि हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन सहित 310 वाहनों के बेड़े में 4009 तीर्थयात्री पहलगाम और 3199 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। रोजाना सुबह जम्मू के भगवती नगर से शिव भक्तों को काफिले के तौर पर कड़ी सुरक्षा कवर के बीच घाटी लाया जाता है जहां से वह सोनमर्ग और पहलगाम की ओर रवाना होते हैं। 38 दिवसीय तीर्थयात्रा, जो 3 जुलाई को शुरू हुई, 9 अगस्त को समाप्त होगी। दोनों मार्गों पर अतिरिक्त चौकियों, चिकित्सा चौकियों और परिवहन मार्शलों के साथ, अधिकारियों का कहना है कि वे एक सुचारू और सुरक्षित यात्रा सीजन सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं। गौरतलब है कि केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। वहीं श्री अमरनाथ जी यात्रा 2025 के तीसरे दिन भी बालटाल और नुनवन आधार शिविरों से बाबा बर्फानी के भक्तों का तीसरा जत्था पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर रवाना हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों आधार शिविरों से सुबह करीब पांच बजे भक्तों का जत्था बम बम भोले और जय शिव शंकर के जयघोष लगाते हुए पवित्र गुफा की ओर रवाना हुए।



- नौ अगस्त को समाप्त होगी पवित्र अमरनाथ यात्रा

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ओर से करीब साढ़े सात हजार से अधिक यात्री तीसरे दिन गुफा की ओर रवाना हुए। नुनवन आधार शिविर से अपनी यात्रा शुरू करने वाले पुणे से आये पंकज ने कहा कि वह पिछले करीब नौ वर्षों से यात्रा पर आ रहे हैं लेकिन इस वर्ष मौसम पिछले कई वर्षों की तुलना में गर्म है। उन्होंने कहा कि मौसम चाहे गर्मी हो या सर्दी शिव भक्तों की आस्था किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हो पाएगी। हम आतंकवादी हमले से नहीं डरे तो बाकी चीजें मायने नहीं रखतीं। बता दें कि अगर आधिकारिक आंकड़ों की ओर नजर मारें तो अभी तक औपचारिक रूप से पहले दो दिनों में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 26863 है। पहले दिन 3 जुलाई को 12348 और दूसरे दिन 4 जुलाई को 14515 है। वहीं आस्था की ताकत साथ हो तो दिव्यांगता कैसी भी हो, मंजिल तक पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। बाबा बर्फानी का दर्शन करके लौटे दिव्यांग भक्तों को देख कर तो यही अहसास होता है।

## 'चेतना' और 'प्रेम' को समझना के लिए शेखर कपूर ने बताई वजह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता-निर्देशक शेखर कपूर ने रविवार को चेतना और प्रेम जैसे गहरे विषयों पर विचार रखे। सोशल मीडिया पर महात्मा बुद्ध की तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने प्रेम और चेतना के कॉन्सेप्ट और उन्हें समझने में आने वाली मुश्किलों पर बात की। कपूर ने कहा कि चेतना और प्रेम को पूरी तरह परिभाषित करना इंसान के लिए मुश्किल है, क्योंकि ये अहंकार और दिमाग की सीमाओं से परे हैं। उन्होंने लिखा कि चेतना एक ऐसा शब्द है, जो बहुत सुनने को मिलता है, लेकिन इसे समझना उतना ही कठिन है जितना प्रेम को। जैसे सागर की एक बूंद खुद को अलग समझकर पूरे सागर को नहीं समझ सकती, वैसे ही हम चेतना को पूरी तरह नहीं जान सकते।

# 'पंचायत' की सादगी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है : संविका

**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सुपरहिट सीरीज 'पंचायत' में अपने काम के लिए सराहना पा रही एक्ट्रेस संविका ने हाल ही में इस शो की लोकप्रियता और फैंस के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'पंचायत' लोगों को इसलिए पसंद आता है क्योंकि इसकी कहानी आम लोगों की जिंदगी से जुड़ी हुई है। इसमें दिखाए गए गांव, लोग, रिश्ते और भावनाएं बहुत ही सच्ची लगती हैं। इस वजह से दर्शक इस शो से खुद को जोड़ पाते हैं। शो के फैंस काफी वफादार हैं। जो भी एक बार शो देख लेता है, वो आगे भी हर सीजन का इंतजार करता है और इसे दिल से पसंद करता है। 'पंचायत' का पहला सीजन कोविड-19 महामारी की पहली लहर के दौरान रिलीज हुआ था। दर्शकों को यह शो बहुत पसंद आया। इसकी सादगी भरी, दिल से जुड़ी कहानी ने लोगों के मन को छू लिया। पिछले कुछ सालों में, 'पंचायत' ने अपना एक खास फैन ग्रुप खड़ा किया है। यह प्राइम वीडियो पर भारत के सबसे लोकप्रिय और सफल शो में से एक बन चुका है। संविका ने बताया कि पंचायत की कहानी और किरदार बाकी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाले शो से बहुत अलग हैं और यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है।



उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पंचायत को इतनी सफलता मिली है। किसी ने नहीं सोचा था कि इस सीरीज को इतनी बड़ी संख्या में पसंद किया जाएगा। उस समय जो शो बन रहे थे, वो इससे बिल्कुल अलग थे, ज्यादा ग्लैमर और ड्रामा वाले थे। पंचायत ने अपनी अलग पहचान बनाई और लोगों ने इसे जितना प्यार दिया है।

# औषधीय गुणों से भरपूर 'बिटर एप्पल'

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। हमारे देश में प्रकृति हमेशा से इलाज का बड़ा जरिया रही है। जब दवाइयां नहीं थीं, तब लोग जड़ी-बूटियों से ही बीमारियां ठीक करते थे। आज भी लोग देसी नुस्खों पर भरोसा करते हैं। इन्हीं में से एक है 'इंद्रायण' का पौधा, जो देखने में भले ही आम लगे, लेकिन इसके अंदर बहुत सारे औषधीय गुण छिपे हुए हैं। इसे आयुर्वेद में लंबे समय से दवाओं की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका न सिर्फ फल, बल्कि बीज, पत्ता और जड़ भी कई बीमारियों को ठीक करने में मदद करते हैं। इसका फल छोटे तरबूज जैसा लगता है, ऊपर सफेद धारियां हैं, जो पकने पर पीले रंग की हो जाती हैं। हालांकि इसका स्वाद कड़वा होता है, लेकिन इसके गुण शरीर को अंदर से साफ और मजबूत बनाते हैं।

**कुकुर्बिटासिन, फ्लावोनॉइड्स, पॉलीफेनोल्स व अन्य कई जैविक तत्व**

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, इंद्रायण को अंग्रेजी में बिटर एप्पल या सिट्रुलस कोलोसिंथिस भी कहा जाता है। इसमें कुकुर्बिटासिन, फ्लावोनॉइड्स, पॉलीफेनोल्स, और अन्य कई जैविक तत्व होते हैं, जो शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। यह शरीर से गंदगी निकालता है, ब्लड शुगर कम करता है, सूजन घटाता है, और पेट से जुड़ी समस्याओं में फायदेमंद होता है। यह प्राकृतिक तरीके से इम्युनिटी बढ़ाता है और संक्रमण से बचाता है। वैज्ञानिकों ने भी



इस पौधे पर काफी रिसर्च की है और माना है कि यह इंसानों और जानवरों दोनों के लिए उपयोगी हो सकता है।

इस पौधे में कई औषधीय गुण हैं, जैसे एंटीऑक्सीडेंट, जो शरीर में जहरीले तत्वों को हटाता है, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं, एंटी-डायबिटिक, जो ब्लड शुगर कम करता है और एंटी-इंफ्लेमेटरी, जो सूजन को कम करता है। यह पौधा सिर्फ बीमारी में ही नहीं, सौंदर्य से जुड़ी परेशानियों को दूर करने में भी 'उस्ताद' है। अगर किसी को मुंहासों की शिकायत हो या बालों में डैंड्रफ हो, तो उससे छुटकारा दिलाने में इसके फल का रस बहुत कारगर माना गया है। मोटापा घटाने के लिए भी इंद्रायण का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके बीजों को पीसकर फल के रस में मिलाकर काढ़ा बनाकर पीने से शरीर की चर्बी कम होती है।

**मुंहासे, बालों में डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने में फल का रस बहुत कारगर**

महिलाओं में पीरियड्स की अनियमितता आजकल आम बात हो गई है। इंद्रायण का रस और बीज मिलाकर बनाया गया काढ़ा पीने से यह समस्या भी धीरे-धीरे ठीक हो सकती है।

इसके साथ ही, गठिया के रोगियों को भी इंद्रायण से आराम मिलता है, क्योंकि इसमें सूजन और दर्द को कम करने वाले गुण होते हैं। अगर जोड़ों में सूजन हो या चोट की वजह से कहीं दर्द हो, तो इसका रस सीधे उस हिस्से पर लगाने से आराम मिलता है। सांस की तकलीफों, जैसे निमोनिया, में भी इंद्रायण का इस्तेमाल किया जाता है। इसका रस गुनगुने पानी के साथ लेने से खांसी-जुकाम में राहत मिलती है। पेशाब करते समय जलन जैसी समस्या होने पर इसकी जड़ का पाउडर गुनगुने पानी में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। हालांकि इसका कितनी मात्रा या कब प्रयोग करना है इसे लेकर चिकित्सीय परामर्श जरूरी है।

# पेट व बाजुओं को मजबूत करता है 'काकासन'

## शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत, एकाग्रता और लचीलापन बढ़ाने में मदद

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। आज के समय में स्वस्थ रहने का बेहतरीन तरीका दवाई नहीं, बल्कि योगासन और प्राणायाम हैं। योग के कई आसनों में 'काकासन' काफी महत्वपूर्ण है, जिसे 'क्रो पोज' या 'बकासन' भी कहा जाता है। यह पेट और बाजुओं को मजबूती के साथ संतुलन बढ़ाने वाला आसन है। काकासन, विशेष तौर पर शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत, एकाग्रता और लचीलापन बढ़ाने में मदद करता है। काकासन का नाम संस्कृत शब्द 'कक' से आया है, जिसका अर्थ है कौआ, क्योंकि इस आसन में शरीर की स्थिति कौए की तरह संतुलित दिखती है। यह आसन शुरुआती और अनुभवी योगियों दोनों के लिए लाभकारी है, बशर्ते इसे सही तकनीक से किया जाए।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, बकासन, जिसे क्रो पोज या कौआ आसन भी कहा जाता है, एक योगासन है जो संतुलन और ताकत बढ़ाने में मदद करता है। यह आसन हाथों, कंधों और कोर मसल्स को मजबूत करता है, साथ ही एकाग्रता और मानसिक स्थिरता में भी सुधार करता है। योग एक्सपर्ट ककासन करने की सही विधि भी बताते हैं। ककासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर उकड़ू मुद्रा में बैठना चाहिए। दोनों हथेलियों



**10-20 सेकंड तक ही रुकना और गहरी सांस लेते रहना चाहिए**

को कंधों की सीध में जमीन पर रखें, उंगलियां फैली हुई हों। घुटनों को कोहनियों के पास लाएं और पैरों की उंगलियों पर संतुलन बनाएं। अब धीरे-धीरे शरीर का वजन हथेलियों पर डालते हुए पैरों को जमीन से ऊपर उठाना चाहिए। घुटनों को कोहनियों या ऊपरी बाहों पर टिकाना चाहिए। इस दौरान नजर सामने की ओर रखें ताकि संतुलन बना रहे।

इस स्थिति में 10-20 सेकंड तक ही रुकना और गहरी सांस लेते रहना चाहिए। एक्सपर्ट के अनुसार, शुरुआत में संतुलन बिगड़ने या गिरने का डर हो सकता है, इसलिए नीचे तकिया या गद्दा जैसी मुलायम चीजें सहारा के लिए रखें। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं और सामान्य स्थिति में लौटें। इसे खाली पेट सुबह करना सबसे अच्छा है।

ककासन के नियमित अभ्यास से कई शारीरिक और मानसिक लाभ मिलते हैं। यह बाहों, कंधों और कोर मांसपेशियों को मजबूत करता है। पेट के अंगों पर दबाव पड़ने से पाचन तंत्र बेहतर होता है। यह आसन एकाग्रता और मानसिक स्थिरता भी बढ़ाने में सहायक है, क्योंकि इसे करने के लिए ध्यान की जरूरत होती है। ककासन रीढ़ को लचीला बनाता है और शरीर का संतुलन सुधारता है। यह तनाव के साथ ही चिंता को कम करने में भी मदद करता है। नियमित अभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। ककासन न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी एक उत्तम आसन है, जो नियमित अभ्यास से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। हालांकि, ककासन करने से पहले शरीर को वार्मअप करना जरूरी होता है। गर्भवती महिलाओं और कलाई या कंधे में चोट वाले लोगों को इसे न करने की सलाह दी जाती है।

# बीना काक ने दलाई लामा को 90वें जन्मदिन पर दी खास शुभकामनाएं

**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री बीना काक ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दलाई लामा के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की, जिसमें दोनों खुलकर हंसते हुए नजर आ रहे हैं। इस फोटो में दलाई लामा के हाथ में एक बाघ की तस्वीर भी है, जो उनकी मुलाकात के अलावा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कार्यों को भी दर्शाती है।

बता दें कि बीना काक ने 2011 में वन मंत्री के रूप में कुंभलगढ़ अभयारण्य को राष्ट्रीय उद्यान बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद 2013 में उन्होंने मुकुंदरा हिल्स को भी बाघ अभयारण्य घोषित कराने में मदद की, जो रणथंभौर और सरिस्का के बाद तीसरा बाघ अभयारण्य बना। उन्होंने 'साइलेंट सेंटिनल्स ऑफ रणथंभौर' नामक एक किताब भी लिखी।

बीना काक और दलाई लामा की यह



खूबसूरत तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो रही है। अभिनेत्री ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, आप एक महान आत्मा हैं, आपकी बुद्धिमत्ता और करुणा से दुनिया को हमेशा प्रेरणा मिले। अपने इस कैप्शन में उन्होंने गुड़हल फूल का इमोजी शेयर किया। उनकी इस पोस्ट पर बॉलीवुड एक्टर पुलकित सम्राट समेत कई हस्तियों और फैंस ने लाइक किया।

बीना काक के बारे में बात करें तो वह सलमान खान के परिवार के करीबी मानी जाती हैं। उनका सलमान खान के साथ मां-बेटे जैसा गहरा रिश्ता है। सलमान के कहने पर बीना काक ने कई फिल्मों में काम भी किया है। उन्होंने साल 2005 में आई सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार क्यों किया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उन्होंने सलमान की मां का रोल निभाया। इसके अलावा, साल 2008 में आई फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' में भी वह सलमान खान की मां के रोल में नजर आईं। इस फिल्म को सलमान खान के भाई सोहेल खान ने प्रोड्यूस किया था।

इसके अलावा, उन्होंने 'नन्हें जैसलमेर', 'दूल्हा मिल गया', 'ए इश्क ए ट्रिब्यूट टू लव' और 'जानिसार' जैसी फिल्मों में प्रभावशाली भूमिकाएं निभाईं।

## आंखों की गुस्ताखियां का गाना 'अलविदा' को बेहद पसंद करती हैं शनाया कपूर

**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री शनाया कपूर का कहना है कि फिल्म आखों की गुस्ताखियां का उनका सबसे पसंदीदा गाना 'अलविदा' है। फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रही हैं।विशाल मिश्रा द्वारा कंपोज़, लिखा और गाया गया 'अलविदा' रिलीज कर दिया है। इस गाने में शनाया का एक नाज़ुक और इमोशनल अवतार भी देखने को मिलता है,जहां वह अपने किरदार सबा की भावनाओं को बेहद ईमानदारी और नज़ाकत के साथ निभा रही हैं। शनाया कपूर ने कहा, 'अलविदा' फिल्म आंखों की गुस्ताखियां का मेरा सबसे पसंदीदा गाना है। विशाल मिश्रा की कंपोज़िशन में कोई जादू है, जो सादगी के साथ इमोशन्स को छू जाती है। मैं तो इसे लूप में सुन रही हूं।Kगौरतलब है कि विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की रोमांटिक फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज़ और मिनी फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत की गई है और मंसी बागला, वरुण बागला और ओपन विंडो फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म 'आंखों की गुस्ताखिया' 11 जुलाई को रिलीज होगी।

# 'अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में 'गुरु' का किरदार बेहद खास और व्यक्तिगत : परेश रावल

**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। फिल्म इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर परेश रावल अपकमिंग फिल्म 'अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में 'गुरु' की भूमिका में नजर आएंगे। एक्टर ने फिल्म से जुड़े अनुभव को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि यह किरदार केवल एक्टिंग तक सीमित नहीं, बल्कि गहरे और भावनात्मक अनुभवों से भरा रहा। 'हेरा फेरी' फेम एक्टर ने बताया कि गुरु का किरदार निभाना बहुत खास और व्यक्तिगत रहा। यह किरदार उपदेश या ड्रामैटिक से संबंधित नहीं, बल्कि शांति, दृढ़ता और मौन शक्ति का प्रतीक था। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो एक युवा में उस नेतृत्व को देखता है, जिसे दुनिया बाद में पहचानती है।

फिल्म में परेश रावल एक आध्यात्मिक गुरु की भूमिका में हैं, जो मुख्य किरदार अजेय (अनंत विजय जोशी) का मार्गदर्शन करता है। उनका किरदार अजेय को एक विद्रोही युवा से योगी और जननायक बनने की प्रेरणा देता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित फिल्म के लिए एक्टर अनंत विजय जोशी ने अपने सिर के बाल मुंडवाए, ताकि वह योगी आदित्यनाथ की छवि के करीब दिख सकें।

अनंत ने बताया कि यह फैसला उनके लिए आसान फैसला नहीं था। उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि इस किरदार के लिए उन्हें सिर्फ एक्टिंग नहीं, बल्कि उसे जीना भी था।

'अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में अनंत विजय जोशी



के अलावा दिनेशलाल यादव 'निरहुआ', अजय मेंगी, राजेश खट्टर, पवन मल्होत्रा और गरिमा विक्रांत सिंह जैसे एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं। रवींद्र गौतम के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण ऋतु मेंगी ने किया है और फिल्म का संगीत मीत ब्रदर्स ने तैयार किया है। इसकी कहानी दिलीप बच्चन झा और प्रियांक दुबे ने लिखी है। फिल्म हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# शानदार कहानियों के निर्देशन से दर्शकों का दिल जीतने वाले फिल्ममेकर

**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। 'रंग दे बसंती' हो या 'भाग मिल्खा भाग', ये फिल्में अलग ही मैसेज देती हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में दमदार, मजेदार और शानदार कहानियों के साथ ही संवेदनशील निर्देशन से दर्शकों का दिल जीतने वाले राकेश ओमप्रकाश मेहरा का 7 जुलाई को जन्मदिन है। 1963 में दिल्ली में जन्मे राकेश मेहरा ने न केवल भारतीय सिनेमा को नई दिशा दी, बल्कि अपनी फिल्मों के जरिए देश की भावनाओं को भी आवाज दी। 'रंग दे बसंती', 'भाग मिल्खा भाग' और 'दिल्ली-6' जैसी फिल्मों के जरिए उन्होंने साबित किया कि फिल्म सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का एक सशक्त साधन भी है।

राकेश के बचपन के बारे में बात करें तो वह दिल्ली की गलियों में गुजरा। उनके पिता नई दिल्ली के एक होटल में कर्मचारी थे, परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी। दिल्ली के एयर फोर्स बाल भारती स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही राकेश में क्रिएटिविटी का बीज अंकुरित हुआ। स्कूल के दिनों में वह ड्रामा और कल्चरल इवेंट्स में हिस्सा लेते थे। लेकिन, उनका पहला प्यार था स्पोर्ट्स। उन्हें स्विमिंग बेहद पसंद थी।

1982 में जब भारत एशियन गेम्स की मेजबानी कर रहा था, तब 19 साल के राकेश ने स्विमिंग में हिस्सा लिया। मेडल जीतने का सपना आंखों में लिए वह फाइनल राउंड तक पहुंचे, लेकिन चयनित नहीं हो सके। इसने उन्हें झकझोर कर रख दिया।

खेल के मैदान से निकलकर राकेश ने विज्ञापन की दुनिया में कदम रखा। 1980 के दशक में उन्होंने सैकड़ों विज्ञापन फिल्में बनाईं, जिनमें कई ब्रांड्स के लिए उनके काम को सराहना मिली। इस अनुभव ने उन्हें कहानी कहने का हुनर सिखाया। साल 2001 में उन्होंने पहली फिल्म 'अक्स' बनाई, जिसमें अमिताभ बच्चन और मनोज बाजपेयी जैसे एक्टर्स लीड रोल में थे। फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा सकी, लेकिन राकेश की निर्देशकीय प्रतिभा की झलक दिखाई दी।

साल 2006 में रिलीज हुई 'रंग दे बसंती' ने राकेश ओमप्रकाश मेहरा को रातोंरात स्टार डायरेक्टर बना दिया। आमिर खान, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, आर माधवन, सोहा अली खान जैसे सितारों से सजी यह फिल्म न केवल एक मनोरंजन से भरपूर कहानी थी, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक बदलाव



■ 'भाग मिल्खा भाग' से 'रंग दे बसंती' तक, एंटरटेनमेंट के साथ सोशल मैसेज देने वाले राकेश मेहरा

का एक मजबूत मैसेज भी देती है। उन्होंने यंग जनरेशन के बीच खासतौर पर छाप छोड़ी। फिल्म ने कई पुरस्कार जीते और राकेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

रंग दे बसंती के बाद साल 2013 में मेहरा की स्पोर्ट्स बायोपिक 'भाग मिल्खा भाग' आई, जो यादगार फिल्मों में से एक है। यह फिल्म भारतीय धावक मिल्खा सिंह की बायोपिक है, जिसमें फरहान अख्तर लीड रोल में हैं। राकेश ने इस फिल्म में मिल्खा सिंह के संघर्ष, हार-जीत को संवेदनशीलता और रोमांचक तरीके से पेश किया कि दर्शक इमोशनल हो उठे। फिल्म में खेल के प्रति राकेश का व्यक्तिगत लगाव भी झलकता है, इस फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया, बल्कि कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते।

राकेश ने पत्नी और फिल्म एडिटर भारती मेहरा के साथ मिलकर कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया। भारती उनकी फिल्मों की एडिटिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। उनकी अन्य उल्लेखनीय फिल्मों में 'दिल्ली-6' और 'मिर्ज्या' शामिल हैं, जो भले ही व्यावसायिक रूप से उतनी सफल न रही हों, लेकिन उनकी कहानी और प्रस्तुति ने आलोचकों का ध्यान खींचा। आज राकेश ओमप्रकाश मेहरा भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदा निर्देशकों में से एक हैं, जो अपनी हर फिल्म में कुछ नया और अर्थपूर्ण विषय लेकर आते हैं।

## वैज्ञानिकों ने पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का किया इस्तेमाल

# आंतों के बैक्टीरिया के बारे में गहन विश्लेषण करेगी नई एआई तकनीक

**टोक्यो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। टोक्यो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार एक खास तरह की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल किया है, जिसे बायेसियन न्यूरल नेटवर्क कहा जाता है। इसका उपयोग उन्होंने आंतों (गट) में पाए जाने वाले बैक्टीरिया से जुड़ी जानकारी का विश्लेषण करने में किया। इस तकनीक से वे उन संबंधों को समझ पाए, जिन्हें पुराने तरीकों से ठीक से नहीं पहचाना जा सकता था।

आपकी आंतों में लगभग 100 ट्रिलियन बैक्टीरिया होते हैं, जबकि पूरे मानव शरीर में करीब 30 से 40 ट्रिलियन कोशिकाएं होती हैं। आंतों के बैक्टीरिया कई स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में एक महत्वपूर्ण कारक माने जाते हैं और हमारी सेहत से जुड़ी कई समस्याओं में अहम भूमिका निभाते हैं।

बायोलॉजिकल साइंसेज विभाग में त्सुनोदा लैब के प्रोजेक्ट रिसर्चर तुंग डांग ने



बायोइनफॉर्मैटिक्स में ब्रीफिंग में प्रकाशित एक पेपर में कहा कि अभी हमें यह ठीक से नहीं पता कि कौन-सा बैक्टीरिया कौन-से मेटाबोलाइट्स बनाता है और ये संबंध विभिन्न बीमारियों में कैसे बदलते हैं। अगर हम इन बैक्टीरिया और

- **आंतों में लगभग 100 ट्रिलियन होते हैं बैक्टीरिया**
- **सिस्टम को नींद की समस्या, मोटापा व कैंसर से जुड़ी जानकारियों पर परखा गया**

केमिकल्स के बीच का सही कनेक्शन समझ लें, तो भविष्य में हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग इलाज तैयार किया जा सकता है। मसलन, लाभकारी मानव मेटाबोलाइट्स का उत्पादन करने के लिए एक विशिष्ट बैक्टीरिया को विकसित किया जा सकता है, या फिर खास बीमारियों का इलाज करने के लिए भी इन मेटाबोलाइट्स को संशोधित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि उनका बनाया सिस्टम अपने आप यह पहचान लेता है कि इतने सारे बैक्टीरिया में से कौन-से मुख्य हैं जो मेटाबोलाइट्स को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। साथ ही, यह सिस्टम यह भी मानता है कि उसमें कुछ अनिश्चितता रह सकती है, ताकि जबरदस्ती गलत नतीजे न दिए जाएं। डांग ने बताया कि जब इस सिस्टम को नींद की समस्या, मोटापा और कैंसर से जुड़ी जानकारियों पर परखा गया, तो इसने पुराने तरीकों से कहीं बेहतर काम किया और ऐसे बैक्टीरिया पहचाने जो पहले से जाने-पहचाने जैविक प्रक्रियाओं से मेल खाते हैं। इससे भरोसा बढ़ता है कि यह सिस्टम सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं दिखाता, बल्कि असली जैविक संबंध पकड़ता है। हालांकि इतना बड़ा डाटा देखने में इस तकनीक में बहुत कंप्यूटर पावर लगती है, लेकिन समय के साथ यह समस्या भी हल होने की उम्मीद है। रिसर्चर डांग ने कहा कि वे आगे और भी गहराई से उन केमिकल्स का अध्ययन करना चाहते हैं, जिनमें यह पता लगाना होगा कि वे बैक्टीरिया से आए हैं, हमारे शरीर से या फिर हमारे खाने से।

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्ष की ताकत ने लोकतंत्र को बचा लिया

बिहार में चुनाव से पहले लोकतंत्र को कुचलने की बड़ी तैयारी चल रही थी, जिसे विपक्ष ने रोक लिया है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले 25 जून से 26 जुलाई तक मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चुनाव आयोग ने शुरु किया। लेकिन यह फैसला लगातार विवादों में था और विपक्ष इस पर सवाल उठा रहा था कि बिहार में करोड़ों मतदाता आखिर कहां से उन चुनिंदा दस्तावेज को उपलब्ध करा पाएंगे, जिन्हें दिखाने के बाद ही उनके नाम मतदाता सूची में शामिल करने की शर्त चुनाव आयोग ने रखी थी। अगर ये दस्तावेज नहीं दिखाए जा सके तो फिर आयोग उन्हें अवैध करार देता। यानी एक साथ करोड़ों लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते, इस पर विपक्ष ने शुरु से कड़ी आपत्ति दर्ज की थी, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी की थी। अब विपक्ष की मुहिम रंग लाई है। चुनाव आयोग को अपने इस बड़े फैसले को लगभग पलटना पड़ा है और इसका विज्ञापन बाकायदा अखबारों में दिया गया है। आयोग ने अब कहा है कि जिन 11 दस्तावेज की सूची दी गई थी उनमें से अगर एक भी कागज किसी के पास नहीं है तब भी उसका गणना प्रपत्र यानी एन्यूमरेशन फॉर्म जमा हो सकता है। इससे साफ़ पता चलता है कि चुनाव आयोग ने जो शुरुआती तेवर दिखाए थे वह अब ढीले पड़ चुके हैं। वैसे भी चुनाव आयोग का यह फैसला अटपटा है, क्योंकि हिंदुस्तान में आजादी के बाद से नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और इसके लिए व्यवस्था की गई कि चुनाव आयोग मतदाता के दरवाजे तक जाकर उसे यह अधिकार सौंपेगा। यही असली लोकतंत्र था, लेकिन अब इसमें उल्टी गंगा बहाते हुए चुनाव आयोग ने मतदाता पर ही यह जिम्मेदारी डाल दी कि वह फार्म भरे, दस्तावेज दिखाए और अपने वैध मतदाता होने को साबित करे।

बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का आदेश जिस तरह आया और उस पर काम शुरु भी हुआ तो कई सवाल खड़े हो गए। इसे नोटबंदी और लॉकडाउन यानी देशबंदी के बाद वोटबंदी कहा जा रहा था। हालांकि यह केवल शब्दों की तुकबंदी नहीं थी, बल्कि इसके पीछे लोकतंत्र पर पड़ने वाली चोट को लेकर गहरी चिंता थी। भाजपा की आंखों पर तो इस समय सत्ता की पट्टी बंधी हुई है, इसलिए उसे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि करोड़ों लोग अगर चंद कागजात की वजह से वोट देने का अधिकार खो देते हैं, तो इसका कितना बड़ा नुकसान होगा। भाजपा को यह लगा होगा कि गरीब, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े वर्ग के वोट बड़ी संख्या में कटेंगे और उसका नुकसान केवल महागठबंधन को होगा, लेकिन हो सकता है कि दूसरे के लिए खोदे जा रहे गड्ढे में खुद भाजपा भी धंस जाए।

एनडीए में भाजपा के साथी दल भी इस कवायद से होने वाले नुकसान को समझ रहे थे, लेकिन खुल कर कहने की हिम्मत नहीं दिखा रहे थे। खास तौर पर जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं का मानना था कि इस तरह की दस्तावेज की शर्तों से उनके अति पिछड़े और महिला वोटरों पर काफी बुरा असर पड़ेगा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सरकारी कर्मचारी/पेंशनर पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक का सर्टिफिकेट, डोमिसाइल, वन अधिकार और ओबीसी, एससी, एसटी प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, पारिवारिक रजिस्टर, और जमीन या मकान आबंटन प्रमाणपत्र इन दस्तावेज के आधार पर वोटर को वैध या अवैध निश्चित करने का फैसला लिया। इसमें कहीं भी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मनरेगा या राशनकार्ड का जिक्र नहीं था। जबकि हिंदुस्तान की कम से कम 90 प्रतिशत आबादी अपनी पहचान बताने के लिए इन्हीं में से किसी एक कागज को दिखाती है। कोरोना वैक्सीन लगवाने से लेकर, स्कूल-कॉलेज में दाखिला, बैंक खाता खोलने, पासपोर्ट बनवाने या हवाईजहाज से सफर करने तक हर जगह पहचान के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशनकार्ड ही दिखाया जाता है। जिन दस्तावेज को रहने, खाने, काम करने, सफर करने, आजीविका के लिए जरूरी माना गया, उनमें से किसी को भी वोट डालने के लिए जरूरी क्यों नही माना गया, यह सवाल भी उठा। अगर चुनाव आयोग किसी को वोट देने के योग्य नहीं मानेगा, तो इसका मतलब है कि वह इन्हें भारत का नागरिक भी नहीं मानेगा। इसमें एक बड़े चुनावी घोटाले की बू आई, जिसके बाद ही विपक्ष ने बड़ी तेजी से इस मसले पर मोर्चा खोला और अब इसमें उसे जीत भी मिली है।

25 जून से लागू हुए इस आदेश में रोजाना की तब्दीलियां हो रही हैं, जो बता रही हैं कि इस फैसले को हड़बड़ी में लिया गया है। ठीक वैसे ही जैसे आधी रात को संसद लगाकर जीएसटी तो लागू की गई थी, फिर रोजाना नियम बदले जाते थे। जब नोटबंदी लागू की गई, उसके बाद भी यही आलम रहा कि बार-बार नियम बदले गए और अब मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान में भी यही हो रहा है। ताजा बदलाव यही है कि अब दस्तावेज दिखाना ही जरूरी नहीं है।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के तेवर कई बार ढीले पड़े हैं लेकिन याद रखने की बात यह है कि अब भी इसने इसमें एक पेच लगा रखा है। चुनाव आयोग के विज्ञापन में यह बात बताई गई है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं तो निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी। इसके ठीक बाद चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ द्वारा स्थानीय जांच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा। यानी अब दस्तावेज देना ज़रूरी तो नहीं रहा लेकिन अगर चुनाव आयोग का अधिकारी यह मान ले कि आपको दस्तावेज की जरूरत है तो उसे देना पड़ेगा।

यानी खिलवाड़ की गुंजाइश अब भी है, मगर इस बीच बिहार में 9 जुलाई को मतदाता सूची अपडेशन के खिलाफ चक्काजाम का ऐलान विपक्ष ने किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मामले में तीखे तेवर दिखा रहे हैं। कांग्रेस, राजद, वामदल समेत सारा विपक्ष ताल ठोंक कर मैदान में आ चुका है। तो अब उम्मीद बंध गई है कि बिहार में चुनाव की वो चोरी नहीं हो पाएगी, जिसके आरोप राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में लगाए हैं और बिहार में इसी की आशंका जाहिर की थी।

# आंशिक फैसला वापस मगर विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी तक लड़ना होगा

हम थोड़ा संभल कर कह रहे हैं कि गलत काम करने वाले डरपोक होते हैं। तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अख़बार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अख़बार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अख़बार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी।

तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं। क्योंकि विपक्ष की ही कुछ बड़ी पार्टियों के नेता उन्हें पुचकारते रहते हैं। अपने स्वार्थ से कि हमारा चेहरा दिखाते रहो। बाकी देश के बर्बाद करना या हमारी पार्टी के नेता को ही बदनाम करना जो भी करना है करते रहो। अभी राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने एक गंदा अभियान चलाया। बिहार से ही संबंधित है। महिलाओं को बांटे जाने वाले सेनेटरी पेड़ पर राहुल का फोटो चिपका कर राहुल के बारे में अनाप शनाप लिखा गया। पूरी तरह फर्जी फोटो था मगर कांग्रेस द्वारा समय पर काउंटर नहीं करने से उसी तरह लोगों ने यकीन कर लिया जैसे इस बात पर कर लिया था कि राहुल ने आलू से सोना बनाने की बात कही है।

खुद कांग्रेस के लोगों ने कहा था कि देखिए राहुल कैसी बात कर रहे हैं। उस समय के मीडिया संभालने वालों ने कोई प्रतिकार नहीं किया कि वीडियो फर्जी है। बाद में उसे बनाने वाली ऐजेंसी ने भी माना कि उसे पैसे देकर यह फर्जी वीडियो बनवाया गया था। मगर कांग्रेस ने उस वीडियो के खंडन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वैसे ही आज भी सोशल मीडिया के दूसरे एक्टीविस्टों ने इस सेनेटरी पेड़ वाली खबर की झूठ का पर्दाफाश करने की कोशिश की। मगर बीजेपी की आई टी सेल की बड़ी ताकत के सामने छुट-पुट कोशिशें कितनी कामयाब हो सकती हैं?

जैसा अभी तेजस्वी ने किया वैसे ही राहुल भी मीडिया को आईना दिखाते रहते हैं। मगर फर्क यह है कि तेजस्वी की पार्टी का कोई आदमी अकेले में मीडिया से यह नहीं कह सकता कि अरे छोड़िए वह तो ऐसे ही कहते रहते हैं। कांग्रेस में तो बुला-बुला कर मीडिया को राहुल के खिलाफ बताया जाता है और पत्रकार कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों से कहते हैं कि आप राहुल को क्यों नहीं समझाते?

कांग्रेस में राहुल का यह संघर्ष बड़ा है कि वह अपनी पार्टी के होस्टाइल ( राहुल की नीचा दिखाने वाले) नेताओं के बीच रहकर इतने शांत और संयत बने रहते हैं। कांग्रेस के नेताओं की मजबूरी है कि बिना राहुल के पार्टी एक रह नहीं सकती। नहीं तो वे राहुल को ही यह आरोप लगाकर पार्टी के बाहर कर सकते हैं कि यह आदमी मीडिया की बहुत आलोचना करता है। मीडिया उनके लिए सगी हो जाएगी और राहुल सौतेले!



शकील अख्तर

> भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं।

खैर बात तेजस्वी की थी। उन्होंने मीडिया को जिस तरह टाइट किया उसका असर चुनाव आयोग पर भी दिखा। हमने पहले ही कहा था डीबी लाइव पर बात करते हुए भी और अखबारों में लिखते हुए भी कि चुनाव आयोग को यह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक फैसला वापस लेना पड़ेगा। एक महीने में आठ करोड़ लोगों के वोटों की जांच संभव ही नहीं है। और मूल सवाल विधानसभा चुनाव के तीन महीने पहले ही क्यों याद आया आपको? पत्रकार इसको नहीं लिख रहे कि बरसात में बिहार की सबसे बड़ी खबर बाढ़ ही हुआ करती है। कौन सा अख़बार, टी वी चैनल है जो हर साल बिहार की बाढ़ की भयावह खबरें नहीं छापता नहीं दिखाता? जहाज से सहायता पहुंचाना बाढ़ से घिरे पानी में पेड़ के ऊपर चढ़े आदमी और साथ में सांप तक दिखाना। मगर अब कोई नहीं लिख रहा कि बरसात के मौसम में यह विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) कैसे होगा?

बहरहाल तेजस्वी का रौद्र रूप देखकर मीडिया तो सहमा ही चुनाव आयोग भी घबरा गया। पटना में जब तेजस्वी बिहार चुनाव आयुक्त से मिलने गए तो समर्थकों की भारी भीड़ उनके साथ थी। नारे लगाती हुई उस भीड़ का आक्रोश देखकर कोई भी समझ सकता था कि लोग किस मूड में हैं। तेजस्वी से मुलाकात के अगले दिन ही शनिवार को चुनाव आयोग को कहना पड़ा कि बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म के साथ कोई दस्तावेज जरूरी नहीं हैं। केवल साइन करके वैसे ही फार्म जमा करा दें। इससे पहले पासपोर्ट जैसे डाक्यूमेंट मांगे गए थे और आधार को अमान्य कर दिया था। यह फैसला वापस लेने की शुरूआत है। 9 जुलाई बुधवार को विपक्षी दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। जैसा माहौल है उसे देखते हुए बंद अभूतपूर्व होगा। मीडिया, चुनाव आयोग और भाजपा सब समझ रहे हैं। और यह भी कि अगर ऐतिहासिक बंद हो गया तो महागठबंधन को चुनाव डिक्लेयर होने से पहले ही निर्णायक बढ़त मिल जाएगी।

जनता फैसला करती है मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? तेजस्वी के इस समय के फार्म के सामने नीतीश कुमार का थका-मांदा चेहरा नहीं चलेगा। और भाजपा में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अपना कोई चेहरा अभी से सामने ला सके। अगर भाजपा ने ऐसा किया तो नीतीश का समर्थक एकदम से उससे टूट जाएगा। और बिना नीतीश के जनाधार के भाजपा के लिए महागठबंधन से लड़ना बहुत मुश्किल है। भाजपा और चुनाव आयोग ने यह गहन पुनरीक्षण उन वोटों को छांटने के लिए किया था जो गरीब कमजोर हैं, दलित महादलित, पिछड़े महापिछड़े हैं, काम करने के लिए बिहार के बाहर गए हुए हैं। आमतौर पर लोग समझ रहे थे कि यह मुस्लिम वोट काटने के लिए है। मगर बिहार की जैसी राजनीति है वहां सत्ता पक्ष ही मुस्लिम वोट काटने नहीं देगा। नीतीश के 20 साल मुख्यमंत्री बने रहने में मुस्लिम वोटों का बड़ा हाथ है। सत्ता पक्ष की दूसरे बड़े नेता चिराग पासवान को भी मुस्लिम वोटों का सहारा है। इसके अलावा जीतनराम मांझी की पार्टी, उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी को भी मुस्लिम वोट मिलता है। इसलिए तलवार वहां मुस्लिम पर कम और उन दलित पिछड़े समुदायों पर ज्यादा लटकी है।

जो भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं। विदेश नीति की असफलता सबको दिखने लगी है।

ऐसे में बिहार चुनाव मोदी जी के लिए बड़ी परीक्षा है। उसी के लिए यह गहन परीक्षण की स्कीम लाई गई थी मगर अब यह उलटी पड़ गई है। चुनाव आयोग भारी दबाव में है। देखना है कब तक वह अपने फैसले पर कायम रह पाता है। आंशिक शुरूआत तो हो गई है फैसला वापस लेने की। लेकिन विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी से पहले अपने तेवर ढीले नहीं करना चाहिए। तभी उसे इसका फायदा विधानसभा चुनाव में मिल पाएगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन ने भी लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर किया आघात

जून 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अधीन देश ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनायी, जिसे इंदिरा गांधी ने 1975 में लगाया था। इस अवधि के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, जब कई लोकतांत्रिक स्वतंत्रताएं निलंबित कर दी गयी थीं, हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया था और मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस अवधि को कुछ दलित नेता बहुत अलग तरीके से देखते हैं, जो पिछले दशक में इंदिरा गांधी द्वारा उठाये गये क्रांतिकारी कदमों जैसे बैंकों के राष्ट्रीयकरण और प्रिवीपर्स को खत्म करने को याद करते हैं। अब, जबकि बहुत कुछ लिखा जा चुका है, तब उसका नये सिरे से विश्लेषण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उस अवधि की निंदा करते हुए तथा आपातकाल की घटना के विरोध में बलिदान देने वालों की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें 'अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को याद करने तथा उनका सम्मान करने का संकल्प लिया गया, जिन्होंने आपातकाल तथा भारतीय संविधान की मूल भावना को नष्ट करने के प्रयास का बहादुरी से विरोध किया, एक ऐसा विध्वंस जिसकी शुरुआत 1974 में नवनिर्माण आंदोलन तथा सम्पूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के एक कठोर प्रयास से हुई थी।'

भाजपा उस अवधि के 21 महीनों के दौरान अपनी 'महान भूमिका' पर बहुत जोर दे रही है। यह आरएसएस के उन दावों से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि आपातकाल का विरोध करने वाली प्रमुख ताकत वे ही थे परन्तु इसके अधिकांश अन्य दावों की तरह यह दावा भी सत्य के किसी भी तत्व से रहित है।


कुछ गंभीर पत्रकारों के प्रयासों तथा कुछ लोगों द्वारा पुस्तकों की खोज से एक और कहानी सामने आती है। पत्रकारिता के दिग्गजों में से एक प्रभाष जोशी ने लिखा, 'तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने इंदिरा गांधी को एक पत्र लिखकर संजय गांधी के कुख्यात 20सूत्री कार्यक्रम को लागू करने में मदद करने का वचन दिया था। यह आरएसएस का असली चरित्र है' आप एक कार्यशैली, एक पैटर्न को समझ सकते हैं। आपातकाल के दौरान भी, जेल से बाहर आए आरएसएस और जनसंघ के कई लोगों ने माफ़ीनामा (माफ़ीनामा) दिया। वे सबसे पहले माफ़ी मांगने वाले थे- 'अटल बिहारी वाजपेयी( अधिकांश समय अस्पताल में) थे' लेकिन आरएसएस ने आपातकाल का मुकाबला नहीं किया। तो भाजपा उस स्मृति को अपने नाम करने की कोशिश क्यों कर रही है?' वे निष्कर्ष निकालते हैं कि 'वे कोई लड़ाकू ताकत नहीं हैं, और वे कभी भी लड़ने के लिए उत्सुक नहीं होते हैं। वे मूलरूप से समझौता करने वाले लोग हैं। वे कभी भी वास्तव में सरकार के खिलाफ नहीं होते हैं'।

उत्तर प्रदेश और सिक्किम के राज्यपाल रह चुके टीवी राजेश्वर ने 'इंडिया: द क्रूशियलइयर्स' (हार्परकॉलिन्स द्वारा प्रकाशित) नामक पुस्तक लिखी है, जिसमें उन्होंने इस तथ्य की पुष्टि की है कि 'न केवल वे (आरएसएस) इस (आपातकाल) के समर्थक थे, बल्कि वे श्रीमती गांधी के अलावा संजय गांधी से भी संपर्क स्थापित करना चाहते थे।'

जबकि कई समाजवादी और कम्युनिस्ट जेल की सजा काट रहे थे, आरएसएस के कार्यकर्ता जेल से रिहा होने के लिए बेचैन थे। भाजपा के सुब्रमण्यम स्वामी ने द हिंदू में एक लेख में आपातकाल की कहानी सुनाई जो 13 जून 2000 को प्रकाशित हुई थी। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इंदिरा गांधी को माफी के पत्र लिखकर आपातकाल विरोधी आंदोलन को धोखा दिया। 'महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही में यह रिकॉर्ड पर है कि तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने पुणे की यरवदा जेल के अंदर से इंदिरा गांधी को कई माफी पत्र लिखे, जिसमें जेपी के नेतृत्व वाले आंदोलन से आरएसएस को अलग कर दिया और कुख्यात 20-सूत्री कार्यक्रम के लिए काम करने की पेशकश की। उन्होंने उनके किसी भी पत्र का उत्तर नहीं दिया।' (भारत को पुनर्जीवित करने के अपने प्रयास में आपातकाल लागू करने को सही ठहराने के लिए कांग्रेस शासन द्वारा 20सूत्री कार्यक्रम और संजय गांधी के पांच सूत्री कार्यक्रम का हवाला दिया जाता है)।

मेरे एक मित्र, राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेश खैरनार भी इस दौरान जेल में थे। जब उन्होंने आरएसएस कार्यकर्ताओं को माफ़ीनामे पर हस्ताक्षर करते देखा, तो वे इस विश्वासघात के कृत्य पर क्रोधित हो गये और उनसे भिड़ गये। अपनी शैली के अनुसार उन्होंने कहा कि वे जो कर रहे हैं वह तात्याराव (वीडी सावरकर) द्वारा अपनाये गये मार्ग के अनुसार है। हिंदू राष्ट्रवादियों की रणनीतियों के बारे में यह सच है!

यह भी याद रखें कि जब ए.बी.वाजपेयी को आगरा के पास बटेश्वर में जंगल सत्याग्रह में भाग लेने वाले जुलूस की निगरानी करते समय गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सरकारी भवन से यूनियन जैक को हटा दिया गया था और तिरंगा फहराया गया था। वाजपेयी ने तुरंत एक पत्र लिखा और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से खुद को अलग कर लिया। उन्हें तुरंत रिहाई मिल गयी। इस विचारधारा के अनुयायियों के चरित्रों को प्रभाष जोशी ने अच्छी तरह से चित्रित किया है।



डॉ. राम पुनियानी

> आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।

जहां एक ओर उनकी मौखिक भाषा आक्रामक और जोरदार होती है वहीं व्यवहार में वे बिल्कुल अलग होते हैं। जब 1998 में वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए सरकार थी, तब मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतर महसूस किया था। अब तक मानवाधिकारों के लिए प्रतिबद्ध कई कार्यकर्ता कांग्रेस और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलू मानते थे। उनके शासन के इस दौर ने हममें से कई लोगों की आंखें खोल दीं कि भाजपा एक अलग पार्टी है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि उस समय भाजपा के पास अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं था।

अब नरेन्द्र मोदी करीब ग्यारह साल से प्रधानमंत्री के रुप में सत्ता में हैं। 2014 और 2019 में उन्हें पूर्ण बहुमत मिला। इस पूर्ण बहुमत के साथ उनकी साख का असली रंग जोर से सामने आ गया है। जहां एक ओर आपातकाल ने उसे लागू करने वाली नेता इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर दिया, जबकि आपातकाल संविधान के प्रावधानों के तहत था, अब हम नरेन्द्र मोदी का एक 'अघोषित आपातकाल' देख रहे हैं। 2015 में इंडियन एक्सप्रेस के शेखर गुप्ता को दिये गये एक साक्षात्कार में लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था,' आज (उस समय) आपातकाल की घोषणा हुए 40 साल हो चुके हैं। लेकिन पिछले एक साल से भारत में अघोषित आपातकाल चल रहा है।' ('इंडियन एक्सप्रेस' दिनांक 26-27 जून 2015)।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया गया है। सच बोलने की हिम्मत करने वाले कई लोगों को जेल में डाल दिया गया है। धर्म की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। न्याय की जगह बुलडोजर न्याय ले रहा है। लव जिहाद, गोमांस के बहाने अल्पसंख्यकों को डराना-धमकाना और प्रताड़ित करना घृणित है। भीमा कोरेगांव मामले में कई प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया है। उमर खालिद, गुलफिशा फातिमा जैसे मुस्लिम कार्यकर्ता जेल में बंद हैं, जबकि उनके मामलों की सुनवाई नहीं हो रही है। कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया सरकार की नीतियों की पैरवी करने और असहमति की आवाजों को दबाने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।

## आपके पत्र

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता का यंत्र

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज नई रचनात्मकता का माध्यम बन चुकी है, पर यह बहस का विषय है कि क्या यह नवाचार, रचनाकारों की मेहनत की चोरी पर टिका है? अमेरिका में अदालतों ने एआई द्वारा 'सीखी गई' सामग्री को उचित प्रयोग माना, पर रचनाकार असंतुष्ट हैं। भारत में समाचार एजेंसी एएनआई ने ओपनएआई के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत की है। देश में मौजूदा कानून इस तकनीकी चुनौती के लिए नाकाफी हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने बौद्धिक संपदा कानूनों को अद्यतन करे ताकि तकनीकी विकास के साथ रचनात्मक अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल — जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा — करोड़ों पुस्तकों, वेबसाइटों, गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यहीं से विवाद आरंभ होता है।

2024 में अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी 'एंथ्रॉपिक' पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया। लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह 'उचित प्रयोग' की श्रेणी में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं, लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी 'परिवर्तनकारी उपयोग' मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया।

इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है कि यदि यह 'उचित प्रयोग' है, तो उनकी मेहनत, मौलिकता और अधिकारों का क्या?

अब दृष्टि भारत की ओर मोड़ते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने वर्ष 2024 में ओपनएआई पर आरोप लगाया कि उसके संवाद आधारित मॉडल (जैसे चैटजीपीटी) उनकी समाचारों की भाषा, शैली और विषय-वस्तु की हूबहू नकल कर रहा है। इसके अलावा प्रकाशक संघों ने भी आरोप लगाए कि भारत में कॉपीराइट पंजीकरण की अनदेखी कर इन एआई कंपनियों ने भारतीय सामग्री का व्यावसायिक दोहन किया। ओपनएआई का पक्ष यह था कि वह भारत में न तो अपने सर्वर चलाता है, न ही उसका कोई स्थायी कार्यालय है। उसका तर्क था कि उसकी तकनीक कुछ नया, परिवर्तित और जनहित में उपयोगी सामग्री तैयार करती है— और यह बौद्धिक चोरी नहीं कहलाती।

यह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, और इसकी सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में अब यह बहस न्यायिक गलियारों में पहुंच चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या भारत का मौजूदा बौद्धिक संपदा कानून इस नई तकनीकी चुनौती के लिए तैयार है? 1957 में बनाए गए कॉपीराइट अधिनियम में 'उचित प्रयोग' की धारणा है, पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मामलों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ना ही भारत में ऐसा तंत्र है जो यह जांच सके कि कोई एआई मॉडल प्रशिक्षण के लिए किन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है और वे सामग्री कॉपीराइट के अंतर्गत आती हैं या नहीं।

**- प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### चुनावी हार को जीत में बदलने की तरकीबें

*'चुनाव के दौरान अपने पक्ष में माहौल तो बनाना ही पड़ता है। यह काम भी अब सीधे-सादे तरीके से कोई नहीं करता। अनेक चतुर सुजान अपने दूतों को विरोधी पक्ष के मतदाताओं के पास पठाते हैं। वे जाकर बताते हैं कि उनकी तो हार हो रही है, भैयाजी या नेताजी बात ही नहीं सुनते, इत्यादि। इससे सामने वाले के गफलत में पड़ जाने की संभावना बन जाती है। जब उनके ही लोग हार मान बैठे हैं तो हमें कुछ करने की क्या जरूरत है? हमें तो जनता खुद ही जिता रही है। बस, इसी खुशफहमी में पत्ता साफ। यह तो एक तरकीब है। इससे बढ़कर महीन तरकीब चुनाव पूर्व सर्वे के इस्तेमाल की है। पहले किसी पार्टी या प्रत्याशी की जीत का अनुमान पेश करो, फिर कुछ दिन बाद उस के हारने का अनुमान घोषित कर दो। प्रत्याशी का और उसके पक्षधर मतदाताओं का मनोबल तोड़ने, उन्हें हतोत्साह करने की यह तरकीब कई बार सफलतापूर्वक आजमाई गई है। राजनैतिक दल इन सर्वे करने वालों और उन्हें प्रकाशित-प्रचारित करने वालों का ऐहसान चुकाने में कोई कमी नहीं रखते।'*

**( देशबन्धु में 10 नवंबर 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/11/blog-post_9.html

## गुरूवाणी विचार

### भक्त कबीरदास

देही गांवा जीओ हर महतौ बसहि पंच किरसाना
नैनू नकह सुवण रसपति इंद्रो कहिआ न माना
बाबा अब न बसहो ऐह गांवो
घड़ी घड़ी का लेखा मांगे काहिथ चेते नांवो।

गुरुवाणी की इन पंक्तियों द्वारा भक्त कबीर दास जी मानव मन को समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हमारा यह शरीर मानो एक नगर है और इसमें जो जीवात्मा है वह इस नगर की चौधरी है, मुखिया हैं, लंबरदार है। इस शरीर रूपी नगर में पांच किसान रूपी आंखें, नाक, कान, जीभ और इंद्रिय विरारजमान है। यह पांचों ही किसान अपने मालिक मुखिया का कहना न मानते हुए उसे उलटी ही सलाह देते रहते हैं और अपनी मनमानी करते रहते हैं। चौधरी आंखों को आदेश देता है कि ये मेरे नेत्रों तुम हर वक्त प्रभु परमात्मा का ध्यान लगाया करो।

ये नेत्रों मेरियो हर तुममें जोति, धरी हरि
बिन अवर ने देखो कोई।

नेत्र है कि मुखिया का कहना न मानते हुए अपनी मनमानी करते हैं और प्रभु परमात्मा का ध्यान न लगाते हुए सांसारिक नाटक - चेटकों में टीवी इत्यादि में ही गलतान रहते हैं। कानों को चौधरी कहता है कि प्रभु संकीर्तन सुना करो पर वे ठीक इसके विपरीत पराई निंदा चुगली सुनने में ही मस्त रहते हैं।

ऐ सरवनो मेरियो साचै सुनने नूं पठाये।
सरीर लाये सुनो सत वाणी।।

वह उसे सुनने को तैयार ही नहीं रहते। फिर जीभ को आदेश देता है कि अपने स्वादों में भी हर वक्त मत लगे रहा कर थोड़ा बहुत प्रभु गुण भी बखान कर लिया कर। क्योंकि प्रभु गुण गान करते रहने पर ही तेरा कल्याण हो सकता है पर जीभ भी चौधरी का कहना न मानते हुए मनमानी करती है और सिमरन बंदगी करने से कतराती है। हर तरह के व्यंजनों के स्वाद चखने में ही लगी रहती है। इसी तरह नाक और इंद्रिय चौधरी का कहना न मानते हुए सांसारिक विषय विकारों में ही गलतान रहती है और बुरी संगत में ही फंसी रहती है। इसीलिए भक्त कबीर जी प्रभु परमात्मा से बिनती कर रहे हैं कि ऐ मेरे परमात्मा मैं इस तरह के गांव में नहीं रहना चाहता क्योंकि यहां हर क्षण तो मेरी आज्ञा का उल्लंघन हो रहा है। मैं इस बात को अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे क्षण प्रतिक्षण उल्लंघन हो रहा है। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे कर्मों का लेखा-जोखा धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त जी के द्वारा रखा जा रहा है तो चब ये मेरे किसान पांचों मेरा कहना न मानते हुए उलटा ही काम कर रहे हैं तब मैं आपकी कचहरी में कहां से उजले मुख आ पाऊंगा। इसलिए मैं इस गांव में नहीं रहना चाहता।

प्रभु परमात्मा ने मानुस देही देकर उसके किसी पूर्व जनम के पुण्य फल के कारण इस धरा पर भेजा है अतएव हर इंसान का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी मानव देही पाने का संपूर्ण लाभ उठा ले ताकि वह फिर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सके तभी उसका मानव देही पाना सार्थक हो सकेगा। हमें चाहिए कि इन पांचों इंद्रियों को अपने वश में कर रखें और उन्हें अपनी मर्जी न करने दे। उन पर काबू पाकर प्रभु सिमरन बंदगी में अपना ध्यान लगावें। प्रारंभ में थोंड़ी दिक्कत जरूर आ सकती है पर धीरे-धीरे उन पर काबू पाया जा सकता है और फिर एक बार काबू हो जाने पर रसना समझने लगेगी कि कीरत प्रभु की गावो मेरी रसना।

तुम करो दया मेरे साईं
ऐसी बुद्धि करो परमात्मा
सदा सदा तुध धिआई।।

**-ईंदर सिंह आहुजा**

# देश विदेश

## एफ-35बी फाइटर जेट की मरम्मत के लिए तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पहुंची यूके की टीम

**तिरुवनंतपुरम,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटिश उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। यह टीम आपातकालीन लैंडिंग करने वाले ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन और उसकी मरम्मत का कार्य करेगी। इस फाइटर जेट ने 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। इस मामले में ताजा अपडेट देते हुए एक ब्रिटिश हाई कमीशन के प्रवक्ता ने बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गई है। यह टीम ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन करेगी और उसकी मरम्मत करेगी। इस जेट को इमरजेंसी में यहां उतारा गया था।

# अमेरिका में बाढ़ से 49 लोगों की मौत, कई लापता

**ह्यूस्टन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका मध्य टेक्सास में आई भीषण बाढ़ में कम से कम 49 लोगों की मौत हुई है और कई लोग लापता हैं। कई क्षेत्रों में बचाव अभियान जारी है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि केर काउंटी में शुक्रवार सुबह मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने से 28 वयस्कों और 15 बच्चों सहित कम से कम 43 लोगों की मौत हो गई। काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने यह जानकारी दी। केरविले के सिटी मैनेजर डाल्टन राइस ने बताया कि 27 अन्य बच्चे अभी भी लापता हैं, जिनमें से अधिकांश कैंप मिस्टिक के हैं। यह ग्वाडालूप नदी के किनारे इसाइयों का एक निजी ग्रीष्मकालीन शिविर है। इस शिविर में आमतौर पर हर साल लगभग 750 बच्चे आते हैं। उन्होंने कहा कि हम पूरे दिन सैकड़ों लोगों को इन शिविरों से बचाते रहे हैं।

**पूर्वानुमान में वर्षा की मात्रा को कम करके आंका था**

स्थानीय प्रसारक केएक्सएओ-टीवी ने काउंटी के जज एंडी ब्राउन के हवाले से बताया कि ट्रैविस काउंटी में चार लोगों की मौत हुई है और 13 अन्य लापता बताए गए हैं। बर्नेट काउंटी में शनिवार को अपराह्न तक बचाव कार्य जारी था। शेरिफ कार्यालय ने दो मौतों की पुष्टि की और कहा कि दो अन्य लापता हैं। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने शनिवार को मध्य टेक्सास में छह और काउंटियों को शामिल करने के लिए एक विस्तारित आपदा घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसके बाद बाढ़ से प्रभावित कुल काउंटियों की संख्या 20 हो गई। अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यू ) के अनुसार केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी का जल स्तर शुक्रवार सुबह केवल तीन घंटे के भीतर 7.5 फीट (2.3 मीटर) से बढ़कर 29.5 फीट (9 मीटर) हो गया, जो रिकॉर्ड पर दूसरे सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। टेक्सास डिवीजन ऑफ इमरजेंसी मैनेजमेंट के प्रमुख निम किड ने कहा कि मौसम विभाग के पहले के पूर्वानुमान में क्षेत्र में भयावह बाढ़ में योगदान देने वाली वर्षा की मात्रा को कम करके आंका गया था।



## अफ़गानिस्तान में बाढ़ से दो बच्चों की मौत, भारी तबाही



**काबुल।** अफ़गानिस्तान के नांगरहार प्रांत के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ में दो बच्चों की मौत हो गई और बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। मूसलाधार बारिश के कारण देश के पूर्वी क्षेत्र में तबाही का मंज़र देखने को मिला है। सूचना और संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक कुरैशी बदलॉन ने संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ ने कई जिलों को प्रभावित किया है, जहां कम से कम 280 घर बह गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा से इस क्षेत्र की कृषि भूमि को गंभीर नुकसान हुआ है और लगभग 5,000 एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। अधिकारी के अनुसार, हताहतों की संख्या और नुकसान की सीमा बढ़ सकती है। नुकसान का पता लगाने और प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने के लिए आकलन दल भेजे गए हैं।

## पाकिस्तान में बारिश व बाढ़ से 66 लोगों की मौत, 127 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 26 जून से मूसलाधार की बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 66 लोगों की मौत हुई है और 127 अन्य घायल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शनिवार को पिछले दो दिनों में बारिश से संबंधित घटनाओं में दो और मौतों तथा 10 अन्य लोगों के घायल होने की जानकारी दी। एनडीएमए के अनुसार सबसे ज्यादा मौतें उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में हुई है। इस राज्य में 11 बच्चों सहित 24 लोगों की जान चली गई। इनमें से 14 लोग पिछले सप्ताह स्वात घाटी में आई अचानक बाढ़ में बह गए। पंजाब में भारी बारिश के कारण घर ढहने और अचानक आई बाढ़ में 11 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हुई है। वहीं, सिंध में 15 लोगों की मौत की खबर है, जबकि बलूचिस्तान में पांच लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में भी तीन लोगों के घायल होने की खबर है। पाकिस्तान मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में कई क्षेत्रों में और अधिक बारिश और आंधी-तूफान का अनुमान लगाया है।

## सुडोकू 6966

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 7 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11

## राशिफल

मेष - आज आपको विशेष प्रकार के आध्यात्मिक अनुभव होंगे। आपको रहस्य और गूढ़ विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने में रुचि होगी। आप आध्यात्म के क्षेत्र में भी सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको अनंद का अनुभव होगा। मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

मिथुन - आपके कई दिनों से रूके हुए काम पूरे हो सकेंगे। सफलता तथा प्रतिष्ठा प्राप्त मिलेगी। घर में सुख- शांति और आनंद आपको मानसिक रूप से प्रफुल्लित रखेंगे। तंदुरुस्ती अच्छी रहेगी। वित्तीय लाभ होगा।

कर्क - आपको आज चित्त को शांत रखकर दिन व्यतीत कर लेना चाहिए। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता से भय पैदा होगा। अचानक खर्च होने की संभावना है। प्रेमियों के बीच विवाद और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आज आपको शारीरिक- मानसिक चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की आशंका है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। गलत और नकारात्मक विचारों के कारण निराशा रह सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें। आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं। भाई-बहनों के साथ अच्छे संबंध अच्छे बने रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा।

तुला - मानसिक परेशानी रहने के कारण आज आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। आज कोई नया काम न करें। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद टालना चाहते हों तो वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपका तन-मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ सुख के पल गुजार सकेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के पास से किसी तरह का उपहार मिलेगा।

धनु - आज का दिन कष्टदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। स्वभाव में क्रोध और आवेश रहेगा। इससे किसी के साथ उग्र तकरार हो सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। वाणी और व्यवहार में संयम रखें। दुर्घटना से बचें।

मकर - आज का दिन लाभदायक है। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे। प्रियजनों के साथ किसी रोमांचक यात्रा पर जा सकते हैं। थोड़े प्रयत्नों से विवाहोत्सुक लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

कुंभ - आप सभी काम सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यापार और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। सरकारी कामकाज आसानी से पूरे हो सकेंगे। उच्च अधिकारियों की ओर से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन - आज आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शारीरिक ताजगी का अभाव रहेगा। कोई काम विलंब होने से आपको निराशा का अनुभव होगा। भाग्य आपका साथ नहीं देगा, ऐसा आपको लग सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ईरान-इजरायल संघर्ष के बाद पहली बार नजर आए खामेनेई

**तेहरान,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान-इजरायल के 12 दिन तक चले संघर्ष और फिर युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को पहली बार जनता के सामने आए। खामेनेई ने धार्मिक कार्यक्रम में मौजूदगी दर्ज कराई।

इजरायल-ईरान के बीच सीजफायर 24 जून को हो गया था, लेकिन 86 साल के खामेनेई लंबे वक्त तक सामने नहीं आए थे। जब मुहर्रम के जुलूस में उन्हें देखा गया, तो समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस बीच खामेनेई ने हाथ हिलाकर और सिर झुकाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि, खामेनेई ने जनता की उम्मीदों के मुताबिक मंच से उन्हें कोई संदेश नहीं दिया।

यहां नमाजियों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। यह शिया मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। खामेनेई इस समारोह के दौरान काले रंग के कपड़ों में नजर आए। समारोह में उपस्थित लोगों ने इस दौरान लब्बैक या हुसैन के नारे लगाए। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, अयातुल्ला अली खामेनेई की सार्वजनिक तौर पर मौजूदगी उनके आत्मविश्वास को दर्शाती है, जो उनके विरोधियों के लिए एक संदेश भी है। इस मौजूदगी के साथ खामेनेई ने संदेश दिया है कि संघर्ष के बावजूद ईरान स्थिर और सक्रिय है।



■ **24 जून को इजरायल-ईरान के बीच हो गया था सीजफायर**

ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद खामेनेई के सिर्फ वीडियो और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट ही सामने आए थे। ऐसे में खामेनेई को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे थे। माना जा रहा था कि खामेनेई दोनों देशों के बीच संघर्ष के दौरान बंकर में थे। इस बीच उन्होंने रिकॉर्डेड वीडियो संदेश के जरिए ही जनता से संवाद किया था। ईरानी प्रशासन बार-बार खामेनेई के स्वस्थ होने का दावा करता रहा। ईरान की न्यायपालिका के अनुसार इजरायल के साथ 12 दिनों तक चले इस संघर्ष में 900 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। अमेरिका की ओर से किए गए हमलों से ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी को काफी नुकसान पहुंचा है।

## ईरान में इंटरनेट संचार बड़ी रुकावट के बाद बहाल

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट सेवा एक बड़ी रुकावट के बाद बहाल हो गई है। नेटब्लॉक इंटरनेट निगरानी सेवा की एक रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने इंटरनेट सेवा बाधित होने का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

नेटब्लॉक ने रविवार रात को बताया कि ईरान में इंटरनेट कनेक्शन में गंभीर व्यवधान दर्ज किया गया था। नेटब्लॉक ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि ईरान में राष्ट्रव्यापी व्यवधान के बाद इंटरनेट सेवा को बड़े पैमाने पर बहाल कर दिया गया है, अधिकारियों ने कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है। नेटब्लॉक के अनुसार, पूरे देश में लगभग दो घंटे तक इंटरनेट सेवा बाधित रही। जून के अंत में इस्लामिक गणराज्य ईरान के कई क्षेत्रों में निवासियों ने बताया था कि ईरान पर इजरायली हमलों के कारण देश में इंटरनेट सेवा को सीमित कर दिया गया था लेकिन बाद में वैश्विक इंटरनेट तक लोगों की पहुंच को बहाल किया जाने लगा।

# ब्राजील में मोदी का किया स्वागत, ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति रही खास

**रियो डी जेनेरियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और एक राजकीय यात्रा भी करेंगे। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर भारतीय प्रवासी ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया।

ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे पीएम मोदी का पारंपरिक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति से भरे चित्रों से स्वागत किया गया। लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस स्वागत में सबसे खास बात 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रस्तुति रही। यह भारत की ओर से पाकिस्तान स्थित आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे एक निर्णायक अभियान पर आधारित प्रस्तुति थी, जिसे नृत्य और चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। प्रवासी भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत पेंटिंग और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित नृत्य के साथ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वागत समारोह में प्रस्तुति देने वाली भारतीय महिला नर्तकियों से मुलाकात की। नर्तकियों में से एक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमारे लिए बड़े भाई जैसे हैं। हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि वे यहां आए। हमारी प्रस्तुति को उन्होंने बहुत धैर्यपूर्वक देखा, हमसे बातचीत की और इसकी बहुत सराहना की। हमने अपने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और भारत माता का सम्मान करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अपनी थीम के रूप में चुना था।




### प्रथम पृष्ठ का शेष

**बारिश की चुनौतियों ...**

इसके साथ-साथ ही अव्यवस्था से बचने पुलिस के अधिकारियों से भी बातचीत की।

इस दौरान सचिन पायलट ने सभा को लेकर मीडिया से कहा कि कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। बारिश चुनौती है, लेकिन खड़गे और राहुल गांधी का संदेश जनता तक जरूर पहुंचेगा।

बैठक को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस कैसे चलेगी और आगे की क्या रणनीति होगी यह तय होगा इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था किसी से संभल नहीं रही है, और छत्तीसगढ़ की लीडरशिप में खींचतान है। जिस उद्देश्य से जनता ने बीजेपी को चुना वो उस पर खरी नहीं उतर रही है।


**पीएम मोदी...**

बातचीत के सार्थक दौर की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा, ब्रिक्स साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे।

**ब्राजील के साथ आपसी हितों के मुद्दों पर होगी चर्चा**-ब्राजील की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ब्रासीलिया जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संपर्क सहित आपसी हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

**भारत-अर्जेंटीना में द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर सहमति** -पीएम मोदी अर्जेंटीना से यहां पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ व्यापक बातचीत की और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, दवा, ऊर्जा और खनन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

## वर्ग पहेली 6966




**बायें से दायें:-**

१. आंख की पुतली
३. विधानसभा का सदस्य
५. प्रबंध इंतजाम
६. असुर, दैत्य
७. पिता का पिता
९. प्रेम, प्यार, इच्छा
१०. मदिरा बनाने या इसका व्यवसाय (उर्दू)
१२. रिश्ता, नाता, लगाव
१३. सारा, संपूर्ण
१४. बांटना, बांटने की क्रिया
१६. समाधान
१८. श्रीमान, महोदय (उर्दू)
२१. राहगीर
२१. इच्छा, कामना, अभिलाषा (उर्दू)
२३. दिखाई देना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कर देने वाला
२. बेसहारा, निराश्रित
३. जिसे उसके स्थान से हटा दिया गया हो
४. अनाथ (उर्दू)
५. दुश्चरित्र, कुमार्ग गामी
८. बलराम
१०. जिस पर आक्रमण किया गया हो, पराभूत जिस पर कब्जा किया गया हो, कष्टग्रस्त
११. वजह
१२. ग्रहण करना, एकत्र करना
१३. बुजुर्ग, बुद्धिमान
१४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
१५. नीरस
१७. फौज, सेना (उर्दू)
१८. टूटा-फूटा
१९. प्रवाहित होना
२२. गीला, नम

### वर्ग पहेली-6965




युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1456- फ्रांस में जोन ऑफ आर्क को विधर्मी होने के मामले में मृत्यु के 25 साल बाद दोषमुक्त करार दिया गया।
1656- सिखों के आठवें गुरु हर किशन का जन्म।
1758- आधुनिक त्रावणकोर के निर्माता राजा मार्तंड वर्मा का निधन
1896- भारत में सिनेमा का प्रवेश। मुंबई के वाटसन होटल में ल्यूमिर बंधुओं ने फिल्मों का पहली बार प्रदर्शन किया।
1912- अमेरिकी खिलाड़ी जिम थोर्पे ने स्टॉकहोम ओलम्पिक में चार स्वर्ण जीतकर तहलका मचाया।
1928- स्लाइस्ड ब्रेड की पहली बार बिक्री हुई। इसे मशीन से काट कर तैयार किया गया।
1930- ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल का निधन
1948- बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए दामोदर घाटी निगम की स्थापना।
1978- सोलोमन द्वीप ने यूनाइटेड किंगडम से अपनी आजादी का ऐलान किया।
1985- महज 17 साल की उम्र में बोरिस बेकर ने विम्बलडन जीता
1981- क्रिकेट के सफलतम खिलाड़ियों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी का जन्म।
1999- परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए।
2005- लंदन में 4 आत्मघाती हमलों में 700 से ज्यादा लोग घायल हुए और 39 लोगों की मौत हुई।
2007- न्यू 7 वंडर्स फाउंडेशन ने दुनिया के सात अजूबों की घोषणा की। भारत के ताजमहल को भी इस लिस्ट में शामिल किया गया।

**मामला** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास के साथ बातचीत के लिए तैयार

# इजरायली प्रतिनिधिमंडल को कतर जाने का दिए निर्देश

**यरुशलम, 6 जुलाई (एजेंसियां)। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के साथ युद्ध बंधकों पर बातचीत करने के लिए रविवार को एक वार्ता दल को कतर जाने का निर्देश दिया है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार रात एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, स्थिति का आकलन करने के बाद इजरायल ने इस वार्ता के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। वह गाजा में बंधक बनाए गए इजरायलियों की रिहाई के लिए कतर के प्रस्ताव के आधार पर बातचीत जारी रखने पर सहमत हो गया है।**

प्रस्ताव में 60 दिन का युद्ध विराम, पांच चरणों में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई, 18 बंधकों के शवों को सौंपना तथा इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है।

इस बीच, बयान में कहा गया कि इजरायल को कल शाम जानकारी दी गई कि हमास ने प्रस्ताव में बदलाव की मांग की है जो इजरायल को अस्वीकार्य है। इजरायली सरकार के स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज ने कहा कि हमास ने जो बदलाव किए है उनमें युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता में शीघ्र बदलाव की गारंटी, समझौते की गारंटी देने वाले देशों में तुर्की को शामिल करना, मानवीय सहायता संबंधित विवरण और गाजा पट्टी से इजरायली सैन्य बलों की वापसी शामिल है।



उल्लेखनीय है कि चार जुलाई को हमास ने एक बयान में कहा था कि उसने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर मध्यस्थों को सकारात्मक जवाब दिया है और वह इस रूपरेखा को लागू करने की प्रकिया संबंधी बातचीत में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।

## मिस्र के विदेश मंत्री व अमेरिकी राजदूत ने गाजा युद्धविराम पर की चर्चा

**काहिरा।** मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और मध्य पूर्व के लिए विशेष अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ ने शनिवार को फोन पर गाजा युद्धविराम वार्ता पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने समझौते के लिए संबंधित पक्षों के बीच अप्रत्यक्ष बैठकें आयोजित करने की तैयारियों पर चर्चा की। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, श्री अब्देलती ने युद्ध विराम होने के बाद गाजा के शीघ्र पुनर्निर्माण एवं पुनरुद्धार पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की तैयारियों पर बातचीत की। जबकि श्री विटकॉफ ने गाजा में युद्ध विराम के लिए मिस्र के निरंतर प्रयासों तथा क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता को बनाए रखने में उसकी भूमिका की सराहना की। शुक्रवार को हमास ने कहा था कि उसने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर मध्यस्थों को सकारात्मक जवाब दिया है और कहा कि वह इस रूपरेखा को लागू करने की प्रकिया मे हिस्सा लेने लिए तैयार है।

## दुनिया को जानें

### जापान में भीषण गर्मी का प्रकोप, 19 प्रांतों में हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी

**टोक्यो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। जापान में भीषण गर्मी के चलते रविवार को मौसम विभाग ने देश के 19 प्रीफेक्चर्स (प्रांतों) में हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी किया, जिसमें इस सीजन का पहला अलर्ट टोक्यो और कनागावा के लिए भी जारी किया गया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, पश्चिमी जापान और अन्य हिस्सों में उच्च दबाव प्रणाली का प्रभाव बना हुआ है, जिससे ज्यादातर क्षेत्रों में धूप और अत्यधिक गर्म मौसम बना रहेगा।

रविवार को देशभर में दिन के तापमान में भारी वृद्धि दर्ज की गई। मिए प्रीफेक्चर के कुओवाना में तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस, आइची प्रीफेक्चर के टोयोटा में 37.9 डिग्री, जबकि गिफू प्रीफेक्चर के ताजिमी, शिजुओका के हमामात्सु और यामानाशी के कोफू में 37.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि वे एयर कंडीशनर का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी और नमक लें, और बाहर काम करते समय बार-बार आराम करें। टोक्यो फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, टोक्यो में 9 से 89 वर्ष की उम्र के 28 लोगों को हीटस्ट्रोक के लक्षणों की वजह से अस्पताल ले जाया गया।

# खेल जगत



## इंग्लैंड हमारी पेस बैटरी से भयभीत: अशोक डिंडा

**कोलकाता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। एजबेस्टन टेस्ट के अंतिम दिन टीम इंडिया जीत से महज सात विकेट दूर है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा का मानना है कि इंग्लैंड, मेहमान टीम के पेस अटैक से डर गया है। अशोक डिंडा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि भारत का सामना करना इंग्लैंड के लिए बहुत बड़ा चैलेंज होगा। इंग्लैंड की गेंदबाजी अब पहले जैसी नहीं रही, जैसी स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के समय रहा करती थी। उनके पास भी नए गेंदबाज हैं। हमारे पास शानदार पेस अटैक है। इंग्लैंड को हमारी पेस बैटरी से डर है। आकाश दीप को जसप्रीत बुमराह के स्थान पर दूसरे टेस्ट में मौका मिला, जिसे उन्होंने बखूबी भुनाया। आकाश दीप ने मुकाबले के चौथे दिन तक दोनों पारियों में कुल छह विकेट अपने नाम किए हैं।

# भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाई मजबूत पकड़, जीत से चार कदम दूर

**बर्मिंघम,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। आकाश दीप (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन रविवार को भोजनकाल तक इंग्लैंड के 153 पर छह विकेट झटककर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

■ आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाज़ी करते हुए दो विकेट निकाले

भारत को लंच से ठीक पहले वाशिंगटन सुंदर ने स्टोक्स का विकेट दिलाया, जो भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इस सेशन की शुरुआत में पहले आकाश दीप ने कमाल की गेंदबाज़ी करते हुए दो विकेट निकाले। लेकिन उसके बाद स्टोक्स और स्मिथ के बीच 70 रनों की अच्छी साझेदारी हुई लेकिन लंच से ठीक पहले स्टोक्स आउट हो गए। अब इंग्लैंड पूरी तरह से इस मैच को ड्रॉ कराने का प्रयास करेगा लेकिन भारत जीत के काफ़ी क़रीब दिख रहा है। इंग्लैंड ने



कल के तीन विकेट पर 72 रन से आगे खेला शुरु किया। इंग्लैंड ने महज आठ रन जोड़कर अपना चौथा विकेट ऑली पोप (24) के रूप में गंवा दिया। ऑली पोप को आकाश दीप ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद आकाश दीप ने 22वें ओवर में हैरी ब्रूक (23) को पगबाधा कर भारत को पांचवी सफलता दिलाई। भारत को छठी सफलता वॉशिंगटन सुंदर ने कप्तान बेन स्टोक्स (33) को पगबाधा आउट कर दिलाई। भोजनकाल तक इंग्लैंड ने छह विकेट पर 153 रन बना लिये है और जेमी स्मिथ (नाबाद 32) क्रीज पर मौजूद है। इंग्लैंड को मैच जीतने के लिए जहां 455 रनों की दरकार है। वहीं भारत को चार विकेट चटकाने होंगे। भारत की ओर से आकाश दीप ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 587 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। वहीं इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाये थे। भारत ने दूसरी पारी छह विकेट पर 427 के स्कोर पर घोषित कर दी थी।

## मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की



**बर्मिंघम।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ़ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है। भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा कि अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा कि सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रबंधित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है।

# विश्व मुक्केबाजी कप-साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक

**अस्ताना,** 6 जुलाई (एजेंसियां) दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप-अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय



मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़िम काइजेबे के खिलाफ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3:2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के

■ भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे

बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे। जुगनू कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ़ 0-5 से हार गईं, जबकि पूजा ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट के खिलाफ समान स्कोर लाइन से हार गईं। शाम के सत्र में चार और भारतीय स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें ब्राजील लेग के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (पुरुष 70 किग्रा) अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा), जैस्मीन (महिला 57 किग्रा) और नूपुर (महिला 85+ किग्रा) उतरेंगे।

## श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप में जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीमंत झा ने चार से छह जुलाई तक आयोजित लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप प्रतियोगिता में जर्मनी के ओलेकसांद्र लीशुकोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी इस जीत को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बुल्गारिया में होने वाली विश्व पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। श्रीमंत झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेसलर हैं। उन्होंने अब तक विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 56 पदक जीते है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद श्रीमंत झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से देश को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा।

# दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैम्पियनशिप में बने दो मीट रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। 59वीं दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में दो रिकॉर्ड तरणताल में डूबे। रेहान सेजवाल और युवराज सिंह ने अपनी स्पर्धाओं में नए मीट रिकॉर्ड बनाए जबकि सेहर ने चौथा गोल्ड जीता। चैम्पियनशिप के दौरान दिल्ली स्विमिंग एसोसिशन को संभाल रही एडहॉक कमेटी के चेयरमैन स्वाड्रन लीडर (रिटा.) एसआर साहू ने बताया कि उत्तर भारत में पहली बार टच बोर्ड का इस्तेमाल किया गया, जिसे टाइम ट्रैक स्पोर्ट्स इवेंट नियंत्रित कर रहा है। इससे सटीक परिणामों के चलते ज्यादा पारदर्शिता आएगी। रविवार को चैम्पियनशिप के तीसरे दिन हुई 200 मीटर बालिका अंडर-17 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में प्रकृति दहिया ने 2:27.49 समय के साथ अब तक दो गोल्ड जीत चुकी



खुशी भट्ट को पछाड़कर गोल्ड जीता। खुशी को रजत और वंशिका गुसाईं को कांसे से संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग में अर्णव त्यागी (2:18.99) ने बाजी मारी जबकि ध्रुव सेजवाल ने रजत और वंश सुहाग ने कांस्य जीता। 200 मीटर बालिका अंडर-14 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में सेहर पुरी (2:47.34) को गोल्ड, ऑसम को सिल्वर और अमर्या पटनी को ब्रॉन्ज मिला। बालक वर्ग में आरोन इमैनुअल (2:33.75) सबसे आगे रहे। विशु मौर्य दूसरे और रक्षित टोकस तीसरे स्थान पर रहे। सेहर ने 50 मीटर बटरफ्लाई का गोल्ड और 200 मीटर बैक स्ट्रोक का सिल्वर जीता। 400 मीटर बालक अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा में युवराज सिंह ने 4:18.16 समय निकालकर गोल्ड मेडल जीता। वंश सुहाग और तनुष झांजी ने क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग का गोल्ड रक्षित टोकस (4:43.47) को गया। सूर्यामान महावाल को रजत और वीर राठी को कांसा मिला। 400 मीटर बालिका अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा का गोल्ड तितिक्षा रावत (4ः47.57) की झोली में गिरा। प्रकृति दहिया और यजुशा दहिया क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में नूपुर पाठक (5:05.34) ने गोल्ड जीता। अमीरा सिंघल और याध्वी नेगी ने क्रमशः रजत व कांस्य पदक पाया।

## कार्लसन ने गुकेश को हराया, बढ़त बनाई

**ज़ाग्रेब,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज प्रारूप में भारत के डी गुकेश को हराया और यहां खेले जा रहे 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज में बढ़त हासिल कर ली। गुकेश ने 3 जुलाई को रैपिड प्रारूप में कार्लसन को हराया था, लेकिन कल नॉर्वे के खिलाड़ी ने उन पर आसान जीत हासिल की। गुकेश क्लासिकल प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं, जबकि कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं। 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड प्रारूप में शीर्ष पर रहने वाले गुकेश का शनिवार को दिन बहुत खराब रहा, क्योंकि गुकेश ब्लिट्ज के नौ राउंड में से सात हार चुके हैं। उनकी एकमात्र जीत विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ थी, और उन्होंने हमवतन अनीश गिरी के खिलाफ एक ड्रॉ खेला। कार्लसन अब कुल 17.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

# एमएलसी 2025: एमआई से हार के बाद प्लेऑफ से बाहर नाइट राइडर्स

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 27वें मैच में जीत दर्ज की। टीम ने फ्लोरिडा में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ छह रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ नाइट राइडर्स प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ने इस सीजन नौ में से महज एक ही मैच अपने नाम किया है। टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं। प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर मौजूद इस टीम के पास अभी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क की टीम ने नौ विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम के लिए किरोन पोलार्ड ने 36 गेंदों में चार छक्कों और एक चौके की मदद से 50 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान निकोलस पूरन ने 24 गेंदों में 30 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से शैडली वैन शल्कविक ने सर्वाधिक



■ टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं

तीन विकेट झटके, जबकि जेसन होल्डर और कॉर्नी ड्राई को दो-दो सफलता हाथ लगी। सुनील नरेन के नाम एक विकेट रहा। इसके जवाब में लॉस एंजिल्स की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट गंवाकर सिर्फ 136 रन ही बना सकी। टीम ने 11 के स्कोर पर आंद्रे फ्लेचर (9) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एलेक्स हेल्स ने उन्मुक्त चंद के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की।

## सार संक्षेप

### पंत के डीपीएल खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं : जेटली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए 'पुरानी दिल्ली 6' ने स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत को टीम में बनाए रखा है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली के अनुसार पंत के खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं। रोहन जेटली ने आईएएनएस से कहा कि जब ऋषभ पंत खेलते हैं, तो लीग में युवा खिलाड़ियों के लिए एक माहौल बनता है। वह प्रेरित होते हैं। पंत भारत के लिए खेल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली के लिए डोमेस्टिक स्टेट लीग भी खेल रहे हैं। आयुष बडोनी, दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य जैसे कई खिलाड़ी पिछले साल लीग में खुद को साबित करने के बाद नेशनल लेवल पर खेले। डीपीएल में इस सीजन दो नई टीमें भी लीग में जुड़ चुकी हैं। 'आउटर दिल्ली' और 'नई दिल्ली' इस सीजन की नई टीमें हैं। रोहन जेटली के अनुसार इस प्लेटफॉर्म का मकसद नए टैलेंटेड खिलाड़ियों को तराशना है। रोहन जेटली ने कहा कि डीपीएल में दो नई टीमों को जोड़ा गया है, जिसका मकसद खिलाड़ियों को मिलने वाले मौके को बढ़ाना है।

### इन्फेक्शन से पीड़ित मास्वाउरे, नहीं खेल सके दूसरा टेस्ट

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज प्रिंस मास्वाउरे 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' से पीड़ित हैं, जिसके चलते वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं उतर सके। यह मैच रविवार से क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। टॉस से पहले प्रिंस मास्वाउरे को 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' के चलते खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। 'जिम्बाब्वे क्रिकेट' ने बयान में कहा कि मास्वाउरे रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन से पीड़ित हैं और उन्हें खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। मास्वाउरे को सीरीज के पहले टेस्ट में ब्रायन बेनेट की जगह शामिल किया गया था। ब्रायन बेनेट फिलहाल खुद चोटिल हैं, उन्हें पहले टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। 36 वर्षीय प्रिंस मास्वाउरे ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत साल 2016 में की थी। उन्होंने अब तक 10 टेस्ट मुकाबलों की 19 पारियों में चार अर्धशतकों की मदद से 1,268 रन बनाए हैं। उन्होंने करियर में दो वनडे मैच भी खेले हैं।

## रियल मैड्रिड और पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे

**न्यूयॉर्क,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और पीएसजी ने खेले गए अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में संघर्ष करते हुए बोरूसिया डॉर्टमंड पर 3-2 से जीत हासिल की। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पीएसजी की ओर से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल दागे। पंद्रह बार के यूईएफए चैम्पियंस लीग विजेता रियल मैड्रिड ने गोंजालो गार्सिया और फ्रैन गार्सिया के पहले हाफ के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद बोरूसिया डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने 93वें मिनट में एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके एक मिनट बाद किलियन एमबाप्पे ने टूर्नामेंट का अपना पहला गोल करके मैड्रिड की बढ़त को आगे बढ़ाकर जीत सुनिश्चित कर दी।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कसा शिकंजा

**सेंट जॉर्ज,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। स्टीव स्मिथ (71), कैमरून ग्रीन (52), ट्रैविस हेड (39) और एलेक्स कैरी (नाबाद 26) रनों की जूझारू पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय सात विकेट पर 221 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के दो विकेट पर 12 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया ने अभी स्कोर में 16 रन का इजाफा किया था कि जोसेफ ने नेथन लायन (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टीव स्मिथ ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन को भी जोसेफ ने आउट किया। कैमरून ग्रीन ने



■ स्टीव स्मिथ और कैमरून ग्रीन की शानदार पारी ने आस्ट्रेलिया की पारी को संभाला

123 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट स्टीव स्मिथ के रूप में गिरा। उन्हें जस्टिन ग्रीव्स ने पगबाधा आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 119 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से (71) रन बनाये। बो वेब्स्टर (दो) को भी ग्रीव्स ने आउट किया। ट्रैविस हेड 60 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुये। स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 64.3 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बना लिये थे। एलेक्स कैरी (नाबाद 26) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे। मैच के बाद स्टीव स्मिथ ने कहा कि यह एक मुश्किल पिंच है थोड़ा ऊपर-नीचे और थोड़ा सीम मूवमेंट था। मैंने स्थिर रहते हुए पगबाधा होने से बचने का प्रयास किया। मैंने स्वयं को खराब गेंदों को दूर रखने का प्रयास किया।

## मुश्किल पिच पर समय बिताना अच्छा रहा: ग्रीन

**सेंट जॉर्ज।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मैंने मुश्किल पिच पर कभी असहज महसूस नहीं किया, वहां समय बिताना अच्छा रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के तीसरे दिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कैमरून ग्रीन अपने जुझारू प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी असहज महसूस किया। निश्चित रूप से (शुक्रवार) की रात मुश्किल थी और शनिवार नई गेंद के साथ मुझे फिर से शुरुआत करनी पड़ी। मुश्किल विकेट पर समय बिताना अच्छा रहा। ग्रीन ने 123 गेंदों पर 52 रनों की जुझारू पारी खेली और स्टीव स्मिथ के साथ 93 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। खेल के बाद ग्रीन ने कहा कि आपको हमेशा एक अच्छी पारी की जरूरत होती है ताकि आप आगे बढ़ सकें और आज का दिन भी ऐसा ही रहा।

# नोवाक जोकोविच, सिनर चौथे दौर में, क्रेजिकोवा हाकर विंबलडन से हुई बाहर

**लंदन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने हमवतन मियोमिर केकमानोविच को और इटली के जैनिक सिनर ने पेड्रो मार्टिनेज को हराकर विंबलडन पुरुष एकल मुकाबले में चौथे दौर में जगहा बना ली है। सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल में केकमानोविच को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर अपनी 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ जोकोविच यह कारनामा करने वाले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो गए।

अगले दौर में जोकोविच सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया है। वही एक अन्य मुकाबले में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को मात्र एक घंटे 55 मिनट



में 6-1, 6-3, 6-1 से हराया। इटली के दिग्गज खिलाड़ी सिनर टूर्नामेंट में अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है। अगले दौर में उनका मुकाबला अब 19वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। दिमित्रोव ने सेबेस्टियन ऑफनर को हराया। अमेरिका के दसवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने इस साल के आयोजन में अपना बेहतरीन सेट रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को 6-3, 7-6 (4), 6-2 से हराकर अगले दौर में जगहा बना ली है जहां उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो सोनेगो से


■ मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में किया प्रवेश

होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले मे 2014 यूएस ओपन चैंपियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने स्पेन के जौम मुनार को 6-3, 3-6, 6-2, 6-4 से हराया। अगले दौर में उनकी भिड़ंत इटली के फ्लेवियो कोबोली से होगी। महिला वर्ग में पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने रोम में अमेरिकी डेनियल कोलिन्स से मिली हार का बदला 6-2, 6-3 से जीत के साथ लिया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 7-6 (6), 6-3 से हराया। चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा को अमेरिका की एम्मा नवारो ने 2-6, 6-3, 6-4 से हराया।

# किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो से हारे

**ओंटारियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर-वन किदांबी श्रीकांत को कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

खेले गए सेमीफाइनल में बैडमिंटन रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में जापान के विश्व नंबर 12 और तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो के खिलाफ 21-19, 14-21, 18-21 से हार गये। इसी के साथ ही भारत का बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने निशिमोतो के खिलाफ भी शानदार शुरुआत की। एक समय 18-16 से पीछे होने के बावजूद श्रीकांत ने वापसी करते हुए पहला गेम जीता। श्रीकांत ने दूसरे गेम की



शुरुआत में ही 9-4 की बढ़त बना ली, लेकिन निशिमोतो ने 14-14 पर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद जापानी खिलाड़ी ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए लगातार सात अंक जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक समय 6-1 से पीछे होने के बाद, श्रीकांत ने बीच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, निशिमोतो ने भी वापसी की और 18-18 पर स्कोर बराबर करने के बाद गेम जीतते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

## सुडोकू 6966 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.60 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.36 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 1.19 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.15 प्रतिशत |
| एचसीएलटेक | 0.92 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 11.93 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.72 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.07 प्रतिशत |
| मारुति सुजुकी | 0.87 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.42 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,021 |
| बिटूर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,580 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे : पीयूष गोयल

■ भारत व्यापार का विस्तार करने के लिए तैयार

**श्रीनगर,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे। श्रीनगर में एफटीआईआई ट्रेडर्स कॉन्क्लेव में बोलते हुए गोयल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यापार सौदे पारस्परिक हों और भारतीय व्यापारियों और निर्माताओं के हितों की रक्षा करें।

उन्होंने कहा कि एफटीए पर हस्ताक्षर इसलिए किए जाते हैं ताकि हमारे स्थानीय सामानों को अन्य देशों में शुल्क मुक्त पहुंच मिल सके और अन्य बाजारों तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। लेकिन यह स्वाभाविक है कि एफटीए में दोतरफा व्यापार होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि वे हमारे सामानों के लिए अपने बाजार खोलें जबकि हम नहीं।

क्षेत्र के व्यापारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र विदेशी भागीदारों के साथ बाजार पहुंच पर बातचीत करते समय संवेदनशील क्षेत्रों या क्षेत्रीय चिंताओं से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम जो भी एफटीए करेंगे, उसमें पूरे देश के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब भारत-अमेरिका के बीच एफटीए को लेकर बातचीत चल रही है।



■ सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यापार सौदे पारस्परिक हों और भारतीयों के हितों की रक्षा करें : पीयूष गोयल

### भारत को वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनना सरकार का लक्ष्य : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता दुनिया के कुछ सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त बना रही है। साथ ही कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनाना है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत में विभिन्न ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के माध्यम से पहले से ही बहुत सारे डिजाइन और इनोवेशन हो रहे हैं हमारा लक्ष्य अब न केवल डिजाइन और इनोवेशन करना है, बल्कि यहां पेटेंट और उत्पादन करना भी है, जिससे भारत आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बन सके। उन्होंने देवनहल्ली में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) एयरोस्पेस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दौरा किया और देश में फ्रांसीसी प्रमुख सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ज्वाइंट इनिशिएटिव की सराहना की।

## निर्मला सीतारमण ने की ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा

**रियो डी जेनेरियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्रिक्स समकक्षों के साथ बैठकें की और इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा हुई। यह जानकारी आधिकारिक रूप से जारी बयान में गई। ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान रूसी वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ अपनी बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत-रूस की दीर्घकालिक साझेदारी पर चर्चा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वित्त मंत्रालय की पोस्ट के अनुसार, वित्त मंत्री सीतारमण ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया।

मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और समझ का स्तर सराहनीय है और हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत और दृढ़ बनी हुई है।

उन्होंने 2024 में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूस को बधाई दी और कहा कि भारत साझा हितों के क्षेत्रों में दक्षिण-दक्षिण सहयोग बनाने के लिए ब्रिक्स मंच का लाभ उठाना जारी रखेगा। उन्होंने हाल ही में ब्रिक्स में शुरू की गई विभिन्न पहलों के तौर-तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने वित्तीय क्षेत्र में सहयोग सहित द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की।



वित्त मंत्री सीतारमण ने ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद से मुलाकात की और दक्षिण-दक्षिण सहयोग, वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ावा देने, सीओपी30 और जलवायु वित्त मुद्दों और संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स, डब्ल्यूटीओ और आईबीएसए जैसे क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों में भागीदारी सहित आपसी हितों के मुद्दों पर बातचीत की।


ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील द्वारा किए गए गहन कार्य की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ब्राजील द्वारा निर्धारित एजेंडे और प्राथमिकताओं का समर्थन करता है।

## विदेशी विनिमय बाजार में रुपए में स्थिरता बनी रही

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता तथा शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बावजूद जुलाई माह के पहले सप्ताह में विदेशी विनिमय बाजार में भारतीय रुपए में कुल मिलाकर स्थिरता दिखी।

अमेरिका के साथ अच्छे व्यापार समझौते की बाजार की उम्मीद पूरी हुई तो इस सप्ताह रुपए को काफी सहारा मिल सकता है। सप्ताह के दौरान जारी अमेरिका के गैर कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़े बाजार की उम्मीद से बेहतर रहे। इससे वहां ब्याज दर में स्थिरता की संभावना के बीच डालर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा। लेकिन सप्ताह के अंत में थोड़ी गिरावट के चलते करीब करीब यह पिछले सप्ताह के स्तर पर स्थिर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा।

पहली जुलाई को रुपया 85.70 के आसपास खुलने के बाद मजबूत हो कर 85.59 रुपए प्रति डालर के दायरे में बंद हुआ था।



■ डॉलर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा

## उच्च विकास दर के साथ तेजी से बढ़ रहा निर्यात

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक है। साथ ही, इस दौरान देश का निर्यात भी सार्वकालिक उच्चतम स्तर 824.9 बिलियन डॉलर पर रहा है।

यह आंकड़े दिखाते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था आत्मविश्वास के साथ लगातार बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की विकास दर इसी आंकड़े के आसपास रहने की उम्मीद है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत की विकास दर इस साल 6.3 प्रतिशत और अगले साल 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जबकि भारतीय उद्योग परिसंघ का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में देश की विकास दर 6.40 से 6.70 प्रतिशत के बीच रह सकती है। अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण देश के निर्यात में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 824.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 778.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 6.01 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले वित्त वर्ष 2013-14 में देश का निर्यात केवल 466.22 बिलियन डॉलर था, जो बीते एक दशक में देश के निर्यात में निरंतर प्रगति को दिखाता है।

एक तरफ देश तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। वहीं, महंगाई दर भी न्यूनतम स्तरों पर बनी हुई है। मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82 प्रतिशत पर रही थी, जो कि फरवरी 2019 के बाद खुदरा महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण पूंजीगत बाजारों पर भी निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या दिसंबर 2024 तक बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई है, जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 4.9 करोड़ पर था। यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजारों में बढ़ती सार्वजनिक रुचि और देश की दीर्घकालिक क्षमता में विश्वास को दर्शाती है। अब अधिकतर लोग शेयर बाजार को केवल बड़ी कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी संपत्ति बनाने के एक जरिए के तौर पर देखते हैं।



■ वैश्विक स्तर पर दिख रही भारतीय अर्थव्यवस्था की धाक

■ न्यूनतम स्तरों पर बनी हुई है महंगाई दर

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में पिछला सप्ताह निवेशकों की सतर्क चाल और मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार का दायरा सीमित रहा। सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व स्तर पर भू राजनीतिक तनावों तथा अमेरिका के साथ विभिन्न देशों के व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय बाजारों में जून माह की तेजी के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में अनिश्चितता से विदेशी निवेशक सावधानी का रुख किए हुए है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव भी बढ़ा हुआ है।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार हाल के सत्रों में तेज उछाल के बाद बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में मुनाफावसूली का दौर देखने को मिला। मिश्रित वैश्विक संकेतों और भारत के खिलाफ ट्रम्प सरकार के आयात शुल्क संबंधी फैसले की 9 जुलाई की तारीख नजदीक आ गयी है। निवेशकों को अमेरिका के निर्णय की प्रतीक्षा है जो सात जुलाई को घोषित किया जा सकता है।



■ सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे

विश्लेषकों के अनुसार भारतीय बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अब भी ऊंचा है। स्पष्ट संकेतों के अभाव में विदेशी संस्थागत निवेशक सतर्क हो गए हैं लेकिन जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार को समर्थन बनाए हुए हैं। घरेलू निवेशकों के इस समर्थन से बाजार की स्थिति संभली हुई है।

अमेरिका में प्रशुल्क दरों को लेकर अनिश्चितता से धातु, वाहन और वित्तीय क्षेत्र के शेयर दबाव में दिखे ,पर बड़े रक्षा खरीद सौदे के सरकार के फैसलों से उत्साहित रक्षा शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो रणनीतिक क्षेत्रों पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। सरकार ने इसी सप्ताह 1.06 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है जिसका अधिकतर ठेका घरेलू कंपनियों को जाएगा।

मुद्रास्फीति में कमी और ब्याज दरों में गिरावट जैसी अनुकूल स्थितियों तथा मानसून के अच्छा होने से बाजार की भावना को बल मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के बाद कोई अच्छा समझौता निकल है तो स्थानीय शेयर बाजार उसका जोरदार स्वागत करेंगे। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध से आईटी, फार्मा और ऑटो जैसे निर्यात की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार बाजार को कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों से भी संकेत मिलने की उम्मीद है। कंपनियों के पहली तिमाही के परिणाम अगले सप्ताह से आने शुरू हो जाएंगे।

इस सप्ताह तेल उत्पादक एवं निर्यातक देशों के मंच ओपेक और अन्य बड़े उत्पादकों की साझा बैठक के वैश्विक तेल उत्पादन को प्रभावित करने वाले निर्णयों का भी बाजार को इंतजार है। ओपेक एंव अन्य देशों के निर्णय कच्चे तेल के भाव को प्रभावित करेंगे जिसका बड़ा आयातक होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है।

## निजी सेक्टर में आरएंडडी बढ़ाने में मदद करेगी रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सरकार ने ऐसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में निजी कंपनियों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) स्कीम की शुरुआत की है, जिसमें वे प्रवेश करने में झिझकते रहे हैं। यह बयान एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की ओर से दिया गया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर ने कहा कि यह फंड निजी क्षेत्र के अनुसंधान और विकास में निवेश करेगा, जिसमें कॉर्पोरेट्स, इंडस्ट्री और डीप टेक स्टार्टअप शामिल हैं।

करंदीकर ने बताया कि इस स्कीम के तहत फाइनेंसिंग रियायती ऋण, इक्विटी या दोनों के संयोजन के माध्यम से दी जाएगी और कंपनियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परियोजना लागत का आधा हिस्सा वहन करें, जबकि शेष राशि कोष से वहन की जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम को मंजूदी दी है, जिसका उद्देश्य भारत के रिसर्च और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करना है। यह योजना निजी क्षेत्र को फंडिंग करने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने में भी मदद करेगी, साथ ही उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों को ग्रोथ और रिस्क कैपिटल उपलब्ध कराएगी।



अभय करंदीकर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चिन्हित और स्वीकृत किए गए उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों में एनर्जी ट्रांजिशन और क्लाइमेट टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, ड्रोन, स्पेस टेक्नोलॉजी, बायो टेक्नोलॉजी, सिंथेटिक जीव विज्ञान, एआई एप्लीकेशन और डिजिटल अर्थव्यवस्था शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि फंड के लिए परिचालन रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### सार संक्षेप

#### अडाणी एंटरप्राइजेज जुटाएगी एक हजार करोड़ रुपए

**अहमदाबाद।** अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने रविवार को 1,000 करोड़ रुपए मूल्य के सुरक्षित, रेटेड और सूचीबद्ध रिडीमेबल, नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपने दूसरे पब्लिक इश्यू का ऐलान किया। यह इश्यू 9 जुलाई को खुलेगा और 22 जुलाई को बंद होगा (समय से पहले बंद करने या विस्तार के विकल्प के साथ), और इसमें प्रति वर्ष 9.30 प्रतिशत तक का ब्याज एनसीडी होल्डर्स को दिया जाएगा। प्रत्येक एनसीडी की फेस वैल्यू 1,000 रुपए है। प्रत्येक आवेदन में न्यूनतम 10 एनसीडी के लिए अप्लाई करना होगा। न्यूनतम आवेदन राशि 10,000 रुपए होगी। कंपनी के अनुसार, एनसीडी समान रेटिंग वाले एनसीडी और सावधि जमा की तुलना में प्रतिस्पर्धी यील्ड्स प्रदान करते हैं और इन्हें बीएसई ओर एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित एनसीडी को केयर एए-, स्थिर और (आईसीआरए) एए- (स्थिर) रेटिंग मिली है।

#### मिंत्रा ने लांच किया ग्लैमस्ट्रीम, इंगेजमेंट में वृद्धि का लक्ष्य

**बेंगलुरु।** अपनी कंटेंट-कॉमर्स रणनीति को और ऊपर ले जाते हुए मिंत्रा ने शनिवार को ग्लैमस्ट्रीम के शुभारंभ की घोषणा की, जो अपनी तरह का एक अनूठा शॉपिंग योग्य लाइफस्टाइल कंटेंट गंतव्य है - जो मनोरंजन, फैशन प्रेरणा और खरीद का सहज मिश्रण है। कंटेंट, समुदाय और वाणिज्य के मिश्रण से निर्मित ग्लैमस्ट्रीम दर्शाता है कि आज का युवा भारत किस तरह से खरीदारी करना पसंद करता है- उनके फीड पर आधारित मनोरंजन और उन्हें प्रेरित करने वाली चीजों तक तुरंत पहुंच। अपने पहले चरण में, ग्लैमस्ट्रीम 500 घंटे से ज्यादा का कंटेंट लेकर आएगा, जिसमें 15 मिंत्रा एक्सक्लूसिव और शेयर्ड स्ट्रीम के 4,000 से अधिक एपिसोड शामिल हैं। इन स्ट्रीम में बादशाह, विजय देवरकोंडा, तब्बू, जीनत अमान, रवीना टंडन, तमन्ना भाटिया, ख़ुशी कपूर, मलाइका अरोड़ा और बॉलीवुड, ओटीटी और डिजिटल क्रिएटर इकोसिस्टम के अन्य जाने-माने चेहरे जैसे 100 से ज्यादा सेलेब्रिटीज शामिल होंगे।

#### एचडी हुंडई ने कोचीन शिपयार्ड के साथ किया साझेदारी

**सियोल।** एचडी हुंडई ने रविवार को कहा कि वह वैश्विक जहाज निर्माण बाजार में दक्षिण कोरिया की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता कंपनी कोचीन शिपयार्ड के साथ हाथ मिलाएगी। कोरियाई कंपनी के अनुसार, एचडी हुंडई की सहयोगी कंपनी एचडी कोरिया शिपबिल्डिंग एंड ऑफशोर इंजीनियरिंग कंपनी ने जहाज निर्माण क्षेत्र में द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए भारत की सरकारी स्वामित्व वाली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार है जब किसी कोरियाई जहाज निर्माता ने किसी भारतीय कंपनी के साथ साझेदारी की है।

## सोना इस हफ्ते 1,200 रुपए से अधिक महंगा हुआ, चांदी 1.07 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,200 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 2,300 रुपए से अधिक बढ़ गया है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 97,021 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 95,784 रुपए था, जो कि सोने की कीमत में 1,237 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 88,871 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,738 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 71,838 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 72,766 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

इस सप्ताह के दौरान चांदी की कीमत 2,387 रुपए बढ़कर 1,07,580 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,193 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था।

सोने और चांदी में बढ़त की वजह वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ की सीमा 9 जुलाई को समाप्त होना और इसको आगे बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्टता न होना, इसकी एक अहम वजह है। वैश्विक अनिश्चितता के समय सुरक्षित माने जाने के कारण दुनिया भर में सोने और चांदी की मांग बढ़ जाती है और मांग के मुकाबले सीमित आपूर्ति के कारण इनकी कीमतों में इजाफा होता है। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,859 रुपए या 27.38 प्रतिशत बढ़कर 97,021 रुपए पर पहुंच गया है।



■ वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा सोने व चांदी में बढ़त की वजह

## बीते एक दशक में तीन गुना बढ़ा भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। मजबूत आधार और लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बीते एक दशक में तीगुना बढ़कर होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 106.57 लाख करोड़ रुपए था। जानकारी रविवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों में दी गई।

आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो कि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है। देश की अर्थव्यवस्था ऐसे समय पर बढ़ रही है, जब दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए संघर्ष कर रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि यह रहाते 2025-26 में भी जारी रहेगी। अन्य अनुमान भी इसी आशावाद को दोहराते हैं, संयुक्त राष्ट्र ने इस साल 6.3 प्रतिशत और अगले साल 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने अपने अनुमान को थोड़ा अधिक 6.4 से 6.7 प्रतिशत पर रखा है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह निरंतर प्रदर्शन मजबूत घरेलू मांग से प्रेरित है। ग्रामीण खपत में तेजी आई है, शहरी खर्च बढ़ रहा है, और निजी निवेश में तेजी आ रही है। व्यवसाय क्षमता का विस्तार कर रहे हैं, जिनमें से कई अपने अधिकतम उत्पादन स्तर के करीब परिचालन कर रहे हैं।

साथ ही, सार्वजनिक निवेश विशेष रूप से बुनियादी ढांचे में उच्च स्तर पर बना हुआ है, जबकि स्थिर उधारी स्थितियां फर्मों और उपभोक्ताओं को दूरदर्शी निर्णय लेने में मदद कर रही हैं। बयान में आगे कहा गया कि इसके विपरीत वैश्विक परिस्थितियां नाजुक बनी हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र ने व्यापार तनाव, नीतिगत अनिश्चितताओं और सीमा पार निवेश में गिरावट का हवाला देते हुए विश्व अर्थव्यवस्था को अनिश्चितता के दौर में बताया है। इसके बावजूद, भारत एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभर कर सामने आ रहा है।




■ भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी

■ दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए कर रही संघर्ष

# भारत को युवा शक्ति की नितांत आवश्यकता हैं : प्रो. कर्मवीर धुरंधर

**बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। हे भारत के नवयुवको आपके ऊपर ही भारत की आशा टिकी हुई है, पर क्या आप इस राष्ट्र की पुकार सुनेंगे। यदि आपका विश्वास राष्ट्र के ऊपर है तो निश्चित ही आप सभी का भविष्य उज्जवल है राष्ट्र पर भरोसा उसी प्रकार करो जिस प्रकार कोई बच्चा बिना डरे हुए बिना किसी चिंता भय के अपनी मां की गोद में करता है। यह विश्वास रखो कि आपमें अनंत शक्ति विद्यमान है। यदि यह अटूट भरोसा आपका अपने ऊपर है तो, निश्चित मानिए कि आने वाला हर युग भारत का युग होगा तथा संसार की कोई भी शक्ति, भारत को पुनर्जीवित करने से नहीं रोक सकती, इसके लिए हमें मिलकर कठोर परिश्रम करना होगा और इस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने के लिए मुझे युवा शक्ति का साथ चाहिए। उक्त बातें कर्मवीर धुरंधर असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग मोतीलाल नेहरू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय ने देशबन्धु को भेजे अपने एक संदेश पत्र में कही है। ज्ञात हो कि श्री धुरंधर बलौदाबाजार निवासी है जो कि दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर है।

श्री धुरंधर ने युवा शक्ति के लिए प्रेषित एक संदेश पत्र में कहा है कि मेरा विश्वास इस देश की युवा शक्ति में है, उन्हीं के माध्यम से मैं अपना गौरव पुन: प्राप्त करूंगा। मुझे भेड़ों का झुंड नहीं चाहिए, अपितु श्रद्धावान नवयुवक चाहिए जिनके बल पर मैं देश की चिंतनधारा को नवीन पथ पर परिचालित कर सकूं। मुझे विश्वास है कि मेरे पुकार पर ऐसे नवयुवक स्वत ही आगे आ जाएंगे जो देश के भविष्य पर चिंतन कर सकें। इसलिए मैं आप सभी नवयुवकों को यह कहता हूं कि आप सभी अपने व देश के भविष्य पर अभी से चिंतन करो तथा कर्म करो क्योंकि कर्म करने का यही उपयुक्त समय है। यह संभव है कि लोग आप में से कुछ पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होंगे किंतु भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता है, जिसमें आध्यात्मिकता का दर्शन हैं तो कहीं वेदों से युक्त अथाह ज्ञान है जिसका एक निहित गुण समावेशिता है जिसमें हमें पाश्चात्य संस्कृति के अच्छे तत्वों को समावेशित कर सनातन संस्कृति को संरक्षित करने की आवश्यकता है।



**युवाशक्ति को राष्ट्रहित में जगाने देशबन्धु को पत्र लिखकर किया अपील**

प्रोफेसर श्री धुरंधर ने यह भी कहा है कि भारत को आप जैसे युवा शक्ति की नितांत आवश्यकता है जो राष्ट्र के लोगों की धमनियों में एक स्फूर्ति व चेतना का संचार कर सके। यह कार्य धीरे-धीरे ही संभव है पर निस्वार्थ भाव से काम करने पर हमें सफलता अवश्य मिलेगी। आपके अंदर अदम्य साहस और शक्ति है फिर क्यों च्चमें कुछ भी नहींज के हीन भावना से ग्रसित हो रहे हो? सारी युवा शक्ति ही इसी हीन भावना से ग्रसित है, इतनी शिक्षा लेकर भी तुम दूसरों के दरवाजे पर क्यों नौकरी की याचना कर रहे हो? अपने देश की सुजला सुफला भूमि में जहां प्रकृति दुनिया के सभी देशों से करोड़ों गुना अधिक धन-धान्य उत्पन्न कर रही है उसे पुण्य धारा में रहकर भी आपको निराश होने की आवश्यकता नहीं हैं। हमने दूसरों की तरफमुंह करके देखने में बहुमूल्य समय नष्ट कर दिया है, अब और अधिक समय नष्ट किए बिना जीवन संग्राम में कूद पड़ो। अंग्रेजों ने भारत के संसाधनों का दोहन कर दो विश्व युद्ध लड़े और अंतत: जीते भी और आज भी विकसित व संपन्न देश के रूप में स्थापित है, और हम आज भी संघर्ष कर रहे हैं। अब बिना समय नष्ट किए आगे बढ़ो क्योंकि आप भविष्य के निर्माता हो, और एक सुंदर भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। सैकड़ो युगों के उद्गम से ही राष्ट्र के चरित्र का निर्माण होता है। इसलिए बिना किसी चिंता भय तथा प्रसन्न मन से आप आज और अभी से अपने सपनों की पूर्ति हेतु कर्म करने में जुट जाओ।

इन्होंने यह भी कहा कि अगर हम पश्चिम के देशों के संपन्नता का अध्ययन करें तो यह ज्ञात होता है कि पश्चिम के देशों की सफलता का कारण उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। किंतु हमने इतने वर्षों के गुलामी में अपना आत्मविश्वास खो दिया है, परिणामत: हम अकर्मण्य हो गए हैं अत: हमें अपने अंदर निहित प्रबल इच्छा शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है, जिसके लिए अपने स्वत्व के स्वाभिमान को जागृत करना होगा क्योंकि भारत के युवा शक्ति ही विश्व की प्राचीन सभ्यता का प्रणेता हैं, तथा भारत के पास ही ज्ञान का प्रकाश पुंज है जिससे विश्व का कल्याण हो सकता है। इस समय सारा संसार भारत की ओर निहार रहा है, क्योंकि भारत के पास ही वह आलोक है जिसकी सहायता से संपूर्ण संसार की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है, तथा विश्व को सर्वोच्च अध्यात्म की शिक्षा प्रदान किया जा सकता है। आप सबका जन्म ही इस महान कार्य को करने के लिए हुआ है, इसलिए निडर होकर भारत के अध्यात्म के ध्वजपताका से सारे संसार को आलोकित कर दो। इसे परमात्मा का कार्य समझ कर करते चलो, यह भारत की अजेयता का मार्ग प्रशस्त करेगा, और जो आपको पराजित करने की चेष्टा करेगा वह स्वयं पराजित होकर भारत का अनुसरण करने लगेगा।

# गोपालपुर एनीकट से करणी कृपा प्लांट से पानी ले जाने का होगा विरोध



**महासमुंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत के संचार एवं संकर्म सभापति सुधा योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा गोपालपुर एनीकट से करनी कृपा प्लांट पानी ले जाने हेतु बिछाए जा रहे पाईप लाईन का विरोध किया है। विज्ञप्ति जारी करते हुए सुधा योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा करणी कृपा प्लांट लगातार अवैध गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र की जनता को अंधेरे में रखकर काम कर रही है। वही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी किसी खतरे की घण्टी से कम नही है। जहाँ पहले प्लांट सीधे कोडार बांध से पानी लेने की बात कह रही थी, वहां पर कड़ा विरोध होने के बाद पैतरा बदलकर चोरी छिपे बिना किसी स्थानीय पंचायत, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, एनएच के प्रस्ताव, न ही स्थानीय गांवो की सहमति लिए बिना एनएच की सीमा के समानांतर पाईप लाईन बिछाने का काम कर रही है। वही सिर्फ लेटर पेड के बेस पर फर्जी पंचायत प्रस्ताव लेकर विधुत टॉवर बिछाने का काम कर रही है। जिसका मेरे क्षेत्र के पंचायतों के ग्रामीण खुलकर विरोध कर रहे है। इस संबंध में पंचायत द्वारा भी कलेक्टर, जलसंसाधन विभाग और करनी कृपा प्लांट को लिखित में अपना विरोध जताया है। ग्रामीणों की ओर से स्थानीय जनपद सदस्य ने कहा है क्षेत्र की जनता हर स्थिति में गोपालपुर से पानी ले जाने का विरोध करेंगे और कलेक्टर से लेकर सदन और सड़क की लड़ाई लड़ने से भी पीछे नही हटेंगी। गांवो में बैठकों का दौर लगातार चल रहा है और शीघ्र ही गोपालपुर, मुस्की, खट्टीडीह, कांपा सहित आसपास के ग्रामीण सपरिवार चक्का जाम भी करना पड़ा तो करने से पीछे नहीं हटेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रसाशन की होगी। जहाँ एक आम आदमी को विधुत ट्रांसफार्मर लगाने के लिए अनेक एनओसी और शर्तों का पालन करना पड़ता है। वही करनी कृपा प्रबंध की दादागिरी लोगों के लिए जी का जंजाल बन गयी है आने वाले समय मे लोगो का आक्रोश अपनी चरम पर होगा इससे नकारा नही जा सकता।

# अनुसूचित जनजाति की महिला किसानों को 2-2 दुधारु गाय दिए जाएंगे



**बिलाईगढ़,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब आदिवासी जिलों में गाय बांटने की शुरुआत कर दी है। इसके तहत अनुसूचित जनजाति की महिला किसानों को 2-2 दुधारु गाय दिए जाएंगे। फिलहाल यह योजना पायलेट प्रोजेक्ट में रूप में 6 जिलों से शुरुआत की जा रही है, जिसमें जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, कोंडागांव,

**6 जिलों से पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत**

महासमुंद, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला शामिल है। उप संचालक पशुधन डॉ महेंद्र पांडेय ने जिले के आदिवासी महिलाओं को इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी और कहा कि वे इसका लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिले में 45 हितग्राही का चयन हो गया है। हितग्रहियों ने अपना अंशदान जमा कर वे ऋण के लिए बैंक में दस्तावेज जमा किए हैं। जल्द ही इनको गाय वितरण किया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट की सफलता के बाद आने वाले समय में इसका अन्य जिलों में विस्तार किया जाएगा। यह राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, दुग्ध संकलन और प्रसंस्करण में वृद्धि करने के लिए की जा रही है। हितग्राही को इसके लिए, डेयरी सहकारी समिति की सदस्य होनी चाहिए या दूध समिति में शामिल होने और नियमित रूप से दूध प्रदान करने के लिए सहमत हो।

पशु आवास सुविधा (कच्चा या पक्का) लाभार्थी के घर में उपलब्ध होनी चाहिए। किसी भी बैंक या स्थानीय सोसायटी में 90 दिनों से अधिक ऋण बकाया नहीं होनी चाहिए।

पशुपालन का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए या पशु प्रेरण से पहले प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहमत होना होगा। केवल अनुसूचित जनजाति महिला ही योजना की पात्र होंगी। दुग्ध महासंघ की डेयरी सहकारी समितियों के बाहर दूध नहीं देंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। 750 नवीन दुग्ध, मत्स्य तथा वनोपज समितियों का गठन किया जा चुका है। एक लाख किसानों का कोआपरेटिव बैंकों में नवीन खाता खोला गया है। दुधारू पशुओं को देने से किसान आर्थिक रूप से भी सक्षम होंगे।

दुधारू पशु के अलावा राज्य शासन से शत प्रतिशत अनुदान पर आदिवासी किसानों को निःशुल्क एक वर्ष तक ''हैंडहोल्डिंग'' सेवाएं भी मिलेगी। इसमें एक वर्ष के लिए बीमा, पशु निगरानी उपकरण, पशु आहार (पशु चारे, खनिज मिश्रण, साइलेज/चारा) एवं प्रशिक्षण शामिल रहेगा। चयनित परिवार अपनी पसंद से गाय या बकरी खरीद सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार पशु मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान देगी। जबकि लाभार्थी को केवल 10 प्रतिशत योगदान देगा। शेष 40 प्रतिशत बैंक ऋण के रूप में अंशदान होगा, जिसकी किस्त दूध के बिल से समायोजित की जाएगी।

# राजस्व अमला द्वारा किया गया करेली छोटी का निरीक्षण

**धमतरी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। धमतरी जिले के मगरलोड विकासखंड स्थित मॉडल गांव करेली छोटी को योजनाबद्ध तरीका से बनाने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा पहल किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर गांव में स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी भूमि का सर्वेक्षण कार्य किया गया, जिसकी अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी, तहसीलदार मगरलोड, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि, आरआई, पटवारी, सचिव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में समीक्षा की गई।



कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा पूर्व में कराए गए सर्वेक्षण के आधार पर आबादी पट्टा प्राप्त कर चुके ग्रामीणों को अब स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही गांव को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें सड़क, बिजली, पेयजल, ड्रेनेज जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

**गांव की विशेषताएं – 'भिलाई की तर्ज पर सेक्टर आधारित बसाहट':** करेली छोटी गांव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह गांव भिलाई शहर की तर्ज पर सेक्टर सिस्टम के अनुसार बसाया गया है। गांव में 40 फीट चौड़ी सड़कें, 20 फीट की नालियां, सुनियोजित ड्रेनेज सिस्टम, स्कूल, मंदिर, खेल मैदान, राशन दुकान और श्मशान घाट जैसी सभी सुविधाएं एक मास्टर प्लान के अंतर्गत पहले ही निर्मित की जा चुकी हैं। यह अनोखी पहल गांव के पूर्वज मालगुजार दाऊ पवन कल्याण की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिन्होंने 1952 में गांव को बाढ़ की समस्या से बचाने के लिए 36 एकड़ क्षेत्र में पुन: बसाने का निर्णय लिया था। वर्ष 1953 में उन्होंने राजधानी भोपाल से इंजीनियर बुलाकर गांव का मास्टर प्लान तैयार कराया और बसाहट शुरू करवाई।

**मॉडल गांव 'करेली छोटी' के निवासियों को मिलेगा आबादी पट्टा और गांव में रोजगारमूलक योजनाओं**

**सामाजिक संरचना और अनुशासन की मिसाल:** गांव में हर परिवार को बेटों के हिसाब से प्लॉट आबंटन किया गया। गांव के विकास और आपातकालीन जरूरतों के लिए एक समिति गठित की गई, जो अब तक सक्रिय है। समिति द्वारा अंतिम संस्कार से लेकर सड़क मरम्मत, विद्युत व्यवस्था और अन्य आवश्यक कार्यों का खर्च वहन किया जाता है।

गांव की समिति में आज भी 36 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा है। विशेष बात यह है कि गांव में अपराध की दर शून्य है। विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय ही अंतिम माना जाता है, जिसके चलते थाने में आज तक गांव से जुड़ी कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

**रोजगार मूलक योजनाएं भी शुरू होंगी:** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गांव को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यहां छोटे उद्योगों की स्थापना की योजना की भी घोषणा की है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।

# छत्तीसगढ़ की स्थापना के 25 वर्ष बाद भी प्रदेश में नहीं है ऋण वसूली अभिकरण

**बागबाहरा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष बाद भी अभी तक डी आर टी, (डेब्ट रिकवरी ट्रिब्यूनल) की स्थापना नहीं हो सकी है। आश्चर्य एवं सत्य बात है कि आज भी छत्तीसगढ़ इसके लिए मध्यप्रदेश जबलपुर पर आश्रित है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने उपरोक्त बात पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ध्यानाकर्षण किया है तथा एक्स पोस्ट भेजकर शीघ्र ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में डी आर टी की स्थापना की मांग की है। डॉ पाणीग्राही ने कहा कि आज भी जबलपुर मध्यप्रदेश पर आश्रित होने के कारण प्रदेश के लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। श्रम, समय एवं धन तीनों का अनावश्यक खर्च होता है। लोगों को बहुत तकलीफ उठानी पड़ती है। न्याय एवं कानून से जुड़े लोगों की भी मांग है कि डी आर टी शीघ्र रायपुर में स्थापित हो। बस्तर में निवासरत ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ ने कहा कि बस्तर के सुदूर अंचल से जबलपुर की दूरी लगभग 900 किलोमीटर है तथा 18 से, 19 घंटे यात्रा में लगते हैं जो अत्यंत ही कष्टप्रद है अत: शासन को इस मांग की ओर शीघ्र ध्यान देना चाहिए।



**शीघ्र स्थापना हेतु विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को डॉ पाणिग्राही ने पोस्ट भेजा**

# व्यापारियों को सिक्का वितरण



**महासमुंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छग चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान में व्यापारियों को सिक्का वितरण किया गया। पिछले कुछ महीने से व्यापारी चिल्लर के किल्लत के कारण व्यापार में दिक्कत हो रही थी जिसे चैंबर ने संज्ञान में लिया और भारतीय स्टेट बैंक से बात करें सिक्का वितरण की योजना बनाई गई और सभी के सहयोग से सफल आयोजन किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र..... ब/121 वर्ष 2024-25**
**ग्राम दरगंवा प.ह.नं. 07**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेशर चौहान पिता कामता चौहान जाति चौहान निवास ग्राम गांगपुर तहसील: पिपरिया जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ द्वारा आवेदन पेश किया है कि पूर्व में जारी ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान-किताब जारी कराना चाहता है। ग्राम दरगवां प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. पिपरिया / मरका में स्थित भूमि कुल खं.न. 155/1 रकबा 0.2630 हे. भूमि आवेदक के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व से ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान-किताब जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त आवेदित भूमि के डुप्लकेट किसान-किताब जारी करने के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तिथि तक अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 09/07/2025

सील **तहसीलदार पिपरिया**

**न्यायालय तहसीलदार गुरुर जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**पृ.क्र./2963/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 04.07.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम भिरई एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेश कुमार ठाकुर जाति गोड़ निवासी ग्राम भिरई द्वारा अपनी बुआ कु. केवरा नागवंशी पिता स्व. कन्हैया लाल ठाकुर जो कि महिला पर्यवेक्षक के पद पर सेक्टर पुरूर, तहसील गुरूर जिला बालोद में पदस्थ थी। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें रायपुर-दुर्ग संभाग रायपुर छ.ग. के आदेश क्रमांक/स्थ. नर्सिंग/सत्रह/2024/137 रायपुर दिनांक 15.04.2024 के तहत ऐच्छिक सेवानिवृत्त स्वीकृत किया गया है। समस्त स्वत्वों के भुगतान के पूर्व ही कु. केवरा नागवंशी पिता स्व. कन्हैया लाल ठाकुर जाति गोड़ की अविवाहित मृत्यु दिनांक 14.06.2024 को ग्राम भिरई तहसील गुरूर में हो गयी है। कु. केंवरा नागवंशी पिता स्व. कन्हैया लाल ठाकुर के वारिसान एक मात्र आवेदक ही है, आवेदक के अलावा और अन्य कोई वारिसान नहीं है। मृतक कु. केंवरा नागवंशी पिता स्व. कन्हैया लाल ठाकुर के स्थान पर कर्मचारी भविष्य निधि (पी.एफ.) राशि एवं अन्य देय प्राप्त करने के लिये वारिसान प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय बालोद को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुरूर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11/07/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद**

# शिकायत वाली शिक्षिका को ना हटाकर दूसरी शिक्षिका को हटाने से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**बालोद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। डौडीलोहारा विकासखंड के ग्राम बीजाभाटा में शिक्षिका को हटाने व स्थानांतरित शिक्षिका का स्थानांतरण रोकने को लेकर ग्रामीणों ने राजनांदगांव अर्जुदा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों ने इसके पूर्व प्रशासन को इसकी सूचना लिखित में दी थी। ग्राम बीजाभाटा के ग्रामीण कमलेश साहू ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में तीन शिक्षक थे। युक्ति युक्तिकरण के तहत शिक्षिका नर्मदा साहू का अनियंत्रित स्थानांतरण कर दिया। इससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण शिक्षिका उषा बोरकर का लंबे समय से स्थानांतरण की मांग कर रहे थे। लेकिन दूसरी शिक्षिका का स्थानांतरण कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उषा बोरकर का विद्यालय के छात्रों तथा ग्रामीणों के साथ व्यवहार ठीक नहीं है। विद्यालय में समय पर उपस्थित भी नहीं रहती। इससे विद्यालय में अव्यवस्था रहती है। ग्रामीण अपने बच्चों को 15 दिन से स्कूल नहीं भेज रहे हैं। चक्का जाम में ग्रामीणों को समर्थन देने बीजाभाटा पहुंचे विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि युक्तिकरण प्रक्रिया ही गलत है। इससे अव्यवस्था फैल रही है। विभाग को कई बार बोलने के बाद भी शिकायत वाली शिक्षिका को ना हटाकर दूसरी शिक्षिका को हटाने से ग्रामीण नाराज है। सरकार पढ़ने वाले बच्चों के साथ-साथ किसानों को भी परेशान कर रही है। किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है। पर्याप्त मात्रा में बिजली भी उपलब्ध नहीं हो रही है। चक्का जाम को जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि राजेश बाफना, हरीश चंद्राकर, केशव शर्मा, जनपद सदस्य ललिता भूआर्य, शोभित यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनुभव शर्मा ने भी संबोधित किया। चक्का जाम के समर्थन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, भोजराम साहू, जनपद सदस्य भूपेश नायक, सागर साहू, सरपंच कांतिभूषण साहू, गीनुराम ठाकुर, दुर्जनलाल साहू, बिसुलाल साहू, टोमन लाल देवांगन, दयाल यादव, अनवर सूर्यवंशी, चोवाराम साहू, भुवन कुमार साहू, लीलाधर मेश्राम, एसडीएम डौडीलोहारा, एसडीओपी सहित विद्यालय के विद्यार्थी, ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित थे।

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि बीजाभाटा की विवादित शिक्षिका तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जब तक निलंबित नहीं किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। बच्चों के भविष्य के लिए लड़ाई जारी रहेगी। हम भरी बरसात में मांग पूरी होने तक सड़क पर बैठे रहेंगे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क. 202507212300005**
**ब-121/2025**
**ग्राम लोहारी प.ह.नं. ..32**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक नरोत्तम दास बंजारे पिता मंगतूराम बंजारे सतनामी निवासी गम लोहारी प.ह.नं. 32 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक की पुत्री संतोषी बंजारे जन्म दिनांक 09/08/1991 को स्थान ग्राम लोहारी में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत लोहारी में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। जिसके कारण आवेदक अपनी पुत्री का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदन के साथ दस्तावेज संनग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/07/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार सुहेला**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र. 202507212300003/**
**ब-121/2025**
**ग्राम लोहारी प.ह.नं. ..32**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक नरोत्तम दास बंजारे पिता मंगतूराम बंजारे सतनामी निवासी ग्गप्रम लोहारी प.ह.नं. 32 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक का पुत्र नामदेव बंजारे जन्म दिनांक 24/07/1999 को स्थान ग्राम लोहारी में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत लोहारी में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। जिसके कारण आवेदक अपने पुत्र का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदन के साथ दस्तावेज संनग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/07/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार सुहेला**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क. 202507212300007/**
**ब-121/2025**
**ग्राम लोहारी प.ह.नं 32**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता आवेदक नरोत्तम दास बंजारे पिता मंगतूराम बंजारे सतनामी निवासी ग्गप्रम लोहारी प.ह.नं. 32 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक का पुत्र संदीप कुमार जन्म दिनांक 09/10/1994 को स्थान ग्राम लोहारी में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत लोहारी में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। जिसके कारण आवेदक अपने पुत्र का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदन के साथ दस्तावेज संनग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/07/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार सुहेला**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क 202507212300006/**
**ब-121/2025**
**ग्राम लोहारी प.ह.नं.32**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक नरोत्तम दास बंजारे पिता मंगतूराम बंजारे सतनामी निवासी ग्गाम लोहारी प.ह.नं. 32 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक का पुत्र नमनदेव बंजारे जन्म दिनांक 05/07/2001 को स्थान ग्राम लोहारी में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत लोहारी में जन्म पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। जिसके कारण आवेदक अपने पुत्र का जन्म पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदन के साथ दस्तावेज संनग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/07/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार सुहेला**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**

पु.प्र.क्र. 20221206110006१/0636 /
आरएक्सएम /अ-6/2024-25
ग्राम-पामगढ़ तहसील-पामगढ़
पक्षकार-
श्रीमती शशि प्रभा बाजपेयी पति श्री डी.पी. बाजपेयी द्वारा मु.खास शैलेन्द्र पिता श्री डी.पी. बाजपेयी निवासी अजीत हॉटल के पीछे तेलीपारा बिलासपुर (छ.ग.)
बनाम
संदीप शुक्ला वगैरह
प्रति,
1. किरण बाजपेयी पति श्री राजेश बाजपेयी उम्र 59 वर्ष निवासी वैशाली, आशीष नगर भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) 2. श्रीमती चन्द्रप्रभा मिश्रा पति स्व. रतिन्द्र मिश्रा उम्र 63 वर्ष द्वारा मुख्तियार सौरभ मिश्रा पिता स्व. रतिन्द्र मिश्रा निवासी महामाया बिहार गली नं. आर-01, वेयर हाउस रोड बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता श्रीमती शशि प्रभा बाजपेयी पति श्री डी.पी. बाजपेयी ने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पामगढ़ के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202212061100061/अ-6/2022-2023 में पारित आदेश दिनांक 10.07.2023 के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 11.07.2025 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिय समंस किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवानो प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए नियत दिनांक 20.06.2025 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगा कर जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त कलेक्टर जांजगीर-चांपा**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NARENDER KAUR W/O DAVINDER SINGH KABERWAL resident of E-8, ADARSH NAGAR, KASARIDEEH DURG (C.G.) 491001 have changed my old name NARENDER KAUR W/O DAVINDER SINGH KABERWAL so in future I should be recognized by my new name that is NARINDER KAUR KABERWAL W/O DAVINDER SINGH KABERWAL in all Government and other documents.

**NARINDER KAUR KABERWAL**
E-8, ADARSH NAGAR, KASARIDEEH DURG (C.G.) 491001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DAVENDER SINGH KABERWAL S/O LATE DHARAM SINGH KABERWAL resident of E-8, OLD ADARSH NAGAR, DURG (C.G.) 491001 have changed my old name DAVENDER SINGH KABERWAL S/O LATE DHARAM SINGH KABERWAL so in future I should be recognized by my new name that is DAVINDER SINGH KABERWAL S/O LATE DHARAM SINGH KABERWAL in all Government and other documents.

**DAVINDER SINGH KABERWAL**
E-8, OLD ADARSH NAGAR, DURG (C.G.) 491001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ALAP KUMAR VEGDA S/O VINOD RAY VEGDA resident of H.NO. H-101 THE PARSKYDE MAIN ROAD KACHNA RAIPUR (C.G.) have changed my old name ALAP KUMAR VEGDA S/O VINOD RAY VEGDA so in future I should be recognized by my new name that is ALAP KUMAR VINOD RAY VEGDA S/O VINOD RAY VEGDA in all Government and other documents.

**ALAP KUMAR VINOD RAY VEGDA**
H.NO. H-101 THE PARSKYDE MAIN ROAD KACHNA RAIPUR (C.G.)

# मुख्यमंत्री साय ने पंडरिया में किया 72 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

- पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु 5 निःशुल्क बसों का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने किया वर्चुअल लोकार्पण एवं करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात



कवर्धा, 6 छः जुलाई को पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंडरिया विधानसभा के महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित 5 निःशुल्क बसों का वर्चुअल लोकार्पण किया और 72 करोड़ 73 लाख 69 हजार रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय जी एवं कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। ख़राब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री जी के हेलिकॉप्टर उड़ान न भरने की वजह से कार्यक्रम को परिवर्तित कर वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इतने ख़राब मौसम के बावजूद आयोजन स्थल में 15000 से अधिक भीड़ थी सभा स्थल खचाखच भरा था। बारिश होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जनता के लिए किए जा रहे जनसेवा के कार्यों एवं प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा जी द्वारा जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करते हुए अभूतपूर्व कार्य किये जा रहें हैं। एक जागरूक विधायक और समाज सेविका के रूप में वे अपने सभी दायित्वों का पूरे समर्पण भावना से निर्वहन कर रहीं हैं। आज उनके द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए 5 निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत करके एक मिसाल पेश की है कि एक जनप्रतिनिधि क्या कर सकता है। वे कई महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं जो सामाजिक परिवर्तन से लेकर अपने क्षेत्र के विकास एवं जनता की सेवा में निःस्वार्थ कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किये गए अपने वादों को प्रतिबद्धता से पूरा कर रही है। महतारी वंदन योजना, किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस, 3100 रुपए प्रति चि्ंटल की दर से धान खरीदी, तेंदुपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा को बढ़ाकर 5500 रुपए की गई और चरण पादुका योजना पुनः शुरू की गई, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहयता जैसे अभूतपूर्व कार्यों से प्रदेश की तस्वीर बदल रही है और जनता के जीवन में खुशहाली आ रही है। नक्सलवाद के समाप्ति के लिए गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लगातार लाल आतंक पर प्रहार हो रहा है, नक्सली सरेंडर कर रहें हैं और पीएम जनमन योजना व नियद नेल्लानार योजना से आदिवासी क्षेत्रों का समुचित विकास सुनिश्चित हो रहा है। आज पंडरिया विधानसभा की जनता को भी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात डबल इनजन भाजपा सरकार में मिली है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है जिसके लिए मैं यहां उपस्थित आप सभी का अभिनंदन करता हूँ क्योंकि यह सभी कार्य आपके आशीर्वाद और जनविश्वास से हुआ है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भावना बोहरा द्वारा आज महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए जो कार्य किया है वह पंडरिया विधानसभा के लिए इतिहास रचने वाला है। भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं के लिए कड़ी मेहनत, तपस्या और समर्पण भाव से कार्य कर रही हैं।आज उनके द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत पूरे छत्तीसगढ़ में एक अनूठा कार्य है। विधानसभा में भी जनता की आवाज बनकर वो मुखरता से क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और जनता के मुद्दों को विधानसभा पटल पर रखती हैं उनके इसी कार्यशैली और विधानसभा की कार्यवाही में सक्रीय सहभागिता के लिए उत्कृष्ट विधायक चुना गया। मैं पंडरिया विधानसभा की जनता का भी अभिनंदन करता हूँ कि उन्होंने कांग्रेस के कुशासन को समाप्त कर प्रदेश में भाजपा का सुशासन स्थापित किया। आज छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन, विकास कार्यों से हर गाँव तक योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई दे रहा है।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह पल मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। पंडरिया विधानसभा की मेरी बहनें अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके इसके लिए जो भी संभव प्रयास होगा उसे करने के लिए मैं हमेशा प्रयास करती रहूंगी। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य,सशक्तिकरण और विकास इन चार आधार स्तंभों और आप सभी की आकाँक्षाओं के अनुरूप पंडरिया विधानसभा को समृद्धशाली और विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करने के लिए कृत संकल्पित हैं। इसमें बेटियों की शिक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके पूर्व हमने महाविद्यालय से घर आने-जाने में हमारी बहनों को हो रही असुविधा को देखते हुए 3 निःशुल्क बसों का संचालन शुरू किया और आज हमने अपने संकल्प को पूरा करते हुए 5 अतिरिक्त निःशुल्क बसों का संचालन शुरू करने जा रहे हैं जिसका मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने आज वर्चुअल लोकार्पण किया है। यह बस उन सभी बहनों के लिए केवल एक आवागमन की सुविधा नहीं बल्कि यह उनके सपनों, उनके सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ने में एक सारथी की भूमिका निभाएगा। हमारा लक्ष्य है कि 1000 छात्राओं को हमारे इस प्रयास का लाभ मिले और वे उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपने सपनों को पूरा करें। इतनी बारिश में भी आप सभी का इतनी बड़ी संख्या में आगमन से बहुत ही प्रसन्नता हुई अप सभी की उपस्थिति इस कार्यक्रम की सफलता है।

## तेज रफ्तार का कहर

# ट्रक ने बाइक सवार को कुचला युवक की घटना स्थल पर ही मौत

**नवापारा राजिम,** 6 जुलाई (देशबंधु)। समीपस्थ ग्राम बड़ी करेली में तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई । लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार नवापारा-मगरलोड मार्ग पर ग्राम बुढ़ेनी के पास तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश निषाद पिता मानसिंह निषाद (26 वर्ष) के रूप में हुई है, जो भेण्डरी मौहापारा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि मृतक कमलेश निषाद पारागांव काम करने गया था। शाम करीब 6.45 बजे घर जाने के लिए निकला था। तभी यह हादसा हो गया।घटना इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मृतक का सिर बुरी तरह से कुचला गया। उसके हाथ-पैर में भी गंभीर चोट लगी थी। अधिक खून बहने के कारण मौके पर ही कमलेश की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना करेली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### 7 महीने में 5 से अधिक मौतें मवेशियों की तो गिनती नहीं

तेज रफ्तार इन वाहनों से लगभग 7 महीने में इस रास्ते पर लगभग यह 6वीं मौत है। नशे में धुत चालक वाहनों को खूनी रफ्तार से चलाते हैं। जानकारी के अनुसार इससे पहले भी इस मार्ग पर हाइवा वाहनों से 5 से अधिक मौतें हो चुकी हैं और कई मवेशी भी कुचले जा चुके हैं जिसकी कोई गिनती नहीं ।कई बार रात के अंधेरे का फायदा उठाकर और कई बार सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर ये वाहन भाग निकलते हैं, हैरानी की बात यह भी है कि ये वाहन अब तक पकड़ में भी नहीं आए है।

# पीएम आवासः सूरजपुर में बन रहे बड़े और सुविधाजनक आवास

- जिला प्रशासन की पहल पर हितग्राहियों को मिल रही बैंक ऋण की सुविधा
- 149 हितग्राहियों को 69 लाख का बैंक ऋण स्वीकृत



**सूरजपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों की आय बढ़ाकर उनके लिए बड़ा और सुविधाजनक आवास बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन सूरजपुर की पहल पर हितग्राहियों को पीएम आवास में मिलने वाली निर्धारित राशि के अलावा बैंक ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। हितग्राही बैंक किस्त की राशि बिना किसी दिक्कत के पटा सकें, इसके लिए उन्हें बिहान कार्यक्रम के जरिए अतिरिक्त आय का जरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में ऐसे 149 हितग्राहियों को 69 लाख 38 हजार रूपए का बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया है। इस पहल का सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखने लगा है, आवास निर्माण में तेजी आ रही है।

पीएम आवास की हितग्राही और आशा महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती मीना ने बताया कि जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल से अब इनका बड़ा और बेहतर पक्का आवास का सपना साकार होगा। उन्होंने बताया कि पीएम आवास के लिए निर्धारित राशि के अलावा सामुदायिक निवेश कोष तथा बैंक लिंकेज के माध्यम से 60 हजार रूपए का ऋण मिला है। श्रीमती मीना ने बताया कि स्वयं की बचत की हुई राशि के साथ बैंक ऋण से वह एक सुविधायुक्त सुसज्जित और बड़ा घर बनाने की दिशा में अग्रसर है। बड़े और सुविधाजनक आवास निर्माण से उनका परिवार प्रसन्न है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया है।

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि कुछ ऐसे हितग्राही जिन्होंने पीएम आवास स्वीकृति की कुछ राशि पारिवारिक प्राथमिकताओं में उपयोग कर लिया है, जिसके कारण उन्हें आवास निर्माण में वित्तीय कठिनाई आ रही थी। ऐसे हितग्राहियों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें बिहान योजना से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केदारपुर की पुष्पा को एक लाख, ग्राम जनार्दनपुर की मीना पोर्ते को 60 हजार, ग्राम पंचायत नरोला की लीलावती को 35 हजार, पहाड़करवां की ललिता को एक लाख, गोविंदपुर की बसंती को 50 हजार, ग्राम पंचायत तेलाईमुड़ा की सरस्वती को 30 हजार रूपए तथा ग्राम टोमो की परमेश्वरी को 25 हजार रूपए की ऋण सहायता दी गई है।

**NECC**

| 07.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 555 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 190 |

डिलीवरी 570 सैकड़ा
दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

लड़की- आज मेरी शादी है। अब लौटकर क्यों आए हो यहां?
लड़का- डीजे का आर्डर हमको ही मिला है। काम धंधा छोड़ दे क्या?

## संपादकीय

# बच्चों की तरह पालें पेड़ों को

राजधानी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल की शुरुआत हुई है जिस पर ईमानदारीपूर्वक अमल किया जाना चाहिये साथ ही इस योजना को प्रदेश भर में लागू करना चाहिये। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ऐलान किया है कि शासकीय अस्पतालों में जन्म लेने पर हर बच्चे के नाम पर माता-पिता को फलदार वृक्षों के पांच पौधे प्रदान किये जाएंगे। अभिभावकों से उम्मीद की जायेगी कि वे इन पौधों का अपने बच्चों की तरह ही पालन-पोषण करेंगे। बच्चे के दुनिया में आगमन को याद रखने का इससे बेहतर और कोई उपाय नहीं हो सकता। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होंगे, उनके आंगन में लगाये गये पेड़ भी बड़े होते जायेंगे जो स्वयं उनके तथा माता-पिता के लिये गौरव व खुशी की बात होगी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण को संरक्षित करने की इच्छा के अनुरूप यह जिला प्रशासन, वन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की मिली-जुली पहल है जिसे 'ग्रीन पालना अभियान' नाम दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण के अभियान से सामान्य जनता को भावनात्मक रूप से इससे जोड़ा जा सकेगा। माता-पिता पूरी कोशिश करेंगे कि जैसे वे अपने बच्चे के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रहने देंगे वैसे ही उन पौधों का भी संरक्षण कर उन्हें बड़ा करेंगे। इससे आने वाली पीढ़ियों में भी पर्यावरण के संवर्धन की भावना पहल जाग्रत होगी। बच्चे जब जानेंगे कि उनके घर-आंगन में लगाए गए पेड़-पौधों का सम्बन्ध उनके जन्म से है तो वे भी उनके संवर्धन में रुचि लेंगे।

कोशिश की जानी चाहिये कि सभी 5 पेड़ों को अभिभावक बड़ा करें। इसके लिये पौधों को पर्याप्त व समय पर पानी देने से लेकर उन्हें कीड़ों से बचाने तथा अन्य खाद भी दी जाये। आजकल छोटे से छोटे स्थानों में भी पेड़-पौधे लगाने सम्बन्धी जानकारी, मार्गदर्शन और सामग्रियां सहज उपलब्ध हैं। फलदार पौधों को केवल संरक्षित करने की ज़रूरत होती है। यदि घरों के बाहर उन्हें लगाया गया है तो देखना होगा कि मवेशी चर न जायें। सस्ते ट्री-गार्ड मिलते हैं। कुछ समय के बाद ये पौधे इतने बड़े हो जाते हैं कि उनके पत्तों या फलों तक मवेशी पहुंच नहीं पाते।

सरकार फलदार वृक्ष लगाने के कई तरह के प्रयास कर चुकी है जिनमें कुछ में कामयाबी मिली है तो कई अभियान अपेक्षित रूप से सफल नहीं हो पाये हैं। पर्यावरण के महत्व को सैद्धांतिक रूप से तो सभी जानते हैं लेकिन जनता का उनसे भावनात्मक सम्बन्ध नहीं बन पाता क्योंकि ऐसे ज्यादातर अभियान सरकार या स्थानीय निकाय चलाते हैं। जनसामान्य की उनमें सीधी भागीदारी नहीं होती। बच्चे के जन्म के साथ पौधारोपण लोगों को जुड़ाव के साथ गौरव और अपनत्व का एहसास कराएगा। राज्य के सभी जिलों में यह कार्यक्रम लागू किया जाना चाहिये। इससे प्रदेश की हरियाली में निश्चित रूप से इज़ाफ़ा होगा।

# सास-ससुर ने पेश की मिसाल, विधवा पुत्रवधू का किया बेटी की तरह कन्यादान

## लोगों से उपहार में मात्र 1 रुपये ही किया स्वीकार

**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। शहर में सीता-श्यामलाल देवांगन ने अपनी विधवा पुत्रवधू गायत्री का फिर से विवाह कराकर अनुकरणीय पहल प्रस्तुत किया है, जो कि पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जगदलपुर में विधवा पुत्रवधू का पुनर्विवाह कर बहू को नई जिंदगी देने वाले जगदलपुर के सीता-श्यामलाल देवांगन समाज के लिए एक मिसाल बनकर सामने आए है। सीता-श्यामलाल देवांगन ने विधवा बहू का न सिर्फ पुनर्विवाह कराया बल्कि अपनी दहलीज पर कन्यादान कर माता-पिता की तरह विदाई भी की है, जिसकी हर कोई सराहना कर रहा है।

विधवा पुत्रवधु का बेटी की तहर कन्यादान किया। दरअसल, पूरा मामला कुछ इस तरह है कि जगदलपुर के सीता-श्यामलाल देवांगन के बेटे पारस देवांगन का विवाह रायगढ़ के चुन्नी हरिलाल देवांगन की पुत्री गायत्री के साथ हुआ था। विवाह के बाद करोना काल में एकलौता बेटा पारस देवांगन की मौत हो गई थी, जिसके बाद गायत्री विधवा हो गई वहीं एकलौता बेटा की मौत ने सीता-श्यामलाल देवांगन को भी तोड़ दिया। जब भी घर में अपने बेटे बहु को देखते थे तो उनकी आंखे भर आती थी। विधवा हो चुकी गायत्री, पति की मौत के बाद सास ससुर की सेवा में लीन हो गई। उसकी हर संभव कोशिश थी कि सास ससुर को बेटे के जाने के सदमे से बचाए। इसके बाद रानी ने एक बेटी की तरह दोनों की सेवा की। सीता-श्यामलाल देवांगन के मुताबिक, घर में बेटी की तरह रह रही विधवा बहु बेटे पारस देवांगन की मौत के बाद सीता-श्यामलाल देवांगन ने ठान लिया कि पुत्रवधू का जीवन खराब नही होने देंगे। दोनों ने बहू के लिए न सिर्फ रिश्ता ढूंढ लिया बल्कि बेटी की तरह पूरे रीति रिवाज से उसका विवाह आशीष से कर दिया व समाज के लिए नजीर पेश करते हुए बहू को बेटी की तरह अपनी दहलीज से विदा किया। जहां सीता-श्याम लाल देवांगन ने पूरे विधि विधान के साथ माता -पिता का फर्ज निभाते हुए अपनी पुत्रवधू का कन्यादान किया। अपने सगा संबंधी और समाज के लोगों के साथ मित्र एवं परिचितों को भी विवाह के पश्चात में आमंत्रित किया और दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद देने पहुंचे लोगों से उपहार में केवल ?1 ही स्वीकार किया। इस अनुकरणीय पहल की चारों ओर चर्चा हो रही है। आजकल विवाह के बाद अधिकांश पुत्रवधू केवल अपने पति के साथ रहना चाहती है। सास ससुर की सेवा तो दूर उनके साथ भी रहना नहीं चाहती है इन परिस्थितियों में विधवा बहू ने सास ससुर की बेटी के रूप में सेवा करते हुए एक उदाहरण पेश किया तो वही सास ससुर ने भी अपने विधवा पुत्रवधू को बेटी की तरह कन्यादान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।



# एकादशी पर दूध से हुआ भगवान बालाजी का अभिषेक

**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को श्री बालाजी मंदिर में एकादशी की पूजा पूरे विधि-विधान से की गई। आषाढ़ मास की एकादशी के पावन अवसर पर नित्याराधना के बाद भगवान बालाजी, माता श्री देवी, माता भूदेवी, सहित मंदिर में प्रतिष्ठापित देव प्रतिमाओं का दूध एवं दिव्य द्रव्यों के मिश्रण से अभिषेक किया गया। अभिषेक विधान के पश्चात महाभंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।



मंदिर के प्रधान अर्चक आचार्य श्रीकांत ने जानकारी देते बताया कि सनातन धर्म में आषाढ़ मास के एकादशी को सर्वाधिक पवित्र दिनों में से एक माना जाता है और यह भगवान विष्णु को समर्पित है। इस विशेष अवसर पर लोग पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और देवता का आशीर्वाद लेते हैं। इस वर्ष रविवार 06 जुलाई को मनाया जा रहा है। भक्तगण इस शुभ मुहूर्त में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर उनसे धन, समृद्धि, दीर्घायु और मोक्ष का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बस्तर ज़िला आंध्र समाज के अध्यक्ष एम. जयंत नायडू एवं श्री बालाजी टेंपल ट्रस्ट दि बस्तर डिस्ट्रिक्ट आंध्र समाज के चेयरमैन बी. वासुदेव राव एवं सचिव रविभूषण राव ने बताया कि आषाढ़ मास की एकादशी तिथि का ख़ास महत्व होता है, इस दिन पूजा विधान का पालन करने वाले उपासकों पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। जिसे देखते आज बालाजी मंदिर में बस्तर अंचल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँचे थे, भक्तों ने पूजा के पश्चात भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला फुटबाल संघ बस्तर द्वारा स्व सिद्धार्थ मिश्रा की स्मृति में स्थानीय प्रियदर्शिनी स्टेडियम में डीएफए ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे ने सर्वप्रथम स्व सिद्धार्थ मिश्रा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। रिमझिम फुहार के बीच खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि बस्तर में प्रतिभा की कमी नहीं है। अवसर मिलने पर बस्तर के खिलाड़ी भी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन से निश्चित ही स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है और वे उत्साहित होते हैं। इस दौरान एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, जिलाअधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संतोष मिश्रा, गौतम कुंडू, मोहन राज बसु, दंतेश्वर राव, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर के एल आजाद, राजेश राव, रविंद्र पटनायक, विश्वजीत भट्टाचार्य, दिलीप दास, रूपक मुखर्जी, दीपक वाधवानी, जोगेंद्र, ललित सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# भुतहा तालाब में पीपल के पौधे का हुआ रोपण



**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। पीपल्स केयर छत्तीसगढ़ द्वारा रविवार को लालबाग हाउसिंग बोर्ड स्थित भुतहा तालाब में पीपल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, पार्षद नरसिंह राव, यशवंत ध्रुव, हरीश पारेख, योगेश शुक्ला, शशिनाथ पाठक, संस्था के संरक्षक योगेंद्र कौशिक, अजय परमार, शेखर बोस, किशोर जाधव, सुरेश यादव, टी महेश, ओम प्रकाश सोनी, प्रमोद मोतीवाला, ननकू द्विवेदी, एच वाय कुकड़े, रोशन झा, सचिन उपाध्याय एवं अन्य उपस्थित रहे।

# दलपत सागर के विवादित बंड को हटाया जाए : राजेश चौधरी

**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। दलपत सागर सौंदर्यीकरण हेतु स्वीकृत 9.88 करोड़ पर विधायक किरण देव को साधुवाद के साथ ही नेता प्रतिपक्ष ने विवादित बंड को हटाने की मांग की है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि जगदलपुर शहर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान दलपत सागर को संवारने हेतु 9.88 करोड़ की राशि स्वीकृत कराए जाने के लिए मैं विधायक किरण देव को धन्यवाद व साधुवाद देता हूं। यह जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुई, जो वास्तव में प्रसन्नता की बात है। किन्तु इस सौंदर्यीकरण प्रयास के साथ-साथ एक अत्यंत महत्वपूर्ण और वर्षों पुराना विवाद भी पुन: सामने आता है। यह स्मरण कराना आवश्यक है कि जब वर्तमान विधायक नगर निगम जगदलपुर के महापौर थे, तब उनके कार्यकाल में दलपत सागर के किनारे एक विवादित बंड (बैरियर/बांध) का निर्माण कराया गया था जिसने जलाशय के प्राकृतिक कैचमेंट एरिया को दो भागों में विभाजित कर दिया। उस समय इस कार्य का भारीद्ध विरोध हुआ, किंतु तत्कालीन भाजपा सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया। बाद में कांग्रेस सरकार आने पर भी एनजीटी में मामला लंबित होने का हवाला देकर उस विवादित बंड को हटाने से प्रशासन ने हाथ पीछे खींच लिया। वास्तव में दलपत सागर का मूल क्षेत्रफल और अस्तित्व तभी स्पष्ट हो पाएगा, जब इस कृत्रिम बंड को हटाया जाएगा। जैसे ही यह बंड हटेगा, जल अपने आप अपना प्राकृतिक विस्तार कर देगा और दलपत सागर का वास्तविक स्वरूप जगजाहिर होगा।



इसलिए मैं प्रेस के माध्यम से विधायक किरण देव से आग्रह करता हूं कि 9.88 करोड़ की स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए सबसे पहले इस बंड को हटाया जाए, ताकि सौंदर्यीकरण कार्य किसी दिखावे का हिस्सा न बने, बल्कि दलपत सागर के अस्तित्व की रक्षा और पुनर्स्थापना की दिशा में सार्थक पहल हो। यह भी स्मरणीय है कि विधायक स्वयं राज परिवार का एक हिस्सा हैं, और यह ऐतिहासिक जलाशय महाराजा दलपत देव के नाम पर बना है। अत: यह अवसर उनके समर्पण और दृष्टिकोण को प्रमाणित करने का उपयुक्त क्षण है। यदि यह बंड बना रह गया और सौंदर्यीकरण केवल ऊपरी साज-सज्जा तक सीमित रह गया, तो यह एक बार फिर दलपत सागर को छलने जैसा होगा और स्वयं दलपत सागर फिर एक बार खुद को छला हुआ महसूस करेगा। अब देखने की बात यह है कि विधायक दलपत सागर के वास्तविक उत्थान हेतु क्या ठोस कार्ययोजना बनाये हैं।

# बस्तर गोंचा पर्व में बाबा सत्यनारायण ने श्रीजगन्नाथ की मनमोहक पेंटिग बनाकर राष्ट्र जागरण की अलख जगाई

**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। देश भक्त, राष्ट्र चिंतक, अंतर्राष्टीय ख्यातिलब्ध गायक, चित्रकार बाबा सत्यनारायण मौर्य एक देशभक्त कलाकार है, जो अपनी कलाओं के माध्यम से राष्ट्र जागरण में लगे हुए है। विश्व के एक मात्र ऐसे कलाकार है, जो भारत माता की आरती का मनोरम, मन को मोहने वाला कर्यक्रम करते है। बाबा सत्यनारायण मौर्य शनिवार को बस्तर गोंचा महापर्व के बाहुड़ा गोंचा पूजा विधान एवं कपाटफेड़ा पूजा विधान में शामिल होकर दर्शन पुण्य-लाभ के बाद देर रात्री तक बस्तर गोंचा महापर्व के सांस्कृतिक मंच से भारत भक्ति संस्थान के माध्यम से स्वामी विवेकानंद, भगवान श्रीराम की पेंटिग बनाया और अपने चिरपरिचित अंदाज में देश भक्ति की बाते श्रोताओं के समक्ष रखा। उन्होने कार्यक्रम के अंत में बस्तर गोंचा महापर्व के अवसर पर विशेष तौर पर भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के मनमोह पेंटिग बनाकर भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी का वंदन किया, और वहां मौजूद श्रोताओं-श्रृद्धालुओं को इसके साथ जोड़ते हुए सभी को शामिल कर जगदलपुर एवं बस्तर संभाग के निवसियों को अपने पर गर्व करने एवं मातृ शक्ति को अपनी शक्ति से आत्मसात का संदेश दिया। उन्होने जगदलपुर के श्रोताओं से अगले बार तीन दिन का कार्यक्रम करने की इच्छा व्यक्त किया है।




सर्व हिंदू समाज के सचिव रंजीत पांडे ने बताया कि बाबा सत्यनारायण मौर्य का बस्तर गोंचा महापर्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम सुनिश्चित नही था। बस्तर गोंचा महापर्व के अवसर पर उनके बस्तर प्रवास पर जगदलपुर पंहुचने पर सर्व हिंदू समाज एवं 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अनुरोध पर उन्होने इस कर्यक्रम के लिए अपनी सहमित देकर अपने अंदाज में अनेको विषयों जिसमें भगवान श्रीजगन्नाथ, श्रीराम शिव पार्वती, विरांगना रानी लक्ष्मीबाई एवं बस्तर की हरियाली क उल्लेख कर पर्यावरण, भारतीय इतिहास को गीत, संगीत, कवितायें, पेंटिंग, हास्य, नृत्य आदि अनेको विधाओं को सहज अंदाज में प्रस्तुत किया।

# स्व सहायता समूहों के बैंकों में प्रस्तुत ऋण के प्रकरणों और किसान क्रेडिट कार्डों पर करें तत्काल कार्यवाही : कलेक्टर



## जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक

**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मार्च 2025 चतुर्थ तिमाही की जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन की उपस्थिति में शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया।

कलेक्टर श्री हरिस ने बैंकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के हितग्राहियों को जोड़ने हेतु शिविर आयोजित करने कहा, साथ ही उन्होंने 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले बैंकों को तिमाही स्तर पर बढ़ाने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि स्व सहायता समूहों के बैंकों में प्रस्तुत ऋण के प्रकरणों और किसान क्रेडिट कार्डों पर तत्काल कार्यवाही करें, अधिक समय से बैंकों में लंबित रखने से लाभार्थी को योजना का लाभ लेने से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि गरीब और आवश्यकता वाले लोगों का तत्काल प्रकरण पास किया जाए अन्यथा आपके बैंक से शासकीय खाता को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का प्राथमिकता से आधार अपडेट और केवाईसी करवाकर खाता को चालू स्थिति रखवाए ताकि राशि हस्तांतरित करने में कोई दिक्कत न हो। बैठक में आरबीआई के अधिकारी नवीन तिवारी ने बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाए, विलंब के लिए बैंकों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुशंसा करने की बात कही। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही विवरण पर चर्चा किया गया, इसके अलावा जमा अग्रिम, ऋण जमा अनुपात (ष्टष्ठ ऋह्लद्बश्व) पर चर्चा, मुद्रा योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का क्रियान्वयन, जिलों के बैंकिंग गतिविधियों पर चर्चा, कृषि विभाग, एनआरएलएम (क्रेड्रिट लिकेज, इंटरप्राइसेस फ़ाइनेस), जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला अंत्यावसायी विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, एन.यू.एल.एम. नगर पंचायत, भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, नाबार्ड के प्रभारी अधिकारी, अग्रणी बैंक अधिकारी जी तिर्की, समिति के सभी सदस्य (बैंकों के प्रतिनिधि) सहित संबंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बिहार के मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने के फरमान से चुनाव आयोग कटघरे में : रेखचंद

**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। जगदलपुर के पूर्व विधायक व बिहार चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि जिस आधार कार्ड को अब तक मान्य किया जाता रहा है, उसे न मानने के चुनाव आयोग के हालिया फरमान को तुगलकी बताया है। उसके द्वारा उठाए जाने वाले कदमों को अमर्यादित, असंसदीय, गैर संवैधानिक, अलोकतांत्रिक तथा गैर वाजिब बताया है।



उन्होंने कहा है कि बिहार के मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने के फरमान से चुनाव आयोग कटघरे में है। वहीं निर्वाचक नामावली के लिए उन्होने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए आयोग ने जो मतदाता सूची तीन माह पूर्व जारी किया था, उसे मान्य किया जाना चाहिए। समूचे बिहार के मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने कहा जा रहा है। एक माह में करीब नौ लाख लोगों से उनकी नागरिकता के लिए 11 प्रकार के दस्तावेजों की मांग करने से लोग निराश- परेशान हैं। जिस आधार कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड की विभिन्न प्रतिष्ठानों के द्वारा मान्यता रही है, उन्हें खारिज किया गया है। पूर्व विधायक जैन ने प्रति प्रश्न करते कहा है कि अगर पूर्व की सूची में सम्मिलित उनके नाम गलत हैं तो उसी सूची के आधार पर कराए गए चुनाव कैसे वैध हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में वर्तमान केंद्र सरकार भी अवैधानिक ठहराई जानी चाहिये और उसे पद पर बने रहने की कोई अधिकारिता नहीं रह जाती है। लिहाजा पहले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को त्यागपत्र देना चाहिये। श्री जैन के अनुसार संविधान के मुताबिक नागरिकता साबित करने की अधिकारिता चुनाव आयोग के पास नहीं है। उसे मात्र 18 वर्ष की आयु पूरी करने वालों के नाम मतदाता सूची में जोड़ना चाहिए। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अवैध रूप से गांजा बिक्री करते एक आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। अवैध गांजा बिक्री करने वाले पर, कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना कोतवाली जगदलपुर को सूचना प्राप्त हुआ था कि एक व्यक्ति डोंगाघाट भारत पेट्रोलियम पंप के पास खड़ी ट्रक के पीछे सफ़ेद झोला में गांजा बिक्री करने ग्राहक के इंतजार में खड़ा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा डोंगाघाट भारत पेट्रोलियम के पास पहुंचकर घेराबंदी कर, संदेह के आधार पर बताये हुलिया के एक व्यक्ति ट्रक के पीछे सफेद झोला रखे मिलने पर उक्त व्यक्ति को पकड़कर, पूछताछ करने पर अपना नाम सुनील नाग निवासी डोंगाघाट जगदलपुर का होना बताया। जिनके पास में रखे एक सफ़ेद रंग के झोला की तलाशी लेने पर 1 किलो 425 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। जिस संबंध में पूछताछ करने पर गांजा रखने का वैधानिक प्रत्युत्तर नही दिया गया। गांजा परिवहन करना स्वीकार करने से उक्त आरोपी को 20 (ब) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# अंतरराष्ट्रीय सायबर ठगी गिरोह का खुलासा



## 7 पुरुष, 2 महिला सहित 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने एक अंतर्राष्टीय गिरोह के 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने इसका खुलासा पत्रकारवार्ता में किया। पुलिस कन्ट्रोल रुम सेक्टर-6 में एसएसपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 12 नग लैपटाप, नग 14 मोवाईल सहित विभिन्ना बैंको के एटीएम एवं अन्य दस्तावेज, कम्प्यूटर संबंधी अन्य उपकरण, एक होण्डा एक्टीवा नगदी रकम नगदी रकम 2,55,000 रूपये जुमला किमती लगभग 13,00,000 का सामान बरामदए किया गया है। एसएसपी ने बताया कि प्रकरण में गिरोह के सरगना फरीदाबाद निवासी अर्जुन को पुलिस रिमांड पर लेकर की जा रही विस्तृत पूछताछ की जा रही है। 5 जुलाई को मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि चौहान टाउन में कुछ पुरुष एवं महिला मिलकर कॉल सेंटर चलाकर अवैध रूप से ऑनलाईन इंटरनेट एवं लैपटाप अन्य इलेक्ट्रानिक साधनों का उपयोग कर सायबर अपराध से धोखाधडी की रहे है। सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के नेतृत्व में थाना सुपेला एवं चौकी स्मृति नगर की टीम गठित कर सूचना की तस्दीकी एवं कार्यवाही, हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुये चौहान टाउन बी/2 में दाबिश दी गई। दाबिश में उपरोक्त मकान में 6 पुरुष एवं 2 महिलाये एवं होटल में रूके अर्जुन को दाबिश देकर हिरासत में लिया गया। तकनीकी माध्यम से पूछताछ कर आरोपीगणों संतोष थापा, पियाली देव, रिया राय, विशाल कर, विवेक देव, मुकेश चंद्रनाथ, अमित कुमार, अनिस अर्जुन द्वारा बताया गया कि हर्ष एवं सम्यक के साथ मिलकर फर्जी ई.सिम से इन्टरनेशनल मोबाईल नंबर के माध्यम से फर्जी कुटरचित पेज अधिकांशत: यूएसए के नागरिको के कम्प्यूटर मोबाईल में बग वायरस भेजकर एवं स्वत: आय हुये बग(वायरस) को हटाने के लिए उपरोक्त पेज का इस्तेमाल कर एवं सम्यक द्वारा अपना इन्टरनेशल नंबर प्रदर्शित कर आये कॉल को उपरोक्त आरोपीगणों के लैपटाप में ट्रांसफर कर फिर आरोपीगणों के अन्य सिस्टम में ट्रांसफर कर लोगो को बग (वायरस) हटाने के लिए छलपूर्वक प्रेरित कर यूएस डॉलर 80 से 200 डॉलर ऐठने के लिए विभिन्न प्रवचना कर सम्यक से ई.वालेट प्राप्तकर क्रिप्टो करेसी के माध्यम से रकम आते ही सामने वाले व्यक्ति का एंटी वायरस के माध्यम से सिस्टम किलियर कर दिया जाता था, एवं सिस्टम में भेजी गयी जानकारी हट जाती थी, एवं उक्त ठगी के शिकार व्यक्ति के मोबाईल नंबर को ब्लाक कर दिया जाता था। अर्जुन द्वारा ठगी के शिकार व्यक्ति को डॉलर में पेमेट हेतु सम्यक के द्वारा उपल्बध कराये गये ई.वालेट में न्क्र एवं क्रिप्टो करेसी के माध्यम से पेमेट कराया जाता था। जिसके लिए भी टेलीग्राम एप्प का उपयोग किया जाता था। एवं सम्यक के द्वारा ठगी से प्राप्त रकम का 15 से 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के रूप में रखकर हवाला के माध्यम से अर्जुन को रकम उपल्बध कराया जाता था। जिसमें से अर्जुन द्वारा कस्टमर केयर में काम करने वाले आरोपी को 25000 से 30000 रुपये सैलरी के रूप में रकम प्रदाय किया जाता था। अपराध क्रमाक 783/2025 धारा 319(2), 318(4), 336 (3), 61(2) बीएनएस 66 (डी) आईटी एक्ट 42(2) टी.सी. एक्ट, 2023 कायम कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी संतोष थापा मेघालय, मुकेश नाथ मेघालय, विवेक देव मेघालय, विशाल कर मेघालय, अनिश आर्यन बिहार, अर्जुन हरियाणा, अमित कुमार सिंग दिल्ली, पियाली देव मेघालय रिया राय सुपेला है।

# एक पेड़ मां के नाम आज की जरुरत-रजनी



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड-9 एकता नगर मुक्तिधाम रोड के किनारे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल थी। उन्होंने कहा की देश की प्रधानमंत्री श्री मोदी की महत्वाकांक्षी पहल एक पेड़ माँ के नाम जो की यह अभियान पुरे देश में पर्यावरण की दिशा में अनुकरणीय पहल है। पौधारोपण के साथ साथ पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए भी हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए तभी यह पौधे लगाना सार्थक होगा। इन्हें धरातल पर लाकर इन्हें सहेजने की जरुरत है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं, और वे पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अभियान के माध्यम से, हम न केवल अपनी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करने में योगदान करेंगे। आइए हम सब मिलकर इस अभियान में भाग लें और अपनी माताओं के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। यह पहल न केवल पर्यावरण को बचाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा महामंत्री प्रेम लाल साहू, भाजयुमो महामंत्री उपकार चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, तुलसी ध्रुव पार्षद, सतीश साहू, दिलीप पटेल, वार्ड पार्षद कुसुम विपिन चंद्राकर, चंद्रकांता माण्डले, सीता साहू, राम खिलावन वर्मा, राधेश्याम वर्मा, पार्षद तुलसी ध्रुव, प्रेमलता चंद्राकर, गुरचरण सिंह, कुबेर पटेल, संतोष श्रीवास्तव, विनोद चंद्राकर, चंद्रिका यादव, जसवंत वर्मा, ममता पटेल, योगेश्वरी ठाकुर, तेजस पाल, समीर अग्रवाल, धनीराम सेन, सूरज सेन, हरि लाल सोनी, तोरण सोनी, श्याम जायसवाल, कन्हैया यादव, सालिक पटेल आदि उपस्थित थे।

# गुंडीचा मंडप में सांसद ने निभाया राजा का कर्तव्य



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। महाप्रभु जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा से पहले सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना के साथ किया छेरा पहरा भिलाई उत्कल सांस्कृतिक परिषद भिलाई नगर के द्वारा सेक्टर 6 गुंडीचा मंडप से महाप्रभु श्री जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने राजा के भेष में भगवान श्री जगन्नाथ के साथ बलभद्र स्वामी और देवी सुभद्रा की पूजा अर्चना कर छेरा पहरा की परम्परा का निर्वहन किया। सांसद विजयी बघेल के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल ने बाहुड़ा रथयात्रा में अपनी उपस्थिति प्रदान कर पूजा अर्चना में भाग लिया। नौ दिनों तक भाई बलभद्र स्वामी और बहन सुभद्रा के साथ मौसी गुंडीचा देवी के घर रहने के बाद महाप्रभु श्री जगन्नाथ श्री मंदिर लौट आए हैं। इस आयोजन में उत्कल सांस्कृतिक परिषद सेक्टर 6 द्वारा सांसद विजय बघेल को राजा के कर्तव्य निर्वहन के लिए गुंडीचा मंडप में आमंत्रित किया था। सांसद श्री बघेल अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल के साथ राजा के पद की गरिमा के अनुरूप विशुद्ध भारतीय परिधान में गुंडीचा मंडप सेक्टर 6 पहुंचे। यहां पर उन्होंने महाप्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी और देवी सुभद्रा का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए देश, प्रदेश और दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना के साथ सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्री बघेल ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ को बाहुड़ा यात्रा के लिए रथ पर सवार करने से पहले झाड़ू लगाकर छेरा पहरा का विधान को पूरा किया। फिर मौसी गुंडीचा देवी के घर से श्री मंदिर के लिए निकले महाप्रभु के रथ को खींचकर सांसद विजय बघेल ने उपस्थित भक्तों को बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

# रिटायर्ड निगम कर्मी के मृत शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु दान



**भिलाइनगर,** 6जुलाई (देशबन्धु)। निगम के सेवानिवृत्ति के कर्मी अगस्त देशमुख के मरणोपरांत उनका शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु दान किया गया। नेहरू नगर 79/9 निवासी अगस्त देशमुख ने अगस्त 2020 में अपनी पत्नी झमित देशमुख के साथ प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की थी। एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनके निधन की सूचना परिजनों द्वारा पवन केसवानी को दी गई इसके पश्चात चिकित्सा अध्ययन हेतु देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। परिजनों द्वारा स्व.देशमुख का पार्थिव शरीर भिलाई से उनके गृहग्राम टिकरी अर्जुंदा ले जाया गया। इसके पश्चात राजनांदगांव के एक मेडिकल कॉलेज में उनका शरीर दान किया गया। देहदान के पूर्व एक संक्षिप्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। इस दौरान देहदानी झमीत देशमुख, केशव बंटी हरमुख, नवीन देशमुख, ललिता देशमुख, पवन केसवानी, पवन दिल्लीवार, अशोक दिल्लीवार, भूपेश देशमुख, मनीष देशमुख, योगेश देशमुख, हिमांक देशमुख, सौरिक देशमुख, चंद्रशेखर चंद्राकर, लालजी वर्मा, गौरव केसवानी, अनंतराम वर्मा, लेखराम वर्मा, दिलीप देशमुख, दामेश्वर देशमुखआदि प्रबुद्धजनों ने देहदान के पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान की।गुंडीचा मंडप में सांसद विजय बघेल ने निभाया राजा का कर्तव्यए जय जगन्नाथ से गूंजा शहर'

## वृंदा नगर में स्वच्छता-हरियाली की ओर कदम

**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड 29 वृंदा नगर के अटल आवास क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन 2 के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा चलाई जा रही सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अंतर्गत वार्ड 29 के नागरिक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस क्षेत्र में सफाई करके वार्ड पार्षद संजय सिंह के साथ वार्ड वासियों ने न केवल गंदगी हटाई बल्कि आने वाले दिनों में यहां वृक्षारोपण कर इसे एक छोटी नर्सरी और हरा भरा क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। इनके इस प्रयास का उद्देश्य है कि वार्ड में अधिक से अधिक हरियाली हो, वातावरण स्वच्छ और सुंदर बने, और लोगों को शुद्ध हवा व स्वच्छ वातावरण मिल सके। सफाई के साथ.साथ सुंदरता भी हमारा लक्ष्य है। शहर वासियों से अनुरोध है कि अपने आसपास सफाई रखेंए पौधारोपण में भाग लें और वार्ड के विकास में सक्रिय सहयोग करें।

# मेधावी छात्र छात्राओं को मिला प्रतिभा सम्मान




**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक टीए एवं सीएसआर उत्पल दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे विशिष्ट अतिथि रहीं। सतीश मिश्रा, शैलेन्द्र भोई के निर्देशन में भिलाई विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक प्रदान की। अतिथियों का स्वागत मेधावी छात्र.छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस समारोह में संयंत्र के विभिन्न स्कूलों से चयनित कुल 21 मेधावी छात्र.छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में ईएमएमएस सेक्टर-9 से नुपुर कौमिक, आद्या कासलीवाल, तृप्ति साहू, अनुष्का, वैदिक साहू, राखी देशमुख, एंजेल पाल, कुम्बर भास्कर राव, ईएमएमएस सेक्टर.1 से एन. संध्या, मोईन खान, उजाला कुमारी, इ. नवीन, सुनिधि पाल, ईएमएमएस सेक्टर.6 से प्रथम पाटिल, मानस चंद्राकर, आर्याही चतुर्वेदी, गुंजन बाग, दक्ष कुमार, ईएमएमएस रुआबांधा से पूर्वी, अनुष्का विश्वकर्मा तथा ईएमएमएस सेक्टर.7 से खिलेश कुमार डेकाटे शामिल थे। नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने कहा कि सफ्लता संयोग से नहीं बल्कि कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है। उन्होंने इस अवसर पर सम्मानित हो रहे बच्चों की लगन और मेहनत की प्रशंसा की श्रीमती शिखा दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों के सार्थक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए पर्यावरण के प्रति सजग रहने का भी संदेश विद्यार्थियों को दिया। इसी अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। लगभग 210 छात्र.छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं के रंग बिखेरे थे। जिनमें से 18 विजयी प्रतिभाओं को मंच पर पुरस्कार प्रदान किए गए। इस भव्य आयोजन में प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार, प्राचार्या श्रीमती रूबी बर्मन रॉय, प्राचार्य विजय सिंह पवार, श्रीमती उर्वशी साहू सहित विभिन्न विद्यालयों के शाला प्रमुखगण भी उपस्थित रहे। प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार ने आभार ज्ञापन करते हुए

# सुरक्षा जूतों ने बचाई जान एक महत्वपूर्ण सबक

**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। हादसे के उस पल को याद करते हुए दानेंद्र कुमार बताते हैं मेरे दोनों पैर स्लैग में डूब गए थे और मेरे सेफ्टी शू पूरी तरह जल गए, लेकिन यही सेफ्टी शू मेरे लिए जीवनरक्षक साबित हुए। सेफ्टी शू के कारण मेरे पैरों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। अगर उस दिन मैंने सेफ्टी शू नहीं पहने होते, तो मेरे पैर उस हॉट स्लैग के संपर्क में आते ही किसी मोमबत्ती की भांति पिघल जाते और मैं हमेशा के लिए अपाहिज हो जाता। यह घटना सुरक्षा सामग्री के उपयोग की महत्ता को रेखांकित करती है, जो कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी के लिए अनिवार्य हैं। दानेंद्र की कहानी एक कड़वी सच्चाई के साथ यह संदेश देती है कि पीपीई सुरक्षा उपकरण संयंत्र में कार्यरत हर कार्मिक की व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी हैए प्रत्येक व्यक्ति उसका उपयोग करें और अपना जीवन सुरक्षित रखें। 14 अप्रैल को गंभीर रूप से झुलसे हुए पैरों के साथ दानेंद्र को तत्काल सेक्टर.9 अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया एवं बिना किसी देरी के उनका त्वरित रूप से इलाज प्रारंभ किया गया। यद्यपि उनकी चिकित्सा अभी भी जारी है, लेकिन वे जेएलएन अस्पताल कि सेवा से अभिभूत हैं। दानेंद्र भावुक होकर कहते हैं मैंने तो सोचा था मेरे दोनों पैर काट दिए जाएंगे और मैं अपाहिज हो जाऊंगा, लेकिन सेक्टर.9 अस्पताल के बर्न यूनिट के प्रमुख तथा सीएमओ डॉ उदय कुमार और उनकी टीम ने सही समय पर सही इलाज व ऑपरेशन आदि हरसंभव चिकित्सकीय सहायता व एक सहारा बनकर मेरे पैरों को बचा लियाए और आज मैं इस दुर्घटना से न केवल उबर चूका हूँ बल्कि सहारे के साथ चल पाने में सक्षम हूँ। दानेंद्र ने बर्न यूनिट के डॉक्टरो, नर्सों और समर्पित स्टाफ के सेवा भावना की सराहना की तथा कहा कि अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्था, समय पर ड्रेसिंग, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, पौष्टिक खानपान, हॉस्पिटल स्टाफ के व्यवहार ने इस कठिन परिस्थिति में उनके मनोबल को बढ़ाया।

# अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की प्रांत इकाई का गठन



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। कला, साहित्य एवं रंगमंच के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की प्रांत इकाई की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन संत गजानन मंदिर हुडको भिलाई में किया गया। सभा का मुख्य उद्देश्य पिछले वर्ष में हुए उत्सवों तथा गतिविधियों का विवरण सभा के सामने रखना तथा वर्ष 2025 से 2027 अर्थात दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी के गठन के साथ विधा विभाग संयोजक एवं उसकी टोली सदस्यों की नियुक्ति करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष कीर्ति व्यास तथा कार्यकारी अध्यक्ष अजय डांगे उपस्थित सभी सदस्यों के परिचय के बाद महामंत्री हेमंत सगदेव ने पिछले वर्ष अप्रेल 24 से मार्च 25 तक संस्था द्वारा मनाये गए उत्सवों नव संवत्सर, साधारण सभा, गुरु पूर्णिमा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रंगोली प्रशिक्षण व दीपावली मिलन, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती वर्ष पर दो समूहों में निबंध प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम तथा आर्थिक विवरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने उत्सवों के उद्येश्य और कैसे मनाया तथा संस्कार भारती संगठन के कार्यो तथा अपने अनुभवों को व्यक्त किया। नये अध्यक्ष का चुनांव हुआ। वरिष्ठ संगीतज्ञ व वायलिन वादक कीर्ति व्यास पुनः वर्ष 25.27 के लिए अध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष की अनुमति से नई कार्यकारीणी की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया अजय डांगे को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। साथ ही संस्था के संचालन हेतु विकास पांडे कोष प्रमुख, एम.आर. नायडू सह कोष प्रमुखस संजय तनखीवाले महामंत्री, आचार्य महेश चंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, कार्तिक भोसले उपाध्यक्ष, श्रीमती शशिकला नायडू उपाध्यक्ष, श्रीमती ज्योति शर्मा उपाध्यक्ष, श्रीमती वरदा जोशी उपाध्यक्ष, सिद्धेश नागले मंत्री, आई टीद्ध देवेंद्र श्रीवास्तव मंत्री, पराग भोसले मंत्री, श्रीमती ललेश्वरी साहू, मंत्री श्रीमती पल्लवी त्रिपाठी मंत्री, कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में हेमंत जगम, अभिषेक सपन, गौतम शील एव आशुतोष यादव को नियुक्त किया गया है। संस्कार भारती संस्था आठ कला विधाओं में कार्य करती है। जिससे समाज के विभिन्न वर्गों में कला के माध्यम से राष्ट्रभक्ति एवं योग्य संस्कार को प्रेषित किया जाए। साथ ही कलाओं के प्रशिक्षण के माध्यम से नवोदित कलाकारों को संस्कारवान बनाना एवं राष्ट्रस्तरीय मंच प्रदान करना है।

## निधन

### कुंती यादव

**थान खम्हरिया,** 06 जुलाई देशबन्धु। यादव पारा वार्ड क्रमांक 6 में निवासरत थी।



काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। पूर्व पार्षद महेश यादव की धर्मपत्नी थी। उम्र 62 वर्ष अपने पीछे तीन पुत्र शिक्षक ढाल सिंह यादव, जय यादव, सुशील यादव, भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है। अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया। भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और इस दुखद घड़ी में ईश्वर से परिवार को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### भुवन लाल साहू

**नवापारा राजिम ,** 06 जुलाई देशबन्धु। साहू समाज के



वरिष्ठ भुवनलाल साहू का आज रविवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास बगदेहीपारा से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें सामाजिकजनों सहित गणमान्य नागरिक शामिल थे। वे घनश्याम एवं लक्ष्मीचंद साहू के पिता थे।

### मनहरण पांडेय

**सिमगा ,** 06 जुलाई देशबन्धु। नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति मनहरण पांडेय का 70 वर्ष का रविवार को निधन हो गया है।



जिनका अंतिम संस्कार से आज सोमवार को रायपुर स्थित महादेव घाट स्थित मुक्ति धाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे नितिन पांडेय , नितेश पांडेय ( बालू ), मीता पांडेय ( पिंकी ) के पिता थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बिहार के मतदाताओं को अपनी...

*यह बात उच्चतम न्यायालय ने 1995 में अपने आदेश में कही थी। एक बार फिर केंद्रीय चुनाव आयोग वही गलती दोहरा रहा है। पूर्व संसदीय सचिव श्री जैन ने नाराजगी जाहिर करते कहा है कि आयोग रोज ही नए फरमान जारी कर रहा है। उन्होने बीएलओ समेत तमाम लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। इससे आरएसएस के लोगों की चुनाव आयोग में बैक डोर एन्ट्री के आरोप से बचा जा सकता है। साथ ही, बूथों में जिन तीन लाख स्वयं सेवकों की नियुक्ति की बात आयोग कर रहा है, वह भी जनता के सामने होगी। लोकतंत्र की स्थापना के लिए ही आयोग का गठन किया गया है, यह बात भी उसे साबित करना है।*

# शंकरा कालेज ने स्थापना दिवस पर दी व्हील चेयर

**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा गठित प्रेरणा शिक्षक संघ द्वारा महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन करते हुए भिलाई नगर स्टेशन को व्हील चेयर एवं सैनिक कल्याण कोष में सम्मान जनक राशि भेंट की। हमारे वीर सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इसके अतिरिक्त इस वर्ष भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से संपर्क करने पर पता चला छोटा स्टेशन होने की वजह से दिव्यांगजनों व वरिष्ठजनों की सुविधा हेतु कोई साधन उपलब्ध नहीं है। भिलाई नगर रेल्व`स्टेशन को व्हील चेयर भेंट दी गई। व्हील चेयर होने से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को रेल्वे स्टेशन पर आने-जाने में आसानी होगी। प्रेरणा शिक्षक संघ 2007 से प्रतिवर्ष महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर गरीबों, बुजुर्गों, समाज से उपेक्षित लोग या अन्य जरूरत मंदों की ही सेवा नहीं करता बल्कि पशु-पक्षियों की सेवा के लिए तत्पर रहता है। संघ द्वारा इससे पूर्व रेल्वे स्टेशन दुर्ग को भी व्हील चेयर भेंट दी गई थी। संध के संरक्षक डॉ जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय की गौरवपूर्ण परंपरा रही है कि हम शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें। सैनिक कल्याण के लिए सहयोग देना हमारा कर्तव्य है, जिससे देश की सुरक्षा में लगे वीर सैनिकों को सम्मान मिल सके। साथ ही रेलवे स्टेशन पर व्हील चेयर भेंट कर हम समाज के जरूरतमंद नागरिकों की सुविधा के लिए छोटा सा योगदान कर सके हैं। संघ के अध्यक्ष डा. अर्चना झा ने बताया कि यह प्रयास समाज में सहानुभूति और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है।

# 9 को देशव्यापी हड़ताल में निर्माण मजदूर होंगे शामिल

भिलाईनगर, 6 जुलाई (देशबन्धु)। श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल में छत्तीसगढ़ के निर्माण मजदूर भी शामिल होंगे।



राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष सुखरंजन नंदी एवं जिला अध्यक्ष कमल रॉय ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। नेताओं ने कहा कि श्रमिकों का शोषण और तीव्र होगा। मालिक, ठेकेदार को इसका लाभ मिल सकता है। श्रम कानूनों को समाप्त कर मजदूरों के अधिकारों पर हमला किया गया है। मजदूर नेताओं ने कहा कि सरकार कॉर्पोरेट घराने को ही लाभ पहुंचाने का काम कर रहा है। देश के श्रमिकों किसानों और दूसरे तबकों की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होते जा रही है। उन्होंने राज्य की सांय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये सरकार निर्माण मजदूरों के साथ छलावा कर रही है। सभी योजनाओं की राशि में कटौती, योजनाओं में कटौती कर निर्माण मजदूरों के हितों की योजनाओं पर कुठाराघात कर रही है। मजदूरों को यूनियन के संगठित होने से रोकने के लिए अलग अलग पैंतरा कर रही हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई को देश के मजदूर के हड़ताल के साथ छत्तीसगढ़ के निर्माण मजदूर भी शामिल होंगे। यह जानकारी श्रमिक नेता कमल रॉय ने लिखित जारी बयान में दी है

# राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव की सुगबुगाहट शुरू

दुर्ग, 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही दुर्ग जिला न्यायालय के गलियारे में अधिवक्ताओं के बीच गहमागहमी शुरू हो चुकी है। 1 अगस्त से 15 अगस्त तक नामांकन नामांकन पत्रों की जांच नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। 30 सितंबर को दुर्ग जिला न्यायालय में मतदान होगा उसके बाद मतपेटियां हाईकोर्ट बिलासपुर जायेगी, जहां मतगणना होगी। नामांकन पत्र भरने प्रत्याशियों को बिलासपुर ही जाना होगा। एक मतदाता को 25 प्रतिनिधि का चुनाव करना है। लगभग 9 वर्षो के बाद हो रहे राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। दुर्ग न्यायालय में कुल अधिवक्ताओं की संख्या 4 हजार है। इनमें से 25 सौ के आसपास अधिवक्ता मतदान की पात्रता रखते है। जिन अधिवक्ताओं के वकालत की प्रेक्टिस 7 वर्षो से ज्यादा हो चुकी है और राज्य अधिवक्ता परिषद में जिनका पंजीयन है वे ही मतदान के पात्र होगें। प्रदेश अधिवक्ता परिषद के चुनाव में 25 प्रतिनिधि चुने जायेगें। ये 25 निर्वाचित प्रतिनिधि ही एक मतदाता को कम से कम 5 प्रत्याशियों को वोट देना होगा तभी उसका वोट गणना में शामिल किया जायेगा अन्यथा निरस्त कर दिया जायेगा।

अभी तक राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

# किराना दुकानों में बिक रहा है अधिक कीमत में बीज, खाद व उर्वरक

## किसान परेशान, नहीं पहुंच पा रहे कृषि विभाग के अधिकारी सभी दुकानों तक



**कोण्डागांव** 06 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में बरसात षुरु होने के साथ ही किसान भी खेतीबाड़ी के कार्य में जोर-शोर से जुटे और खेत से लेकर बीज, खाद व उर्वरक के लिए दुकानों तक भागादौड़ी करते नजर आने लगे हैं। जो किसान पुर्व में कभी अपने ही उपजाए धान व मक्का की फसल से प्राप्त बीजों की बुआई और अपने पालतु पषुओं से प्राप्त गोबर के खाद का उपयोग करके फसल लगाया करते थे, उनमें से अधिकांष किसान अपने कम रकबा वाली खेतों से अधिक उपज पाने की उम्मीद में अब आधुनिक खेती की ओर अग्रसर होकर विभिन्न कम्पनियों द्वारा धान-मक्का आदि के तैयार हाइब्रिड बीजों, जैविक खादों के साथ-साथ अलग-अलग किस्म के उर्वरकों का बड़े पैमाने पर उपयोग करते दिख रहे हैं। लेकिन सरकारी समितियों (लैंप्स) में खाद-बीज की अनुपलब्धता से किसान निजी दुकानों पर निर्भर हो गए हैं।

किसानों की बढ़ती मांग को देखते हुए बाजार में पुरानी व विष्वसनीय कम्पनियों के साथ-साथ नए-नए कम्पनियों के द्वारा बीज, जैविक खाद व उर्वरक बिकते नजर आने लगे हैं। ऐसी कम्पनियों के उपरोक्त सभी तरह के उत्पाद गुणवत्तायुक्त हैं या नहीं ? को जाने बगैर किसान अधिकृत कृशि बीज, जैविक खाद व उर्वरक विक्रेता दुकानों से तो लेते ही हैं। इसके अतिरिक्त गांव-गांव में बिना अधिकृत दुकानों में विक्रय हेतु रखे गए बीज, जैविक खाद व उर्वरक को भी किसानों के द्वारा बिना गुणवत्ता परखे क्रय किया जा रहा है। वहीं जागरुक किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग की उदासीनता के कारण जिले में उर्वरक, खाद, बीज और कीटनाशकों की अधिकृत दुकानों के अलावा किराना दुकानों और हाट-बाजारों में बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र के किसान, हाईब्रिड बीज, जैविक खाद, उर्वरक आदि कृशि सामग्री की गुणवत्ता के बजाए चकाचौंध कर देने वाले पैकिंग से आकर्शित होकर और व्यापारी के झूठे दावों पर यकीन करके खरीद रहे हैं। यहां तक कि कई दुकानदार सीमावर्ती राज्य ओड़ीसा से उत्पाद मंगाकर लेम्प्स में बेचे जा रहे मूल्य से अधिक हैं। उत्पाद मानक है या अमानक इसकी पुष्टि करने वाला कोई नहीं है। बलदेव, संग्राम नेताम, मानसिंह सहित अन्य किसान ने दावा किया कई दुकानदार बिना लाइसेंस के ही उर्वरक और कीटनाशक बेच रहे हैं, ऐसे कृशि सामग्रियों की गुणवत्ता की जानकारी नहीं होने पर किसानों को उनकी मेहनत के मुताबिक लाभ नहीं होता और अंत में नुकसान उठाना पड़ता है, पुर्व के वर्शों में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। दिनेष एवं जयप्रकाष ने बताया कि सहकारी समितियों से तीन उर्वरक युरिया रु.266.5, ड़ी.ए.पी. रु.1350, इफ्को रु.1300 में तो वही प्राईवेट दुकानों में वही तीन उर्वरक युरिया रु.400 से अधिक, ड़ी.ए.पी. रु.1800 से अधिक, इफ्को रु.1500 में बिक रहा है।

जिले में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कुछ ही गिने-चुने दुकानों तक पहुंचकर औपचारिक कार्यवाही करते नजर आते हैं। व्यापक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं उठाया जा सका है। किसानों का आरोप है कि विभाग को अवैध दुकानों की जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं किए जाने से मिलीभगत की आषंका होती है। किसान, अवैध कारोबारियों और सहकारी समितियों से मिलने वाले दर से अधिक दर पर बेचे जा रहे दुकानों पर कार्यवाही करने की मांग भी कर रहे हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक माह जून तक उर्वरक के 36 और बीज के 43 सेंपल ही जांच के लिए लेब में भेजे गए हैं, जिसमें से 2 उर्वरक के सेंपल और 1 बीज सेंपल अमानक मिला है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाई जयंती



**बचेली** 6 जुलाई (देशबन्धु)। एक देश, एक निशान, एक प्रधान, एक संविधान का नारा देने वाले, भारतीय जन संघ के संस्थापक स्वश डाश श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म जयंती कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बड़ी आत्मीयता से मनाया गया। कार्यक्रम के तहत दिनांक 06.07.2025, रविवार को भाजपा बचेली मंडल में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, तथा दीन दयाल उपाध्याय जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष श्री अमलेंदु चक्रवर्ती, श्री ओम जैन जी, पार्षद श्री धनसिंह नाग, श्री हरीश शर्मा जी के द्वारा डाश श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों को बताया गया की कैसे उनके द्वारा कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया गया तथा कैसे भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी। वर्तमान मोदी सरकार द्वारा कश्मीर में धारा 370 हटा कर उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम में वक्ताओं के साथ मंडल महामंत्री श्री सुदीप्ता शेखर मंडल, श्रीमती झिलकी नाग, कोषाध्यक्ष श्री सूरज जायसवाल, दिव्यो दुर्गा, कुकु, मनोज सिंह, आनंद मौर्य,मनोज सिह, पुष्पा यादव, अरुणा टंडन, नीलिमा सरकार, राजकुमारी शिंदे , समेत युवा मोर्चा के अर्णब चक्रवर्ती, परदेसी बेमेल, दिलबर, शिप्रा विश्वास, रागिनी एवं अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कृषि विभाग द्वारा कृषि केन्द्रों का निरीक्षण, 3 केंद्रों को नोटिस जारी



**कोण्डागांव** 06 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार 05 जुलाई उप संचालक कृषि जिला कोण्डागांव डी.पी.तांडे और डी.के.शर्मा सहायक संचालक कृषि, आंनद राम नेताम निरीक्षक उर्वरक, बीज, पौध संरक्षण दवा द्वारा जुगानी कैम्प, विकास खण्ड फ़रसगांव में मंडल कृषि सेवा केन्द्र, आकाश कृषि सेवा केन्द्र एवं स्वास्तिक कृषि केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाक बुक, कैश मेमो निर्धारित प्रपत्र न होने और मूल्य सूची प्रदर्शित न होने व अन्य अनियमितताओं के कारण उक्त केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# भांसी आईटीआई में भावी मतदाताओं को मतदान के महत्व पर किया गया जागरूक

**दंतेवाड़ा** 06 जुलाई (देशबन्धु)। जिला दंतेवाड़ा के भांसी आईटीआई में 05 जुलाई 2025 को स्वीप (स्ङ्कश्वश्वक्क) कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भावी मतदाताओं—विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं—को मतदान के अधिकार और उसकी अहमियत के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, वोटर आईडी कार्ड बनवाने की जानकारी, और मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि लोकतंत्र की मज़बूती में प्रत्येक वोट की अहम भूमिका होती है और जागरूक मतदाता ही अच्छे शासन की नींव रखता है। इस अवसर पर युवाओं को यह प्रेरणा दी गई कि वे समय पर अपना वोटर आईडी बनवाएं और आगामी चुनावों में जिम्मेदार नागरिक की




भूमिका निभाते हुए मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि उनमें मतदान के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित करना था।

यह पहल युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करेगी और दंतेवाड़ा जिले में समावेशी एवं सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

# माटवाड़ा के पास नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरा, एंबुलेंस के साथ खुद भी जाम में फंसे थे विधायक विक्रम मंडावी

बीजापुर, 6 जुलाई (देशबन्धु)। इन दिनों पूरे बस्तर संभाग में झमाझम बरसात हो रही है। संभाग के बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में कुछ ज्यादा ही वर्षा हो रही है। लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। बीजापुर जिले में शनिवार आधी रात को तेज हवा के साथ बारिश होने से माटवाड़ा व बेचलर के बीच एक भारी भरकर पेड़ नेशनल हाईवे 63 पर गिर गया। पेड़ गिरने से आधी सड़क जाम हो गई। इस जाम में बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी भी फंस गए। सूत्रों ने बताया कि विधायक विक्रम मंडावी बीजापुर से परिवार सहित भैरमगढ़ के लिए रात में निकले थे। इनके पीछे जांगला से एक्सीडेंट में घायल ग्रामीण को लेकर एंबुलेंस भी चल रही थी वह एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। बरसते पानी में अपनी गाड़ी से नीचे उतरक विधायक विक्रम मंडावी एंबुलेंस के पास जा पहुंचे। उन्होंने मरीज और उनके परिजनों से हालचाल पूछा। भारी बारिश के बीच विधायक विक्रम मंडावी द्वारा भैरमगढ़ फोन लगाकर जेसीबी और युवा कार्यकर्ताओं को मौके बुलाया। लगभग तीन घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया जा सका। इसके बाद विधायक विक्रम मंडावी ने पहले एंबुलेंस को आगे बढ़ने दिया फिर खुद सपरिवार अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व इसी स्थान के आसपास नक्सलियों ने महाराष्ट्र के एक ट्रक में आगजनी कर दी थी। इस घटना ने लोगों नेशनल हाईवे से गुजरने पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। बावजूद विधायक विक्रम मंडवी ने अपनी जान की परवाह न कर घायल शख्स को लेकर जा रही एंबुलेंस की रवानगी पहले सुनिश्चित की। बीजापुर जिले में लगातार बारिश के संबंध में मौसम एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अरुण सकनी से जानकारी लेने बताया कि रुक रुक भारी बारिश हो रही है। जिले में अब 156 मिमी से ज्यादा बारिश होने अनुमान है। सही आंकड़े सोमवार को देने की बात कही।

# प्रेरणा पथ कार्यक्रम में अधिकारियों ने साझा किए सफलता के सूत्र



**कोण्डागांव** 06 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला प्रशासन द्वारा संचालित च्लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंगज्ज के अंतर्गत चल रही प्रतियोगी परीक्षाओं की मार्गदर्शन श्रृंखला च्प्रेरणा पथज्ज में 5 जुलाई को एक प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई एवं सहायक संचालक उत्तम महोबिया (जनजातीय कार्य विभाग) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों ने कोचिंग में अध्ययनरत अभ्यर्थियों से संवाद करते हुए न केवल उनकी तैयारियों का जायज़ा लिया, बल्कि आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक स्पष्ट रोडमैप भी प्रस्तुत किया। श्री भोई ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि च्स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासित दिनचर्या और सही मार्गदर्शन सफलता की कुंजी हैं। चुनौतियाँ होंगी, लेकिन समाधान के रास्ते भी सदैव खुले होते हैं। वहीं श्री महोबिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को बताया कि लक्षित अभ्यास, नियमित रिवीजन और आत्मविश्लेषण तैयारी को बेहतर बनाते हैं। दोनों अधिकारियों ने छात्रों से व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

इस संवादात्मक सत्र ने न केवल छात्रों की रणनीतियों को स्पष्ट किया, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी प्रतियोगी वातावरण के लिए सशक्त बनाया। च्प्रेरणा पथज्ज जैसे कार्यक्रमों से अभ्यर्थियों को दिशा ही नहीं, बल्कि सफलता का संबल भी मिल रहा है।

# विक्षा वेक ने नीट परीक्षा में हासिल की सफलता

### ◆आस्था विद्या मंदिर जावंगा की छात्रा ने जिले का बढ़ाया मान

**दंतेवाड़ा**।06 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के विकासखंड गीदम स्थित आस्था विद्या मंदिर, जावंगा की छात्रा विक्षा वेक ने वर्ष 2025 की राष्टीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में 337 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल संस्था के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।



जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा संचालित आस्था विद्या मंदिर, जावंगा की स्थापना नक्सल पीड़ित, अनाथ एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस संस्था में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा, आवास, भोजन तथा विशेष कोचिंग जैसे नीट और जेईई की तैयारी की सुविधा दी जाती है। विक्षा वेक ने इस संस्था में रहकर अध्ययन किया और कठोर परिश्रम तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण और उचित संसाधनों के साथ किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

विक्षा वेक का जन्म 11 जनवरी 2007 को ग्राम बड़े पनेड़ा, विकासखंड गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में हुआ। उनके पिता श्री रामलाल वेक एक कृषक हैं एवं माता श्रीमती बत्ती वेक गृहिणी हैं। विक्षा एक मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं। उन्हें आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल, जावंगा में कक्षा 12वीं तक नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। विज्ञान विषय में उनकी गहरी रुचि और उत्कृष्ट प्रतिभा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. अम्बस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम, सहायक परियोजना समन्वयक एवं नोडल अधिकारी राजेन्द्र पाण्डेय ने विक्षा वेक को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डॉ मुखर्जी की जयंती पर भाजपा दंतेवाड़ा उनकी जीवनी का स्मरण किया



**दंतेवाड़ा** 06 जुलाई (देशबन्धु)। 6 जुलाई को भारतीय जनसंघ के संस्थापक ,अखंड भारत के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर भाजपा दंतेवाड़ा मण्डल द्वारा भाजपा कार्यालय चितालंका में मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रहित में उनके योगदान का स्मरण किया गया 7 प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी ने मुखर्जी जी के द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के कल्पना के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किए संघर्षो को बताते हुए कहा कि एक देश मे दो संविधान,दो निशान,और दो प्रधान के विरोध में भारत देश के अभिन्न अंग कश्मीर में लागू परमिट सिस्टम को खत्म करवाने के लिए संघर्ष करते हुए श्यामाप्रसाद जी ने अपने प्राणों की आहुति दी थी 7 मुखर्जी जी के संघर्षो और कार्यो के कारण ही देश को कई टुकड़ों में विभाजित होने से बचाया जा सका है 7 भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रखर राष्ट्रवादी विचारों के बारे में विस्तार से चर्चा किया 7 इसके पश्चात मंडल अध्यक्ष जय भंसाली के नेतृत्व में एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के तहत कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया 7 जयंती कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी,धीरेन्द्र प्रताप,कमला विनय नाग,मुकेश शर्मा,श्रवण कड़ती,पायल गुप्ता,जय भंसाली,कैलाश गुप्त,कुलदीप ठाकुर,नीलम ठाकुर,राजेश बोरबन,तिलेस्वरी नागेश,लक्ष्मी यादव,सुरेंद्र भास्कर,लता मरकाम,कौशल्या ठाकुर, ट्विंकल आनंद,रति राम भास्कर,मुकुंद ठाकुर,साजन सिंह,निखिल नाग,भूपेंद्र ठाकुर,कमल ठाकुर,चंद्रकांत स्वाई,सोना मंडावी,बोटी मंडावी समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

**रोक** एन.एच.धसकने की आशंका को लेकर एक ओर की सड़क पर आवाजाही पर लगाया रोक

# राम मंदिर तालाब में एन.एच.-30 की ओर किया गया पीचिंग धंसा

**कोण्डागांव** 06 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोण्डागांव के मध्य से गुजरने वाली एन.एच.-30 के किनारे स्थित राम मंदिर तालाब का सौंदर्यीकरण करने के दौरान एन.एच.-30 की ओर किया गया पीचिंग विगत कई दिन पूर्व अचानक धंस गया, पीचिंग धंसने से सड़क के किनारे लगे विद्युत पोल भी उखड़ गया, दुर्घटना की आषंका के कारण विद्युत पोल को हटा दिया गया और पीचिंग के धसने के बाद भारी वाहनों की आवाजाही से एन.एच.-30 और अधिक क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए एक ओर के सड़क पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।



राम मंदिर तालाब में किए गए पीचिंग के धसने की घटना के घटित हुए काफी दिन बित चुके हैं, लेकिन एन.एच.-30 के नीचे का मिट्टी और अधिक न धसे और यातायात को बहाल किया जा सके की ओर न ही एन.एच. प्रषासन और न ही जिला प्रषासन कोई प्रयास करती नजर नहीं आ रही है, केवल एक ओर के सड़क को ब्लॉक कर दिया गया है। एक ही सड़क से वाहनों की आवाजाही होने से वाहन चालकों को परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है।लगभग दो करोड़ की लागत से राम मंदिर तालाब का कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान राम मंदिर तालाब के एन.एच.-30 की ओर किए गए पीचिंग के उपर बनाया गया रेलिंग के पहली ही बारिश में गिरने से निर्माण कार्य की पोल खुल गई।ज्ञात हो कि तालाब की रेलिंग टूटने की घटना का राजनीतिक दल से संबंधित व्यक्ति ने सोशल मीडिया (अपनी फेसबुक पेज) पर पोस्ट कर दिया। सोशल मीडिया में वायरल पोस्ट को लेकर दोनों ही बड़े राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया, वायरल पोस्ट को लेकर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिपेश अरोरा ने कमेंट में लिखा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुआ घटिया निर्माण कार्य बताते हुए जांच की मांग किया। वहीं कांग्रेस के नगर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने कमेंट में भाजपा शासन का निर्माण बताया और भाजपा से संबंधित व्यक्ति का कार्य होना बताया।

आखिरकार तालाब की मेड पर बनी पीचिंग धसने से रेलिंग गिरने की घटना की नगर में जमकर चर्चा हो रही है। लोगों का आरोप है विकास के नाम पर नगर में इसी तरह घटिया निर्माण हो रहा है, जो रेलिंग टूटने से सामने आया। इसे महज भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का नतीजा बताया जा रहा है। उनका कहना है कि नगर में हो रहे विकास कार्य राजनीति से परे जाकर किया जाना चाहिए और इस तरह गुणवत्ताहीन निर्माण करने वालों को चिन्हांकित कर तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि आगे भविष्य में इस तरह की घटना सामने न आए।

# रिश्ते की भतीजी से बलात्कार करने वाले आरोपी चाचा को 10 वर्ष का सश्रम करावास व 1000 के अर्थ दंड

**जगदलपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। रिश्ते का चाचा ने अपनी भतीजी का बलात्कार किया। जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष फास्ट्रेक कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। न्यायालय के विद्वान पीठासीन अधिकारी वंदना वर्मा द्वारा आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम करवास और ? 1000 का अर्थ दंड, अर्थ दंड नहीं पटाने पर 3 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। मामले का संक्षिप्त विवरण कुछ इस तरह से है। पीड़िता और उसके पति ग्राम पटना के एक करने कम पर गए हुए थे। वहां से लौटते समय अपने रिश्ते के चाचा आरोपी राजू उर्फ मंगल कुंजाम के घर पर रुके थे। रात में भोजन के बाद जब पीड़िता गहरी नींद में थी उस समय उसके रिश्ते का चाचा आरोपी राजू उर्फ मंगल कुंजाम उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। इस घटना की रिपोर्ट पीड़िता द्वारा थाना कोड़ेनार में मौखिक शिकायत की जिसके आधार पर थाना कोड़ेनार में धारा 64 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत दिनांक 6 अगस्त 2024 को मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और विवेचना पूर्ण कर एफटीसी कोर्ट के समक्ष अभियोजन पत्र प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश एफसी न्यायालय के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश वंदना वर्मा ने आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम करवास और ?1000 का अर्थ दंड,की सजा सुनाई। अर्थ दंड नहीं पटाने पर 3 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। शासन की ओर से विशेष लोक अभयोजक प्रीति वानखेड़े ने मामले की पैरवी की।

संपादकीय

## बच्चों की तरह पालें पेड़ों को

*राजधानी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल की शुरुआत हुई है जिस पर ईमानदारीपूर्वक अमल किया जाना चाहिये साथ ही इस योजना को प्रदेश भर में लागू करना चाहिये। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ऐलान किया है कि शासकीय अस्पतालों में जन्म लेने पर हर बच्चे के नाम पर माता-पिता को फलदार वृक्षों के पांच पौधे प्रदान किये जाएंगे। अभिभावकों से उम्मीद की जायेगी कि वे इन पौधों का अपने बच्चों की तरह ही पालन-पोषण करेंगे। बच्चे के दुनिया में आगमन को याद रखने का इससे बेहतर और कोई उपाय नहीं हो सकता। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होंगे, उनके आंगन में लगाये गये पेड़ भी बड़े होते जायेंगे जो स्वयं उनके तथा माता-पिता के लिये गौरव व खुशी की बात होगी।*

*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण को संरक्षित करने की इच्छा के अनुरूप यह जिला प्रशासन, वन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की मिली-जुली पहल है जिसे 'ग्रीन पालना अभियान' नाम दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण के अभियान से सामान्य जनता को भावनात्मक रूप से इससे जोड़ा जा सकेगा। माता-पिता पूरी कोशिश करेंगे कि जैसे वे अपने बच्चे के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रहने देंगे वैसे ही उन पौधों का भी संरक्षण कर उन्हें बड़ा करेंगे। इससे आने वाली पीढ़ियों में भी पर्यावरण के संवर्धन की भावना पहल जाग्रत होगी। बच्चे जब जानेंगे कि उनके घर-आंगन में लगाए गए पेड़-पौधों का सम्बन्ध उनके जन्म से है तो वे भी उनके संवर्धन में रुचि लेंगे।*

*कोशिश की जानी चाहिये कि सभी 5 पेड़ों को अभिभावक बड़ा करें। इसके लिये पौधों को पर्याप्त व समय पर पानी देने से लेकर उन्हें कीड़ों से बचाने तथा अन्य खाद भी दी जाये। आजकल छोटे से छोटे स्थानों में भी पेड़-पौधे लगाने सम्बन्धी जानकारी, मार्गदर्शन और सामग्रियां सहज उपलब्ध हैं। फलदार पौधों को केवल संरक्षित करने की ज़रूरत होती है। यदि घरों के बाहर उन्हें लगाया गया है तो देखना होगा कि मवेशी चर न जायें। सस्ते ट्री-गार्ड मिलते हैं। कुछ समय के बाद ये पौधे इतने बड़े हो जाते हैं कि उनके पत्तों या फलों तक मवेशी पहुंच नहीं पाते।*

*सरकार फलदार वृक्ष लगाने के कई तरह के प्रयास कर चुकी है जिनमें कुछ में कामयाबी मिली है तो कई अभियान अपेक्षित रूप से सफल नहीं हो पाये हैं। पर्यावरण के महत्व को सैद्धांतिक रूप से तो सभी जानते हैं लेकिन जनता का उनसे भावनात्मक सम्बन्ध नहीं बन पाता क्योंकि ऐसे ज्यादातर अभियान सरकार या स्थानीय निकाय चलाते हैं। जनसामान्य की उनमें सीधी भागीदारी नहीं होती। बच्चे के जन्म के साथ पौधारोपण लोगों को जुड़ाव के साथ गौरव और अपनत्व का एहसास कराएगा। राज्य के सभी जिलों में यह कार्यक्रम लागू किया जाना चाहिये। इससे प्रदेश की हरियाली में निश्चित रूप से इज़ाफ़ा होगा।*

उल्टा पुल्टा

पत्नी - मैं तुम्हें कितनी अच्छी लगती हूं?
पति - बहुत ज्यादा.
पत्नी - फिर भी बताओ कितनी ?
पति- इतनी कि मन करता है तुम्हारे जैसी एक और ले आऊं.

# भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नवा रायपुर का होगा सुनियोजित विकास : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने आवास एवं पर्यावरण विभाग की ली समीक्षा बैठक



**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में आवास एवं पर्यावरण विभाग के विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अतंर्गत संचालित कार्यो की जानकारी लेते हुए अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में वित्त एवं आवास पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सचिव आवास एवं पर्यावरण अंकित आंनद, एन आर डी ए के सी.ई.ओ चंदन कुमार, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त अवनीश शरण, रायपुर विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ. आकाश छिकारा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा रायपुर का सुव्यवस्थित विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। नवा रायपुर क्षेत्र में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुनियोजित विकास किया जायेगा। नवा रायपुर देश की सबसे आधुनिक व खुबसूरत राजधानी है। देश के आई.आई.एम., ट्रिपल आई.टी., नेशनल लॉ विश्वविद्यालय जैसे शीर्ष शिक्षण संस्थान यहां स्थापित किए गए हैं। भविष्य में नवा रायपुर में बसाहट और बढ़ेगी इसलिए यह आवश्यक है कि आगमी जरूरतों के हिसाब से यहां नागरिक सुविधाओं का भी विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भारत सरकार द्वारा परमालकसा - खरसिया नई रेलवे लाईन का निर्माण बलौदाबाजार जिले से होकर किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस रेल लाईन को नवा रायपुर से जोड़ने की मंशा जाहिर करते हुए कहा कि इससे नवा रायपुर में रेल सुविधाओं का विस्तार होगा और आम नागरिको को इसका लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री साय ने भारत माला परियोजना के अंतर्गत विशाखापट्टनम को जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे का निर्माण विकास के साथ आयात और निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु नवा रायपुर अटल नगर में एक लॉजिस्टीक हब की निर्माण आवश्यकता पर बल दिया। अधिकाारियों ने बाताया कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाले एक्सप्रेस-वे का निर्माण लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसके बनने से रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी 100 कि.मी. कम हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कि नई औद्योगिक नीति से बड़ी संख्या में निवेशक आकर्षित हो रहे है। इससे यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर क्षेत्र में ऑक्सीजोन निर्माण के अंतर्गत पीपल, बरगद, करंज, नीम, अशोक, अमलतास, गुलमोहर आदि पौधों के रोपण एवं ग्रोथ कि जानकारी ली। बैठक मे अधिकरियों ने बताया कि नवा रायपुर क्षेत्र में भविष्य में राज्य सरकार के विभिन्न आयोग-बोर्ड-निगम आदि के लिए आयोग बिडिंग कॉम्पलेक्स तैयार करने की योजना है। इसके अलावा काम-काजी महिलाओं के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टल, 100 बिस्तर अस्पताल, नवा रायपुर में एक और नवीन थाना की स्थापना का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा रायपुर क्षेत्र में नवीन भवनों के निर्माण के लिए आबंटित भू-खण्डों का समूचित उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री ने आवास एवं पर्यावरण विभाग के अंतर्गत शामिल - छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, नगर तथा ग्राम निवेश, छत्तीसगढ़ भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर विकास प्राधिकरण के काम-काज की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पुरुषों ने खेती का काम सम्हाला महिलाओं ने शराब दूकान विरोधी धरना



**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। खेती के इस व्यस्त मौसम में भी ग्राम खौली में शराब दूकान विरोधी धरना आज रविवार को 12 वें दिन भी जारी रहा। प्रस्तावित शराब दूकान के निरस्तीकरण आदेश की प्रतीक्षा में यह धरना जारी है। पुरूष वर्ग ने जहां खेती का काम सम्हाल रखा है वहीं महिलाये किसानी कार्य में सहयोग देने व घरेलू काम निपटा धरना का दायित्व सम्हाल रखा है।

ग्रामीणों द्वारा निविदा नहीं डालने के कारण आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली में जगह उपलब्ध नहीं हो पाने के चलते प्रशासन अभी तक शराब दूकान नहीं खोल पाया है। क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह के वादे के बाद भी प्रस्तावित शराब दूकान बंद करने का ?ादेश प्रशासन द्वारा अभी तक जारी नहीं किया गया है और आदेश के इन्तजार में ग्रामीण धरना जारी रखे हुये हैं।

इधर धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दोदेकला में शराब दूकान नहीं खुलने की घोषणा सार्वजनिक मंच से कर दी है। जबकि श्री गुरु ने इस संबंध में मिलने गये ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल को शराब दूकान नहीं खुलने देने का वादा कर अपना प्रतिनिधि खौली के धरनास्थल पर भेज अपने वादे से अवगत कराया था पर शासन - प्रशासन के रव्वैये से आशंकित ग्रामीण प्रस्तावित शराब दूकान के निरस्तीकरण आदेश की प्रतीक्षा में बतौर ऐहतियात धरना जारी रखे हुये हैं। सोमवार को ग्रामीण सभा की बैठक में आगामी रणनीति पर विचार किये जाने की संभावना है।

## शिविर में भाग लेने मुख्यमंत्री सहित कई नेता ट्रेन से रवाना

**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। मैनपाट में 7 जुलाई सोमवार से भाजपा का सबसे बड़ा प्रशिक्षण शिविर होने जा रहा है। पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी सांसद और विधायक शामिल होंगे। सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी समेत कई नेता आज रात में दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस से अंबिकापुर रवाना हुए जहां से मैनपाट प्रशिक्षण स्थल जाएंगे।



मैनपाट रवाना होने से पहले रेलवे स्टेशन पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, मैनपाट में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन है।तीन दिन तक प्रशिक्षण शिविर चलेगा।भाजपा राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करेंगे. तीन दिन विभिन्न विषयों पर व्याख्यान होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समापन कार्यक्रम में आएंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बीएल संतोष के साथ विषय विशेषज्ञ भी आएंगे। प्रशिक्षण शिविर से विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहयोग मिलेगा। साय ने कहा, ट्रेन की यात्रा हमेशा स्मृतियों को ताजा कर देती है।

## बारिश ने राजधानी को किया तरबतर

### निचले इलाकों में घुसा पानी, खारून का बढ़ा जल स्तर





**रायपुर**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत कई इलाकों में आज सुबह से ही बारिश हो रही है। बारिश ने मौसम में ठंडक पैदा कर दी है और नदी.नाले अब उफान पर आ गए हैं। वहीं शहर की नीचली बस्तियों प्रोफेसर कालोनी, वीरभद्र नगर, हनुमान नगर में पानी घुसने की खबर है जबकि प्रदेश भर में हो रही बारिश के चलते महानदी उफान पर है जिसके चलते खारून नदी का जल स्तर भी बढ़ गया है। बारिश का मजा लेने और पानी का बहाव देखने खारून तट पर लोग जमा हो रहे हैं। जबकि रविवार की छुट्टी के चलते पानी के कारण आज अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे। पानी से हालांकि जन जीवन प्रभावित होने की खबर नहीं है साथ ही मौसम में ठंडकता आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने प्रदेश में भारी बारिश जा चेतावनी जारी किया है।

राजधानी मे सुबह से हो रही बारिश से सड़कों में पानी भर गया है जिससे आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार का दिन होने का यातायात में जाम जैसी स्थिाति निर्मित नही हो पाई। सुबह से हो रही बारिश से नाले नालियों में पानी भर गया जिससे उसमें भरा कचरा नालियों के बाहर आ गया इससे बदबू फैली रही। हर वर्ष बारिश से पहले नाले नालियों के लिए सफाई अभियान चलाया जाता है लेकिन यह सफाई आज की हुई बारिश से खुलकर सामने आ गया।

प्रदेश के 33 जिलों के लिए अलर्ट जारी-मौसम विभाग ने प्रदेश के 33 जिलों में भारी बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इसमें 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और बाकी क्षेत्रों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। जांजगीर.चांपा, रायगढ़,कोरबा,जशपुर, गौरेला.पेंड्रा.मरवाही, सूरजपुरए बलरामपुर, कोरिया,सरगुजा जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज गरज.चमक के साथ मध्यम बारिश हो सकती हैं।

**प्रदेश में अब तक 255.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज**

छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 255.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 427.4 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 84.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 228.4 मि.मी., सूरजपुर में 272.4 मि.मी., जशपुर में 393.9 मि.मी., कोरिया में 336.4 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 242.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 418.9 मि.मी., बलौदाबाजार में 202.0 मि.मी., गरियाबंद में 211.5 मि.मी., महासमुंद में 199.5 मि.मी. और धमतरी में 193.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 188.4 मि.मी., मुंगेली में 222.8 मि.मी., रायगढ़ में 417.1 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 297.4 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 323.0 मि.मी., सक्ती में 298.8 मि.मी. कोरबा में 325.3 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 238.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 121.2 मि.मी., कबीरधाम में 143.9 मि.मी., राजनांदगांव में 109.2 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 295.3 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 132.8 मि.मी., बालोद में 171.5 मि.मी. और बस्तर जिले में 394.8 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 229.3 मि.मी., कांकेर में 266.4 मि.मी., नारायणपुर में 267.2 मि.मी., दंतेवाड़ा में 368.2 मि.मी. और सुकमा में 179.1 मि.मी. और बीजपुर जिले में 398.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।







# धारा 370 की समाप्ति से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार:बृजमोहन

◆ डॉ मुखर्जी थे आजाद भारत के पहले शहीद- रमेश ठाकुर

◆ अखंड भारत के महामना थे श्यामा प्रसाद जी-पुरंदर मिश्रा



**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांसुमन अर्पित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35ए समाप्त कर के डॉ मुखर्जी के सपने को साकार करने का उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ मुखर्जी भारत को जिस स्वरूप देखना चाहते थे मोदी जी ने उन्हें समर्पित किया है। जब से जनसंघ बना और भाजपा तक लंबा सफ़र चला । भाजपा का यही संकल्प रहा की जम्मू- कश्मीर से धारा 370 हटाया जाय । और मोदी सरकार ने उसे कर दिखाया । देश की जनता ने भाजपा को इसी बात के लिए जनादेश दिया था । मोदी जी उस जनादेश के पालन किया। अब तो भारत इस यह देख रहा है की कब पीओके भी भारत में शामिल हो जाय । इस आशय का उद्घोष भी देश के रक्षामंत्री राजनाथ के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत हो चुका है । और भारत पीओके लेकर रहेगा । तब जाकर डॉ मुखर्जी जी को पूर्ण श्रद्धांजलि समर्पित होगी ।

भाजपा कार्यालय में डॉ मुखर्जी की जयंती पर अपने संबोधन में रायपुर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा की आजाद भारत के पहले शहीद थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी। जिन्होंने देश की लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए, नेहरू के तुष्टिकरण नीति का विरोध करते हुए बिना परमिट के कश्मीर घाटी में जनसंघ के कार्यकर्ताओं व देशवासियों के साथ प्रवेश किया। रावी नदी के तट पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला ने डॉ मुखर्जी को गिरफ्तार करने का हुकुम सुना दिया। चूँकि उस समय कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता होती थी जिसका विरोध डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कर रहे थे । और उन्होंने बिना परमिट के कश्मीर में प्रवेश का निर्णय किया परिणाम स्वरूप उनकी गिफ्तारी हुई और उन्हें अज्ञात स्थान पर क़ैद कर दिया गया जिसकी जानकारी अब्दुल्ला और नेहरू के अलावा किसी को नहीं थी । कुछ ही दिनों पश्चात असामान्य परिस्थितियों में उनका निधन हो गया । डॉ मुखर्जी प्रख्यात शिक्षाविद, बैरिस्टर और कोलकाता विश्वविद्यालय के उपकुलपति थे । नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री थे इसके बावजूद उन्होंने राष्ट्रवाद का राह चुना। नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया।और राष्ट्र के लिए स्वयं को कुर्बान कर दिया । इस लिए देश उन्हें आजाद भारत के पहले शहीद के रूप में सम्मान देता हैं। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा की अखंड भारत के प्रणेता थे श्यामाप्रसाद जी जिनके पदचिह्नों पर चलकर भाजपा का हर कार्यकर्ता गौरवान्वित है।

## गुरु नहीं तो जीवन शुरू नहीं

# जिनदत्त सूरि ने लाखों का जीवन बदला



**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरि जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में प्रथम दादागुरुदेव श्री जिनदत्त सूरि जी की 871 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई । प्रात: से ही सैकड़ों बच्चों व भाई बहनों ने दादागुरुदेव श्री जिनदत्त सूरि जी की प्रतिमा के सम्मुख इक्तिसा जाप किया व गुरूदेव का गुणानुवाद किया गया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि एक लाख तीस हज़ार अजैनों को जैन बनाने वाले एकावतारी युगप्रधान दादागुरुदेव श्री जिनदत्त सूरीश्वर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दादागुरुदेव का इक्तिसा जाप भक्ति भाव से किया गया । प्रथम दादागुरुदेव श्री जिनदत्त सूरि जी की गुणानुवाद सभा में अध्यक्ष संतोष बैद ने कहा कि 12 वीं शताब्दी में जब भारत में मुगल साम्राज्य द्वारा मंदिर व मूर्तियों को खंडित किया जा रहा था उस समय सुप्रसिद्ध जैन आचार्य श्री जिनदत्त सूरि जी ने अपने तपोबल व साधना से धर्म की रक्षा की । एक समय उज्जैन में उनके प्रवचन के समय 64 योगनियां श्राविका का रूप कर दादा जिनदत्त सूरी को कपट पूर्वक तंग करने आई जिसे अपने दिव्य ज्ञान से जानकर उन्हें मंत्र बल से उनके आसन में ही स्तंभित कर दिया जिससे 64 योगनियों ने नतमस्तक होकर आचार्य श्री को 7 वरदान दिए तथा सदैव उनकी आज्ञा पालन का वचन दिया वही अपनी साधना से 52 व्यंतर देव को भी सिद्ध किया तथा इन सभी सिद्धियों का जनहित में प्रयोग कर मुगल बादशाह को प्रभावित किया एक बार नगर में चतुर्मास प्रवेश के समय मुगल बादशाह के पुत्र कि घोड़े से गिरकर मृत्यु को हो गई तब आचार्य श्री ने बादशाह के पुत्र को अपने सिद्धिबल से व्यंतरदेव को उनके शरीर में प्रवेश करा कर जीवित कर दिया तथा बादशाह ने पुत्र के जीवित हो जाने की खुशी में अपने राज्य में दादा श्री जिन्दत सूरी के उपदेश से सभी मंदिर मूर्तियों को खंडित नहीं करने का आदेश जारी कर दिया दादा श्री ने साढ़े तीन करोड़ माया बिज मंत्रो को सिद्ध किया, उज्जैन में वज्र स्तंभ मंत्र युक्त ग्रंथ रखे थे जिन्हे निकालने में कोई भी समर्थ नहीं था जिसे उन्होंने अपने सिद्धि बाल से निकाला अजमेर में जैन प्रतिक्रमण में शाम को बिजली का प्रकोप हुआ अनेक धर्म प्रेमी को बचाने बिजली को अपने पात्र में स्तंभित कर दिया तब विद्युत देवी ने वरदान दिया की जिनदत्त सूरी की आन है कहने से विद्युत प्रकोप नही होगा प्रथम दादा श्री के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी में आयोजित स्वर्गारोहण महोत्सव की गुणानूवाद सभा में ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने आगे कहा की प्रथम दादा को युग प्रधान की उपाधि नागदेव श्रावक को अम्बा देवी के हथेली में स्वर्ण संदेश लिखा जिसे कोई भी आचार्य नही पढ़ पाया तब आचार्य श्री के मंत्रित वासक्षेप डालकर अपने शिष्य से पढ़वाया उस श्लोक में देवी ने लिखा था ।

# नया रायपुर में खुलेगा बॉम्बे हॉस्पिटल

## ग्राम तेंदुआ में 5 एकड़ जमीन आबंटित की गई

**रायपुर,** 6 जुलाई। देश के शीर्षस्थ हॉस्पिटल समूहों में से एक बाम्बे हॉस्पिटल नवा रायपुर में खुलने जा रहा है। इस कड़ी में बाम्बे हॉस्पिटल समूह को तेंदुआ में 5 एकड़ जमीन आबंटित कर दी गई है। बताया गया कि बाम्बे हॉस्पिटल समूह के प्रबंधकों की पिछले दिनों राज्य सरकार के अफसरों के साथ बैठक हुई थी। सरकार नवा रायपुर में शीर्षस्थ हॉस्पिटल समूह को लाने के लिए प्रयासरत रही है। कई समूहों से चर्चा हुई थी, लेकिन बाम्बे हॉस्पिटल के साथ चर्चा में सहमति बन गई है।

हॉस्पिटल समूह के लिए नवा रायपुर के तेंदुआ गांव में जमीन आरक्षित थी। जमीन बाम्बे हॉस्पिटल समूह को आबंटित कर दी गई है। इसके लिए टेंडर आदि प्रक्रिया पूरी की गई है। जमीन की रजिस्ट्री होना बाकी है। बाम्बे हॉस्पिटल अगले तीन साल के भीतर नवा रायपुर में स्थापित हो जाएगा। इससे पहले दिल्ली में मेदांता समूह के चेयरमेन डॉ. नरेश त्रेहान की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा हुई थी। उन्होंने भी छत्तीसगढ़ में अस्पताल स्थापित करने के लिए सहमति दी है।

### निगम-आयोगों के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग

नवा रायपुर में निगम-आयोगों के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग बनाने का भी प्रस्ताव है। अब तक 36 निगम मंडलों, और आयोगों में नियुक्तियां हो चुकी है। कई के लिए जगह उपलब्ध नहीं है। हालांकि ज्यादातर को नवा रायपुर के सीबीडी बिल्डिंग में जगह दी गई है। सीबीडी बिल्डिंग में मार्कफेड के साथ-साथ नागरिक आपूर्ति निगम, और मंडी बोर्ड सहित कई संस्थानों को जगह दी जा चुकी है। इन सबके बावजूद नवा रायपुर में निगम-आयोगों के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस सिलसिले में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ बैठक भी हुई है। इसमें एक ही जगह पर सभी निगम मंडलों को लाने के लिए सहमति बनी है। इसके लिए कम्पोजिट बिल्डिंग बनाने की योजना है।

## 12 से स्कूल सफाई कर्मियों की पदयात्रा

# स्कूल सफाई कर्मचारी संघ 16 को मुख्यमंत्री को सौपेगा मांगो का ज्ञापन

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सरकारी स्कूलों में कार्यरत सफाई कर्मचारी संघ का प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर कलेक्टर पार्क में 6 जुलाई दिन रविवार को संपन्न हुआ। संघ में 43301 कर्मचारी है जो कि पिछले 15 वर्षों से कलेक्टर दर की वेतन भुगतान मांग कर रहे हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने 50त्न वेतन वृद्धि का वादा किया था अथवा पूर्णकालिन करने का मौखिक रूप से आश्वासन भी दिया था। परंतु छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार को लगभग 20 माह बीत जाने के बाद भी संघ की मांगे पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों में सरकार के प्रति आक्रोश है। कर्मचारी संघ की मांगे पूरी नहीं होने पर 2 जून को ब्लॉक मुख्यालय, 6 जून को जिला मुख्यालय और 10 जून को प्रदेश मुख्यालय रायपुर तूता में धरना प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री जी के नाम पर ज्ञापन सौपा गया था उसके बाद भी सरकार के द्वारा संज्ञान में नहीं लिए जाने पर 15 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। संघ की मांगों को पूरा किए जाने को लेकर लंबे समय से ज्ञापन देते आ रहे हैं। अथवा भारतीय जनता पार्टी के विधायक व जनप्रतिनिधि के माध्यम से मंगो के संबंध में सकारात्मक पहल के लिए गुहार भी लगाई जा रही है परंतु सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण प्रदेश भर के कर्मचारी 12 जूलाई से सभी संभाग मुख्यालय से पदयात्रा करते हुए 16 जुलाई को रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उसके बाद भी मांगों को संज्ञान में नहीं लिए जाने पर रायपुर तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अनुसूईया सोनवानी, रायपुर संभाग अध्यक्ष श्याम रतन सागर, प्रदेश कोषा अध्यक्ष पुनेश्वर लहरें, प्रदेश सचिव भीम कुमार पटेला, सरगुजा संभाग अध्यक्ष दुलारचंद कश्यप, मोहित कोसरिया, देवेंद्र यादव, सुखचरण साहू, अशोक मंडले चेतराम धुर्वे संतोष नवरंग मन्नू सिंह राजू बघेल संतोष बंदे, मालिक राम गायकवाड बस्तर सरगुजा से सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी शामिल हुए है।

# रायपुर सराफा एसोसिएशन के भंसाली बने निर्विरोध अध्यक्ष

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर सराफा एसोसिएशन की आमसभा रविवार को आयोजित की गई थी। जिसमें आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल हेतु नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। आमसभा में चुनाव प्रक्रिया करने नरेंद्र दुग्गड को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। सहयोग के लिए प्रकाश गोलछा ने प्रक्रिया प्रारंभ किया। सर्वप्रथम अध्यक्ष पद हेतु हरखचंद मालू, संजय कानूगा, अशोक गोलछा, उत्तम गोलछा का नाम सभा से प्रस्तावित हुआ। वरिष्ठ जनों के व्दारा आपसी सहमति का प्रयास किया गया।उसमें सफलता प्राप्त हुई। पूर्व में आए अध्यक्ष पद के दावेदारों ने धरमचंद भंसाली के नाम पर सहमति जताई और अपने नाम वापस ले लिया।चुनाव अधिकारी नरेंद्र दुग्गड व प्रकाश गोलछा ने आम सभा की सर्वसम्मति से धरम चंद भंसाली को अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की घोषणा की। उन्हें अपने अनुसार उपाध्यक्ष सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति करने का अधिकार दिया।



इसके पूर्व आमसभा का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन हुआ। सचिव प्रतिवेदन दीपचंद कोटडिया व्दारा पठन किया गया। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा व्दारा आया व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सभा को अध्यक्ष सुरेश भंसाली, शिवराज भंसाली, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा, उत्तमचंद गोलछा, संजय कानूगा ने संबोधित किया।

# देश में वन नेशन वन पेंशन योजना लागू करने की मांग

## प्रधानमंत्री को ज्ञापन देंगे

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के गत दिनों नासिक महाराष्ट्र के राष्ट्रीय पदाधिकारी के बैठक में लिए गए निर्णय के तहत देश में च्वन नेशन वन पेंशनज्ज योजना लागू करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन देंगे। इस मांग के पूरा होने से एनपीएस-यूपीएस के विवाद भी सुलझने की पूरी संभावना है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकार से इस मांग पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है। जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश रायपुर संभाग के अध्यक्ष प्रवीण कुमार त्रिवेदी ने बताया है कि इस मांग को नासिक महाराष्ट्र की राष्ट्रीय बैठक के मांग सत्र में छत्तीसगढ़ की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री तथा प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने सदन में प्रस्तुत किया।जिसे देश भर से आए महासंघ के पदाधिकारियों ने सहमति देते हुए सर्व सम्मति से इसे पेंशनर्स महासंघ के डिमांड चार्ट में शामिल करने का निर्णय लिया ।

# जामगांव में महामाया मंदिर में वृहद वृक्षारोपण

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। महामाया मंदिर सार्वजनिक न्यास समिति द्वारा जामगांव (एम) में आज रविवार को दोपहर 12 बजे विशाल वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। न्यास समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक एवं मंदिर व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा ने बताया है कि जामगांव में हजारों की संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों व मंदिर के कर्मचारी, कार्यकर्ताओं न्यासियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। न्यास समिति ने देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर एक वृक्ष मां भगवती के नाम पर एवं एक वृक्ष अपनों के नाम पर रोपित किया गया। महामाया मंदिर न्यास समिति हमेशा श्रद्धालुओं के जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, समेत अपने पूर्वजों के नाम पर यादगार बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण का कार्यक्रम करती है। रविवार को प्रात: 10 बजे मंदिर प्रांगण पुरानी बस्ती से जामगांव के लिए पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने प्रस्थान किया। न्यास समिति के ग्राम व्यवस्थापक कुंज लाल यदु, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य कृपाराम यादव, विजय शंकर अग्रवाल उपेंद्र कुमार शुक्ला, सूरज फुटान, शिबू बिहारी शुक्ला, मनोज शुक्ला आचार्य समलेश्वरी मंदिर, भावेश शुक्ला, खगेश देवांगन, श्रीराम अग्रवाल,डां लीना तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, मदन, भक्कू, कांति अग्रवाल,सहित, जामगांव (एम) के सरपंच तुलसी सिन्हा, दरोगा संतराम चन्द्राकर, शैलेन्द्र शर्मा, आदि ने प्रकृति का श्रृंगार बना रहे, वही छत्तीसगढ़ की जनता का स्वस्थ स्वस्थ मस्त रहे एवं माता के आशीर्वाद से सभी दीर्घायु रहे। मंदिर के पूर्व सचिव स्वर्गीय ललित कुमार तिवारी एवं स्व आनंद शर्मा अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष सहित अनेक दिवंगत न्यासियों, पुजारियों के परिजनों ने भी वृक्षारोपण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा उनकी स्मृति में अनेक वृक्ष आरोपित किये।



# दीपिंदर कौर ने रोटरी क्लब रायपुर की कमान संभाली

रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर चेंस का अध्यक्षीय अधिष्ठापन समारोह एक निजी होटल भव्यता एवं गरिमा के साथ हुआ। इस अवसर पर क्लब की नई अध्यक्ष रोटेरियन दीपिंदर कौर रहल ने वर्ष 2025-26 के लिए पदभार ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल एवं प्रथम महिला रोटेरियन पल्लवी जायसवाल रहे। मंच पर सहायक गवर्नर रोटेरियन मयंक रोजिन्दर, डिस्ट्रिक्ट सचिव रोटेरियन सोमनाथ अग्रवाल, और रायपुर के कई वरिष्ठ रोटेरियंस उपस्थित रहे। रोटेरियन दीपिंदर कौर ने अपने संबोधन में क्लब से 12 वर्षों के जुड़ाव को साझा किया।उन्होंने कहा कि रोटरी सिर्फ सेवा नहीं, उनके लिए एक परिवार है। उन्होंने क्लब की पूर्व अध्यक्षों, सचिवों एवं सभी मार्गदर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समारोह की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही क्लब द्वारा ?21,000/- की राशि रोटरी फाउंडेशन को भेंट स्वरूप दी गई। क्लब द्वारा एक बालिका कु. मोक्षिका ठाकुरज्ज को गोद लिया गया है। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक की शिक्षा का संपूर्ण उत्तरदायित्व क्लब द्वारा उठाया जाएगा। बालिका की वार्षिक फीस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल एवं प्रथम महिला द्वारा भेंट की गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल ने रोटरी की सेवा सर्वोपरि भावना पर जोर देते हुए सभी सदस्यों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित कार्यकारिणी एवं निदेशक मंडल का भी औपचारिक परिचय कराया गया।



# युवक ने की अपने ही मित्र का हत्या सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा

नर्सरी में मिली थी लाश

**रायपुर 6 जुलाई देशबन्धु।** 9 अप्रैल 2024 को थाना उरला निवासी आरोपी रूपेश कुमार उर्फ भोला ने अपने दोस्त विजय यादव की धारदार हथियार से हत्या कर शव को हीरा गुप्र की नर्सरी की झाड़ियों में फेंक दिया था इस मामले की अंतिम सुनवाई में विशेष न्यायाधीश सीबीआई ने साक्ष्यों के आधार पर हत्यारे दोस्त रूपेश कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है 1000 रुपए अर्थदंड नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा है अतिरिक्त लोक अभियोजक बसंत गोंड ने कोर्ट को बताया कि आरोपी रूपेश कुमार उर्फ भोला ने विजय यादव को सुनियोजित तरीके से राजेन्द्र नगर स्थित स्कूल के पास बुलाकर धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी हत्या करने के बाद हीरा गुप्र की नर्सरी की झाड़ियों में शव को फेंक दिया आरोपी रूपेश बिहार के जिला मोतिहारी का निवासी है उरला में किराये के मकान में रहता था वहीं उसकी दोस्ती विजय यादव से हुई दोस्ती के कारण उसने रूपेश को किराना दुकान से उधारी में सामान दिलवाया उधारी का पैसा नहीं देने पर वह किसी के भी सामने बार.बार टोकता था ।

# बीईसी कंपनी समझौते के बाद भी नहीं दे रही बकाया राशि त्रिपक्षीय समझौता लागू

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, उरला, रायपुर, प्रबंधन द्वारा 23.जुलाई 2012 में दी गई सहमति के बाद भी आज तक प्रेमलाल साहू को समान मासिक वेतन एवं बैकवेजेश की राशि नहीं दी जा रही है। पूर्व में हुए त्रिपक्षीय समझौता को आज तक श्रमायुक्त लागू नहीं करा पाए है। प्रेमलाल साहू भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, उरला, रायपुर फैक्ट्री में इलेक्ट्रीशियन पद पर 2 अगस्त 2003 से आज तक कार्यरत है। वर्ष 2007 में नौकरी से निकाले जाने उपरांत प्रबंधन द्वारा सहायक श्रमायुक्त के समझ 23 जुलाई 2012 को दी गई सहमति का उल्लंघन कर प्रति माह लगभग 5 हजार रूपये मासिक वेतन कम दिया जा रहा है। इस कारण परिवार का भरण पोषण करने में परेशानी हो रही है। आर्थिक व मानसिक स्थिति कमजोर हो गई है।

आवेदक के पैतृक कृषि भूमि को शासन द्वारा वर्ष 1982-83 में अधिग्रहण कर औद्योगिक प्रयोजन हेतु कृषि भूमि निकाले गये है। उसके एवज में परिवार के एक सदस्य को नियमित नौकरी देने म.प्र. शासन और बी. ई सी. प्रबंधन के मध्य करार हुआ था। वर्ष 2007 अगस्त माह में नियमितीकरण की मांग पर उन्हें सेवा मुक्त कर दिया गया था।, छग शासन द्वारा कार्यवाही करने पर 5 अगस्त 2013 को पुन: बहाल हुआ।सहायक श्रमायुक्त कार्यालय समक्ष प्रबंधन द्वारा पुन: बहाल करने एवं कार्यरत साथी के समान मासिक वेतन देने सहमति दी गई, परन्तु प्रबंधन द्वारा सहमति का उल्लंघन कर समान वेतन नही दिया जा रहा है।

श्रम न्यायालय रायपुर के समक्ष 8 अप्रैल2015 उप श्रम निरीक्षक एन. के मरकाम द्वारा अपील की गई। न्यायालय द्वारा उभय पक्षो की गवाही दर्ज की गई। तर्क दिनांक को प्रकरण को आगे नही चलाने का निवेदन कर 20 जुलाई 2017 को खारिज करवा दी गई।

उप श्रमायुक्त डी.पी. तिवारी नवा रायपुर द्वारा सहमति का पालन करवाकर प्रबंधन से मेरे बकाया राशि नही दिलाई गई। जबकि वर्ष 2013 अगस्त में सहायक श्रमायुक्त रायपुर में पदस्थ थे। उनके समक्ष बनी सहमति अनुसार पुन बहाल 5 अगस्त 2013 को हुआ हूं उन्हीं के द्वारा पूर्व में हुई (समझौता) सहमति में स्टाप/सेटलमेंट नहीं लगाया बताकर धारा-33 (सी) को खारिज कर दी गई। इस मामले में मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री, क्षेत्रीय विधायक,कलेक्टर से गुहार लगाई गई परन्तु सहायक श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा यह जानकारी दी जा रही है कि कोर्ट में अपील करने आदेशित किया जा रहा है। परन्तु प्रबंधन को आदेशित नहीं किया जा रहा है। प्रेमलाल साहू ने शासन प्रशासन से बकाया राशि दिलाने मांग की है।

# समूह बनाकर महिलाओं से धोखाधड़ी

## कई के महिलाओं केनाम से लिया लोन एफआईआर आरोपी महिला गिरफ्तार

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर में समूह बनाकर महिलाओं को ठग लिया गया। कई महिलाओं के नाम पर लोन ले लिया गया। इसके बाद लोन नहीं चुकाया। बैंक से नोटिस पहुंचने पर पीड़ित महिलाओं को पता चला। इसकी शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज उसे हिरासत में लेकर जेल दाखिल कर दिया है।

### कई महिलाओं से ठगी

पुलिस के मुताबिक रेलवे क्रॉसिंग भाठापारा जोरा निवासी सरस्वती कुर्रे की पड़ोसन लालिमा मैथ्यू ने कृषक नगर जोरा महिला समूह बनाया। इसमें करीब 60 महिलाओं को जोड़ा गया। इसके जरिए लालिमा समूह की जरूरतमंद महिलाओं को भारत फायनेंस बैंक से लोन दिलाती थी। समय पर लोन चुकाने वालों को बैंक की ओर से 6 माह बाद फिर लोन दिया जाता था। सरस्वती को भी लालिमा ने बैंक से लोन दिलाया था। उसने लोन की राशि पूरा चुका दिया तो दूसरा लोन भी स्वीकृत हुआ। इस तरह उसने 7 लोन लिया। सभी चुका दिया। इस कारण आठवां लोन भी स्वीकृत हुआ जिसे सरस्वती ने नहीं लिया। इस लोन 58 हजार 640 रुपए को लालिमा ने ले लिया। इसके बाद एक और लोन 70 हजार 780 रुपए को भी लालिमा ने ले लिया। बाद में उन्होंने लोन की किस्त जमा नहीं की। बैंक ने सरस्वती को नोटिस जारी किया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने लालिमा के खिलाफ केस दर्ज करते हुए आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायलय में पेश किया जहां उसे न्यायकि हिरासत में जेल भेज दिया गया हैं।




# मरीन ड्राइव में व्यवसायीकरण के खिलाफ स्थानीय निवासी आक्रोशित, चम्मच-थाली बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर का तेलीबांधा तालाब जिसे स्थानीय निवासी मरीन ड्राइव कहते हैं, उसके चारों तरफ पूर्ण व्यवसायी करण हो चुका है. स्प्री फूड लैब्स, स्प्री वॉक और प्राइम जिम, यूएनए रेस्टोरेंट और पार्किंग समेत कई चीजें यहां खुल चुकी है।लगातार बढ़ रहे व्यवसायीकरण को लेकर स्थानीय निवासी अब विरोध पर उतर आए हैं। जलविहार कॉलोनी के स्थानीय निवासियों ने आज रविवार को बढ़ते व्यवसायीकरण और अवैध पार्किंग के खिलाफ चम्मच-थाली बजाकर अपनी नाराजगी जताई और अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की।




प्रदर्शनकारियों ने फूड लैब के संचालन का कड़ा विरोध करते हुए गार्डन को व्यवसायिक कब्जे से मुक्त कराने की अपील की।रहवासियों का कहना है कि रेस्टोरेंट और प्राइम जीमु जैसी दुकानों की वजह से अवैध पार्किंग की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिससे कॉलोनी का वातावरण और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान नागरिकों ने स मांग रखी कि कॉलोनी में किसी भी तरह के कॉमर्शियल संचालन पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को भी तुरंत हटाने की मांग की गई।

रहवासियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार नगर निगम, पुलिस और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इस लापरवाही के चलते कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शन में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# राजधानी में 'यौमे आशूरा' पर निकला मातमी जुलूस

## कलात्मक ताज़ियों से बढ़ी जुलूस की रौनक़, बरसते पानी में हुआ इमाम हुसैन का मातम



**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी में हुसैनी मातमदारों ने यौमे आशूरा पर हज़रत इमाम हुसैन को अश्रुपूरित श्रद्धांजली दी। शोक का प्रतीक काले कपड़े पहने हुए मातमदारों का विशाल जनसमूह जुलूस में सम्मिलित हुआ। हुसैनियों ने मातम करके, हुसैन के ग़म में आंसू बहाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बरसते पानी में जुलूस निकला और इमाम हुसैन का मातम किया गया 7

पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद स.अ.व. के नवासे हज़रत इमाम हुसैन के शहादत दिवस च्यौमे आशूराज्पर आज यहाँ मोमिनपारा से विशाल मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल कलात्मक ताज़ियों ने जुलूस की रौनक़ बढ़ा दी 7 ताज़ियों को देखने जनसैलाब उमड़ पड़ा।

हैदरी मस्जिद ट्रस्ट शीआ अस्ना अशरी मोमिन जमात के मुतवल्ली हैदर अली ने बताया है कि यौमें आशूरा के अवसर पर आज सुबह हैदरी मस्जिद मोमिनपारा में यौमे आशूरा की नमाज़ अदा की गई। यौमे आशूरा के आमाल पेश इमाम मौलाना असग़र मेहदी साहब ने अदा कराया। हैदरी मस्जिद से दोपहर बाद परंपरागत रूप से 10 मोहर्रम यौमे आशूरा का मातमी जुलूस निकाला गया। प्रारंभ में हज़रत इमाम हुसैन की शहादत पर केन्द्रित दर्द भरे मरसिये पेश किये गये।

मातमी जुलूस मोमिनपारा से प्रारंभ होकर हांडीपारा, होते हुए आज़ाद चौक पहुंचा जहाँ मौलाना असग़र मेहदी साहब, पेश इमाम हैदरी मस्जिद, मोमिनपारा ने करबला की घटना और हज़रत इमाम हुसैन के शहादत के उद्देश्यों पर केन्द्रित तक़रीर की। ऐतिहासिक आज़ाद चौक पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने अपने नाना पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद स.अ.व. के धर्म इस्लाम की रक्षा के लिए अपना सब कुछ क़ुर्बान कर दिया। यज़ीद जो एक अत्याचारी और अधर्मी बादशाह था वो इस्लाम को ख़त्म करना चाहता था। हज़रत इमाम हुसैन ने उसके खिलाफ़ आवाज़ बुलंद की और करबला के मैदान में अपनी और अपने 72 साथियों की शहादत पेश करके हमेशा हमेशा के लिए इस्लाम और इंसानियत को मिटने से बचा लिया।

मातमी जुलूस में बहुत से कलात्मक ताज़िये और बड़ी संख्या में अलमे मुबारक (हुसैनी ध्वज) शामिल हुए, जो आकर्षण का केन्द्र रहे। जुलूस आमापारा, विवेकानंद आश्रम, जी.ई.रोड होते हुए देर रात को ऐतिहासिक करबला तालाब पहुंचा। जहाँ मातमी जुलूस का समापन किया गया। जुलूस में अंजुमने अकबरिया, अंजुमने इमामिया और हुसैनी ग्रुप के नौहाख़्वानों ने नौहे पेश किए। करबला तालाब में जुलूस के समापन के पश्चात् शामें ग़रीबाँ की मजलिस हुई जिसे मौलाना मोहम्मद आलिम साहब (मुज़फ्फर नगर) ने संबोधित किया।

मातमी जुलूस के दौरान जगह जगह हज़रत इमाम हुसैन की याद में पुलाव, सबील, शरबत, ठंडा पानी, तबर्रूक, प्रसाद, नज़्रो-न्याज़, फल, चाय आदि का वितरण विभिन्न समितियों और स्थानीय नागरिकों की ओर से श्रद्धापूर्वक किया गया। जुलूस के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम की ओर से समुचित व्यवस्था की गई। मातमी जुलूस का नेतृत्व हैदरी मस्जिद ट्रस्ट के मुतवल्ली हैदरी अली ने किया। जुलूस को सफल बनाने में समस्त मातमदारों, हैदरी मस्जिद ट्रस्ट के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, गणमान्य नागरिकों तथा अंजुमनों का विशेष योगदान रहा।

# जल्द गिरफ्तार हो सकते हैं फरार हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधु



- कुर्क की जा सकती है संपत्ति, न्यायालय ने जारी किया वारंट
- 14 दिन का अल्टीमेटम, वरना कुर्की की तैयारी
- कई धाराओं में दर्ज हैं मुकदमे
- पुलिस टीम रवाना, दबिश जारी

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चर्चित तोमर बंधुओं की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में केस दर्ज होने के बाद न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अब पुलिस की टीमें उन्हें तलाशने के लिए सक्रिय हो गई हैं और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है। रायपुर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के अनुसार, कई गंभीर धाराओं में दर्ज मामलों के तहत पुलिस उन्हें तलाश रही है। यदि 14 दिनों के भीतर पूछताछ और जांच में सहयोग नहीं किया गया, तो पुलिस उनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू करेगी।

रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने मीडिया से बात करते हुए पुष्टि की कि तोमर बंधुओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हैं, जिसके आधार पर गिरफ्तारी वारंट जारी कराया गया है।

**14 दिन का अल्टीमेटम, वरना कुर्की की तैयारी:** एसएसपी ने जानकारी दी कि, तोमर बंधुओं को 14 दिनों के भीतर जांच और पूछताछ में शामिल होना होगा। यदि वे इस अवधि में हाजिर नहीं होते हैं, तो रायपुर पुलिस उनके खिलाफ धारा 82/83 के तहत कुर्की की कार्रवाई शुरू करेगी।

इसका मतलब यह है कि अगर वे तय समय पर कानून के सामने पेश नहीं होते, तो उनकी संपत्तियों को जब्त किया जा सकता है।

**कई धाराओं में दर्ज हैं मुकदमे:** हालांकि पुलिस ने धाराओं का सार्वजनिक खुलासा नहीं किया है, लेकिन सूत्रों की मानें तो धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र, आर्थिक गड़बड़ियों और संपत्ति विवाद से जुड़े गंभीर आरोप शामिल हैं। यह मामला लंबे समय से जांच के दायरे में है, लेकिन अब न्यायालय के वारंट के बाद कार्रवाई का दायरा और तेज हो गया है।

**पुलिस टीम रवाना, दबिश जारी:** एसएसपी के अनुसार, तोमर बंधुओं की तलाश में पुलिस की टीमें रवाना हो चुकी हैं और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। अभी तक वे फरार हैं, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। चूंकि तोमर बंधु कुछ वर्षों से विवादों और विवादास्पद गतिविधियों में चर्चा में रहे हैं, इसलिए उनकी गिरफ्तारी को लेकर सामाजिक और प्रशासनिक हलकों में काफी चर्चा है। पुलिस की इस सक्रियता को आम जनता ने भी सकारात्मक दृष्टि से देखा है।

# सावन का पहला सोमवार 14 को



**11 से हो रहा सावन मास की शुरुआत**

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सावन का महीना भगवान शिव की भक्ति और उपासना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। इस पूरे महीने में शिवलिंग पर जल अर्पित करना, व्रत रखना और मंत्रों का जाप करना विशेष फलदायी होता है। साल 2025 में सावन की शुरुआत 11 जुलाई से हो रही है। इस दौरान शिव भक्तों के लिए चार सावन सोमवार का व्रत रखने का विशेष अवसर रहेगा।

ऐसा माना जाता है कि जो श्रद्धा से इन व्रतों का पालन करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। खासतौर पर कुंवारी लड़कियों के लिए ये व्रत अत्यंत शुभ माने जाते हैं, क्योंकि इससे उन्हें योग्य वर की प्राप्ति होती है। अब सवाल है कि इस साल सावन का पहला सोमवार कब पड़ रहा है और उसकी पूजा कैसे की जाए। तो आइए जानते हैं सावन सोमवार व्रत की तारीख, पूजा का शुभ मुहूर्त और विधि।

**कब है पहला व्रत और क्यों है इतना खास :** श्रावण मास को भगवान शिव का प्रिय महीना माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस पूरे महीने शिव जी धरती पर वास करते हैं और अपने भक्तों की पुकार पर विशेष कृपा बरसाते हैं। इसीलिए श्रावण के सोमवार को किया गया व्रत और पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इस बार सावन का पहला सोमवार, यानी 'प्रथम श्रावणी सोमवार', 14 जुलाई 2025 को पड़ रहा है। इस दिन अगर कोई व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति से भगवान शिव की पूजा करता है, तो शिवजी उसकी हर मनोकामना पूरी करते हैं। 3यह दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए शुभ होता है जो जीवन में किसी विशेष लक्ष्य की प्राप्ति या समस्याओं से मुक्ति की कामना करते हैं। ऐसी आस्था है कि सावन का पहला सोमवार पूरे महीने की साधना का शुभ आरंभ होता है, इसलिए इस दिन की गई पूजा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

**पहले सोमवार की पूजा के लिए शुभ समय :** ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 4:16 बजे से लेकर 5:04 बजे तक। अभिजीत मुहूर्त- दोपहर 12:05 से 12:58 तक। अमृत काल- दोपहर 12:01 से 1:39 बजे तक। प्रदोष काल- शाम 5:38 से 7:22 बजे तक।

# प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी



**2 आरोपी गिरफ्तार**

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास में फ्लैट दिलाने के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले में 2 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है

प्रार्थी प्रफुल्ल बंजारी ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह देवपुरी रायपुर में रहता है। वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात एन जिल्लैया उर्फएन जीतू राजीव नगर शहीद स्मारक के सामने रायपुर से हुआ था जिसने प्रार्थी को नगर निगम रायपुर से प्रधानमंत्री आवास अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में मकान दिलाउंगा कहकर प्रार्थी से 2,00,000 रूपये में सौदा तय हुआ था। उसके पश्चात् एन जिल्लैया उर्फएन जीतू ने प्रार्थी को 10 अप्रैल2022 को एस बी आई एटीएम न्यू राजेन्द्र नगर के पास बुलाया और कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिये पूरा पैसा देना पड़ेगा तब प्रार्थी ने बोला अभी मात्र 40 000 रूपये है शेष रकम धीरे.धीरे करके दे दूंगा जिसके पश्चात् प्रार्थी ने एन जिल्लैया उर्फएनण् जीतू को 40,000৳ रूपये नगद दिया और जिस पर एन जिल्लैया उर्फ एन जितु द्वारा कहा गया कि तुम्हारे परिचित में कोई और होगा तो लेकर आना आपका 2,00,000 रूपये में से 10000 रूपये डिस्काउंट कर दूंगा। जिसके पश्चात् प्रार्थी द्वारा अलग.अलग किश्तो में कुल 5,10,000 रूपये दिया गया है। फिर भी वह आज दिनांक तक एन जिल्लैया उर्फएन जीतू द्वारा प्रार्थी को मकान फ्लैट नहीं दिया गया एवं उसका पैसा वापस भी नहीं किया है। इसी प्रकार प्रार्थी के 03 परिचितों से भी एन जिल्लैया उर्फएन जीतू के द्वारा 21,81,000 रूपये लिया गया है किन्तु न ही प्रार्थी तथा उसके परिचितों को फ्लैट दिया है तथा न ही उनके रकम वापस कर रहा है। इस प्रकार एन जिल्लैया उर्फ एन जीतू द्वारा प्रार्थी तथा उसके परिचितों से प्रधानमंत्री आवास में फ्लैट दिलाने के नाम पर 21,81,000 रूपये की ठगी किया गया है। जिस पर आरोपी एन जिल्लैया उर्फएन जीतू के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में 5 धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

लाखों रूपये ठगी की घटना को उमनि एवं वरिष्ठ पुलिध अधीक्षक महोदय डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा गम्भीरता से लेते थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर को आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी एन जिल्लैया उर्फएन जीतू की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी एन जिल्लैया उर्फएन जीतू को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी असरफरजा एवं अन्य के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी असरफरजा की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित दस्तावेज जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# रायपुर में बढ़ते अपराध पर आईजी-एसएसपी सख्त, ली अधिकारियों की क्लास



**विधानसभा सत्र और त्योहारों को लेकर दिए कड़े निर्देश**

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बढ़ते अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमा एक्शन मोड में आ गया है। रविवार को रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह ने जिले के सभी एएसपी, सीएसपी और थाना प्रभारियों की अहम बैठक ली। बैठक में अपराध नियंत्रण, नशे के बढ़ते मामले, सड़क हादसों, लंबित अपराध और आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रणनीति तैयार की गई।

बैठक के बाद एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने मीडिया से चर्चा में बताया कि शहर में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही थाना में आने वाले फरियादियों के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रखने और उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनने के भी निर्देश दिए गए हैं। जुलाई के दूसरे पखवाड़े में प्रस्तावित विधानसभा सत्र को देखते हुए पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के आदेश जारी किए गए हैं।

**नशे और चाकूबाजों पर कसेगा शिकंजा :** एसएसपी ने बताया कि हाल ही में 24 थानों के प्रभारी बदले गए हैं और सभी को जल्द से जल्द अपने प्रभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शहर में नशे के कारोबार और चाकूबाजी की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। आने वाले त्योहारों में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसिंग को बेहतर बनाने की योजना पर भी चर्चा हुई है।

**लंबित मामलों को जल्द निपटाने के आदेश :** बैठक में एक साल से ज्यादा पुराने लंबित मामलों की फाइलों को जल्द से जल्द निपटाने की भी हिदायत दी गई। अपराध नियंत्रण और लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए अधिकारियों को लगातार क्षेत्र में निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### हसन आबिदी को पुलिस रिमांड पर लिया गया

पटवारी से जबरिया वसूली और ठगी के आरोपी हसन आबिदी को पुलिस ने तीन दिन की रिमांड पर लिया है। एसएसपी ने बताया कि हसन आबिदी अब एक-एक कर राज उगलने लगा है। आरोपी ने पीएम आवास दिलाने के नाम पर भी ठगी की थी। इस मामले में राजेंद्र नगर थाना में पकड़े गए आरोपियों ने खुलासा किया कि गरीबों से रकम लेकर हसन आबिदी को दिया जाता था।

# तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को मारी ठोकर, दो की हालत गंभीर



**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा से सिलयारी तक बनी पीडब्ल्यूडी चमचमाती सड़क पर दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बेलगाम वाहनों के वजह से सड़कें खून से लाल हो रही है। शनिवार की सुबह नेऊरडीह गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी ठोकर लगते ही मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**सड़क किनारे अवैध रूप से संचालिक होटल व अंडा रोल ठेला हटाने की मांग :** ग्रामीणों ने बताया कि घटना सुबह 8 बजे कि है। विधानसभा से सिलयारी की तरफ जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एलटी 4879 ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीपी 2240 को नेऊरडीह मोड़ में ठोकर मार दी मोटरसाइकिल में दो लोग सवार थे जो रेल्वे विभाग के एक ठेकेदार के अंदर में काम करते थे। वही कार को महिला टीचर चल रही थी। जो सिलयारी पथरी स्कूल में टीचर है।

**बड़ा हादसा होते-होते बच गया :** आसपास के लोगों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार एक बड़े डब्बे की जरकिन में डीजल लेकर जा रहे थे। जैसे ही कार की टक्कर हुई डब्बे में रखे डीजल पूरी तरह से मोटरसाइकिल कार घायलों के ऊपर के बिखर गए लेकिन इसमें अनहोनी नहीं हुई है। अगर जरकिन के डिब्बे में डीजल के जगह अगर पेट्रोल होता तो आग लगने की संभावना थी।

# आईएएस के पति सहित 28 आबकारी अधिकारी शराब घोटाले में शामिल

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। शराब घोटाले में आबकारी विभाग के 28 अधिकारियों और कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। इसमें आईएएस के पति अनिमेश नेताम का नाम भी शामिल है। उक्त सभी के खिलाफईओडब्ल्यू की टीम शनिवार को पूरी तैयारी के साथ 15 बंडलों में चालान लेकर कोर्ट पहुंचे लेकिन विशेष न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण पेश नहीं किया गया। अब इसे 7 जुलाई को पेश किया जाएगा।

**पूछताछ कर लिया गया बयान :** उपसंचालक अभियोजन ने बताया कि चालान में आबकारी विभाग के 28 अधिकारियों की शराब घोटाले में भूमिका का ब्योरा दिया गया है। उक्त सभी लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ कर बयान लिया गया है। आबकारी विभाग द्वारा 18 अप्रैल को अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा गया था। सामान्य प्रशासन और विधि विभाग के मंजूरी मिलने के बाद अब चालान पेश किया जाएगा। यह शराब घोटाले में 5वां पूरक चालान है।

**चालान में इनके नाम :** नोहर सिंह ठाकुर, सोनल नेताम, अलेख राम सिदार, गरीबपाल, प्रकाश पाल ए के सिग आशीष कोसम, जेआर मण्डावी, राजेश जयसवाल, जेएस नुखटी, जेआर पैकरा, देवलाल वैद्य, एके अनंत, वेदराम लहरे, एसएस धुव्र जनार्दन कौरव, अनिमेष नेताम, विजय सेन, अरविंद कुमार पाटले, प्रमोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, इकबाल खान, नितिन खंडुजा, नवीन प्रताप, सौरभ बख्शी, दिनकर वासनीक, मोहित कुमार जयसवाल, नीलू नोतानी और मंजू कसेर के नाम शामिल है।

# गायत्री शक्तिपीठ का फिजियोथैरेपी सेंटर बनेगा हाईटेक प्रभारी ने किया निरीक्षण



**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में स्थित फिजियोथैरेपी सेंटर मे आधुनिक उपकरणों के साथ ही हाईटेक बनाने की तैयारी की जा रही है। दरअसल गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में लंबे समय से फिजियोथैरेपी सेंटर चलाया जा रहा है। शक्तिपीठ में आने वाले मरीजो को फिजियोथैरेपी सेंटर मे बेहतर लाभ मिल सके इसके साथ ही फिजियोथेरेपी से पूरी तरह स्वस्थ हो सके इसकी तैयारी शक्तिपीठ गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा की जा रही है गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा फिजियोथैरेपी सेंटर के लिए ट्रस्ट में से ही ट्रस्टी श्री दीनानाथ शर्मा जी को प्रभारी बनाया गया है फिजियोथैरेपी सेंटर के प्रभारी दीनानाथ शर्मा जी ने थेरेपी सेंटर का निरीक्षण किया और निरीक्षण के बाद बहुत सी मशीनों को बदलकर उनके जगह आधुनिक मशीनों की व्यवस्था के साथ छत्तीसगढ़ के बाहर अन्य बड़े प्रदेशों में फिजियोथैरेपी सेंटर की व्यवस्था कैसे चलती है और वहां पर किस तरह से आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है बेहतर से बेहतर उपकरणों की व्यवस्था किस तरह से हो रही है और वहां की उपकरणों को देखकर गायत्री शक्तिपीठ की फिजियोथैरेपी में उपकरणों को लाकर आने वाले मरीजो को लाभ दिलाया जा सकता है इस पर फिजियोथैरेपी सेंटर के डॉक्टर से चर्चा भी उनके द्वारा की गई। फिजियोथैरेपी सेंटर में नए उपकरण और पहले से बेहतर बनाने के मुद्दे पर प्रभारी श्री दीनानाथ शर्मा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में लंबे समय से गायत्री परिवार के सप्त सूत्रीय आंदोलन में से एक आंदोलन स्वास्थ्य का है स्वास्थ्य के क्षेत्र में गायत्री परिवार ट्रस्ट कैसे बेहतर ढंग से कार्य कर सके इसकी जिम्मेदारी का निर्वहन गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में किया जा रहा है। फिजियोथैरेपी सेंटर में बेहतर से बेहतर मशीनो की उपलब्धता हो सके मरीज को गायत्री परिवार ट्रस्ट से इलाज में सुविधा मिल सके फिजियोथैरेपी सेंटर स्वच्छ और साफ रहे ऐसे कई कार्य गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा किया जाएगा जिससे मरीजों को इलाज में संतुष्टि मिले और मरीज गायत्री शक्तिपीठ में आकर जल्दी स्वस्थ हो सके।

# तीन युवकों ने पड़ोसी से की मारपीट, जमकर मचाया हुड़दंग

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

**रायपुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पिछले कुछ समय से मारपीट और हुड़दंग की घटना बढ़ते जा रही है। आए दिन राजधानी के अलग.अलग इलाकों से मारपीट की वारदातें सामने आते रहती है। इसी कड़ी में इस बार नवा रायपुर से एक मारपीट का मामला सामने आया है। यहां तीन युवकों ने पड़ोसी से घर में घुसकर मारपीट की है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो जमकर वायरल हो रहा है।

**युवकों ने पड़ोसी से की मारपीट:** मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला नवा रायपुर के राखी थाना क्षेत्र का है। यहां बिहार और झारसुगुड़ा के निवासी तीन युवकों ने पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट की। तीनों लड़कों ने शराब के नशे में जमकर हुड़दंग भी मचाया। युवकों ने पड़ोसी से गाली.गलौच करते हुए मारपीट की है। मारपीट की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

**पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार:** वारदात के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और तीनों युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस की टीम ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है पुलिस आरोपियों के खिलाफगंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

उल्टा पुल्टा

पत्नी - मैं तुम्हें कितनी अच्छी लगती हूं?
पति - बहुत ज्यादा.
पत्नी - फिर भी बताओ कितनी ?
पति- इतनी कि मन करता है तुम्हारे जैसी एक और ले आऊं.

## संपादकीय

### बच्चों की तरह पालें पेड़ों को

*राजधानी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल की शुरुआत हुई है जिस पर ईमानदारीपूर्वक अमल किया जाना चाहिये साथ ही इस योजना को प्रदेश भर में लागू करना चाहिये। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ऐलान किया है कि शासकीय अस्पतालों में जन्म लेने पर हर बच्चे के नाम पर माता-पिता को फलदार वृक्षों के पांच पौधे प्रदान किये जाएंगे। अभिभावकों से उम्मीद की जायेगी कि वे इन पौधों का अपने बच्चों की तरह ही पालन-पोषण करेंगे। बच्चे के दुनिया में आगमन को याद रखने का इससे बेहतर और कोई उपाय नहीं हो सकता। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होंगे, उनके आंगन में लगाये गये पेड़ भी बड़े होते जायेंगे जो स्वयं उनके तथा माता-पिता के लिये गौरव व खुशी की बात होगी।*

*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण को संरक्षित करने की इच्छा के अनुरूप यह जिला प्रशासन, वन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की मिली-जुली पहल है जिसे 'ग्रीन पालना अभियान' नाम दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण के अभियान से सामान्य जनता को भावनात्मक रूप से इससे जोड़ा जा सकेगा। माता-पिता पूरी कोशिश करेंगे कि जैसे वे अपने बच्चे के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रहने देंगे वैसे ही उन पौधों का भी संरक्षण कर उन्हें बड़ा करेंगे। इससे आने वाली पीढ़ियों में भी पर्यावरण के संवर्धन की भावना पहल जाग्रत होगी। बच्चे जब जानेंगे कि उनके घर-आंगन में लगाए गए पेड़-पौधों का सम्बन्ध उनके जन्म से है तो वे भी उनके संवर्धन में रुचि लेंगे।*

*कोशिश की जानी चाहिये कि सभी 5 पेड़ों को अभिभावक बड़ा करें। इसके लिये पौधों को पर्याप्त व समय पर पानी देने से लेकर उन्हें कीड़ों से बचाने तथा अन्य खाद भी दी जाये। आजकल छोटे से छोटे स्थानों में भी पेड़-पौधे लगाने सम्बन्धी जानकारी, मार्गदर्शन और सामग्रियां सहज उपलब्ध हैं। फलदार पौधों को केवल संरक्षित करने की ज़रूरत होती है। यदि घरों के बाहर उन्हें लगाया गया है तो देखना होगा कि मवेशी चर न जायें। सस्ते ट्री-गार्ड मिलते हैं। कुछ समय के बाद ये पौधे इतने बड़े हो जाते हैं कि उनके पत्तों या फलों तक मवेशी पहुंच नहीं पाते।*

*सरकार फलदार वृक्ष लगाने के कई तरह के प्रयास कर चुकी है जिनमें कुछ में कामयाबी मिली है तो कई अभियान अपेक्षित रूप से सफल नहीं हो पाये हैं। पर्यावरण के महत्व को सैद्धांतिक रूप से तो सभी जानते हैं लेकिन जनता का उनसे भावनात्मक सम्बन्ध नहीं बन पाता क्योंकि ऐसे ज्यादातर अभियान सरकार या स्थानीय निकाय चलाते हैं। जनसामान्य की उनमें सीधी भागीदारी नहीं होती। बच्चे के जन्म के साथ पौधारोपण लोगों को जुड़ाव के साथ गौरव और अपनत्व का एहसास कराएगा। राज्य के सभी जिलों में यह कार्यक्रम लागू किया जाना चाहिये। इससे प्रदेश की हरियाली में निश्चित रूप से इज़ाफ़ा होगा।*

# रविशंकर स्टेडियम को बीसीसीआई के मापदंडो के अनुरुप तैयार करने विधायक व अफसरों के साथ सीएससीए ने खींचा खाका

## छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने स्टेडियम का लिया जायजा, जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया जल्द की जायेगी

**दुर्ग**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग का पं.रविशंकर स्टेडियम जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का गौरव हासिल करेगा। स्टेडियम का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मापदंडो के अनुसार कायाकल्प करने प्रारंभिक प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का प्रतिनिधि मंडल रविवार को दुर्ग पहुँचा और स्टेडियम में निर्माण संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं का मौका मुआयना किया। ड्राइंग के मुताबिक स्टेडियम के चारों ओर खेल एरिया, पार्किंग, इंडोर और आउटडोर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर पेपर वर्क को शीघ्र तैयार करने कहा गया है, ताकि लीज प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द निर्माण प्रारंभ किया जा सके। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम को विकसित किये जाने से दुर्ग शहर को नई पहचान मिलेगी। बीसीसीआई से प्रक्रिया आगे बढ़ाने हेतु मिले निर्देश के





बाद रविवार को विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि सीसीपीएल के डायरेक्टर विजय शाह, सीएससीए उपाध्यक्ष प्रमोद शंकर शर्मा, पूर्व सह सचिव विनय बजाज, योगेश बागड़ी सीईओ हरि सर, क्रिकेट ऑपरेशन के एजीएम सचिन टांक, बोर्ड मेंबर अजय तिवारी, टेक्निशियन प्रभात सक्सेना, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अग्रवाल और तकनीकी टीम के साथ मापदंड के मुताबिक स्टेडियम निर्माण हेतु सभी पहलुओं का मौका मुआयना किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट आयोजन हेतु पार्किंग और पर्याप्त स्थल पर संतोष जताते हुए जमीन हस्तान्तरण करने और अनुबंध प्रक्रिया में तेजी लाने निर्देश दिए गए है।

बता दें कि दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के जरिए जिला प्रशासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। जिस पर जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किया गया। दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनने से दुर्ग नई ऊंचाई मिलेगी। खिलाड़ियों को लाभ मिलने के साथ यहां का व्यापार बढ़ेगा और स्थानीय नागरिकों को रोजगार मिलेगा। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग में खेल अकादमी बनने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी होंगे। शहर के राजेंद्र प्रसाद चौक से लेकर एसपी बंगला चौक तक के क्षेत्र ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# डॉ. मुखर्जी ने अखंड भारत की कल्पना को साकार करने के लिये अपना जीवन लगा दिया : चंद्राकर





**दुर्ग**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनसंघ (अब भाजपा) के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आज जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कर डॉ. मुखर्जी के कार्यो एवं उनके विचारों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, विनायक नातू, प्रीतपाल बेलचंदन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत की संकल्पना को साकार करने के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना से उन्होंने एक ऐसा राजनीतिक विकल्प दिया जिसके मूल में भारतीयता थीं। कार्यक्रम में जिला भाजपा मंत्री दीपक चोपड़ा, आशीष निमजे, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, रजनीश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, सरिता लोढ़ा, दिव्या कलिहारी, अनूप गटागट, साजन जोसेफ, गोविंद देवांगन, मनीष भंडारी, विजय ताम्रकार, विनोद चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### ■ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई जयंती

**पटरीपार में वृक्षारोपण कर मनाई गई जयंती :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पर्यावरण की सुरक्षा के उद्देश्य से महापौर अलका बाघमार के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। वार्ड क्रमांक 60 स्टील कालोनी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार ने डॉ. मुखर्जी द्वारा राष्ट्र को दिये योगदान की चर्चा करते हुए वृक्षारोपण कर शहर की हरियाली बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर बरगद, सिंदूर, पीपल, नीम के पौधे रोपे गये। इस अवसर पर पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, अरूण सिंह, सुरूचि उमरे, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, सुधा सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# शहर में धूमधाम से निकाला गया ताजिये का जुलूस

**दुर्ग**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय मुस्लिम समाज ने आज मुहर्रम के दसवें दिन ताजिये का जुलूस निकाला जुलूस केलाबाड़ी रूमीबाबा साहेब की दरगाह के पास से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से गश्त करता हुआ वापस केलाबाड़ी दरगाह पहुंचा। जहां अन्य कार्यक्रम किये गये। रास्ते भर मुस्लिम समाज के युवा अखाड़े के रूप में विभिन्न करतब का हैरत अंगेज प्रदर्शन करते रहे। पूरे रास्तेभर लंगर का वितरण भी किया गया।



इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद से निकाला गया यह जुलूस केलाबाड़ी से पटेल चौक, पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट तकियापारा से सिविल लाईन होते हुए शीतला तालाब पहुंचा जहां पर ताजिये का विसर्जन किया गया। यहां समाज के लोग वापस केलाबाड़ी पहुंचे। जुलूस को पूरी तरह व्यवस्थित करने में इकरामुद्दीन आरिफ एवं युसूफ अली की खास भूमिका रही। जुलूस काफी भव्य एवं विशाल रहा। आधुनिक लाइटें एवं डीजे का प्रयोग किया गया। ताजिया के दर्शन करने मार्गो के दोनों तरफ ना सिर्फ मुस्लिम बल्कि अन्य धर्म व समाज के लोग भी उपस्थित थे।

# विधायक यादव की पहल पर दुर्ग शहर में 435 नये विद्युत पोल लगाये जाएंगे

**दुर्ग**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव की पहल पर दुर्ग शहर की नई बसाहट वाली कालोनियों में विद्युत लाईन का विस्तार करते हुए शीघ्र ही 435 विद्युत पोल लगाये जायेगें। विधायक श्री यादव ने बिजली विभाग के सभी जोन के कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में पर्याप्त रोशनी के लिये बिजली पोल लगाने व अन्य सुधार कार्य के निर्देश दिये।



विधायक गजेन्द्र यादव से गत दिवस विभिन्न नागरिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त बिजली की गंभीर समस्या का उल्लेख करते हुए प्रकाश व्यवस्था न होने से आ रही व्यवहारिक दिक्कतों का उल्लेख करते हुए नये विद्युत पोल लगाने व तार का विस्तार करने की मांग की थी। जनता की इसी मांग के आधार पर विधायक श्री यादव ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंताओं को उक्त निर्देश दिये। श्री यादव ने बताया कि शहर में 4 जगह नया ट्रांसफारमर लगाने 5 स्थानों पर ट्रांसफारमर शिफ्टिंग और 405 स्थानों पर नये विद्युत पोल लगाये जायेगें। श्री यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी विधायक निधि से 40 लाख रूपये दुर्ग नगर निगम को दिये है जिससे 1 हजार 374 पोल स्वीकृत कर लगाये जायेगें।

# आत्मा के कल्याण हेतु महापर्व है चातुर्मास : साध्वी लब्धियशा










**नगपुरा तीर्थ में चातुर्मास प्रवेशोत्सव**

**दुर्ग,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में रविवार प्रात: 9 बजे देशभर से आए श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति में साध्वी लक्ष्ययशा श्रीजी, साध्वी लब्धियशाश्रीजी, साध्वी आज्ञायशा श्रीजी म.सा सहित लगभग 2 सौ आराधकों का विधिवत् चातुर्मास प्रवेश हुआ।

प्रात: 5 बजे महाप्रभाविक भक्तामर स्तव, सामूहिक चैत्यवंदन, तीर्थपति की 108 वासक्षेप पूजा, श्री वर्धमान शक्रस्तव स्तोत्र के साथ महाभिषेक पूजा अर्चना पश्चात् प्रवेशोत्सव का वरघोड़ा प्रारम्भ हुआ। श्री गौतम.लब्धि भक्ति मंडप से परमात्मा के रथ, बग्गी, बैड, अश्वदल, वाद्ययंत्र, अनेक मंगल द्रव्य, अष्टमंगल, घोषदल के साथ प्रवेश जुलूस में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। तीर्थ प्रवेशद्वार पर ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष गजराज पगारिया, मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुगड़ सहित सभी ट्रस्टीयों ने गुरु भगवतों एवं चातुर्मास आराधकों का गुहुली कर स्वागत किया। परमात्मा के दर्शन पश्चात श्री हीरसूरिजी प्रवचन मंडप में धर्म सभा आयोजित हुई। गुरू भगवंतो को वंदन करते हुए जगद् गुरु हीर सूरीश्वरजी अहिंसा संगठन हैदराबाद ने गुरुपूजा का लाभ लिया।

विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी लब्धियशाश्रीजी ने कहा कि चातुर्मास चतुर लोगों के मास है। चातुर्मास के इन चार महीनों में चतुर लोग आत्म कल्याण का पुरूषार्थ कर लेते हैं। जो पदार्थ में नहीं बल्कि परमात्मा में अनुरक्त होते हैं, वे चतुर कहलाते हैं। चातुर्मास पर से स्व में, ममता से समता में, राग से विराग में आने का महापर्व है आत्मा में वास का अवसर ही चातुर्मास होता है, बाहर से छूटने पर ही भीतर से जुड़ा जा सकता है, चातुर्मास प्रवेश का यह अवसर हम सभी के लिए आत्मा के शुद्ध स्वरूप में प्रवेश का अवसर बनना चाहिए।

इस चातुर्मास का नाम श्री उवसग्गहरं उत्सव चातुर्मास रखा गया है, क्योंकि महाप्रभावशाली श्री उवसग्गहरं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# साईंस कालेज में इग्नू के पूर्व समन्वयक डॉ. अनिल कश्यप को दी गई बिदाई



**दुर्ग,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में स्थित इंदिरा गांधी नेषनल ओपन युनिवर्सिटी (इग्नू) के अध्ययन केन्द्र के पूर्व मुख्य समन्वयक डॉ. अनिल कश्यप को आज एक समारोह में बिदाई दी गई। बिदाई के अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, वर्तमान समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना, सहायक समन्वयक डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए.के. खान, डॉ. अनुपमा कश्यप, मुख्य लिपिक संजय यादव एवं पूर्व मुख्य लिपिक राधे लाल यादव सहित इग्नू अध्ययन केन्द्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

बिदाई समारोह के आरंभ में सहायक समन्वयक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने डॉ. अनिल कश्यप के लगभग एक दषक से अधिक समन्वयक के रूप में सफल कार्यकाल का उल्लेख करते हुए नये समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना को शुभकामनायें दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने इस अवसर पर डॉ. अनिल कश्यप को स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नये मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना को भी स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट किया गया। इग्नू के सहायक समन्वयक डॉ. जी.एस. ठाकुर ने बताया कि डॉ. कष्यप 2012 से लेकर 25 फरवरी 2025 तक मुख्य समन्वयक रहे, वहीं डॉ. अभिनेष सुराना ने 6 मई 2025 को कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. सुराना ने कहा कि वे इग्नू अध्ययन केन्द्र को उंचाई पर ले जाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए.के. खान ने डॉ. अनिल कश्यप को समर्पित षिक्षक एवं कुषल प्रषासक बताया। डॉ. अनुपमा कश्यप ने अपने संबोधन में इग्नू अध्ययन केन्द्र को प्रदेश का सर्वोत्तम अध्ययन केन्द्र बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। महाविद्यालय के मुख्य लिपिक संजय यादव ने महात्मा जी का उदाहरण देते हुए कहा कि अच्छे लोगों को दूर-दूर तक फैलना चाहिए। डॉ. कष्यप के प्राचार्य बनने से सोमनी महाविद्यालय को निश्चित रूप से लाभ होगा। अपने सम्मान एवं इग्नू अध्ययन केन्द्र से बिदाई के अवसर पर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पवन बड़जात्या बनाये गये कैट के दुर्ग जिला चेयरमेन

**दुर्ग**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं भाजपा नेता पवन बड़जात्या को व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला इकाई का चेयरमेन नियुक्त किया गया है। श्री बड़जात्या के जिला चेयरमेन बनने का व्यापारियों ने स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में अब व्यापारियों की आवाज बुलंद होगी।



उल्लेखनीय है कि कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा अमर पारवानी को दुर्ग जिले में कैट के जिला चेयरमेन की नियुक्ति हेतु अधीकृत किया गया था। इस हेतु हुई एक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने श्री बड़जात्या का नाम प्रस्तावित किया जिसे सर्वसम्मति से सभी व्यापारियों ने समर्थन दिया। श्री बड़जात्या का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा। श्री बड़जात्या भाजपा संगठन के साथ ही विभिन्न व्यापारी संगठनों में कार्य करने के अनुभवी है। उनकी नियुक्ति का चेम्बर ओफ कामर्स के प्रकाश सांखला, पायल जैन, राजेश नाहटा, प्रकाश गोलछा, प्रहलाद कश्यप सहित अनेक व्यापारियों ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चारभाटा के धान खरीदी केंद्र में पौधारोपण

**डोंगरगढ़**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चारभाटा के धान खरीदी केंद्र में एक पेड़ माँ के नाम पर नीम का पौधा रोपण किया गया इसके अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य अशोक नेताम, सरपंच मति अनिता अहिरवार, हनुमान दास साहू, सरपंच भागीरथी तारम, हनुमान दास साहू, उत्तम सिन्हा, पुरषोत्तम साहू, रोहित साहू, फागु दास साहू, शारदा साहू जोहन यादव, देनेश्वर पुराम सहित ग्रामीणों के द्वारा पंचास पौधा रोपित किया गया।



# नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कर किया स्वागत

## सांसद विजय बघेल ने बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का किया वितरण

**दुर्ग,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में तथा विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव की उपस्थिति में आज जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम जेआरडी बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह भी सम्मिलित हुए। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल और अन्य अतिथियों ने आंगनबाड़ी के नन्हे.मुन्ने बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही पहली, छठवीं एवं नवमी कक्षा के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्यपुस्तकें भेंट की गईं। अतिथियों का स्वागत बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया गया।





अतिथियों द्वारा विद्या की देवी सरस्वती की तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल एवं अन्य अतिथियों ने नन्हे.मुन्ने आंगनबाड़ी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

शाला प्रवेश उत्सव को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि जेआरडी स्कूल की ऐतिहासिक महत्ता रही है, जहां से पढ़कर कई छात्र आज उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों की बदली छवि की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ये स्कूल बेहतर परिणाम दे रहे हैं और प्राइवेट स्कूलों के समकक्ष खड़े हो रहे हैं। इस अवसर पर विधायक ग्रामीण ललित चंद्राकर ने भी शाला प्रवेश उत्सव को सम्बोधित किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने भी अपने छात्र जीवन की यादें साझा कीं और शिक्षक व विद्यालय प्रशासन को उनकी सकारात्मक पहल के लिए धन्यवाद दिया।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा धन है जिसे न तो कोई चुरा सकता ह, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# अंतरराष्ट्रीय सायबर ठगी गिरोह का खुलासा



## 7 पुरुष, 2 महिला सहित 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने इसका खुलासा पत्रकारवार्ता में किया। पुलिस कन्ट्रोल रुम सेक्टर-6 में एसएसपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 12 नग लैपटाप, नग 14 मोवाईल सहित विभिन्ना बैंको के एटीएम एवं अन्य दस्तावेज, कम्प्यूटर संबंधी अन्य उपकरण, एक होण्डा एक्टीवा नगदी रकम नगदी रकम 2,55,000 रूपये जुमला किमती लगभग 13,00,000 का सामान बरामदए किया गया है। एसएसपी ने बाताया कि प्रकरण में गिरोह के सरगना फरीदाबाद निवासी अर्जुन को पुलिस रिमांड पर लेकर की जा रही विस्तृत पूछताछ की जा रही है। 5 जुलाई को मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि चौहान टाउन में कुछ पुरुष एवं महिला मिलकर कॉल सेंटर चलाकर अवैध रूप से ऑनलाईन इंटरनेट एवं लैपटाप अन्य इलेक्ट्रानिक साधनों का उपयोग कर सायबर अपराध से धोखाधडी की रहे है। सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के नेतृत्व में थाना सुपेला एवं चौकी स्मृति नगर की टीम गठित कर सूचना की तस्दीकी एवं कार्यवाही, हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुये चौहान टाउन बी/2 में दाबिश दी गई। दाबिश में उपरोक्त मकान में 6 पुरुष एवं 2 महिलाये एवं होटल में रूके अर्जुन को दाबिश देकर हिरासत में लिया गया। तकनीकी माध्यम से पूछताछ कर आरोपीगणों संतोष थापा, पियाली देव, रिया राय, विशाल कर, विवेक देव, मुकेश चंद्रनाथ, अमित कुमार, अनिस अर्जुन द्वारा बताया गया कि हर्ष एवं सम्यक के साथ मिलकर फर्जी ई.सिम से इन्टरनेशनल मोबाईल नंबर के माध्यम से फर्जी कुटरचित पेज अधिकांशत: यूएसए के नागरिको के कम्प्यूटर मोबाईल में बग वायरस भेजकर एवं स्वत: आय हुये बग(वायरस) को हटाने के लिए उपरोक्त पेज का इस्तेमाल कर एवं सम्यक द्वारा अपना इन्टरनेशल नंबर प्रदर्शित कर आये कॉल को उपरोक्त आरोपीगणों के लैपटाप में ट्रांसफर कर फिर आरोपीगणों के अन्य सिस्टम में ट्रांसफर कर लोगो को बग (वायरस) हटाने के लिए छलपूर्वक प्रेरित कर यूएस डॉलर 80 से 200 डॉलर ऐठने के लिए विभिन्न प्रवचना कर सम्यक से ई.वालेट प्राप्तकर क्रिप्टो करेसी के माध्यम से रकम आते ही सामने वाले व्यक्ति का एंटी वायरस के माध्यम से सिस्टम किलियर कर दिया जाता था, एवं सिस्टम में भेजी गयी जानकारी हट जाती थी, एवं उक्त ठगी के शिकार व्यक्ति के मोबाईल नंबर को ब्लाक कर दिया जाता था। अर्जुन द्वारा ठगी के शिकार व्यक्ति को डॉलर में पेमेट हेतु सम्यक के द्वारा उपलब्ध कराये गये ई.वालेट में न्क्र एवं क्रिप्टो करेसी के माध्यम से पेमेट कराया जाता था। जिसके लिए भी टेलीग्राम एप्प का उपयोग किया जाता था। एवं सम्यक के द्वारा ठगी से प्राप्त रकम का 15 से 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के रूप में रखकर हवाला के माध्यम से अर्जुन को रकम उपल्बध कराया जाता था। जिसमें से अर्जुन द्वारा कस्टमर केयर में काम करने वाले आरोपी को 25000 से 30000 रुपये सैलरी के रूप में रकम प्रदाय किया जाता था। अपराध क्रमाक 783/2025 धारा 319(2), 318(4), 336 (3), 61(2) बीएनएस 66 (डी) आईटी एक्ट 42(2) टी.सी. एक्ट, 2023 कायम कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी संतोष थापा मेघालय, मुकेश नाथ मेघालय, विवेक देव मेघालय, विशाल कर मेघालय, अनिश आर्यन बिहार, अर्जुन हरियाणा, अमित कुमार सिंग दिल्ली, पियाली देव मेघालय रिया राय सुपेला है।

# एक पेड़ मां के नाम आज की जरुरत-रजनी



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड-9 एकता नगर मुक्तिधाम रोड के किनारे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल थी। उन्होंने कहा की देश की प्रधानमंत्री श्री मोदी की महत्वाकांक्षी पहल एक पेड़ माँ के नाम जो की यह अभियान पुरे देश में पर्यावरण की दिशा में अनुकरणीय पहल है। पौधारोपण के साथ साथ पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए भी हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए तभी यह पौधे लगाना सार्थक होगा। इन्हें धरातल पर लाकर इन्हें सहेजने की जरुरत है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं, और वे पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अभियान के माध्यम से, हम न केवल अपनी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करने में योगदान करेंगे। आइए हम सब मिलकर इस अभियान में भाग लें और अपनी माताओं के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। यह पहल न केवल पर्यावरण को बचाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा महामंत्री प्रेम लाल साहू, भाजयुमो महामंत्री उपकार चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, तुलसी ध्रुव पार्षद, सतीश साहू, दिलीप पटेल, वार्ड पार्षद कुसुम विपिन चंद्राकर, चंद्रकांता माण्डले, सीता साहू, राम खिलावन वर्मा, राधेश्याम वर्मा, पार्षद तुलसी ध्रुव, प्रेमलता चंद्राकर, गुरचरण सिंह, कुबेर पटेल, संतोष श्रीवास्तव, विनोद चंद्राकर, चंद्रिका यादव, जसवंत वर्मा, ममता पटेल, योगेश्वरी ठाकुर, तेजस पाल, समीर अग्रवाल, धनीराम सेन, सूरज सेन, हरि लाल सोनी, तोरण सोनी, श्याम जायसवाल, कन्हैया यादव, सालिक पटेल आदि उपस्थित थे।

# गुंडीचा मंडप में सांसद ने निभाया राजा का कर्तव्य



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। महाप्रभु जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा से पहले सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना के साथ किया छेरा पहरा भिलाई उत्कल सांस्कृतिक परिषद भिलाई नगर के द्वारा सेक्टर 6 गुंडीचा मंडप से महाप्रभु श्री जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने राजा के भेष में भगवान श्री जगन्नाथ के साथ बलभद्र स्वामी और देवी सुभद्रा की पूजा अर्चना कर छेरा पहरा की परम्परा का निर्वहन किया। सांसद विजयी बघेल के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल ने बाहुड़ा रथयात्रा में अपनी उपस्थिति प्रदान कर पूजा अर्चना में भाग लिया। नौ दिनों तक भाई बलभद्र स्वामी और बहन सुभद्रा के साथ मौसी गुंडीचा देवी के घर रहने के बाद महाप्रभु श्री जगन्नाथ श्री मंदिर लौट आए हैं। इस आयोजन में उत्कल सांस्कृतिक परिषद सेक्टर 6 द्वारा सांसद विजय बघेल को राजा के कर्तव्य निर्वहन के लिए गुंडीचा मंडप में आमंत्रित किया था। सांसद श्री बघेल अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल के साथ राजा के पद की गरिमा के अनुरूप विशुद्ध भारतीय परिधान में गुंडीचा मंडप सेक्टर 6 पहुंचे। यहां पर उन्होंने महाप्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी और देवी सुभद्रा का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए देश, प्रदेश और दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना के साथ सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्री बघेल ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ को बाहुड़ा यात्रा के लिए रथ पर सवार करने से पहले झाड़ू लगाकर छेरा पहरा का विधान को पूरा किया। फिर मौसी गुंडीचा देवी के घर से श्री मंदिर के लिए निकले महाप्रभु के रथ को खींचकर सांसद विजय बघेल ने उपस्थित भक्तों को बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

# रिटायर्ड निगम कर्मी के मृत शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु दान



**भिलाइनगर,** 6जुलाई (देशबन्धु)। निगम के सेवानिवृत्ति के कर्मी अगस्त देशमुख के मरणोपरांत उनका शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु दान किया गया। नेहरू नगर 79/9 निवासी अगस्त देशमुख ने अगस्त 2020 में अपनी पत्नी झमित देशमुख के साथ प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की थी। एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनके निधन की सूचना परिजनों द्वारा पवन केसवानी को दी गई इसके पश्चात चिकित्सा अध्ययन हेतु देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। परिजनों द्वारा स्व.देशमुख का पार्थिव शरीर भिलाई से उनके गृहग्राम टिकरी अर्जुंदा ले जाया गया। इसके पश्चात राजनांदगांव के एक मेडिकल कॉलेज में उनका शरीर दान किया गया। देहदान के पूर्व एक संक्षिप्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। इस दौरान देहदानी झमीत देशमुख, केशव बंटी हरमुख, नवीन देशमुख, ललिता देशमुख, पवन केसवानी, पवन दिल्लीवार, अशोक दिल्लीवार, भूपेश देशमुख, मनीष देशमुख, योगेश देशमुख, हिमांक देशमुख, सौरिक देशमुख, चंद्रशेखर चंद्राकर, लालजी वर्मा, गौरव केसवानी, अनंतराम वर्मा, लेखराम वर्मा, दिलीप देशमुख, दामेश्वर देशमुखआदि प्रबुद्धजनों ने देहदान के पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान की।गुंडीचा मंडप में सांसद विजय बघेल ने निभाया राजा का कर्तव्यए जय जगन्नाथ से गूंजा शहर'

# वृंदा नगर में स्वच्छता-हरियाली की ओर कदम

**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड 29 वृंदा नगर के अटल आवास क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन 2 के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा चलाई जा रही सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अंतर्गत वार्ड 29 के नागरिक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस क्षेत्र में सफाई करके वार्ड पार्षद संजय सिंह के साथ वार्ड वासियों ने न केवल गंदगी हटाई बल्कि आने वाले दिनों में यहां वृक्षारोपण कर इसे एक छोटी नर्सरी और हरा भरा क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है। इनके इस प्रयास का उद्देश्य है कि वार्ड में अधिक से अधिक हरियाली हो, वातावरण स्वच्छ और सुंदर बने, और लोगों को शुद्ध हवा व स्वच्छ वातावरण मिल सके। सफाई के साथ.साथ सुंदरता भी हमारा लक्ष्य है। शहर वासियों से अनुरोध है कि अपने आसपास सफाई रखेंए पौधारोपण में भाग लें और वार्ड के विकास में सक्रिय सहयोग करें।

# मेधावी छात्र छात्राओं को मिला प्रतिभा सम्मान



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक टीए एवं सीएसआर उत्पल दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाप्रबंधक शिक्षा श्रीमती शिखा दुबे विशिष्ट अतिथि रहीं। सतीश मिश्रा, शैलेन्द्र भोई के निर्देशन में भिलाई विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक प्रदान की। अतिथियों का स्वागत मेधावी छात्र.छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस समारोह में संयंत्र के विभिन्न स्कूलों से चयनित कुल 21 मेधावी छात्र.छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में ईएमएमएस सेक्टर-9 से नुपुर कौमिक, आद्या कासलीवाल, तृप्ति साहू, अनुष्का, वैदिक साहू, राखी देशमुख, एंजेल पाल, कुम्बर भास्कर राव, ईएमएमएस सेक्टर.1 से एन. संध्या, मोईन खान, उजाला कुमारी, इ. नवीन, सुनिधि पाल, ईएमएमएस सेक्टर.6 से प्रथम पाटिल, मानस चंद्राकर, आर्याही चतुर्वेदी, गुंजन बाग, दक्ष कुमार, ईएमएमएस रुआबांधा से पूर्वी, अनुष्का विश्वकर्मा तथा ईएमएमएस सेक्टर.7 से खिलेश कुमार डेकाटे शामिल थे। नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने कहा कि सफलता संयोग से नहीं बल्कि कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है। उन्होंने इस अवसर पर सम्मानित हो रहे बच्चों की लगन और मेहनत की प्रशंसा की श्रीमती शिखा दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों के सार्थक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए पर्यावरण के प्रति सजग रहने का भी संदेश विद्यार्थियों को दिया। इसी अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। लगभग 210 छात्र.छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं के रंग बिखेरे थे। जिनमें से 18 विजयी प्रतिभाओं को मंच पर पुरस्कार प्रदान किए गए। इस भव्य आयोजन में प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार, प्राचार्या श्रीमती रूबी बर्मन रॉय, प्राचार्य विजय सिंह पवार, श्रीमती उर्वशी साहू सहित विभिन्न विद्यालयों के शाला प्रमुखगण भी उपस्थित रहे। प्राचार्या श्रीमती सुमिता सरकार ने आभार ज्ञापन करते हुए इस दिन को विद्यार्थियों की सफलता का शुभारंभ बताया और उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत कर नई ऊँचाइयों तक पहुँचने की प्रेरणा दी। उप प्रबंधक शिक्षाद्ध श्रीमती विभा रानी कटियार, अशोक सिंह, सहायक प्रबंधक मनीष तिवारी तथा राजेश कुमार गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप देने और संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना सोनवाने एवं श्रीमती संगीता मिश्रा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में भिलाई विद्यालय की टीम के सदस्य श्री देवेन्द्र कुमार साहूए श्रीमती सरिता साक्य, पवन कुमार अग्रवाल, श्रीमती निशि शिवप्पा, एस.के. साहू, श्रीमती वंदना, श्रीमती सविता धपवाल, श्रीमती सुनीता अनिल, श्रीमती सजीथा राजेश, श्रीमती संगीता मिश्रा, सतीश मिश्रा, गोवर्धन साहू, राजेश साहू, एस.के. खोब्रागडे, श्रीमती विशाखा पाण्डेय, श्रीमती नेहा, श्रीमती यास्मीन, श्रीमती अर्पिता दास एवं श्रीमती पूर्णिमा शर्मा ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# सुरक्षा जूतों ने बचाई जान एक महत्वपूर्ण सबक

**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। हादसे के उस पल को याद करते हुए दानेंद्र कुमार बताते हैं मेरे दोनों पैर स्लैग में डूब गए थे और मेरे सेफ्टी शू पूरी तरह जल गए, लेकिन यही सेफ्टी शू मेरे लिए जीवनरक्षक साबित हुए। सेफ्टी शू के कारण मेरे पैरों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। अगर उस दिन मैंने सेफ्टी शू नहीं पहने होते, तो मेरे पैर उस हॉट स्लैग के संपर्क में आते ही किसी मोमबत्ती की भांति पिघल जाते और मैं हमेशा के लिए अपाहिज हो जाता। यह घटना सुरक्षा सामग्री के उपयोग की महत्ता को रेखांकित करती है, जो कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी के लिए अनिवार्य हैं। दानेंद्र की कहानी एक कड़वी सच्चाई के साथ यह संदेश देती है कि पीपीई सुरक्षा उपकरण संयंत्र में कार्यरत हर कार्मिक की व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी हैए प्रत्येक व्यक्ति उसका उपयोग करें और अपना जीवन सुरक्षित रखें। 14 अप्रैल को गंभीर रूप से झुलसे हुए पैरों के साथ दानेंद्र को तत्काल सेक्टर.9 अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया एवं बिना किसी देरी के उनका त्वरित रूप से इलाज प्रारंभ किया गया। यद्यपि उनकी चिकित्सा अभी भी जारी है, लेकिन वे जेएलएन अस्पताल कि सेवा से अभिभूत हैं। दानेंद्र भावुक होकर कहते हैं मैंने तो सोचा था मेरे दोनों पैर काट दिए जाएंगे और मैं अपाहिज हो जाऊंगा, लेकिन सेक्टर.9 अस्पताल के बर्न यूनिट के प्रमुख तथा सीएमओ डॉ उदय कुमार और उनकी टीम ने सही समय पर सही इलाज व ऑपरेशन आदि हरसंभव चिकित्सकीय सहायता व एक सहारा बनकर मेरे पैरों को बचा लियाए और आज मैं इस दुर्घटना से न केवल उबर चूका हूँ बल्कि सहारे के साथ चल पाने में सक्षम हूँ। दानेंद्र ने बर्न यूनिट के डॉक्टरो, नर्सो और समर्पित स्टाफ के सेवा भावना की सराहना की तथा कहा कि अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्था, समय पर ड्रेसिंग, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, पौष्टिक खानपान, हॉस्पिटल स्टाफ के व्यवहार ने इस कठिन परिस्थिति में उनके मनोबल को बढ़ाया।

# अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की प्रांत इकाई का गठन



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। कला, साहित्य एवं रंगमंच के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की प्रांत इकाई की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन संत गजानन मंदिर हुडको भिलाई में किया गया। सभा का मुख्य उद्देश्य पिछले वर्ष में हुए उत्सवों तथा गतिविधियों का विवरण सभा के सामने रखना तथा वर्ष 2025 से 2027 अर्थात दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी के गठन के साथ विधा विभाग संयोजक एवं उसकी टोली सदस्यों की नियुक्ति करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष कीर्ति व्यास तथा कार्यकारी अध्यक्ष अजय डांगे उपस्थित सभी सदस्यों के परिचय के बाद महामंत्री हेमंत सगदेव ने पिछले वर्ष अप्रेल 24 से मार्च 25 तक संस्था द्वारा मनाये गए उत्सवों नव संवत्सर, साधारण सभा, गुरु पूर्णिमा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रंगोली प्रशिक्षण व दीपावली मिलन, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती वर्ष पर दो समूहों में निबंध प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम तथा आर्थिक विवरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने उत्सवों के उद्देश्य और कैसे मनाया तथा संस्कार भारती संगठन के कार्यो तथा अपने अनुभवों को व्यक्त किया। नये अध्यक्ष का चुनाव हुआ। वरिष्ठ संगीतज्ञ व वायलिन वादक कीर्ति व्यास पुन: वर्ष 25.27 के लिए अध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष की अनुमति से नई कार्यकारीणी की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया अजय डांगे को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। साथ ही संस्था के संचालन हेतु विकास पांडे कोष प्रमुख, एम.आर. नायडू सह कोष प्रमुखस संजय तनखीवाले महामंत्री, आचार्य महेश चंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, कार्तिक भोसले उपाध्यक्ष, श्रीमती शशिकला नायडू उपाध्यक्ष, श्रीमती ज्योति शर्मा उपाध्यक्ष, श्रीमती वरदा जोशी उपाध्यक्ष, सिद्धेश नागले मंत्री, आई टीद्ध देवेंद्र श्रीवास्तव मंत्री, पराग भोसले मंत्री, श्रीमती ललेश्वरी साहू, मंत्री श्रीमती पल्लवी त्रिपाठी मंत्री, कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में हेमंत जगम, अभिषेक सपन, गौतम शील एव आशुतोष यादव को नियुक्त किया गया है। संस्कार भारती संस्था आठ कला विधाओं में कार्य करती है। जिससे समाज के विभिन्न वर्गों में कला के माध्यम से राष्ट्रभक्ति एवं योग्य संस्कार को प्रेषित किया जाए। साथ ही कलाओं के प्रशिक्षण के माध्यम से नवोदित कलाकारों को संस्कारवान बनाना एवं राष्ट्रस्तरीय मंच प्रदान करना है।

# शंकरा कालेज ने स्थापना दिवस पर दी व्हील चेयर



**भिलाईनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा गठित प्रेरणा शिक्षक संघ द्वारा महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन करते हुए भिलाई नगर स्टेशन को व्हील चेयर एवं सैनिक कल्याण कोष में सम्मान जनक राशि भेंट की। हमारे वीर सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इसके अतिरिक्त इस वर्ष भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से संपर्क करने पर पता चला छोटा स्टेशन होने की वजह से दिव्यांगजनों व वरिष्ठजनों की सुविधा हेतु कोई साधन उपलब्ध नहीं है। भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन को व्हील चेयर भेंट दी गई। व्हील चेयर होने से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को रेल्वे स्टेशन पर आने-जाने में आसानी होगी। प्रेरणा शिक्षक संघ 2007 से प्रतिवर्ष महाविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर गरीबों, बुजुर्गों, समाज से उपेक्षित लोग या अन्य जरूरत मंदों की ही सेवा नहीं करता बल्कि पशु-पक्षियों की सेवा के लिए तत्पर रहता है। संघ द्वारा इससे पूर्व रेल्वे स्टेशन दुर्ग को भी व्हील चेयर भेंट दी गई थी। संध के संरक्षक डॉ जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय की गौरवपूर्ण परंपरा रही है कि हम शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें। सैनिक कल्याण के लिए सहयोग देना हमारा कर्तव्य है, जिससे देश की सुरक्षा में लगे वीर सैनिकों को सम्मान मिल सके। साथ ही रेलवे स्टेशन पर व्हील चेयर भेंट कर हम समाज के जरूरतमंद नागरिकों की सुविधा के लिए छोटा सा योगदान कर सके हैं। संघ के अध्यक्ष डा. अर्चना झा ने बताया कि यह प्रयास समाज में सहानुभूति और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। इस अवसर पर स्टेशन मास्टर ने महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में प्रेरणा शिक्षक संघ के पदाधिकारी, सदस्य रेल्वे स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# 9 को देशव्यापी हड़ताल में निर्माण मजदूर होंगे शामिल



भिलाईनगर, 6 जुलाई (देशबन्धु)। श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल में छत्तीसगढ़ के निर्माण मजदूर भी शामिल होंगे। राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष सुखरंजन नंदी एवं जिला अध्यक्ष कमल रॉय ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। नेताओं ने कहा कि श्रमिकों का शोषण और तीव्र होगा। मालिक, ठेकेदार को इसका लाभ मिल सकता है। श्रम कानूनों को समाप्त कर मजदूरों के अधिकारों पर हमला किया गया है। मजदूर नेताओं ने कहा कि सरकार कॉर्पोरेट घराने को ही लाभ पहुंचाने का काम कर रहा है। देश के श्रमिकों किसानों और दूसरे तबकों की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होते जा रही है। उन्होंने राज्य की सांय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये सरकार निर्माण मजदूरों के साथ छलावा कर रही है। सभी योजनाओं की राशि में कटौती, योजनाओं में कटौती कर निर्माण मजदूरों के हितों की योजनाओं पर कुठाराघात कर रही है। मजदूरों को यूनियन के संगठित होने से रोकने के लिए अलग अलग पैंतरा कर रही हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई को देश के मजदूर के हड़ताल के साथ छत्तीसगढ़ के निर्माण मजदूर भी शामिल होंगे। यह जानकारी श्रमिक नेता कमल रॉय ने लिखित जारी बयान में दी है

# राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव की सुगबुगाहट शुरू

**. 15 अगस्त तक नामांकन से लेकर नाम वापसी और प्रत्याशियों की सूची तैयार, 30 सितंबर को**

दुर्ग, 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही दुर्ग जिला न्यायालय के गलियारे में अधिवक्ताओं के बीच गहमागहमी शुरू हो चुकी है। 1 अगस्त से 15 अगस्त तक नामांकन नामांकन पत्रों की जांच नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। 30 सितंबर को दुर्ग जिला न्यायालय में मतदान होगा उसके बाद मतपेटियां हाईकोर्ट बिलासपुर जायेगी, जहां मतगणना होगी। नामांकन पत्र भरने प्रत्याशियों को बिलासपुर ही जाना होगा। एक मतदाता को 25 प्रतिनिधि का चुनाव करना है। लगभग 9 वर्षो के बाद हो रहे राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। दुर्ग न्यायालय में कुल अधिवक्ताओं की संख्या 4 हजार है। इनमें से 25 सौ के आसपास अधिवक्ता मतदान की पात्रता रखते है। जिन अधिवक्ताओं के वकालत की प्रेक्टिस 7 वर्षो से ज्यादा हो चुकी है और राज्य अधिवक्ता परिषद में जिनका पंजीयन है वे ही मतदान के पात्र होगें। प्रदेश अधिवक्ता परिषद के चुनाव में 25 प्रतिनिधि चुने जायेगें। ये 25 निर्वाचित प्रतिनिधि ही एक मतदाता को कम से कम 5 प्रत्याशियों को वोट देना होगा तभी उसका वोट गणना में शामिल किया जायेगा अन्यथा निरस्त कर दिया जायेगा।

अभी तक राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के नाम की घोषणा नहीं की गई है। ऐसा अनुमान है कि यहां के किसी न्यायाधीश को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जा सकता है। वे अपनी टीम तैयार कराकर चुनाव संपन्न करायेगें। इस चुनाव को लेकर दुर्ग के अधिवक्ताओं के बीच माहौल काफी सरगर्म है। इन दिनों इच्छुक अधिवक्तागण अपने अपने लिये संभावनाएं टटोलने में लगे है। कोई जन्मदिन के बहाने तो कोई किसी और तरह के बहाने अपने अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटा हुआ है। अभी तक अप्रत्यक्ष रूप से प्रत्याशी के रूप में जिन लोगों के नाम सामने आ रहे है उनमें अधिवक्ता संतोष वर्मा, संजय अग्रवाल, व्ही.पी.सिंग, नागेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र सोनी और ज्ञानेश वर्मा के नाम सामने है। आने वाले समय में दुर्ग जिले से कुछ और संभावित प्रत्याशियों के नाम सामने आ सकते है।

**सांसद रूप कुमारी चौधरी के जन्म दिन पर मरीजों एवं नि: शक्त बच्चों को फल वितरण किया गया**

**सरायपाली** 06 जून (देशबन्धु,) महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरायपाली स्थित उड़ान केंद्र एवं स्व मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नि:शक्त बच्चों , मरीजों एवं परिजनों को फल और बिस्कुट वितरण किया गया।



# विचारधारा की लड़ाई आज भी जारी है, जरा सी चूक विकसित भारत बनने में बाधक होगी: योगेश दत्त मिश्रा

◆ **भाजपा कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई गई**



**राजनांदगांव,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जन संघ के संस्थापक एवं भाजपा के आधार स्तंभ, प्रेरणा स्रोत महान चिंतक, शिक्षाविद, राष्ट्रवादी नेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आज जिला भाजपा कार्यालय में उत्तर एवं दक्षिण मंडल भाजपा द्वारा संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संगोष्ठी में वक्ता के रूप में किसान नेता अशोक चौधरी,अशोकदित्य श्रीवास्तव, सुनील बाजपेई, पूर्णिमा साहू, शिव वर्मा, ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण को विस्तार से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने भारतीय जनसंघ की नीतियों और सिद्धांतों को विस्तार से बताते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय वीर सावरकर डॉ आंबेडकर और देश के ऐसे कई लोगों ने मिलकर देश हित में एक विचारधारा का निर्माण किया जिसके अनुसार देश के लिए मरने, मिटने हुए देशभक्ति के जज्बे को लेकर वे निकल पड़े, उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री जैसे पद को त्याग कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए कठोर यातनाएं भी सही, परंतु देश के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान दिया।

योगेश दत्त ने कहा कि भारत विभाजन के समय पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री डॉ शुभ्रावर्दी थे, जो बाद में पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति भी बने, कांग्रेस के लोगों के साथ उन्होंने षड्यंत्र कर बंगाल को पाक मिलने की साजिश रची परंतु डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका पुरजोर विरोध किया और बंगाल को पाकिस्तान जाने से रोका। मिश्रा ने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, अगर भारत विकास के सोपानों को पार करेगा तो भारत के सारे नागरिकों को विकसित भारत का लाभ मिलेगा। इस विराट एवं दूरगामी सोच को लेकर भाजपा चल रही है, उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा कि जरा सी चूक या लापरवाही भी हमें विचारधारा से भटका सकती है, इसलिए कांग्रेस या वामपंथी विचारधारा का सामना सजग होकर करना होगा, तभी भारत और हम सभी मिलकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विकसित भारत के सपने को साकार कर पाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, तत्पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे उन्होंने हिंदू महासभा में कई लोगों को शामिल कराया और सभी को राष्ट्रवादी विचारों से जोड़े रखा उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग की राजनीति से बंगाल का वातावरण दूषित हो रहा था, वहां सांप्रदायिक विभाजन की नौबत आ रही थी सांप्रदायिक लोगों को ब्रिटिश सरकार प्रोत्साहित कर रही थी । ऐसी विषम परिस्थितियों में उन्होंने यह बीड़ा उठाया और बंगाल की हिंदुओं की अपेक्षा ना हो अपनी विशिष्ट रणनीति से उन्होंने बंगाल की विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नकार दिया । श्री राजपूत ने कहा कि मुखर्जी की इस धारणा के प्रबल समर्थक थे की सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं इसलिए वे धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे,मुखर्जी ने एक देश में दो संविधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे । उन्होंने अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर निकल पड़े और वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजर बंद कर दिया गया और 23 जून 1958 को जेल में विषम परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई, उनके संकल्प को मोदी जी ने पूरा करते हुए कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के सह सयोजक रामकुमार गुप्ता ने किया। और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया एवं प्रशांत गोलू गुप्ता ने किया.

### 428 कार्यक्रम पखवाड़ा में आयोजित किए गए– किशुन यदु

कार्यक्रम के संयोजक किशुन यदु ने बताया कि 23 जून डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई उनके जन्मदिन तक चले पखवाड़े में उनके नेतृत्व में सभी 16 मंडलों में 428 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को बूथ स्तर पर आयोजित किया गया जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को स्मरण कर उनके सपनों के भारत को बनाने का संकल्प लिया और आज उनकी जयंती को मंडल स्तर पर सभी 16 मंडलों में मनाया जा रहा है उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को दिया।

# डॉ मुखर्जी की सपनों को साकार किया मोदी सरकार ने :खूबचंद पारख



**राजनांदगांव,**6 जुलाई (देशबन्धु)। जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम में मंडल अध्यक्ष *मनोज साहू की नेतृत्व में भारतीय जन संघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती का कार्यक्रम ग्राम सिंघोला में रखा गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आदरणीय खूब चंद पारख ने मुखर्जी जी के जन्म जयंती पर अपने विचार रखें और कहा कि डॉ मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे उन्होंने कहा था कि एक देश में दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेगा उनके विचार को देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी* ने धारा 370 35 को खत्म कर डॉक्टर मुखर्जी की सपनों को साकार किया उनकी जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया उक्त आयोजन में मंडल के वरिष्ठ विवेक साहू, जिला पंचायत सभापति मति देव कुमारी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, ने भी अपने विचार रखे , कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती खुशबू साहू, लखनलाल साहू, श्रीमती पुष्पा गायकवाड, श्रीमती पुष्पा इके , अशोक साहू,मोती देवांगन,रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू ,कृष्णा साहू, हेमलाल साहू, विष्णु साहू, हमदीप साहू, सुखी राम साहू, देवल साहू ,उत्तम साहू , अभिषेक चंद्राकर,महेश्वर निषाद ,चोवा राम साहू ,टुकेश्वर साहू, सहित शक्ति केंद्र के प्रमुख के साथ बूथ के अध्यक्ष गण ,सरपंच एवं महिला समूह के प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उदयपुर में मुस्लिम समाज ने मोहर्रम का पर्व मनाया, अमन और भाईचारे का दिया संदेश

**खैरागढ़,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के ग्राम उदयपुर में 6 जुलाई शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मोहर्रम का पर्व मनाया। इस अवसर पर गांव की मस्जिद में बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्र हुए और नमाज़ अदा कर करबला के शहीदों को याद किया। सुबह से ही गांव में आस्था और शांति का माहौल बना रहा। नमाज़ के दौरान समाज के लोगों ने देश और प्रदेश में शांति, एकता और खुशहाली की दुआ मांगी।



### गांव में भाईचारे की मिसाल

*ग्राम उदयपुर में मोहर्रम के अवसर पर सभी समुदायों के लोगों ने आपसी एकता और प्रेम का परिचय दिया। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर एक-दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दी और अमन-शांति बनाए रखने का संदेश दिया।*

### जानिए मोहर्रम का महत्व

मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना होता है जिसे बलिदान और सब्र (धैर्य) का प्रतीक माना जाता है। इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन ने करबला के मैदान में सत्य और इंसाफ के लिए अपना बलिदान दिया। इसी वजह से मोहर्रम में शहीदों की याद में मातम और इबादत की जाती है।

### सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम

कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए थे। पूरा आयोजन शांतिपूर्वक और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मोहर्रम हमें धैर्य, इंसानियत और बलिदान की सीख देता है। हमें अपने गांव और देश में हमेशा भाईचारा बनाए रखना चाहिए।

# विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ




**परपोड़ी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम भटगांव में बिलासा ब्लड सेंटर राजनांदगांव के तत्वधान में रक्तवीर मित्र संघ भटगांव के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भटगांव परपोड़ी कुरलू जानो गोडमर्रा, नवागांवखुर्द, बुडेरा, चारभाठा, बिरनपुर कला, पत्थर्री कला, मदनपुर,

के लगभग 60 रक्तवीरो ने इंसानियत के लिए रक्तदान करने की बात कही तथा बताया कि इससे रक्तदाता को भी कई प्रकार के फायदे होते हैं जैसे वजन कैलोरी का बर्न होना 6

दिल की सेहत मंद होना शरीर मे आयरन की मात्रा संतुलित होना हार्ट अटैक से बचाव होता हैं । इस शिविर के सफल आयोजन में नीलू साहू डॉ मोहन साहू दुजराम साहू लीलाराम साहू टीकम साहू जैन पटेल राजेश पटेल बोधि राम साहू गौतम साहू राजा साहू विनीत साहू वेदप्रकास सिंह राजपूत का योगदान रहा ।उक्त जानकारी नीलू साहू व डॉ मोहन साहू ने दी।

# भाजपा ने डॉ मुखर्जी जयंती पर अस्पताल मे किया फल वितरण व वृक्षारोपण

**डोंगरगढ़** ,6 जुलाई (देशबन्धु)। शहर भाजपा मंडल द्वारा जनसंघ के स्थापक व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में कार्यकर्ताओं द्वारा मरीजो को फल वितरण किया गया । तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण करके आमजन को स्वच्छ पर्यावरण संदेश दिया गया है उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू जी की सरकार में वाणिज्य उद्योग मंत्री रहे और नेहरू जी विचारधारा से मेंल ना होने कारण मंत्री पद से इस्तीफा दिया । हम सभी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श पर चलकर उनके व्यक्तित्व को जन-जन तक पहुंचाएं ।जिस प्रकार आज भाजपा देश में विशाल वृक्ष के रूप में है उसके बीज लगाने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी है । पार्टी के नए कार्यकर्ताओं को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिनके विचारधारा से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं । कार्यक्रम में प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत



द्विवेदी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में एक देश, एक सिद्धांत एक निशान का नारा दिया था। उन्होंने जनसंघ की स्थापना किया और वही जनसंघ से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सफल 11 साल के कार्यकाल से देश को चौथी अर्थव्यवस्था हो गया है। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ,प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी , जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंग बननोआना नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे नगर पालिका उपाध्यक्ष उमामहेश वर्मा ,वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जैन ,लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना पूर्व अध्यक्ष अमित जैन , युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पार्षदगण, डीके राव, हरीश मोटघरे ,शिवांगी साखरे, रतन कोसे, बबीता मलागार ,शारदा यादव ,विनीत यादव, विनय बंसल, भागवत नामदेव, सविता दढगढ़ ,लक्ष्मी यादव, तरुण हत्थेल, सरफराज नवाज ,विजेंद्र सिंह ठाकुर, अलका जयेश सहारे, सुषमा कोठारी, विजेन्द्र सिंह ठाकुर ,सत्य प्रकाश मिश्रा, कन्हैया अग्रवाल ,अनीता इंदुलकर, लोकेश इंदुलकर, अनिल पांडे , कैलाश सोनवानी ,ललित शर्मा, राजेश कंडरा, अजय शर्मा, शुभम परिहार ,जयेश सहारे ,मुकुंद कडरा, सावन टेंबुरकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ की उपस्थित थे ।

## निधन

### कुंती यादव

**थान खम्हरिया,** 06 जुलाई देशबन्धु। यादव पारा वार्ड क्रमांक 6 में निवासरत थी। काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। पूर्व पार्षद महेश यादव की धर्मपत्नी थी। उम्र 62 वर्ष अपने पीछे तीन पुत्र शिक्षक ढाल सिंह यादव, जय यादव, सुशील यादव, भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है। अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया। भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और इस दुखद घड़ी में ईश्वर से परिवार को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।




### भुवन लाल साहू

**नवापारा राजिम ,** 06 जुलाई देशबन्धु। साहू समाज के वरिष्ठ भुवनलाल साहू का आज रविवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास बगदेहीपारा से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें सामाजिकजनों सहित गणमान्य नागरिक शामिल थे। वे घनश्याम एवं लक्ष्मीचंद साहू के पिता थे।



### मनहरण पांडेय

**सिमगा ,** 06 जुलाई देशबन्धु। नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति मनहरण पांडेय का 70 वर्ष का रविवार को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार से आज सोमवार को रायपुर स्थित महादेव घाट स्थित मुक्ति धाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे नितिन पांडेय , नितेश पांडेय ( बालू ), मीता पांडेय ( पिंकी ) के पिता थे।



# असहाय पीलू राम को न्याय दिलाने नि:शुल्क पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्ति करने वालंटियर ने किया सहयोग

**खैरागढ़** ,6 जुलाई (देशबन्धु)। अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार अध्यक्ष मोहनी कंवर और सचिव नीलेश जगदल्ला के मार्गदर्शन में 5 जुलाई 2025 को तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ में पैरालीगल वालंटियर गोलू दास द्वारा असहाय वृद्ध व्यक्ति को न्याय दिलाने उसके केस में निःशुल्क पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने आवेदन तैयार कर भेजा गया। ज्ञात हो कि आवेदक पीलू राम वर्मा पिता सगरु राम वर्मा उम्र 79 वर्ष पिता ग्राम बाजार अतरिया तहसील खैरागढ़ के निवासी है और न्यायालय खैरागढ़ पहुंच पीएलव्ही गोलूदास साहू को बताया कि उसके जमीन का रजिस्ट्री अवैध तरीके से किया गया है और ऑनलाइन नक्शा भी गलत तरीके से काटा गया है जिस संबंध में वह दो साल से शिकायत कर रहा है लेकिन किसी भी प्रकार की कार्यवाही आज तक नहीं हुई है क्योंकि वह 90 प्रतिशत दिव्यांग होने से कहीं भी आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए वह बहुत परेशान और निराश हो गया। सभी जगह से निराशा मिलने पर इस धोखाधड़ी से परेशान हो न्याय पाने की आस में न्यायालय की शरण में आया है और अपनी केस की पैरवी करने में सक्षम नहीं होने से निःशुल्क विधिक सहायता अंतर्गत अपना केस लगाने के लिए मोहनी कंवर अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। पैरालीगल वालंटियर गोलू दास द्वारा उसके केस के संबंध में अधिवक्ता नियुक्ति के लिए आवेदन तैयार कर आगे की कार्यवाही करने नीलेश जगदल्ला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव को भेजा ताकि उसके केस में अधिवक्ता नियुक्ति हो और आगे उस असहाय दिव्यांग वृद्ध को उसका हक अधिकार मिल सके और उसके बुढ़ापा और इलाज भरण पोषण के लिए एक आधार बन सके।



# भाजपा डौण्डी में जनसंघ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई जंयती

◆ **पीएम मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तन: डॉ नायक**



**डौण्डी**,6 जुलाई (देशबन्धु)।भाजपा मंडल डौण्डीद्वारा आज डॉ श्यामा प्रसाद जी की जयंती मनाई गई ,शक्ति केंद्र डौंडी के समस्त बूथों मे भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रभक्त एवं अखंड भारत के युगदृष्टा डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन किया ।इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत पुलिस मैदान मे पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक जनसंघ के संस्थापक राष्ट्रभक्त श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया करते हुए कहा की भारत के प्रति उनके योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। साथ ही यह भी कहा की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैं जो धरातल में भी फलिभूत हो रही है। जिसका लाभ देश की सभी वर्गों को मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल के अध्यक्ष डॉ रुपेश नायक नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौंरका उपाध्यक्ष संजीव मानकर मंडल महामंत्री हिन्छा राम साहू उपाध्यक्ष राजेंद्र पिंन्टू नाहार कोषाध्यक्ष विशाल जैन वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल पुर्व महामंत्री अजय चौहान पूर्व जिला मंत्री राधिका भरद्वाज निलेश जायसवाल भूखऊ राम साहू पार्षद गण यदुनंदन देवहारी प्रशांत नेताम अनिल निर्मलकर चिमन जैसवाल शिव राम चौंरका एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक होगी किसान जवान संविधान जनसभा : रूपेश दुबे

**राजनांदगांव,**6 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी का छत्तीसगढ़ में 7 जुलाई को आगमन हो रहा है वे किसान जवान संविधान जनसभा को संबोधित करेंगे इस जनसभा में शामिल होने राजनांदगांव, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, मोहला मानपुर जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल होने संकल्पित है। आयोजन स्थल तक पहुंचने रूट चार्ट भी प्रदेश कांग्रेस ने जारी किया है जिससे कांग्रेस जनों को अवगत करा दिया गया है।



प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं किसान जवान संविधान जनसभा के प्रदेश मीडिया कमेटी के सदस्य रूपेश दुबे ने बताया कि छ ग में किसान खाद बीज के संकट से , युवा वर्ग बेरोजगारी, और सरकार के झूठे वादे से परेशान है वहीं कानून व्यवस्था बदहाल हो कर संवैधानिक संस्था भाजपा राज में खतरे में है उसे बचाने का संकल्प लेकर छत्तीसगढ़ की कुशासित भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेशानुसार प्रत्येक विधानसभा हेतु प्रभारी बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दी गई है सभी ने अपनी जिम्मेदारियां का बखूबी निर्वहन करते बैठकों के माध्यम से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश भरा है आयोजन के प्रति कांग्रेसजनो में अपार उत्साह देखते बन रहा है जिसके चलते वाटर फ्रूफ डोम भी बनाया गया है वैसे भी बारिश की बाधा को भी तोड़कर कांग्रेसी आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिए हैं ।राजनांदगांव जिला कांग्रेस की तैयारी को अंतिम रूप देने विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने जिला एवं शहर अध्यक्ष,पदाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिए साथ ही अपने अपने क्षेत्र से विधायकगण, कांग्रेस के सभी आनुषंगिक संगठन, ब्लॉक अध्यक्षगणों के नेतृत्व में कांग्रेसजनों, किसानों , जवानों का काफिला रवाना होगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

**रविशंकर स्टेडियम को ...**

को चारो ओर से खेलगांव की तरह विकसित करने प्रशासनिक अधिकारियो के साथ प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया गया हैए ताकि बीसीसीआई के मापदंड के अनुरूप जमीन को हस्तान्तरित किया जा सके। स्टेडियम को विकसित करने कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे दुर्ग सहित आसपास के जिले के खिलाड़ियों को खेल का अच्छा वातावरण मिलेगा। श्री यादव ने बताया कि स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बीसीसीआई के एक्सपर्ट टीम तैयार करेगी। वर्तमान में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 40 हजार है। जिसकी क्षमता और बढ़ाई जाएगी। स्टेडियम परिसर से लगे हुए एरिया में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग पाथवे बनाए जाएंगे। बीसीसीआई कार्यालय, प्रवेश द्वार, एप्रोच रोड, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया, मैच के पार्किंग सहित निर्माण होने वाले सभी पहलुओ का स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे एरिया का नजरी नक्शा प्रस्तुत कर जमीन का ब्यौरा दिया। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के बाद दुर्ग का यह स्टेडियम प्रदेश में दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम होने का गौरव हासिल करेगा। स्टेडियम का मौका मुआयना करने के दौरान दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संजू श्रीवास्तव, सुरेश साहू सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**आत्मा के कल्याण हेतु ...**

पार्श्व प्रभु की छत्रछाया में रहकर साधना करना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस चातुर्मास के भव्य आयोजन मे देशभर के 44 से अधिक पुण्यशाली परिवारो को लाभार्थी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्री उवसग्गहरं पार्श्व प्रभु एवं तपागच्छाधिपति, बादशाह अकबर प्रतिबोधक पूज्य जगद्गुरु हीरसूरीश्वर जी की दिव्य कृपा असंभव को संभव बना देती हैं। दादागुरुदेव लब्धिसूरीश्वर जी एवं तीर्थप्रभावक गुरुदेव विक्रमसूरीश्वरजी का असीम अनुग्रह इस चातुर्मासिक आयोजन का मूलाधार है! श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ के प्रतिष्ठाचार्य गच्छाधिपति गुरुदेव राजयशसूरीश्वरजी एवं प्रवर्तिनी गुरुवर्या वाचंयमाश्रीजी बेन मण्सा के आज्ञा एवं आशीर्वाद से ही यह चातुर्मास मंगल-कल्याण की साधना द्वारा आत्मशुद्धि के लक्ष्य को साकार करेगा।

चातुर्मास प्रवेश के पावन अवसर पर हैदराबाद, नागपुर, मुंबई, पूना, वर्धा, इंदौर, कर्नूल, अहमदाबादए भरूच, वडोदरा, सूरत, बैंगलोर, सुरेंद्रनगर, लखनऊ, कलकत्ता के सैकड़ों गुरू भक्त रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, जगदलपुर, बालोद, खैरागढ़, सहित छत्तीसगढ़ अंचल अनेक स्थानों से विशाल संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

**साईंस कालेज में ...**

डॉ. अनिल कष्यप ने सहयोग के लिए पूरे महाविद्यालय परिवार एवं इग्नू अध्ययन केन्द्र के समस्त

अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इग्नू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ही सभी गतिविधियां संचालित होती है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई नये प्रयोगकर कार्यप्रणाली को सरल बनाने का प्रयास किया। डॉ. कश्यप ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से अधिक अवधि से इग्नू अध्ययन केन्द्र महाविद्यालय में संचालित है। डॉ. कश्यप ने रचनात्मक सहयोग के लिए वर्तमान एवं सभी पूर्व प्राचार्यों को धन्यवाद दिया। बिदाई समारोह का समापन डॉ. जीएस. ठाकुर द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस अवसर पर प्राणी शास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. अलका मिश्रा एवं इग्नू अध्ययन केन्द्र के राधे लाल यादव, सत्येन्द्र सोनी, टीकम यादव, अशोक यादव, हेमंत निर्मलकर, चिंताराम यादव, विजय यादव आदि उपस्थित थे।

**नवप्रवेशी बच्चों का...**

न ही खत्म किया जा सकता है। यह ऐसा अमूल्य संसाधन है जो बाँटने से और अधिक बढ़ता है।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के तहत दूरस्थ अंचल में निवास करने वाले 11 छात्राओं को सायकल भी वितरित की गई। इसके अलावा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 6 दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं दिव्यांग छात्रा मानसी को राइटर की सहायता से बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल ने उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की तहत शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी.कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मौसमी बिमारियों से निपटने के लिए पीएचई विभाग पूरी तरह से तैयार, शिकायत मिलने पर तत्काल होगा समाधान

**बालोद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। बारिश का मौसम आते ही गंदे पानी के चलते कई तरह की बिमारियां लोगों में देखते को मिलती है। ऐसे में मौसमी बिमारियों से निपटने के लिए पीएचई विभाग पूरी तरह से तैयार है। लोगों में जागरूकता लाने के लिए पीएचई विभाग की ओर से योजना तैयार कर ली गई है और गांवों में जल बहिनियों का गठन कर बिमारियों से नियंत्रण की कवायद शुरू कर दी गई है। दरअसल बीते दिनों तरौद और रानीतराई गांव में डायरिया का कहर देखने को मिला। हालांकि रानीतराई गांव में डायरिया संक्रमण की शुरूआत में पीएचई विभाग संक्रमण से निपटने में कामयाब रही। यही वजह है कि उस गांव में डायरिया के केवल पांच ही मरीज सामने आये और सभी मरीज समय पर स्वस्थ होकर वापस भी लौट गये।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालोद के कार्यपालन अभियंता सागर वर्मा ने बताया कि जिले में जल जनित बीमारियो से बचने के लिए मानसून में पानी जांच का अभियान प्रारम्भ किया गया है ताकि गांव में सभी को साफ पानी मुहैया कराया जा सके और पानी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रहे। जिसकी शुरूआत जुंगेरा पंचायत के आश्रित ग्राम रानीतराई से कर दी गई है। जहां जल बहिनियों का गठन किया गया और उन्हें पानी जांच के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से प्रशिक्षण दिया गया ताकि समय समय पर पीने के पानी की जांच उनके द्वारा की जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सागर वर्मा ने बताया कि बारिश के मौसम में पानी से होने वाली बिमारियों से बचने के लिए पानी जांच के लिए हर ग्राम पंचायत में एफ.टी.के कीट उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे गांव में होने वाली पीने के पानी की समय समय पर जांच की जायेगी। सागर वर्मा ने बताया कि कीट के साथ साथ पानी जांच के लिए जिला एन.ए.बी.एल. प्रमाणित प्रयोगशाला की सुविधा विभाग में उपलब्ध है। जहां गांव से इकट्ठा किये गये पानी की जांच की जायेगी। अगर पानी में किसी तरह की शिकायत पाई जाती है तो तत्काल उसका समाधान विभाग के माध्यम से समय पर कर लिया जायेगा। जिससे लोगों को पानी से किसी तरह की समस्या और बिमारियों का खतरा नहीं होगी।

# सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज से की भेंट

**बेमेतरा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता श्री योगेश तिवारी जी ने रायपुर प्रवास के दौरान देश के प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत एवं महामंडलेश्वर श्री कैलाशानंद महाराज जी से सौजन्य मुलाकात कर उनका स्नेहाशीर्वाद प्राप्त किया। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें धर्म, संस्कृति, समाज और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चर्चा हुई।



योगेश तिवारी जी ने महामंडलेश्वर जी से निवेदन किया कि वे बेमेतरा जिले में एक दिवसीय प्रवास पर पधारें ताकि यहां के श्रद्धालु, हिन्दू सनातन संगठन के कार्यकर्ता, युवा और नागरिक उनके पावन सान्निध्य का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि च्चआपके आगमन से न केवल बेमेतरा की धार्मिक चेतना को बल मिलेगा, बल्कि युवाओं में भी सनातन धर्म के प्रति आस्था और ऊर्जा का संचार होगा।ज्ज

उन्होंने कहा च्चबेमेतरा में बहुत से ऐसे लोग हैं जो आपके दर्शन व आशीर्वचन सुनने की अभिलाषा रखते हैं। अगर आप एक दिन का समय निकालकर हमारे क्षेत्र में पधारते हैं, तो यह हमारे लिए गौरव और सौभाग्य का विषय होगा।

महामंडलेश्वर श्री कैलाशानंद महाराज जी ने योगेश तिवारी जी के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे शीघ्र ही समय निकालकर बेमेतरा प्रवास पर आएंगे और वहां के श्रद्धालुओं को अपने दिव्य विचारों से लाभान्वित करेंगे। उन्होंने योगेश तिवारी जी द्वारा धर्म, समाज और संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें आशीर्वाद दिया कि वे इसी प्रकार समर्पित होकर सनातन संस्कृति की सेवा करते रहें।

भेंट के दौरान दोनों के बीच सनातन धर्म के संरक्षण, गौ सेवा, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरूकता और आने वाली पीढ़ियों को धार्मिक मूल्यों से जोड़ने को लेकर भी चर्चा हुई। योगेश तिवारी जी ने संगठन के विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि कैसे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को संगठित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

यह भेंट संपूर्ण बेमेतरा जिले के लिए एक प्रेरणादायी क्षण बन गया है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक ऊर्जा का नया संचार हुआ है।

# खाद वितरण में लिपिक की लापरवाही से किसान परेशान

**गुरुर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में धान बोवाई व रोपाई का काम चल रहा है, ऐसे सीजन में किसानों को जरूरी खाद नहीं मिलने से परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। गुरुर विकासखंड में भी सहकारी समिति के अंतर्गत आने वाले किसानों को खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है। अधिकांश किसान लाइन में लगकर खाद मिलने का इंतजार कर रहे हैं, तो अधिकांश किसान बाजार से अधिक दामों पर खाद लेने मजबूर हैं। इसके बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या डीएपी एवं यूरिया खाद की है।




### सहयोग करने वाले किसानों को मिल रहा खाद

ग्राम मोखा में संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में भी किसानों को इस तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है दूसरी ओर यहां लिपिक की लापरवाही की वजह से किसानों को दोहरी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। यहां पंजीकृत किसानों का कहना है कि सहकारी समिति के लिपिक हेमराज सिन्हा अपनी मनमानी कर खाद का वितरण कर रहे हैं। यहां जो किसान हेमराज सिन्हा को सहयोग करते हैं उनका जेब गरम करते हैं,उन्हें तुरंत ही खाद उपलब्ध कराया जाता है बाकी किसानों को नजरअंदाज किया जा रहा है जिसके चलते किसानों को सुबह से लेकर देर शाम तक इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

कार्यालय से जानकारी के मुताबिक उक्त समिति के अंतर्गत ग्राम मोखा सहित ग्राम कन्हारपुरी, सोनाईडोंगरी, धानापुरी, चूल्हापथरा, खैरडिगी जैसे कुल 10 गांव से 1578 किसान पंजीकृत है। किसानों का कहना है कि खेतों में बीच के छिड़काव के बाद अंकुरण निकल आया है अब वर्तमान समय में जरूरी खाद नहीं मिल पाएगा तो फसलों को नुकसान पहुंच सकता है।

### डीएपी व यूरिया की अधिक समस्या

उक्त समिति के अंतर्गत किसानों को यूरिया, डीएपी, सुपर फास्फेट, पोटाश जैसे खाद को मांग के आधार पर प्रदान करना है, लेकिन यहां मनमानी के चलते किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए भटकना पड़ रहा है।

### किसानों के मध्य विवाद की स्थिति

यहां प्रबंधन समिति के लापरवाही की वजह से किसानों के मध्य विवाद की स्थिति बनने लगी है, ऐसे में किसानों ने शासन प्रशासन से तत्काल खाद उपलब्ध कराने के लिए मांग किया है।

# ग्राम पंचायत बरगा को मिला नया पानी टैंकर

## विधायक ईश्वर साहू ने दी सौगात प्रदान

**थान खम्हरिया,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू द्वारा ग्राम पंचायत बरगा को नवीन जल टैंकर प्रदान किया गया। यह टैंकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत किया गया है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में विधिवत रूप से इस टैंकर का लोकार्पण किया गया।



इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू सहित नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु साहू व अन्य जनप्रतिनिधि विशेष उपस्थित रहे। ग्रामीणजनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने इस जनहितकारी पहल के लिए विधायक साहू का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्राम पंचायत बरगा की सरपंच श्रीमती नंदकुमारी ठाकुर, उपसरपंच पुन्नी कमलेश साहू, ग्राम पटेल राजकुमार साहू, तथा पंचगण सरोज साहू, मंजु माण्डे, कुमारी बाई, जानकी साहू, मंगतु यादव, श्रवण कुमार, अशोक साहू, भारती वर्मा, रेखा साहू और जोहन पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस पहल का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से जूझते क्षेत्र के लिए यह टैंकर एक महत्वपूर्ण राहत सिद्ध होगा।

# शिक्षिका शशिबाला ठाकुर का निधन, शाला परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**थान खम्हरिया,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। एक सौम्य मृदुभाषी और बच्चों के बीच ममतामयी शिक्षिका शशिबाला ठाकुर जो शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोपेडबरी में कला शिक्षिका के रूप में 27 वर्षों से कार्यरत थी यादगार स्मृतियों का अहसास छोड़कर भगवान के चरणों में 6 जुलाई को लीन हो गई। उन्होंने शिक्षकीय कार्य सन् 1998 में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के रूप में प्रारंभ किया था उनकी लगन और बच्चों के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें जल्द ही बच्चों में लोकप्रिय बना दिया और वह बाला मैडम के नाम से बच्चों के बीच लोकप्रिय हो गयीं। इनसे पढ़े विद्यार्थी आज भी उन्हें याद कर भावुक हो जाते हैं। इनके पिता से उन्हें शिक्षकीय गुण विरासत में मिले थे। इनके परिवार के अनेक लोग विभिन्न जिलों में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। जीवन साथी के रूप में इन्हे बलराम सिंह ठाकुर व्याख्याता बेलतरा का साथ मिला था। शशिबाला ठाकुर न सिर्फ एक अच्छी शिक्षिका थीं बल्कि मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थीं उनका असमय चले जाना न केवल शिक्षकीय जगत में बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिये अपूर्णीय क्षति हुयी। विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को चंद घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ आरोपी का पूर्व में कई अपराधिक मामला थाने है दर्ज

**दल्लीराजहरा,**6 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारीनुसार 4 जुलाई के प्रार्थी सचिन राजपूत अपने साथी मनीष पिल्लई के साथ वार्ड क्र. 2 में उनके रिश्तेदार प्रमोद उडीया द्वारा फोन कर मिलने हेतू बुलाने पर ये दोनो एक साथ मोटर सायकल में बैठकर वार्ड क्र0 2 कार्तिक उर्फ कौआ के जीजा किशन बहादुर के घर तरफ से जाते समय रास्ते में आरोपी द्वारा रास्ता रोककर तुम लोग कहां के रहने वाला हों इधर कहां जा रहे हो कहर गाली गलौज करने पर उसे गाली देने से मना किया इसी बात को लेकर आवेश में आकर आरोपी ने प्रार्थी एवं उनके साथी को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से अपने पास रखे चाकू से सचिन को हत्या करने की नियत से प्रहार करने लगा उसी समय प्रार्थी अपने गर्दन को झुका देने से चाकू उनके दाहिने ओठ व दाहिने कोहनी के पास गहरा चोट आया है, मारपीट करते देख मनीष द्वारा छुडाने का प्रयास किया तो उसी चाकू से उसे भी हत्या करने के नियत से उनके पेट के दाहिने तरफ मारकर चोट पहुचाया है, जिससे प्रार्थी के रिपोर्ट पर उक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में , नगर पुलिस अधीक्षक डा0 चित्रा वर्मा एवं थाना प्रभारी रवि शंकर पाण्डेय के नेतृत्व में आरोपी कार्तिक नेताम उर्फ कौआ पिता स्व0 गुहाराम नेताम उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05, 256 चौंक निवासी को चंद घंटों में पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो घटना करना स्वीकार करने पर आरोपी के कब्जे से एक लोहे का चाकू को जप्त किया गया है । आरोपी कार्तिक उर्फ कौआ एक आदतन अपराधी किस्म का है जिसके पूर्व में भी थाना राजहरा में कई अपराधिक प्रकरण दर्ज है ।आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी रवि शंकर पांडेय सहायक उप निरीक्षक कांता धीरेंद्र, आरक्षक छन्नू बंजारे ,योगेन्द्र सिन्हा,खिलावन सिन्हा, झाम सिंह कोमरे, दीपक यादव, सुरेंद्र देशमुख की विशेष भूमिका रही ।




# सद्गुरु कबीर आश्रम साजा अतिरिक्त भवन निर्माण राशि 10 लाख की स्वीकृति

**थान खम्हरिया,** 6 जुलाई (देशबन्धु)।श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समिति क्षेत्र-साजा 80 गांवों की कबीरपंथीयों का आस्था का केंद्र नगर पंचायत साजा में भवन निर्माण हेतु राशि 10 लाख आदरणीय श्री ईश्वर साहू जी विधायक (साजा)द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।



इसके लिए महोदय जी को आभार समिति पदाधिकारीगण अध्यक्ष- श्री बेदप्रकाश साहू, सचिव -श्री पवन साहू, कोषाध्यक्ष -श्री मीना राम साहू, उपाध्यक्ष -श्री पुनाराम साहू , श्री द्वारिका साहू ,श्री अश्विनी साहू कोठारी रामजी साहू पूज्य गुरुजन गुरुगोसाई श्री लाल दास साहेब,महंत श्री खेलावन दास साहेब महंत श्री पुनित दास साहेब, गुरुगोसाई श्री भागवत दास साहेब गुरुगोसाई श्री आनंद दास साहेब, महंत श्री ओहंग दास साहेब, पुजारी श्री बाला दास,सुमरन दास साहेब भंडारी भागवत दास,श्री परसु ,दीना,मनहरण, गजानंद,साहेब दास, ईश्वर दास,डोमार दास, प्रोफेसर सर,जोगी दास,नरेश,सोनसाय, सुखनंदन,रिझो, जलेश्वर,मोहित, रामसिंह,झुमुक,बहल,विक्रम, घनाराम, सुखदेव,श्यामु, खेलावन टुकराम, हरनारायण, रमेश एवं क्षेत्र के सभी कबीरपंथी समाज की ओर से सम्मानीय विधायक महोदय जी को बहुत बहुत धन्यवाद साधुवाद व्यक्त करते हैं।

# आश्वासन के बाद भी नहीं बना कुरूभाट चिचका को जोड़ने वाला पुल

**खैरागढ़,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। उच्च अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी कुरूभाट से चिचका को जोड़ने वाला पुल अब तक नहीं बन पाया है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि बाढ़ के चलते कुछ वर्ष पूर्व उक्त पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में रोजाना असुविधा हो रही है। बरसात का मौसम आने के बाद यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले लेता है। बारिश के कारण नदी में बाढ़ आने के बाद कुरूभाट से चिचका का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है वहीं कुरूभाट का ही एक मोहल्ला टिकरापारा से भी गांव का संपर्क टूट जाता है जिससे आम जनजीवन तो प्रभावित होता ही है बच्चों की पढ़ाई पर भी असर होता है। नौबत यहां तक आ जाती है कि लोगों को राशन सामग्री लेने के लिए भी सोचना पड़ता है। आषाढ़ का माह लग चुका है और बारिश भी होने लगी है ऐसे में ग्रामीण अब अपनी व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। नदी में बाढ़ आने के बाद आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है ऐसे में लोग अपने दैनिक आवश्यकताओं की सामग्री पूरी करने में लग जाते है।



- पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने के बाद मिला था आश्वासन
- बीते कई साल से क्षतिग्रस्त पड़ा है पुल
- बरसात में टूट जाता है दोनों गांव का संपर्क
- ग्रामीणों को परेशानी से होना पड़ता है रूबरू

### पंचायत चुनाव बहिष्कार के बाद पुल निर्माण का मिला था आश्वासन

पंचायत चुनाव से पूर्व ग्रामीणों ने पुल निर्माण नहीं होने पर चुनाव का बहिष्कार किया था जिसके बाद अधिकारियों ने जल्द पुल निर्माण कराने आश्वस्त किया था परन्तु अभी तक पुल निर्माण की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। प्रशासनिक लापरवाही के कारण सबसे बड़ा नुकसान पढ़ाई कर रहे छात्रों को है जो पुल पार करके अपना भविष्य गढ़ने स्कूल जाते हैं। बारिश के दिनों में जब तक नदी का पानी सूख नहीं जाता बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, ऐसे में उनका भविष्य उज्ज्वल कैसे हो पाएगा। एक ओर जिले के जिम्मेदार अधिकारी तथा जनता से वादे कर वोट लेने वाले नेता विकास के नाम पर वाहवाही लूटने में व्यस्त है तो दूसरी ओर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति तक नहीं हो पा रही है।

### लगभग 7 साल से पुल निर्माण की बाट जोह रहे ग्रामीण, विधायक भी नहीं कर रही मदद

ज्ञात हो कि लगभग 7 साल से ग्रामीण एक पुल निर्माण की बाट जोह रहे हैं जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। यहां तक कि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से भी ग्रामीण मिल चुके है लेकिन उनसे भी केवल आश्वासन ही मिला है। अब ग्रामीणों ने उम्मीद ही खो दी है कि इस बड़ी समस्या से कोई उन्हें निजात मिल पाएगा। जनप्रतिनिधि केवल अपनी राजनीतिक रोटी सेकने जाते है और पुल निर्माण का आश्वासन देकर वोट बटोर लेते है लेकिन जीत के बाद भी जैसे का तैसा हाल है।

***शासन व प्रशासन दोनों को अवगत कराने के बाद भी आज तक टूटे हुए पुल का निर्माण नही होने से ग्रामीणों में शासन के प्रति नाराजगी है।***

***दिलीप गणवीर, सरपंच भरतपुर***

***राज्य सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है पर अभी तक स्वीकृत नहीं हुआ है।***

***टकेश्वर प्रसाद साहू एसडीएम खैरागढ़***

***ब्रिज वालों से बात कर ही बता पाऊंगा क्योंकि बड़ा पुल का निर्माण होना है।***

***प्रेम कुमार पटेल सीईओ जिला पंचायत खैरागढ़***

# छुईखदान भाजपा की नई कार्यकारिणी घोषित

**छुईखदान,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव , संगठन महामंत्री पवन साय , जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू की अनुशंसा से छुईखदान मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है, जिसमें अनुभव और युवाओं की ऊर्जा का बेहतरीन सामंजस्य देखने को मिला। पार्टी नेतृत्व ने संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाने की दिशा में एक सशक्त टीम को जिम्मेदारी सौंपी है।

जहां संगठन के जुझारू और कर्मठ अनुभवी भावेश कोचर को मंडल अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व और जिम्मेदारी सौंपते हुए टीम में वरिष्ठ अनुभवी ज्ञानसिंह यादव, मनमोहन वर्मा, राजेंद्र साहू और ठाकुर राम साहू को मंडल उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

वहीं बलराम जंघेल और रोशन चंद्राकर को मंडल महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, जबकि सूर्यकांत वैष्णव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

महिला मोर्चा और सामाजिक सहभागिता को सशक्त करने के उद्देश्य से श्रीमती किरण वैष्णव, परमेश्वरी सिन्हा, कुसुम जंघेल और संतोषी जोशी को मंत्री के पद पर जिम्मेदारी दी गई है।



वहीं अनुभवी दीपक देशमुख को मीडिया प्रभारी तथा ऊर्जा वान सजग संदीप महोबिया को सह-मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठनात्मक कार्यों के संचालन हेतु सुरेंद्र तिवारी को कार्यालय प्रभारी बनाया गया है।

घोषणा उपरांत भाजपा मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर ने सभी प्रदेश जिला संगठन प्रमुखों ,और वरिष्ठ नेताओं का आभार निवेदित करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करना और साथ ही दोहरी जवाबदारी से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने टीम के सभी पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित करते हुए पूरी निष्ठा सक्रियता और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।

यह नई टीम आने वाले समय में संगठन को नई दिशा देने छुईखदान मंडल के नगर पंचायत छुईखदान सहित 54बूथों में संगठनात्मक उत्तरदायित्वों , राजनीतिक, जनसरोकार से जुड़े विषयों को लेकर सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास की भाव से मजबूती के साथ पूरा करने का कार्य छूइखदान मंडल भाजपा की टीम करेगी।

# गौ सेवा से पापों की मुक्ति संभव: आचार्य भरत भाई महाराज

**थान खम्हरिया,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान राजस्थान से पधारे परम पूज्य आचार्य भरत भाई श्री महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में गौ माता की महिमा का दिव्य वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ सेवा और गौ पूजन से न केवल पापों से मुक्ति मिलती है, बल्कि जीवन में संकट, रोग और दुर्भाग्य भी समाप्त होते हैं।



महाराज श्री ने कहा कि गौ माता को शास्त्रों में अत्यंत पवित्र और माता तुल्य स्थान दिया गया है। 'जो मनुष्य प्रतिदिन स्नान कर गौ का स्पर्श करता है, वह सब प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है। गौ के खुर से उड़ी धूल को जो सिर पर धारण करता है, वह तीर्थस्नान के समान पुण्य प्राप्त करता है,' उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया।

गौ माता के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि गौ केवल धार्मिक प्रतीक ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए पोषण और स्वास्थ्य की संवाहिका है। उन्होंने कहा कि पूर्वकाल में जब लोग गोबर की खाद से खेती करते थे, तो बीमारियाँ बहुत कम थीं। आज रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग ने मनुष्य को रोगों का घर बना दिया है।

पूज्य भरत भाई श्री ने गौशालाओं की दयनिय स्थिति और घुमंतू एवं सड़क किनारे बैठी गायों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, शंकराचार्य स्वामी मुक्तेश्वरानंद जी एवं गो सेवा आयोग के संरक्षक श्री राम बालक महात्यागी को इस संबंध में अवगत कराया है। उन्होंने स्थायी समाधान और बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया।

आचार्य श्री पिछले एक माह से छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं और गौ सेवा के संदेश को गाँव-गाँव, नगर-नगर पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर सत्यव्रत राय, राजा शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

गौ सेवा के प्रति उनका यह सतत समर्पण न केवल धार्मिक चेतना का प्रसार है, बल्कि समाज में स्वस्थ, सात्विक और संवेदनशील जीवनशैली की ओर प्रेरित करने का पुनीत प्रयास भी है।

**उल्टा पुल्टा**

लड़की- आज मेरी शादी है। अब लौटकर क्यों आए हो यहां?
लड़का- डीजे का आर्डर हमको ही मिला है। काम धंधा छोड़ दे क्या?

## संपादकीय

# बच्चों की तरह पालें पेड़ों को

राजधानी में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल की शुरुआत हुई है जिस पर ईमानदारीपूर्वक अमल किया जाना चाहिये साथ ही इस योजना को प्रदेश भर में लागू करना चाहिये। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ऐलान किया है कि शासकीय अस्पतालों में जन्म लेने पर हर बच्चे के नाम पर माता-पिता को फलदार वृक्षों के पांच पौधे प्रदान किये जाएंगे। अभिभावकों से उम्मीद की जायेगी कि वे इन पौधों का अपने बच्चों की तरह ही पालन-पोषण करेंगे। बच्चे के दुनिया में आगमन को याद रखने का इससे बेहतर और कोई उपाय नहीं हो सकता। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होंगे, उनके आंगन में लगाये गये पेड़ भी बड़े होते जायेंगे जो स्वयं उनके तथा माता-पिता के लिये गौरव व खुशी की बात होगी।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण को संरक्षित करने की इच्छा के अनुरूप यह जिला प्रशासन, वन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की मिली-जुली पहल है जिसे 'ग्रीन पालना अभियान' नाम दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण के अभियान से सामान्य जनता को भावनात्मक रूप से इससे जोड़ा जा सकेगा। माता-पिता पूरी कोशिश करेंगे कि जैसे वे अपने बच्चे के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रहने देंगे वैसे ही उन पौधों का भी संरक्षण कर उन्हें बड़ा करेंगे। इससे आने वाली पीढ़ियों में भी पर्यावरण के संवर्धन की भावना पहल जाग्रत होगी। बच्चे जब जानेंगे कि उनके घर-आंगन में लगाए गए पेड़-पौधों का सम्बन्ध उनके जन्म से है तो वे भी उनके संवर्धन में रुचि लेंगे।

कोशिश की जानी चाहिये कि सभी 5 पेड़ों को अभिभावक बड़ा करें। इसके लिये पौधों को पर्याप्त व समय पर पानी देने से लेकर उन्हें कीड़ों से बचाने तथा अन्य खाद भी दी जाये। आजकल छोटे से छोटे स्थानों में भी पेड़-पौधे लगाने सम्बन्धी जानकारी, मार्गदर्शन और सामग्रियां सहज उपलब्ध हैं। फलदार पौधों को केवल संरक्षित करने की ज़रूरत होती है। यदि घरों के बाहर उन्हें लगाया गया है तो देखना होगा कि मवेशी चर न जायें। सस्ते ट्री-गार्ड मिलते हैं। कुछ समय के बाद ये पौधे इतने बड़े हो जाते हैं कि उनके पत्तों या फलों तक मवेशी पहुंच नहीं पाते।

सरकार फलदार वृक्ष लगाने के कई तरह के प्रयास कर चुकी है जिनमें कुछ में कामयाबी मिली है तो कई अभियान अपेक्षित रूप से सफल नहीं हो पाये हैं। पर्यावरण के महत्व को सैद्धांतिक रूप से तो सभी जानते हैं लेकिन जनता का उनसे भावनात्मक सम्बन्ध नहीं बन पाता क्योंकि ऐसे ज्यादातर अभियान सरकार या स्थानीय निकाय चलाते हैं। जनसामान्य की उनमें सीधी भागीदारी नहीं होती। बच्चे के जन्म के साथ पौधारोपण लोगों को जुड़ाव के साथ गौरव और अपनत्व का एहसास कराएगा। राज्य के सभी जिलों में यह कार्यक्रम लागू किया जाना चाहिये। इससे प्रदेश की हरियाली में निश्चित रूप से इज़ाफ़ा होगा।

# जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा रखकर उन्हें याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को आशुतोष मुखर्जी के घर हुआ था डॉ श्यामा प्रसाद अपने माता-पिता की दूसरी संतान थे। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बुद्धि एवं प्रखर विद्वान एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने एवं कुलपति के दायित्व का दो बार निर्वाहन किया कुलपति रहते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधार किये उस समय हम अंग्रेजो के अधीन थे। उन्होंने शिक्षा को स्वाभिमान के साथ जोड़ा उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय में अंग्रेजों की। गुलामी के प्रतीक चिन्ह को बदलकर खिलते कमल के मध्य श्री लिखवाया जो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है उनका जीवन भारत के अखंड और शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था। पंडित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की राजनीति को एक नई दिशा दी। उन्होंने भारतीय जन संघ की स्थापना की जो कालांतर में भारतीय जनता पार्टी भाजपा का मूल आधार बना वे लोकतांत्रिक मूल्य के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कांग्रेस के एका अधिकार के खिलाफ्वैचारिक विपक्ष खड़ा किया और भारतीय जन संघ की स्थापना की ताकि एक मजबूत वैकल्पिक विचारधारा देश के सामने आए उनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जम्मू कश्मीर के भारत में पूर्ण एकीकरण के मुद्दे पर रही। उन्होंने एक देश में दो निशान दो प्रधान दो विधान नहीं चलेंगे का नारा दिया और अपने प्राणों की आहुति देकर इस विचार को जनमानस में स्थापित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष नंदकुमार साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, श्रीमती नीलम सोनी, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, शहर मंडल के अध्यक्ष राकेश ध्रुव, श्रीमती सुशीला वर्मा, राहुल सोनी, श्रीमती सरिता मार्के, धनीराम मार्के, तरुण वर्मा, हरि सेन, धनेश्वरी वर्मा, अंशु ताम्रकार, पार्षद अमितेश नेताम, हरिश्चंद्र वर्मा, तामेश्वर वर्मा, शहर महामंत्री संजय श्रीवास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# जपं, नपं, नपा और महाविद्यालयों में कार्यों के सुचारू संचालन के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किये प्रतिनिधि नियुक्त



**नगर पालिका में दयालु गाडा एवं महाविद्यालय में अशोक गंगवाल एवं कन्या महाविद्यालय में मधु बोथरा**

**नवापारा राजिम,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगरपालिका और महाविद्यालयों में कार्यों के सुचारू संचालन के लिए अपने सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। ये प्रतिनिधि जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जनता की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में दयालु गाड़ा को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वहीं महाविद्यालयों से छात्रों की समस्याएं, योजनाओं की प्रगति तथा प्रशासन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां समय-समय पर उपलब्ध कराने, शिक्षा के क्षेत्र में नवापारा के श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में अशोक गंगवाल को तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में मधु बाफना को मनोनित किया गया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# गिधौरी, शिवरीनारयण रोड में डब्ल्यूएमएम कार्य शुरू



**बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में गिधौरी शिवरीनारायण का डब्ल्यूएमएम कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरु कर दिया गया है। इसी तरह सुहेला-हिरमी रोड में कुथरोद रोड का पैच रिपेयर किया जा रहा है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत तेजी से करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा नें बताया कि सड़क मरम्मत हेतु बजट आवंटन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकता अनुसार सड़कों का मरम्मत कार्य जल्द शुरु किया जाएगा।

# विधायक रोहित साहू आज से 9 जुलाई तक मैनपाट में आयोजित प्रशिक्षण में होंगे शामिल



**राजिम,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसदों एवं विधायकों के लिए आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 7 जुलाई से 9 जुलाई 2025 तक मैनपाट (सरगुजा) में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू भी सहभागिता करेंगे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को संगठन की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस अवधि में वे अपने निवास कार्यालय में नियमित जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकेंगे तथा पुन: 11 जुलाई से अपने निवास कार्यालय में आमजनों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर साहू ने प्रदान की।

# अवैध रूप से नशीली कैप्सूल बेचने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार



**आरोपी के कब्जे से 216 नग नशीली कैप्सूल एवं नगदी रकम बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज**

**धमतरी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। धमतरी पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुरूद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अटल आवास कुरूद निवासी एक युवक द्वारा नहर पार किनारे काले-सफेद रंग के गमछा में नशीली दवाइयां रखकर अवैध रूप से बिक्री की जा रही है।

सूचना के आधार पर थाना कुरूद पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक भूपेन्द्र साहू पिता चंद्रकुमार साहू उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास कुरूद को पकड़ा। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से ह्न्ङ्ग (Dicyclomine Hydrochloride, Tramadol Hydrochloride & Acetaminophen Capsules) SPASMO-PROXYVON PLUS के कुल 27 पत्ता, प्रत्येक में 08 नग कैप्सूल होने से कुल 216 नग नशीली कैप्सूल (वजन 83.160 ग्राम, अनुमानित कीमत 2,397.60 रूपये) तथा बिक्री से प्राप्त 300 रूपये नगद बरामद किया गया। यह कार्यवाही गवाहों के समक्ष विधिवत की गई एवं बरामद कैप्सूल को सीलबंद किया गया।

आरोपी का कृत्य धारा 22 (ख) नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के अंतर्गत पाए जाने से थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 177/2025 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना कुरूद सउनि. सुरेश नंद, प्रआर. जय कन्नौजे, आर. हेमंत सिन्हा, गोपाल चंद्राकर, शिवचरण कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

# अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई 5 हाइवा वाहन जब्त



**महासमुंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहकम में रेत का अवैध परिवहन करते हुए 05 हाइवा वाहन को जप्त किया गया। सभी वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज ;विकास एवं विनियमन, अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआई आर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर गाय आने से अनियंत्रित कार की चपेट में आने से एक महिला की हुई मृत्यु



**मृतिका डॉ. सुरेन्द्र दिव्यकार की माता थी**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। इन दिनों गौ माताओं के सड़कों पर होने के कारण सड़क दुर्घटना कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस क्षेत्र में गौ माताओं के कारण रोजाना कही न कहीं छोटी बड़ी घटनाएं हो रही हैं। रविवार को सड़क में गाय आने से अनियंत्रित कार की चपेट में आद्या हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर सुरेंद्र दिव्यकार की माता की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब 4 बजे एक स्विफ्ट डिजायर कार चालक विशाल खैरवार पिता हेमलाल खैरवार उम्र 26 वर्ष रायपुर निवासी द्वारा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए अपने साथी विनय सोनी पिता संजय सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी आमगांव जिला शक्ति के साथ रायपुर की ओर जा रहा था तभी कसडोल रिंग रोड में सामने गाय आ जाने से हड़बड़ा गया और कार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे रखे गिट्टी के ढेर पर चढ़ा फिर पलटते हुए किनारे खड़ी आद्या हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर सुरेंद्र दिव्याकर की माता रामायण बाई दिव्याकर पति घनश्याम दिव्याकर उम्र 65 वर्ष को अपने चपेट में ले लिया जिसे तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच विवेचना में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# देश की एकता के लिए समर्पित रहा डॉ मुखर्जी का जीवन : येतराम



**महासमुंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एअखंड भारत के प्रणेता डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की 125 वीं जयंती पर 6 जुलाई को शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार टाउनहाल में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाई गयी। डॉ मुखर्जी के जयंती के अवसर पर भाजपा शहर मण्डल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने डॉ श्यामाप्रसाद को अखंड और अटूट भारत निर्माण का प्रणेता बताते हुए कहा कि मुखर्जी जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान का पूरा राष्ट्र ऋणी रहेगा। देश में एकता के साथ एक समान संविधान लागू करवाने मुखर्जी जी सदैव संघर्ष करते रहे और देशहित मेंअपना सर्वस्व बलिदान किया। कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी को प्रखर विद्वान,शिक्षाविद और राष्ट्रवादी चिंतक बताते हुए कहा कि भारत देश की स्वतंत्रता के बाद भी तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सरकार के समय देश में कश्मीर में लागू परमिट सिस्टम के साथ दो विधान,दो निशान और दो प्रधान का मुखर्जी जी ने पुरजोर विरोध करते हुए स्वयं कश्मीर प्रवेश किये और उनको गिरफ्तार किया जहा जेल में उनकी रहस्यमय मृत्यु हुई। पूर्व विधायक प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने श्यामाप्रसाद जी के योगदान को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत में नेहरू मंत्रीमण्डल में गैरकांग्रेसी मंत्री रहते हुए भी उन्होंने अपने सिद्धांतों और राष्ट्रीय हित के मुद्दों से हटकर सरकार की नीतियों से कभी समझौता नही किया। नेहरू और गांधी जी की तुष्टिकरण के नीतियों का मुखर्जी जी हमेशा विरोध करते रहे। एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्नद्रष्टा श्यामाप्रसाद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अध्यक्ष महेंद्र सिका ने डॉ श्यामाप्रसाद की जयंती पर उनके संघर्षो और कार्यो का स्मरण करते हुए देश के विकास और एकता के लिए समर्पण और एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवी चंदराठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, रमेश साहू ,जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, भाजपा पदाधिकारी मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, अग्रज शर्मा, एम आर विश्वनाथन, आनंद साहू,महेंद्र जैन, राहुल चंद्राकर, ऋषभ बापना, हिमांशु चंद्राकर, नंदू जलछत्री, भगवती करकेसे, पांडुरंग मदनकर, शरद राव, महेश चौहान, रमेश पटवा, गोपी कनौजे, लिलेश साहू आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 166 लोगों का किया गया नेत्र परीक्षण

- 39 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु ले जाया गया रायपुर
- 58 लोगों को मुफ्त वितरण किया गया चश्मा



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर एवं कुश की पावन नगरी कसडोल के तत्वाधान में रविवार 6 जुलाई को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 166 लोगो का नेत्र परीक्षण किया गया तथा परीक्षण में करीब 60 लोगों को मोतियाबिंद होना बताया गया। जिसमें से ऑपरेशन के लिए एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर ले जाया गया। वही 58 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर एवं कुश की नगरी कसडोल के तत्वाधान में मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति, वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान, माता अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा संस्थान, गायत्री परिवार एवं इंदिरा देवी गोरहा शिक्षण समिति के सहयोग से इंदिरा देवी गोरहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक रखा गया था। जिसमें एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर से पहुंचे मनीष साहू समन्वयक, खुशी साहू, धनंजय चंद्रवंशी, एम डी हुसैन, दीपांशु शर्मा, मुस्कान जांगड़े, ऋतु त्रिपाठी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर करीब 166 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा करीब 39 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर ले जाया गया। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल के संरक्षक देवेंद्र साहू, प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा, वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, माता अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामफल साहू द्वारा माता सरस्वती के छाया चित्र की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 115 पौवा अवैध देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**धमतरी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति स्कूटी वाहन से अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दानीटोला भट्ठी से नगरी रोड स्थित डेविड भवन के पास घेराबंदी कर एक स्कूटी क्र. सीजी 05 एएल 7087 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक बोरी में छुपाकर रखे गए 115 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 9,200 रूपये) बरामद किए गए, जिसे आरोपीगण बिना वैध अनुज्ञा के परिवहन कर रहे थे। पूछताछ के करने पर आरोपियों ने अपना नाम दीपक साहू पिता स्व. झुकु राम साहू, उम्र 44 वर्ष, निवासी विंध्यवासिनी वार्ड, थाना सिटी कोतवाली धमतरी और कौशल सेन पिता जग्गू राम सेन, उम्र 21 वर्ष, निवासी केरेगांव कोर्रा, थाना केरेगांव, जिला धमतरी बताया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना से दिखा सकारात्मक परिवर्तन

- अंग्रेजी और भौतिकी विषय के शिक्षक मिलने से विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि
- डीईओ ने विद्यालय का निरीक्षण कर सराहना की



**महासमुंद,** 6 जुलाई (देशबंधु)। शिक्षकों की नियमित और आवश्यक पदस्थापना से शैक्षणिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार संभव है। इसका उदाहरण है बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल घुंचापाली, जहाँ शिक्षक अभाव की समस्या युक्तियुक्तकरण नीति के माध्यम से दूर कर दी गई है। परिणामस्वरूप विद्यालय में शैक्षणिक माहौल में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पूर्व में अंग्रेजी और भौतिकी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक न होने से विद्यालय में बच्चों के प्रवेश निरंतर घट रहे थे। यहाँ तक कि कई अभिभावक अपने बच्चों को अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित करने के लिए मजबूर हो गए थे,किंतु शासन की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत इस विद्यालय में अंग्रेजी विषय के व्याख्याता संजय गिरी गोस्वामी और भौतिकी विषय के व्याख्याता तिर्की मैडम की पदस्थापना से शैक्षणिक गतिविधियाँ पुन: सशक्त हुई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने शनिवार को विद्यालय का निरीक्षण कर इस बदलाव की सराहना की। उन्होंने कक्षाओं का भ्रमण कर बच्चों से सीधा संवाद किया और अध्यापन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। श्री लहरे ने कहा कि शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता से बच्चों में सीखने की रुचि और विद्यालय में उपस्थिति दोनों में तेजी से वृद्धि होती है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के आर चंद्राकर ने बताया कि पहले कक्षा 9 में बच्चे प्रवेश नहीं ले रहे थे और पूर्व में प्रवेशित छात्र भी स्थानांतरण प्रमाण पत्र टीसी लेकर अन्यत्र चले जाते थे। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 05 जुलाई तक कक्षा 9 में 48 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है और विद्यालय की कुल दर्ज संख्या 87 विद्यार्थियों तक पहुँच गई है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों के सीखने की गति, पढ़ाई के तरीके और अभिभावकों की भागीदारी पर जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूर्ण शिक्षक बल और रचनात्मक शैक्षणिक वातावरण जरूरी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने यह भी आश्वस्त किया कि विद्यालय में आवश्यक भौतिक संसाधनों की पूर्ति के लिए शिक्षा विभाग हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने विद्यालय में चल रहे सुधार कार्यों की सराहना भी की। निरीक्षण के समय बागबाहरा के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता डे भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शासन की युक्तियुक्तकरण नीति का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षकों की असमान उपलब्धता को संतुलित करना है।जहाँ शिक्षक अधिक हैं वहाँ से कम शिक्षक वाले विद्यालयों में स्थानांतरण किया गया है। इस प्रक्रिया से छोटे और ग्रामीण विद्यालयों को भी सक्षम शिक्षक मिलने का अवसर मिलता है।

# सेवानिवृत्ति परमीना पाणिग्राही को दी विदाई



**महासमुंद** 6 जुलाई (देशबंधु)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में सेवानिवृत्ति के अवसर पर डाइट प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही को प्राचार्य अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक संस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विदाई दी गई । इस अवसर पर प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि श्रीमती पाणिग्राही निर्विघ्न एवं कुशलतापूर्वक 37 वर्षों के सेवा के उपरान्त लगातार 22 वर्षों तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्य करते हुये सेवानिवृत्त हो रही है। उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान एवं प्रशंसनीय कार्यों को सदैव स्मरण किया जायेगा । वरिष्ठ व्याख्याता उमा देवी शर्मा, राजेश चंद्राकर एवं प्रकाश प्रधान ने कहा कि श्रीमती मीना पाणिग्राही एक कुशल प्रशासक के साथ साथ एक आदर्श शिक्षक के रुप में अपना जीवन समर्पण किया है। वे ममता एवं सहानुभूति की प्रतिमूर्ति रही है। इस अवसर पर डाइट के छात्राध्यापकों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुये उन्हें विदाई दी । छात्राध्यापक जसवंत सिदार, राकेश ध्रुव, किशन साहू, किरण ध्रुव,ज्योति, आरजू बानो, भूमिका चौहान, पवन ध्रुव, अमृत सिदार, लिखन साहू, दीपिका नंदा, मीना ठाकुर, गुंजा साहू, तनुजा, माधुरी, निकिता के संयोजन में सामूहिक नृत्य एवं छग दर्शन पर आधारित कार्यक्रमों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं तनुजा ध्रुव के क्लासिकल नृत्य ने खूब तालियां बटोरी ।इसी प्रकार संपूर्ण छात्र परिषद द्वारा श्रीमती मीना पाणिग्राही को सम्मानित किया गया । अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्यों की ओर से व्याख्याता संतोष साहू,टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू,सुनील साहू, सुनील मरकाम, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, योगेन्द्र पांडे, प्रदीप साहू, राधा साहू, गरिमा सिंह राजपूत, मीना साहू, तरुण चंद्राकर, हीरामन साहू, अजय, उजित सभी ने एक स्वर में कहा कि श्रीमती मीना पाणिग्राही अत्यंत सौम्य सरल एवं सहज होकर अपने संपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुये सेवानिवृत्त हो रही है । हम उनके बताये मार्गों का अनुशरन करेंगे।

# साहित्यिक एवं शैक्षिक पत्रिका बुनियाद का विमोचन

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट ने प्रकाशित कराई पत्रिका



**महासमुंद** 6 जुलाई (देशबंधु)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में साहित्यिक एवं शैक्षिक पत्रिका का विमोचन निर्वतमान प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ ।इस अवसर पर श्रीमती पाणिग्राही ने कहा कि शैक्षिक पत्रिका बुनियाद डाइट महासमुंद की कार्यकुशलता एवं जिला के शैक्षिक गतिविधियों का दर्पण है । उन्होंने कहा कि वरिष्ठ सदस्य अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं संपादक टेकराम सेन के कुशल संपादकीय में संपन्न हुआ है जो अत्यंत सराहनीय है । पत्रिका में जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों, नवाचार एवं डाइट के गतविधियों का उल्लेख से नई रोशनी का संचार होगा ।प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि शैक्षिक पत्रिका संस्थान का प्रतिबिंद होता है जिससे शिक्षकों एवं छात्राध्यापकों सहित जिले के शिक्षकों व विद्यालयों को स्थान दिया जाना उत्साहजनक विषय है । उन्होंने कहा कि पत्रिका हेतु सासंद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर महासमुंद, शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे का संदेश संबल प्रदान करेगा ।वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष कुमार साहू ने कहा कि शैक्षिक पत्रिका के प्रकाशन से एवं रचनाओं को स्थान मिलने पर छात्राध्यापकों में हर्ष व्याप्त है । डाइट महासमुंद ने शैक्षिक गतिविधियों, नवाचार सहित साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं कला शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान बनाया है।

# प्रांतीय शारीरिक एवं खेल प्रशिक्षण वर्ग का हुआ उद्घाटन



**भाटापारा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में प्रांतीय शारिरीक एवं खेल आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में नगर संघ चालक संतोष पाण्डेय समिति सदस्य हेमंत नायडु, प्रातीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, प्रांतीय शारिरीक प्रमुख एवं रायपुर व राजिम विभाग के समन्वयक मानिक लाल साहू के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

सर्व प्रथम मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय जी ने अपने उद्गार के माध्यम से सभा में उपस्थित समस्त आचार्य दीदीयों को प्रशिक्षण वर्ग का विशेष रूप से लाभ उठाने के लिए प्रेरित कीया। वहीं प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार जी ने प्रशिक्षण वर्ग के विषय वस्तु के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई साथ ही मानिक लाल साहू जी ने खेल एवं शारिरीक विषय वस्तु के बारे मे विस्तार रूप से बताते हुए पंच कोष विषय की महत्व को बताया। जिसमें मुख्य रूप से शारिरीक शिक्षा योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक एवं अध्यायत्मिक शिक्षा सम्मिलित रहा। वही एक प्रकार का भोजन न लेते हुए संतुलित भोजन लेने पर विशेष बल दिया गया। विचार प्रगट करते हुए आगे कहा की शरिर को ठीक रखने के लिए व्ययाम श्रृखला आवश्यक है, उसके साथ ही मंन बुध्दि चित संस्कार को नियत्रण रखने को कहा। और जीबन कौशल, शिक्षा कौशल, सिखने का कौशल मनुष्य जीवन में सभी के लिए अनिवार्य बताया गया तथा वर्ष भर के शारिरीक एवं खेल-कुद कैलेण्डर की विशेष रूप से जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख संजय तिवारी द्वारा दी गई।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का दूसरा चरण शुरू

**गरियाबंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का दूसरा चरण 5 जुलाई से शुरू हो गया है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान के तहत जिले के 334 जनजातीय बाहुल्य गांवों में विशेष संतृप्तिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में ग्रामीणों को 17 विभागों की 25 शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीणों को मौके पर ही योजना से जोड़कर लाभान्वित करने की कोशिश की जा रही है। कलेक्टर बीएस उइके ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों का संचालन प्रभावी ढंग से किया जाए और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने आम नागरिकों से शिविरों में भाग लेने की भी अपील की है। शिविरों का आयोजन विकासखंडवार 5 से 15 जुलाई तक विभिन्न पंचायत भवनों में किया जा रहा है, जिसमें गरियाबंद, मैनपुर, छुरा, फिंगेश्वर और देवभोग क्षेत्र के गांव शामिल हैं। ज्ञात हो कि यह अभियान केंद्र सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास करना है। जानकारी के मुताबिक 06 जुलाई को छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कनसिंघी में, गरियाबंद विकासखण्ड में 06 जुलाई को ग्राम पंचायत भवन डुमरबाहरा में, मैनपुर विकासखण्ड में 06 जुलाई को ग्राम पंचायत भवन तुहामेटा में आयोजित होगा

# शिक्षक की विदाई पर बच्चे रो पड़े




**सरायपाली** 6 जुलाई( देशबन्धु )शासकीय प्राथमिक शाला बिजातीपाली के शिक्षक सुशील कुमार नायक का विदाईएवं जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया सुशील कुमार नायक का बच्चों ने गुलदस्ता और तालियों के द्वारा स्वागत किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ किया गया बच्चों ,शिक्षको उपस्थित ग्राम वासियों ने केक काटकर सुशील कुमार नायक का जन्मदिन मनाया नायक ने सभी बच्चों को मीठा व फल वितरण किया शास प्राथमिक शाला बिजातीपाली के शिक्षकों के द्वारा शाल श्री फल भेंट दिया गया , ग्रामपंचायत ग्रामवासियों एवं बच्चों के द्वारा उपहार भेंट किया गया। शिक्षक निर्मल कुमार मेहेर ने बताया गया कि सुशील नायक जी 7 जनवरी 2009 से 3 जून 2025 तक साढ़े 15 साल शाला सेवा दिए शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्त के तहत शासकीय प्राथमिक शाला मोहनमुंडा में पदस्थापना हुई, सुशील नायक एक बहुत ही होनहार,योग्य, सहज सरल स्वभाव के नवाचारी शिक्षक हैं बच्चों एवं गांव वासियों के बहुत प्यारे शिक्षक थे , स्कूल के सभी बच्चे, रसोइया , और ग्राम वासी रोने लगे ।विदाई सह जन्मदिवस कार्यक्रम में सरपंच हेतकुमारी, सचिव नमिता सीदार,उप सरपंच संतराम , पंच गण ग्रामीण विजयशंकर पटेल,कोमल नायक ,राजेश पटेल ,नरेश पटेल, छविलाल चौधरी, नीलांबर सोनी,रसोइया,स्वीपर, संकुल समन्वयक घनश्याम दास,नोडल प्राचार्य अरुण भोई ,प्रेमशीला पटेल ,निर्मल मेहेर, व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्राम छाती में मखाना खेती की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



- गंगरेल फ्रेश बाजार स्थल का भी किया निरीक्षण

**धमतरी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने आज छाती गांव पहुंचकर मखाना की खेती हेतु चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी दी गई कि गांव में कुल 13 तालाब हैं, जिनमें से 10 तालाबों की सफाई का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों की सफाई पूर्ण होने के बाद उनके किनारों पर नारियल के पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण लाभ के साथ ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने सम्बलपुर कृषि विज्ञान केंद्र को निर्देश दिए कि मखाना की खेती के लिए 200 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने शहर के अन्य उपयुक्त तालाबों की भी पहचान कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि मखाना की खेती को और विस्तार दिया जा सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छाती गांव में प्रस्तावित गंगरेल फ्रेश बाजार स्थल का भी अवलोकन किया। मछली पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बाजार में गंगरेल जलाशय से प्राप्त ताजे मछलियों की बिक्री की जाएगी और मछली आधारित व्यंजन भी तैयार कर बेचे जाएंगे। कलेक्टर ने इस स्थल पर तात्कालिक रूप से आवश्यक अस्थायी निर्माण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस बाजार से स्थानीय मछुआरों को रोजगार मिलेगा और रायपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को ताजी व गुणवत्तापूर्ण मछलियाँ उपलब्ध होंगी।

# छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा की बैठक संपन्न



- पेंशनर दिवस मनाने एवं अन्य मुद्दो पर की गई चर्चा
- मांग को लेकर पोस्टकार्ड द्वारा सीएम को भेजा गया पत्र

**बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार के पेंशनर भवन में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बलौदाबाजार भाटापारा की बैठक रखी गई। जिसमें पेंशनरों की दो सूत्री मांग क्रमश: धारा 49 (6) का विलोपन एवं केंद्र के समान ही देय तिथि से डी ए देने बाबत मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को पोस्टकार्ड लेखन अभियान के तहत पत्र भेजा गया। बैठक में पेंशनर दिवस 17 दिसंबर 2025 जो की बलौदाबाजार मुख्यालय में आयोजित होना है उस पर भी उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा गहन विचार विमर्श कर टंकराम वर्मा से मिलकर उन्हें इस पर अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव ने एक अभिनव परिपाटी का सूत्रपात भी किया जिसके अंतर्गत नए सदस्यों का स्वागत एवं संघ के सदस्यों का जन्मदिन मनाए जाने की घोषणा किया। साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव, जिला संरक्षक जामवंत वर्मा, हलधर प्रसाद वर्मा, जिला प्रवक्ता रघुनाथ प्रसाद पटेल, आसाराम अनंत, तारण सिंह ठाकुर, भूषण लाल बंजारे, विशेश्वर पाल, कमल नारायण यदु, परेटन लाल साहू, रमेश कुमार वर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, नारायण चंद्राकर, आर एन वर्मा, बरन लाल वर्मा, भवानी प्रसाद ध्रुव, सोन चंद वर्मा, वेद राम वर्मा, खिलावन साहू, अन्नपूर्णा शुक्ला, टीपी वर्मा, डी एस वर्मा एवं उभय राम के साथ बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

# औषधीय पौधों के संरक्षण को वैद्यराजों को मिला प्रशिक्षण



**गरियाबंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। विलुप्त हो रही औषधीय पौधों की प्रजातियों को बचाने के लिए गरियाबंद में बड़ा कदम उठाया गया। वन विभाग और ग्रीन कैनोपी इंडिया संस्था ने मिलकर जिले के 120 से ज्यादा वैद्यराजों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया। इसमें औषधीय पौधों के बिना नुकसान वाले दोहन, संरक्षण और पारंपरिक ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार को वन विभाग के आक्सन में किया गया।

इस प्रशिक्षण में दूर-दराज के इलाकों से आए वरिष्ठ वैद्यराजों ने अपने क्षेत्र की जड़ी-बूटियों को वन विभाग की नर्सरी में रोपा। विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने जंगलों में मिलने वाली जड़ी-बूटियों की पहचान, देखभाल और सही मात्रा में उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनियंत्रित दोहन से कई औषधीय पौधे खत्म होने की कगार पर हैं। टिकाऊ तकनीकों से ही इनका संरक्षण संभव है। वरिष्ठ वैद्यराजों ने बताया कि कौन-से पौधे किन बीमारियों में काम आते हैं। उन्होंने पारंपरिक विधियों से दवाएं बनाने की प्रक्रिया भी साझा की। इससे न केवल इलाज असरदार होता है, बल्कि पौधों की रक्षा भी होती है।

कार्यक्रम में वैद्यराजों के ज्ञान को दस्तावेज में दर्ज करने और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत पर चर्चा हुई। कई वैद्यराजों ने उन बीमारियों का जिक्र किया, जिनका इलाज एलोपैथी में नहीं है। उन्होंने औषधीय पौधों पर वैज्ञानिक शोध की मांग की।

उदंती-सीता नदी टाइगर रिजर्व के उपसंचालक वरुण जैन ने कहा कि औषधीय पौधे हमारी विरासत हैं। इनका संरक्षण जरूरी है। हम वैद्यराजों को सशक्त बनाकर इस ज्ञान को आगे बढ़ाना चाहते हैं। गरियाबंद के उपवन मंडल अधिकारी मनोज चंद्राकर ने कहा,वन विभाग लगातार औषधीय पौधों के संरक्षण में जुटा है। हमारा लक्ष्य है कि जंगलों में इनकी प्रजातियां बची रहें और लोग इनके महत्व को समझें।

ग्रीन कैनोपी इंडिया की देवयानी शर्मा ने कहा, हम पारंपरिक इलाज की विधियों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं। वैद्यराजों का ज्ञान अनमोल है। इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। छूरा के वैद्यराज ईश्वर सिंह ने कहा कि पूर्वजों से मिली जड़ी-बूटियों की जानकारी अब वैज्ञानिक तरीके से समझ में आ रही है। इस प्रशिक्षण से हमें नई तकनीकें सीखने को मिलीं। इस कार्यक्रम में वैद्यराजों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। वन विभाग और ग्रीन कैनोपी इंडिया ने स्थानीय समुदाय को औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए जोड़ने की योजना बनाई है।

# चोरी की चार स्कूटी एवं मोटरसायकल के साथ चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मगरलोड,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। धमतरी पुलिस द्वारा जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाई जा रही हैं।

उक्त अभियान के तहत थाना मगरलोड पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है,जिसमें चोरी की गई चार दोपहिया वाहन एवं चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

घटना थाना मगरलोड स्टॉफ गश्त व जुर्म-जरायम पतासाजी के लिए ग्राम मेघा की ओर रवाना था ।इसी दौरान मगरलोड अंग्रेजी शराब दुकान के पास दो अलग-अलग संदिग्ध स्कूटियों में चार युवक बैठे मिले ।एक वाहन सफेद रंग की हीरो डेस्टिनी स्कूटी (बिना नंबर प्लेट) तथा दूसरा काला-मेहरून रंग की एक्टिवा (क्रमांक छ्त्त 04 स्ह्र 6200) था।

चारों व्यक्तियों को संदेह के आधार पर थाना लाया गया और गवाहों के समक्ष पूछताछ करने पर उन्होंने अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई चार दोपहिया वाहनों को चोरी कर अपने पास रखना स्वीकार किया।

आरोपियों से जप्त वाहन जिसमें हीरो डेस्टिनी स्कूटी आरोपी मेघराज उर्फ मेघू के कब्जे से, स्प्लेंडर प्लस मोटरसायकल आरोपी पोषण ध्रुव के कब्जे से, प्लेटिना मोटरसायकल आरोपी पोखन निषाद के कब्जे से, काला-मेहरून रंग की एक्टिवा आरोपी लक्ष्मण उर्फ लक्की के कब्जे से जप्त किया गया है

सभी वाहन गवाहों के समक्ष आरोपियों की निशानदेही पर बरामद किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना मगरलोड में अपराध क्रमांक 86/25 अंतर्गत धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है ।गिरफ्तार आरोपीगण का नाम मेघराज उर्फ मेघू निषाद पिता गौकरण निषाद, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम ठेकला,थाना मगरलोड, पोखन निषाद पिता कुमार निषाद, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मोहरेंगा, थाना मगरलोड,लक्ष्मण उर्फ लक्की निर्मलकर पिता गोपीराम, उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम आमाचानी, थाना मगरलोड, पोषण ध्रुव पिता राजेन्द्र ध्रुव, उम्र 18 वर्ष

निवासी ग्राम मोहरेगा, चौकी करेली बड़ी, थाना मगरलोड, जिला धमतरी के है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी मगरलोड,प्रआर. दीनू मारकंडे,विरेंद्र चंद्राकर,आर. किशन सोनकर,कीर्तन सोनकर, प्रफुल्ल रात्रे,अश्वन साहू सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मगरलोड पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# युवा सांसद में धमतरी के शुभम जायसवाल ने हासिल किया प्रथम स्थान



**धमतरी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा इमरजेंसी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश स्तरीय मॉक पार्लियामेंट का आयोजन रायपुर में किया। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजयुमो प्रभारी आलोक डांगस सहित अन्य विधायक, आयोग निगम के अध्यक्ष मौजूद रहे।

इस युवा सांसद में धमतरी में भी युवा बढ़ चढ़ के हिस्सा लिए थे जिसमें एबीवीपी के पूर्व प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल को नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने का अवसर मिला। कई वर्षों से इमरजेंसी के विरोध में बोलने वाले शुभम को इस बार इमरजेंसी के पक्ष में बोलने की जिम्मेदारी थी, जिसे वो पूरी ईमानदारी से निभाते हुए युवा सांसद में इमरजेंसी पर प्रभावशाली पक्ष रखा। सदन उस समय हंसी से गूंज उठा जब नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में शुभम ने प्रधानमंत्री मोदी को जा कर गले लगा लिया, जिसका जिक्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने समापन भाषण में करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ये अंदाज बड़ा ही अनोखा लगा, इन्होंने तो माहौल ही बना दिया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की भूमिका इतना कठिन रही होगी ये हम समझ सकते है, क्योंकि दिल में कुछ और जुबान में कुछ ये कठिन कार्य है, आज शुभम जायसवाल को देख के लगा भविष्य में ये नेता के साथ अच्छे अभिनेता भी हो सकते है। प्रथम स्थान पर 2 लोगों को पुरस्कार मिला, जिसमें रक्षा मंत्री की भूमिका पर रहे वेदांश मिश्रा और नेता प्रतिपक्ष को भूमिका में शुभम जायसवाल। बता दे कि प्रथम इनाम 51000 रु रखा गया था।

**सांसद रूप कुमारी चौधरी के जन्म दिन पर मरीजों एवं नि: शक्त बच्चों को फल वितरण किया गया**

**सरायपाली** 06 जून (देशबन्धु,) महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरायपाली स्थित उड़ान केंद्र एवं स्व मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नि:शक्त बच्चों , मरीजों एवं परिजनों को फल और बिस्कुट वितरण किया गया।



# महाविद्यालय की समस्या को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन



**भाटापारा,** 6 जुलाई(देशबंधु)। शा गजानंद महाविद्यालय मे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश सचिव आकिब मेमन की उपस्थिति मे विधानसभा अध्यक्ष हरीश लहरे के नेतृत्व मे 7 सूत्री मांग को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौपा गया।

## NSUI की मुख्य मांगे

1 विभिन्न विषयो मे शिक्षको की कमी लगातार कई वर्षो से बानी हुई है जिसके चलते छात्र छात्राओं को शिक्षा सम्बन्धी अनेको परेशानी का सामना करना पड़ता है 2 साफ सफाई और स्वक्षता के नाम पे महाविद्यालय मे न तो पर्याप्त स्टॉफ हैँ न ही कही सफाई हैँ क्लासरूम और वाशरूम बदबू से भरे हुए हैँ जिसे देखते हुए साफ सफाई नियमित रूप से और अच्छे तरीके से करने की बात कही गई।

3 महाविद्यालय के मुख्य द्वार को बंद करके पीछे के द्वार से लगातार आने जाने का रास्ता खोला गया हैँ जिसके लिए पूर्व मे भी असामिजिक तत्वों के आने जाने की शिकायत की गई हैँ और वहा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना होता हैँ जिसके लिए मुख्य द्वार को चालू करके पीछे के द्वार को बंद करने की बात कही गई ।

4 महाविद्यालय मे जनभागीदारी की शुल्क 700 रुपये रखी गई हैँ जिसमे न तो किसी प्रकार की सुविधा हैँ न ही स्टाफ हैँ न ही साफ सफाई हैँ परन्तु फीस 700 रुपये की वसूल की जा रही हैँ जिसके चलते NSUI ने इसे 500 रुपये कम करके 200 रुपये करने की मांग की हैँ।

5 खेल मैदान और महाविद्यालय परिसर मे जंगली पेड हैँ गन्दगी की सफाई कर हर खेल हेतु पर्याप्त मैदान निर्माण की मांग की गई हैँ जिससे खेल के छेत्र मे छात्र छात्राए आघे बढे।

6 महाविद्यालय मे न तो वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता हैँ न ही वार्षिक खेल का आयोजन किया जाता हैँ जिसके चलते प्रतिभावान छात्र छात्राए अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने से वंचित हैँ जिसे नियमित रूप से शुरू करने की मांग हस्द्ध ने महाविद्यालय प्रशासन से की हैँ।

7 महाविद्यालय मे जिम का निर्माण हुए काफी साल हो गए परन्तु जिम का संचालन नहीं किया जा रहा हैँ जिसमे अच्छे ट्रेनर की जोइनिंग करा कर जिम का संचालन करने हेतु मांग की गई।

अत: निम्न मांगो को लेकर आज ज्ञापन सौंप महाविद्यालय प्राचार्य से एक सप्ताह के अंदर इन मांगो को पूर्ण करने की मांग NSUI के द्वारा की गई अगर मांग पूर्ण नहीं होती तो छात्रहित मे NSUI के द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से NSUI प्रदेश सचिव आकिब मेमन, विधानसभा अध्यक्ष हरीश लहरे, जिला उपाध्यक्ष अमित मार्कण्डेय, खेल विभाग विधानसभा अध्यक्ष देवआशीष कुर्रे, महाविद्यालय छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्री जगन्नाथ परिवार कुरूद के द्वारा निकाली गई बहुडा यात्रा



**कुरूद** 6 जुलाई(देशबंधु)। श्री जगन्नाथ परिवार कुरूद के द्वारा निकाली गई बहुड़ा यात्रा भगवान जगन्नाथ जी को वापस लाया गया । समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश नायक व उपाध्यक्ष नरेश साहू के द्वारा भव्यता से शोभायात्रा निकाली गई समिति के सदस्यगण। जय देवागन,मिथलेश साहू, खिलेश साहू,दुष्यन्त साहू शिव साहू, डायमंड साहू, देवेंद्र साहू, लक्की साहू प्रकाश साहू,टेकराम देवागन, गौरव चक्रधारी, भोज साहू, भक्कू सेन, रविकांत कोसरिया, विक्की चक्रधारी, गणेश साहू, एवं समस्त महिला सदस्य गण भी शामिल थे।

# प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा का मगरलोड में हुआ भव्य स्वागत



**मगरलोड,** 6 जुलाई(देशबंधु)। विवेकानंद यूथ सर्कल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला धमतरी के द्वारा प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा की शुरुवात कल धमतरी नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी के पूजन अर्चन के पश्चात हुआ ।जो की कुरूद नगर एवं विभिन्न गांवो से होते हुए आज प्रात:10 बजे मगरलोड नगर में प्रवेश किया ।नगर के प्रवेश द्वार पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा साइकल यात्रियों का पर्यावरण से संबंधित नारे और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।इसके पश्चात यात्रा के प्रभारी भेदु प्रसाद और राकेश जी ने बताया की यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाने एवं उनके संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है ।जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए प्रेरित करना । प्लास्टिक एवं पॉलीथिन से पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास करना ।ऊर्जा संरक्षण के दिशा में कार्य करना। बिजली के उपकरणों का उचित उपयोग करना। कचरा और अपशिष्ट पदार्थों को पुन: चक्रण के लिए प्रेरित करना ।ऐसे पदार्थ का उपयोग करना जो पुन: चक्रीत हो सके और सभी जीव जंतुओं का संरक्षण आज के समय में नितांत आवश्यक है ।इस प्रकार का संदेश युवा पीढ़ी को देना ताकि आने वाली पीढ़ी का जीवन सुरक्षित और संवर्धित हो सके।

इस अवसर पर रवि कुमार जिला संयोजक बजरंग दल, तामेश्वर ठाकुर जिला सामाजिक समरसता प्रमुख, सनत साहू प्रखंड अध्यक्ष, सुरेंद्र साहू धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख,अजय साहू नगर अध्यक्ष, विष्णु, चंद्रकांत, एतेश हर्षसाहू, मोंटूसाहू, ओमेश्वर, नोपाल, विश्वजीत, सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर समिति लेवई में छायादार व फलदार पौधे रोपे गए




**भाटापारा** ,6 जुलाई(देशबंधु)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर शनिवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति लेवई 844 के उपार्जन केंद्र लेवई में छायादार गुलमोहर नीम पीपल करण पौधे 50 एवम् फलदार आम जामुन कटहल अमरूद पौधे 50 पौधे लगाए आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देना रहा ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि किसान और समिति पदाधिकारी शामिल हुए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सहकारिता विभाग के सीईओ कंवर साहब जी ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा निपनिया शाखा प्रबंधक पांडे मैडम प्राधिकृत अध्यक्ष ठाकुर राम साहू समिति प्रबंधक नरेन्द्र वैष्णव मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा राकेश तिवारी सुनील यदु क्षेत्र के सरपंच गोविंद ध्रुव कृति ध्रुव बुद्धेश्वर वर्मा महेश वर्मा नारायण यदु नंदराम वर्मा रघु निषाद गोलू गुप्ता भरत साहू अशोक बांधे भुनेश्वर साहू विजय साहू समेत कई लोग शामिल रहे।

# कलेक्टर की पहल- जिले में बांस की खेती को मिल रहा बढ़ावा

- भारत सरकार को भेजा गया बांस विकास प्राधिकरण का प्रस्ताव
- जिले में 40 हेक्टेयर में होगी बांस की खेती, 10 हजार बांस पौधों की नर्सरी हो रही तैयार



**धमतरी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले में बांस की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बांस की बढ़ती मांग को देखते हुए अब इसका व्यवस्थित उत्पादन और उपयोग सुनिश्चित करने की योजना बनाई जा रही है। इसके तहत जिला प्रशासन द्वारा बांस विकास प्राधिकरण की स्थापना के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बांस बहुउपयोगी और पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक संसाधन है, जो न केवल ग्रामीणों को आय के स्रोत उपलब्ध कराता है, बल्कि मिट्टी कटाव रोकने, जल संरक्षण और कार्बन अवशोषण जैसे कार्यों में भी सहायक होता है। उन्होंने बताया कि वनों और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 40 हेक्टेयर भूमि पर बांस की खेती प्रारंभ की गई है। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र में 10 हजार बांस पौधों की नर्सरी तैयार की जा रही है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि इस बांस का रोपण विशेष रूप से डुबान क्षेत्र, सीतानदी उदंती, गंगरेल, नगरी और सिंगपुर क्षेत्र में किया जाएगा। जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय को यह पौधे नि:शुल्क दिए जा रहे हैं, ताकि वे बांस की वस्तुएं तैयार कर आय अर्जित कर सकें। वर्तमान में भी कई कमार परिवार पारंपरिक बांस शिल्प से जुड़कर जीविकोपार्जन कर रहे है।

श्री मिश्रा ने कहा कि बांस की खेती एक बार लगाने पर वर्षों तक आय का स्रोत बनी रहती है। इसके उत्पादों की देश-विदेश में भारी मांग है। आज बांस केवल परंपरागत वस्तुओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे फर्नीचर, सजावटी वस्तुएं, लैंप, पेन स्टैंड, सूपा, झाड़ू, बर्तन, टूथब्रश, पानी की बोतलें और ज्वेलरी तक बनाई जा रही हैं। यह प्लास्टिक और स्टील का बेहतर विकल्प बनकर उभरा है।

# सतनाम समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का विधायक संदीप साहू ने किया स्वागत



**पलारी** 6 जुलाई (देशबन्धु) प्रगतिशील छग सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले एवं पदाधिकारियों का पलारी आगमन पर रेस्ट हाउस पलारी में कसडोल विधायक संदीप साहू नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ,रोहांसी नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू धोबी समाज अध्यक्ष झड़ी राम कन्नौजे, ऋषि साहू, सुमित तिवारी, जागेश्वर बंजारे,पत्रकार रज्जाक खान,महेश ढीढी, नीलकमल आजाद पार्षद नेमसिंह बांधे व अन्य पार्षद गण सहित ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुर्रे , महेश्वरी कुर्रे, पुष्पा मोहन बंजारे,उषा सोनवानी,बसंत जांगड़े, महेश बारले, सुखनंदन बघेल, कृष्णा जांगड़े,के पी गायकवाड़ सहित समाज प्रमुखों व नगर वासियों ने स्वागत अभिनन्दन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# श्रीधर मल बने चार्टर्ड एकाउंटेंट

**समाज ने दी बधाई**

**भाटापारा** 6 जुलाई(देशबंधु)। माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी हेमंत मल के सुपुत्र श्रीधर मल ने



उल्लेखनीय अंकों के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उनकी शानदार उपलब्धि पर माहेश्वरी समाज में बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही परिजनों और इष्ट मित्रों ने भी बधाई दी है।

## निधन

### कुंती यादव

**थान खम्हरिया,** 06 जुलाई देशबन्धु। यादव पारा वार्ड क्रमांक 6 में निवासरत थी। काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। पूर्व पार्षद महेश यादव की धर्मपत्नी थी। उम्र 62 वर्ष अपने पीछे तीन पुत्र शिक्षक



ढाल सिंह यादव, जय यादव, सुशील यादव, भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है। अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया। भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और इस दुखद घड़ी में ईश्वर से परिवार को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### भुवन लाल साहू

**नवापारा राजिम ,** 06 जुलाई देशबन्धु। साहू समाज के वरिष्ठ भुवनलाल साहू का आज रविवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज



निवास बगदेहीपारा से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें सामाजिकजनों सहित गणमान्य नागरिक शामिल थे। वे घनश्याम एवं लक्ष्मीचंद साहू के पिता थे।

### मनहरण पांडेय

**सिमगा** , 06 जुलाई देशबन्धु। नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति मनहरण पांडेय का 70 वर्ष का रविवार को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार से आज सोमवार को रायपुर स्थित महादेव घाट स्थित मुक्ति धाम में सुबह 11 बजे



किया जाएगा। वे नितिन पांडेय , नितेश पांडेय ( बालू ), मीता पांडेय ( पिंकी ) के पिता थे।

# अनिल सोनी सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**खरोरा** 6 जुलाई(देशबंधु)। नगर पंचायत खरोरा को स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रपति पुरस्कार दिलाने वाले पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी को नगर पंचायत खरोरा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर सोनी ने कहा है कि सांसद महोदय द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन वह न केवल पूरी निष्ठा से करेंगे, बल्कि समय-समय पर कार्य की प्रगति से अवगत कराते रहेंगे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए सांसद महोदय एवं सभी शुभचिंतकों का का आभार व्यक्त किया. सोनी की नियुक्त पर शहर के गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर की है। इसमें यहां पर बताना उचित होगा कि अनिल सोनी भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है कांग्रेस के शासनकाल में बहुत उन्हें प्रताड़ित किया गया फिर भी अनिल अडिग रहें और करोना काल जैसे विपरीत परिस्थितियों में भी दवाई,सब्जी,राशन अन्य आवश्यक सामग्री गरीबों के घर पहुंचा कर सेवा किया . पार्टी के प्रति लगन एवं सेवा के फल स्वरुप उनके धर्मपत्नी सुनीता अनिल सोनी को भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष की टिकट मिली और विजयश्री प्राप्त हुई. अनिल सोनी पूर्व में अध्यक्ष पद पर कार्य करने का अनुभव का लाभ वर्तमान में नगर में दिख रहा है नगर गौरव पथ की बात हो या चौक चौराहे की सौंदर्यकरण या फिर अतिक्रमण से ग्रसित खरोरा नगर को मुक्त कर विकसित एवं समृद्ध नगर बनाने का संकल्प उनके दूर दृष्टि का परिचायक है.इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के संयोजक वेदराम मनहरे , प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य गुलाब टिकरिया,जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मन्हरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी,मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डा सुरेंद्र वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, विद्या भारती प्रांतीय समन्वयक चंद्रकुमार डडसेना, वरिष्ठ समाजसेवी सूरज सोनी एवं नेतराम धीवर, पार्षद पंचराम यादव, पूर्णेन्द्र उपाध्याय, राहुल मरकाम,जयप्रकाश वर्मा, तामेश्वर,बाबा नसीने,राजेश चौहान पूर्व सैनिक डीआर वर्मा, सुरेश साहू, भोला यादव श्रवण भोई,मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं दी है.

# बिलाईगढ़ के साहित्यकारों ने डॉ सुरेंद्र दुबे की स्मृति में किया शोकसभा सह काव्यगोष्ठी का आयोजन



**बिलाईगढ़** 6 जुलाई(देशबंधु)। अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि के हास्य कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे जी के आकस्मिक निधन हो जाने पर विकासखंड बिलाईगढ़ के क्षेत्रीय साहित्यकारों द्वारा समलाई माता मंदिर के परिसर देवांगन समाज भवन में शोकसभा सह काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित साहित्यकारों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री स्वर्गीय डॉ सुरेंद्र दुबे जी के छायाचित्र पर श्रीफल तथा पुष्प अर्पित करते हुए शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण किए। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रेशमलाल देवांगन ने श्रद्धासुमन अर्पित कर हास्यकवि पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे जी का आकस्मिक निधन छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के लिए अपूर्णीय क्षति है छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रणेता हास्य कवि सदैव अमर रहेंगे जिन्होंने कविता को विश्वपटल पर पहुंचाने का कार्य किया इस पर संबोधित किए, नीलकुमार चेलक ने श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ कवि शशिभूषण स्नेही ने दुबे जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उद्बोधन कर माटी होही तोर चोला कविता प्रस्तुत किए। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन, लोकनाथ ताण्डेय ने मुक्तक रचना के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किए, हेमंत कुमार साहू ने डॉक्टर सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी ही कविता टाईगर अभी जिंदा हे प्रस्तुत किए। मदनलाल तोमर, महादेव जायसवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित कर डॉ सुरेंद्र दुबे जी साहित्य जगत में योगदान पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किए।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सड़क पर गाय आने से...

लग गई। फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग क्र 49/25 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 106,1 दर्ज कर विवेचना कर रही है। ज्ञात हो कि इन दिनों गौ माताओ के सड़कों पर होने के कारण रोजाना कही न कहीं छोटी बड़ी घटनाएं हो रही हैं। क्योंकि यहां के किसानों को गौ माताओं का पालन बोझ लगने लगा है। वही सरकार भी गौ माताओं की रख रखाव के लिए कोई सार्थक पहल नहीं कर रही है। लोगों का कहना है कि इसके जिम्मेदार जितने किसान हैं उससे कही ज्यादा सरकार है चाहे वह किसी भी पार्टी के हो। क्योंकि यहां सरकार वोट बैंक के लिए भले ही किसानों को मुफ्त में कुछ भी बांट देगी पर उसके एवज में कोई शर्त नहीं रखती। यहां के सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों का मानना है कि सरकार आज जो मुफ्त में चांवल या पैसा बांट रही है उसके एवज में शर्त रखती और गौ माताओं के लिए कुछ व्यवस्था करती तो शायद गौ माता आज सड़कों पर नहीं होती। पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा गांव गांव में गोठान जरूर बनाया गया था पर उसमें कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण पहले ही फ्लॉफहो गया था।

### नि :शुल्क नेत्र जांच...

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा, शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति के अध्यक्ष वर्षा शर्मा, सुनील मिश्रा, मनोज विश्वकर्मा, द्वारिका निर्मलकर, परस राम चंद्रा, दिलीप शुक्ला, किशोर साहू, राज सोनी, बीर सिंह जायसवाल, परमेश्वरी राव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 115 पौवा अवैध देशी...

धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली धमतरी से सहा. उप निरी. संतोषी नेताम, प्रआर. चंद्रपाल डहरे, आरक्षक गणेश नेताम एवं आरक्षक भूपेन्द्र पदमशाली का विशेष योगदान रहा।

# लोक शिक्षण संचालनालय के डिप्टी डायरेक्टर करमन खटकर सेवानिवृत हुए



**बिलाईगढ** 6 जुलाई(देशबंधु)। बीते सप्ताह लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन रायपुर में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर करमन खटकर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर करमन खटकर को भावभीनी विदाई दी गई जहां वित्त नियंत्रक मासिया जी, डिप्टी डायरेक्टर आशुतोष चावड़े,हेतराम सोम,संजय गुप्ता, अशोक नारायण बंजारा सहित कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे। करमन खटकर ने बताया की उनकी पहली नियुक्ति 1985 में शिक्षक के पद पर खड़मा में हुई , वे शा उ वि कटगी, सरसीवां में व्याख्याता के पद पर सेवाएं दी, कटगी में ही प्राचार्य पद पर,डाइट रायपुर में उप प्राचार्य, एस सी आर टी रायपुर में प्राध्यापक,गरियाबंद में जिला शिक्षा अधिकारी पद पर रहे। बीते सप्ताह ही शिक्षा संचालनालय रायपुर में उप संचालक के पद पर रहते हुए सेवानिवृत हुए। वे सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के सरसीवां अंचल के छोटा सा गांव मुड़पार के मूल निवासी हैं। वे संघर्षों, चुनौतियों को आत्मसात करते जीवन पर अग्रसर होते शिक्षा को हृदयगंम किया। इन्होंने उच्च शिक्षा एम ए भूगोल, एम ए राजनीति विज्ञान मे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया ।बी एड तथा एम एड प्रावीण्य स्थान प्राप्त किया ।आपके अध्यापन कला को विद्यार्थियों व उनके पालकों द्वारा सराहा करते थे। अपने पास कुछ बच्चों को रखकर भी उनके सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करते रहे ।आज उनके द्वारा पढ़ाऐ बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं ।जैसे सैनिक, डॉक्टर, इंजीनियर , स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा मे अनेक पदों पर छात्रों को पहुचाने में सराहनीय प्रयास रहा। जिला कार्य क्रम अधिकारी,अनेक जनप्रतिनिधि भी उनके उचित मार्गदर्शन से प्रेरित होकर समाज सेवा कर रहे हैं। वे बेहतर अध्यापन छकरते,विद्यार्थियों व उनके पालकों को उचित सलाह, प्रोत्साहित करते थे ।वे एक हंसमुख, अनुशासित, लगनशील, कर्तव्य निष्ठ,पालकों से मधुर संबंध रखना,उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही ।शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है। जहां भी रहे वहां कुशलता के साथ अपनी सेवा दी ।चाहे शैक्षणिक संस्थानों मे, चाहे डाइट प्रशिक्षण संस्थान में, या चाहे राज्य शैक्षणिक एव अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में हर जगह लगन, तन्मयता के साथ अकादमीक कार्य करने में अपनी अहम भूमिका निभाए ।जिले में शिक्षा अधिकारी के रूप में प्रशासन व शैक्षणिक कार्य को संवेदनशीलता के साथ शासन के नीति व नियमों को त्वरित निराकरण संवैधानिक रूप से सम्पादित किया अर्थात जहाँ भी वे रहे बड़े कुशलता के साथ अपनी सेवाऐ दी ।उन्हें दीर्घ अनुभव के बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने अपने कक्षागत अध्यापन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही तथा अपने विषय मे शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम देने प्रमुख भूमिका निभाई। वे संतोष के साथ सेवा निवृत्त होना बताया आगे भी शिक्षा एवं समाजिक प्रगति के क्षेत्र मे सहयोग देते रहेंगे। लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी के दिशा निर्देश में विदाई समारोह सम्पन्न हुआ ।इसी दिन इस कार्यालय से दो सहायक संचालक , लिपकीय संवर्ग से एक, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी से एक कुल पांच अधिकारी व कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए। करमन खटकर के सेवानिवृत के पश्चात घर आगमन पर परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

# मानसून की दस्तक के साथ लौटी हरियाली गरियाबंद के जलप्रपातों में उमड़ी सैलानियों की भीड़

## प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर हुआ जिला, पर्यटन स्थलों में लौटी रौनक

**गरियाबंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में मानसून की पहली बारिश के साथ ही जिले के पहाड़ी और वनांचल क्षेत्रों में अब हरियाली लौट आई है। वहीं लंबे समय से सूखे पड़े जलप्रपात एक बार फिर पूरे वेग से बहने लगे हैं। जिले में स्थित चिंगरापगार, जटमई, घटारानी, सीकासर, मैनपुर और उदंती क्षेत्र में देवधारा, कुलाप जलप्रपात सहित अन्य जलप्रपातों में पानी का बहाव तेज हो गया है, जिससे इन प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की खूबसूरती और भी निखर गई है।



इधर, रविवार को मौसम सुहावना रहा, जिससे बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व दूरदराज से आए पर्यटक इन जलप्रपातों की ओर खिंचे चले आए। गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगे प्रमुख पर्यटन स्थल चिंगरापगार जलप्रपात में तो सुबह से ही वाहनों की कतारें लगने शुरू हो गई थी। झरनों की गर्जना, चारों ओर फैली हरियाली और ठंडी हवा ने लोगों को प्रकृति के और करीब ला दिया।

इसके अलावा जटमई व घटारानी जैसे जलप्रपातों में भी सैलानियों की भीड़ देखने को मिली। इन झरनों के आसपास परिवारों ने पिकनिक का आनंद लिया। बच्चे झरनों में नहाते नजर आए तो युवा सेल्फी और वीडियो बनाने में व्यस्त दिखे। सोशल मीडिया पर यहां के दृश्यों की तस्वीरें और रील्स वायरल हो रही हैं।

दरअसल बारिश के कारण पहाड़ी रास्तों में हरियाली की चादर बिछ गई है। घाटों और झरनों के किनारे फैले हरे-भरे पेड़-पौधे, बेल-बूटों से आच्छादित चट्टानें और झरनों की सफेद धाराएं किसी मनमोहक दृश्य बना रही हैं। पर्यटकों का कहना है कि यह नजारा शहरी भागदौड़ से दूर राहत और सुकून देने वाला है। सड़क किनारे भी हरियाली आ गई जिससे इस मार्ग से आवागमन में भी मन आनंदित हो जाता है। दूसरी ओर पर्यटन स्थलों पर भीड़ बढ़ने से स्थानीय दुकानदारों और ठेलेवालों को भी राहत मिली है। खाने-पीने के स्टॉल, चाय-नाश्ते की दुकानों और फुटकर दुकानदारों की बिक्री बढ़ने लगी है। ग्रामीणों ने भी झरनों के पास अस्थायी दुकानें सजाकर मौसम का लाभ उठाया।

### प्रशासन ने की सुरक्षा की अपील

उल्लेखनीय है कि जिले में हर मानसून लगते ही लगभग सभी जलप्रपातों में सैलानियों की भीड़ आने लगती है। बीते कुछ वर्षों से ये सिलसिला लगातार बढ़ने लगा है। इसके देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि कौन से हैं जलप्रपात और यहां पहुंचने वाले मार्ग में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस जवानों की तैनाती की आवश्यकता है। ताकि यहां किसी प्रकार का विवाद या घटना ना हो साथ ही आवाजाही भी सुचारू रूप से जारी हो। इसके अलावा जितने ही घटारानी जैसे बड़े जलप्रपातों में गोताखोर भी व्यवस्था की मांग की जा रही है।

गरियाबंद जिले के जलप्रपात सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि ये स्थानीय पर्यटन के स्तंभ भी हैं। मानसून के साथ इन स्थलों में जान आ जाती है और जिले की पहचान को एक नई उड़ान मिलती है। आने वाले सप्ताहांतों में पर्यटकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

# भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, नौ दिन बाद वापिस लौटे भगवान



**गरियाबंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। शनिवार को नगर में भगवान श्रीजगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। दोपहर ठीक 3 बजे मौसीबाड़ी से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाएं रथों पर विराजमान होकर निजधाम श्रीराम मंदिर के लिए रवाना हुईं। रथ यात्रा के शुभारंभ के साथ ही शहर के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के साथ ही जय जगन्नाथ के नारे गूंजते रहे। यात्रा के पहले रथ को आकर्षक सजाया गया था। जगह जगह श्रद्धालुओं पुष्पवर्षा की। भगवान के दर्शन कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगा। यात्रा के दौरान रथ को खींचने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी उत्साहपूर्वक भगवान के रथ को खींचने में सहभागी बने।

आयोजन की व्यवस्था श्रीजगन्नाथ परिवार युवा बल समिति द्वारा की गई थी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। प्रत्येक वर्ष इसे और अधिक भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया जाता है। इधर बहुड़ा यात्रा के दिन स्थानीय मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजन, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। जैसे ही भगवान जगन्नाथ का रथ श्रीराम मंदिर पहुंचा, विधिपूर्वक गर्भगृह में प्रवेश कराया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार रथ यात्रा पूर्ण होने के बाद भगवान योगनिद्रा में लीन हो जाते हैं। इसे देवशयन कहा जाता है। अब देवउठनी एकादशी तक भगवान विश्राम अवस्था में रहेंगे, इस अवधि में सभी मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि वर्जित माने जाते हैं।

ज्ञात हो कि बहुड़ा शब्द का अर्थ होता है वापसी। यह यात्रा रथयात्रा का अंतिम चरण होती है, जिसमें भगवान मौसीबाड़ी से अपने निजधाम लौटते हैं। भगवान बलभद्र दक्षिण दिशा की ओर अग्रसर होते हैं, सुभद्रा और अंत में भगवान जगन्नाथ नंदीघोष रथ पर सवार होकर मंदिर प्रांगण में पहुंचते हैं। पूरी यात्रा श्रद्धा, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण रही। यात्रा के दौरान शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# पति-पत्नी निकले तस्कर, हिरण की खाल और गांजे के साथ पकड़ाए



**गरियाबंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के ग्राम कनसिंघी में पति-पत्नी की जोड़ी अवैध कारोबार करते हुए रंगे हाथ पकड़ी गई। आरोपी जंगल से लाई गई हिरण की खाल और गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार को थाना प्रभारी छुरा को सूचना मिली कि एक पुरुष और एक महिला कनसिंघी गांव के शिव मंदिर के पास संदिग्ध हालत में बैठे हैं और उनके पास पीले थैले और सफेद बोरी में अवैध सामान है। टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में गांजा और हिरण की खाल बरामद किया। पुलिस ने महिला स्टाफ की मौजूदगी में तलाशी ली तो पीले थैले में 1.5 किलो गांजा और सफेद बोरी में वन्य जीव हिरण की पुरानी खाल मिली। गांजे की बाजार कीमत करीब 15 हजार रुपये और खाल की कीमत करीब 50 हजार रुपये आँकी गई है। मामले में कनसिंघी निवासी खिलावन दास वैष्णव 42 वर्ष और सेवती बाई वैष्णव 40 वर्ष दोनो पति पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के जनसभा में खल्लारी क्षेत्र से एक हजार कार्यकर्ता आज जाएंगे रायपुर

**बागबाहरा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की गरिमामयी उपस्थिति में आज 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाली किसान-जवान-संविधान जनसभा को ऐतिहासिक बनाने कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुट गए हैं। इसी कड़ी में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक विश्रामगृह में हुई।



इस बैठक में कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव विनोद तिवारी, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर तथा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान रायपुर में होने वाली जनसभा में खल्लारी विधानसभा से 1000 से अधिक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं अन्य प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि यह पार्टी का जनसभा केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं। बल्कि किसानों, जवानों और संविधान की रक्षा का संकल्प है। भाजपा की कथित जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। और यह जनसभा उसकी पहली धमक होगी।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों से किसानों की हालत हाल बेहाल है। शिक्षित युवाओं को रोजगार नहीं। और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार हमला हो रहा है। ऐसे समय में पूरे देश को एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करनी होगी। और रायपुर की यह सभा उसके लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम प्रभारी विनोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि खल्लारी विधानसभा की उपस्थिति इस जनसभा में सबसे प्रभावशाली होनी चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं को समय पर रवाना करने, वाहनों की व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं जनसभा की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है। और सभी ने इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प भी लिया है।

बैठक में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, सफी मोहम्मद , मनोहर ठाकुर, रिंकू चंद्राकर, रामलाल सिन्हा, मुबारक खान, मनमीत सलूजा, हरिशंकर यादव, चंदूलाल साहू शिवा जगत, मंता राम यादव, राजेश ठाकुर, मिथुन अमीर, लेखराम दीवान, पोखराज साहू, खोमेश साहू, कमल साहू, फूल सिंह ध्रुव, रीना यादव, योगेश बघेल, एडिसन ठाकुर, सुनील व्यवहार, लोकेश उईके, अंजोर सिंह ठाकुर, लोकेश दीवान, गौरव जानी चंद्राकर, रेखराज पटेल, रमेश ठाकुर सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार खल्लारी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध: अलका चंद्राकर

**बागबाहरा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधानसभा भाजपा प्रत्याशी रही श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विष्णु का सुशासन, मोदी की गारंटी के तहत सभी वर्गों के लिए गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला, व्यापारी सबके हितों की चिंता करते आ रही है। भाजपा का मूल मंत्र अंत्योदय एवं सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास को साथ लेकर चलती है। आज खल्लारी विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी के सरकार में स्वीकृत हुआ है।

**अंचल में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत**



ग्राम पंचायत एमकेबाहरा, छूईया एवं अरंड में हाईस्कूल भवन निर्माण हेतु 75.23 लाख, तेंदूकोना में महाविद्यालय भवन हेतु 456 लाख रुपया, कस्तूरबा आवासीय छात्रावास एवं खेल मैदान हेतु 300 लाख रुपए, ओपन स्टेडियम निर्माण हेतु 137 लाख रुपए पीएम उषा स्मार्ट कॉलेज हेतु 265.61 लाख रुपए, छुईया-फिरगी मार्ग में सड़क पुल पुलिया निर्माण हेतु 670 लाख रुपए, परसूली- बनियातोरा मार्ग हेतु 281 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। जिसके लिए शासन द्वारा निविदा की प्रक्रिया जारी है। एवं शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। जिसमें से छुईया-फिरगी मार्ग एवं ओपन स्टेडियम कार्य प्रारंभ है। आने वाले समय में शीघ्र अन्य बहुप्रतीक्षित मार्ग बिहाझर से गांजर मोंगरापाली रेवा मार्ग, तेलीबांधा से पडकीपाली मार्ग, डूमरपाली से घुंचापाली मार्ग, कमरौद से चरोदा मार्ग, बेलर से मोहदी मार्ग भी बहुत जल्द स्वीकृत होने वाला है। अलका चंद्राकर ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। खल्लारी के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सहकारी समिति सरसेनी गुमा में किया गया वृक्षारोपण



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। सहकारिता सप्ताह के पावन अवसर पर ग्रामींण सेवा सहकारी समिति सरसेनी गुमा प. क्रमांक 324के परिसर में प्रा. अध्यक्ष अनुप साहू ने सरपंच, पंच और जनपद सदस्य के साथ एक पेड़ मां के नाम देश के प्रधानमंत्री मोदी के गौरव पूर्ण अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान प्रदान किया। इस आभियान मे सहायक लिपिक पोषण बंछोर, गोपाल वर्मा, विवेक साहू, मनीष साहू, तुलस राम वर्मा और अन्य कर्मचारियों और अन्य किसानों ने महती योगदान प्रदान किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के आव्हान पर पूरे देश प्रदेश में मनाया जा रहा है, यह कार्यक्रम हरियाली बढ़ाने की भावनात्मक लगाव की अभिव्यक्ति भी है।

# देव संस्कृति स्कूल के बच्चों को कराटे और योग प्रशिक्षण दिया गया

**महासमुंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय देव संस्कृति उमावि में शनिवार को विद्यालय में सभी बच्चों को कराटे और योग प्रशिक्षण ताइक्वांडो मास्टर नीलकंठ साहू तथा उनके टीम के द्वारा स्कूल प्रांगण में कराया गया। साथ ही आरटीई के बच्चों को गणवेश वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, अध्यक्ष सुश्री शशि प्रभा थिटे, संरक्षक ललित मेश्राम तथा गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य रिखीराम साहू की उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद कराटे मास्टर द्वारा विभिन्न प्रकार की कराटे, योगा की गतिविधियां विद्यालय के बच्चों को कराया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले आरटीई के बच्चों को शासन द्वारा प्रदाय गणवेश का वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन में कहां कराटे का अभ्यास शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल आत्मरक्षा के लिए एक कौशल है, बल्कि यह आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस को भी बढ़ावा देता है। संस्था अध्यक्ष सुश्री शशि प्रभा थिटे ने कहा कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है. खाली हाथ। इसकी उत्पत्ति ओकिनावा में हुई, जो उस समय रयुकू साम्राज्य का हिस्सा था। मूल रूप से चीन से ओकिनावा आया था और 20वीं शताब्दी में जापान में लोकप्रिय हुआए फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैल गया। इसका विकास 17वीं शताब्दी में, ओकिनावा में हथियार रखने पर प्रतिबंध लगने के बाद कराटे का विकास एक हथियार रहित आत्मरक्षा प्रणाली के रूप में हुआ। कराटे शारीरिक अनुकूलन का एक दक्ष रूप है जो किसी के द्वारा अभ्यास किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण क्षेत्र में हृदय गति बढ़ाकर वायुजीवी अनुकूलता को विकसित करता है और उसे वहां महत्वपूर्ण अंतरालों के लिए रखता है। शरीर के खुद के भार का उपयोग कर व्यायाम करने से शक्ति उत्तरोत्तर विकसित होती जाती है। समिति के संरक्षक ललित मेंश्राम ने कहा कराटे एक मूल्यवान मार्शल आर्ट है जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कई लाभ प्रदान करता है। यह आत्म रक्षा, आत्मविश्वास और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुणो को विकसित करने में मदद करता है। समिति की वरिष्ठ सदस्य रिखीराम साहू ने आरटीई तहत विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का स्वागत चंदन, तिलक एवं मिठाई खिलाकर किया गया। उन्होंने आगे बताया सरकार की सर्व शिक्षा अभियान, निशुल्क पाठ पुस्तक, आरटीई के तहत गणवेश जैसी योजनाएं बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सहायक है। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधन एवं शिक्षकों की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नंद कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में दूषण लाल साहू, नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, ऋषभ साहू, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, दिनेश प्रताप ठाकुर, श्रीमती अनीता पिल्लई , गरिमा साहू, योगिता कन्नौजे, किरण विश्वकर्मा, जयश्री श्रीवास्तव, संजू पारेश्वर, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, बसंती यादव, लता निषाद, कु भूमिका चंद्राकर, गायत्री सेन, सुनीता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, कु पायल चंद्राकर, कु जानकी साहू, रामेश्वरी साहू, प्रिया योगी, गौरी साहू, लक्ष्मी साहू, ममता प्रजापति उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था के शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।



# शैक्षणिक एवं रिसर्च हेतु समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर

**महासमुंद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक एवं रिसर्च हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय , जैव तकनीक विभाग एवं शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के मध्य रिसर्च प्लेसमेंट जैसे 16 बिंदुओं पर मेमोरेंडम का अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर हुए ।

इस अवसर पर सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ श्वेतालाना नागल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की जीवविज्ञान की छात्राओं को रिसर्च एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत जीव विज्ञान के क्षेत्र में लघु शोध कार्यक्रम, इंटर्नशिप ट्रेनिंग, रिसर्च पब्लिकेशन गाइडेंस के साथ कौशल विकास कार्यक्रम, प्लेसमेंट जैसी गतिविधियों में सहयोग प्राप्त होगा जिससे महासमुंद क्षेत्र की छात्रों को लाभ प्राप्त होगा ।इसी कार्यक्रम के तहत इस वर्ष एनइपी 2020 एमएससी सूक्ष्म जीव विज्ञान की 12 छात्राओं का समूह जैवतकनीक विभाग में अपनी समर इंटर्नशिप की शुरुआत करने जा रही है, जिसमें छात्राएं टिशु कल्चर, पीसीआर द्वारा डीएनए एम्प्लीफिकेशनएट्रांसपोर्टेशन रिकंबाइनेंट डीएनए की जांच जैसी महत्वपूर्ण तकनीक का प्रयोगिक प्रशिक्षण डॉ नागेंद्र चंद्रवंशी एवं उनकी रिसर्च टीम से प्राप्त करेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस बी कुमार ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सच्चितानंद शुक्ला एवं जैव तकनीक विभाग के विभागध्यक्ष प्रोफेसर केशव कांत साहू को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस समझौते से महासमुंद क्षेत्र की छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगा। इस समझौते के लिए माता कर्मा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सरस्वती वर्मा डॉ मनोज कुमार,ओम प्रकाश पटेल, अरविंद साहू ,खगेश्वर प्रसाद, सुश्री वंदना यादव, सुश्री कविता गहिर एवं छात्राओंने हर्ष व्यक्त किया।

# छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की बैठक संपन्न



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की बैठक कुर्मी मंगल भवन बलौदाबाजार में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा के आतिथ्य और राज प्रधान सुनीता वर्मा की अध्यक्षता में तथा नगर अध्यक्ष हेमन्त टिकरिहा के समुचित व्यवस्थापन पर बैठक संपन्न हुआ। इस अवसर पर संरक्षक, उपराजप्रधान, राजमंत्री, महिला अध्यक्ष, सचिव, सांस्कृतिक प्रभारी, मिडिया प्रभारी, कार्यकारिणी, पार प्रमुख, ग्राम प्रमुख-क्षेत्र प्रधान, सहित राज के स्वजातिय उपस्थित थे। जहां समाजिक विकास के साथ अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। वहीं सामाजिक प्रकरणों पर निर्णय लिया गया।